RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 39
लखनऊ, शुक्रवार, 27 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



ग्रैमी से कुपित हुए जस्टिन बीबर
विविध-12

www.dailypioneer.com

# कोविड प्रोटोकॉल के नाम पर पुलिस उत्पीड़न हुआ तो खैर नहीं : मुख्यमंत्री

- कहा, लोगों को दिशा निर्देशों का पालन कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाए
- शादी समारोह में अनुमति की जरूरत नहीं होगी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** पर सरकार की गाइड लाइन और वैवाहिक समारोह को लेकर व्याप्त उहापोह के बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ने साफ किया है कि कोरोना प्रोटोकाल की आड़ में किसी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएम योगी ने पुलिस को सख्त नसीहत देते हुये कहा है कि वैवाहिक समारोह में लोग कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें।

उन्होंने कहा है कि शादी विवाह के लिए पुलिस या प्रशासनिक अनुमति की कोई आवश्यकता नहीं है। अगर कहीं से भी पुलिस के दुर्व्यवहार की शिकायत आई तो अफसरों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और जवाबदेही भी तय होगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विवाह समारोह के लिए नजदीकी पुलिस थाना अथवा चौकी को सूचना देकर तथा कोविड 19 की गाइडलाइन्स का पूर्ण पालन करते हुए यह आयोजन सम्पन्न किये जा सकते हैं। इसमें भी शामिल होने वाले सौ लोगों की संख्या में बैंड पार्टी तथा डीजे के साथ ही काम करने वाले अन्य लोग शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि वैवाहिक या किसी भी मांगलिक कार्यक्रम के लिए पुलिस या प्रशासनिक अनुमति की कोई आवश्यकता नहीं है। अगर प्रदेश में कहीं से भी समारोहों में पुलिस तथा प्रशासन की तरफ से दुर्व्यवहार की शिकायत आई तो सख्त कार्रवाई होगी। इसके साथ ही इस प्रकार के किसी भी मामले में अधिकारियों की भी जवाबदेही तय होगी।

योगी आदित्यनाथ के आदेश के मुताबिक जिलाधिकारी स्वयं शादीस्थल पर जाकर निरीक्षण करें या फिर अधीनस्थ अधिकारी को भेजकर आदेश का सख्ती से पालन करवाएं। किसी भी शादी में सौ से ज्यादा मेहमान होने पर जुर्माना लगाकर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री का बेहद सख्त निर्देश हैं कि इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त न की जाए। सीएम योगी ने सभी पुलिसकर्मियों को सख्त हिदायत दी है कि उनके थाना क्षेत्र में होने वाले सभी वैवाहिक समारोह में किसी के साथ भी अभद्रता न करें। ऐसा बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गाइडलाइन के नाम पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। योगी ने कहा कि बैंड या फिर डीजे बजाने से रोकने वाले अधिकारियों व पुलिसकर्मियों पर कठोर कार्रवाई होगी। संबंधित थाना के कर्मी वहां पर लोगों को जागरूक करने के साथ ही साथ सभी को कोविड गाइडलाइन का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करें। सीएम ने कहा कि गाइडलाइन के नाम पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा, लोगों को जागरूक करें, गाइडलाइन का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करें।

विदित हो कि अभी कुछ दिन पहले ही कोरोना से सतर्क प्रदेश सरकार ने सामूहिक आयोजनों पर पाबंदी लगाने का फैसला लिया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए शादी-समारोहों में 100 से अधिक लोगों को शामिल न होने देने के निर्देश दिए हैं। कोरोना संक्रमण के मामलों को एक बार फिर बढ़ते देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शादी समारोह आदि में 200 व्यक्तियों के शामिल ( शेष पेज 9 )

## कल ओवैसी के गढ़ में गरजेंगे सीएम योगी हैदराबाद निकाय चुनाव के लिए करेंगे प्रचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को हैदराबाद में निकाय चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे। केरल, कर्नाटक, त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात मध्य प्रदेश के साथ बिहार तथा दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने वाले योगी आदित्यनाथ अब हैदराबाद नगर निगम के चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगे। राज्य के अपर मुख्य सचिव (सूचना) नवनीत सहगल ने बृहस्पतिवार को भाषा को बताया कि योगी 28 नवंबर को एक दिवसीय दौरे पर हैदराबाद जाएंगे। वहां वह एक राजनीतिक रैली को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार मृत्युंजय कुमार ने बताया कि योगी आदित्यनाथ निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में पहले एक रोड शो करेंगे। रोड शो के समापन के बाद वह एक जनसभा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इसके बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए पार्टी का जो भी कार्यक्रम बनाया जाएगा, मुख्यमंत्री उसमें भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि हैदराबाद एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी का गढ़ माना जाता है।

# पाक आतंकियों ने जो घाव दिए देश उसे कभी नहीं भूलेगा: मोदी

- प्रधानमंत्री ने इस्लामाबाद को दिया कड़ा संदेश, 26/11 मुंबई हमले के शहीदों की दी श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** केवडिया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत 26 नवंबर के मुंबई आतंकवादी हमले के जख्म को कभी नहीं भूल सकता तथा देश एक नई नीति और एक नई प्रक्रिया के साथ आतंकवाद से मुकाबला कर रहा है।

मुंबई आतंकवादी हमले की 12वीं बरसी पर मोदी ने कहा, उस आतंकवादी हमले में कई लोग मारे गए और कई देशों के लोग इसके शिकार हुए। मैं उन सभी को श्रद्धांजलि देता हूं। मैं उन सुरक्षाकर्मियों को नमन करता हूं जिन्होंने उस हमले में अपनी जान गंवा दी। मोदी यहां वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पीठासीन अधिकारियों के 80वें अखिल भारतीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। दो दिन का यह सम्मेलन बुधवार को शुरू हुआ था जिसका उद्घाटन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत अब नई



नीति और नई प्रक्रिया के साथ आतंकवाद से लड़ रहा है। उन्होंने आतंकी साजिशों को नाकाम करते हुए आतंकवाद से लड़ने वाले, भारत के सुरक्षा बलों की भी सराहना की। मोदी ने कहा, मैं 26 नवंबर के मुंबई हमले जैसे बड़े आतंकी हमलों को नाकाम करने वाले अपने सुरक्षा बलों को नमन करता हूं। वे आतंकवाद को करारा जवाब दे रहे हैं और हमारी सीमाओं को सुरक्षित बनाने में लगे हुए हैं।

पाकिस्तान के आतंकवादियों ने 12 साल पहले, देश की आर्थिक राजधानी में आतंकी हमला किया था और तीन दिनों तक चले इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 166 लोगों की मौत हो गई थी। सुरक्षा बलों ने नौ आतंकवादियों को मार गिराया था। जीवित पकड़े गए एकमात्र आतंकवादी अजमल कसाब को चार साल बाद फांसी दी गई थी। मोदी ने इस अवसर पर कहा कि सरकारी निर्णयों को ( शेष पेज 9 )

## एक राष्ट्र, एक चुनाव देश की जरूरत

- एक मतदाता सूची की भी वकालत की

**केवडिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को एक राष्ट्र, एक चुनाव (वन नेशन, वन इलेक्शन) की जोरदार वकालत की और इसे केवल विचार-विमर्श का मुद्दा नहीं बल्कि देश की जरूरत बताते हुए कहा कि इस बारे में गंभीरता से सोचा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर लोकसभा, विधानसभा या पंचायत चुनावों के लिए केवल एक मतदाता सूची का उपयोग किए जाने की भी वकालत की। मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा, वन नेशन, वन इलेक्शन सिर्फ चर्चा का विषय नहीं है बल्कि ये भारत की जरूरत है। हर कुछ महीने में भारत में कहीं न कहीं चुनाव हो रहे होते हैं। इससे विकास कार्यों पर प्रभाव पड़ता है। ऐसे में वन नेशन, वन इलेक्शन पर गहन मंथन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसमें पीठासीन अधिकारी काफी मार्गदर्शन कर सकते हैं और अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर लोकसभा, विधानसभा या ( शेष पेज 9 )

# अभी परिजनों संग जेल में ही रहेंगे आजम खान

- जमानत अर्जी खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**पूर्व** कैबिनेट मंत्री और सपा सांसद मोहम्मद आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को फर्जी जन्म तिथि पर पासपोर्ट और पैन कार्ड बनवाने के मामले में हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दोनों की ओर से दाखिल तीन जमानत अर्जियों को सुनवाई के बाद खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि याचीगण प्रभावशाली व्यक्ति हैं।

प्रदेश के तमाम विभागों के मंत्री रह चुके हैं। ऐसे में उनके द्वारा साक्ष्यों को प्रभावित करने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। जमानत अर्जियों पर न्यायमूर्ति सुनीत कुमार ने सुनवाई के बाद 19 नवंबर को अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया था। जिसे बृहस्पतिवार को सुनाया गया। आजम खां के खिलाफ एक और अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो मुकदमे रामपुर के सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराए हैं। आरोप है कि आजम खां और अब्दुल्ला ने सांठगांठ करके षड़यंत्र पूर्वक अब्दुल्ला आजम का नगर महापालिका से फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनवाया और उसके आधार पर पैन कार्ड और पास पोर्ट बनवाए गए। आजम खां की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल स्वरूप चतुर्वेदी और सफदर काजमी ने बहस की। कहा गया कि अभियुक्तों के खिलाफ धोखाधड़ी का कोई मामला नहीं बनता है।

जिस प्रकार के आरोप है वह दस्तावेजों पर आधारित है। जिसकी गहराई से समीक्षा किए जाने की आवश्यकता है। जबकि प्रदेश सरकार की ओर से जमानत अर्जी का विरोध किया गया। कोर्ट ने मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को जमानत का आधार नहीं पाते हुए अर्जी खारिज कर दी है। ट्रायल कोर्ट को मुकदमे का विचारण शीघ्रता से करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने याचीगण को छूट दी है कि वह चाहें तो गवाहों का साक्ष्य हो जाने के बाद विचारण न्यायालय में जमानत की अर्जी पेश कर सकते हैं।

## आतंकी हमले में सेना के दो जवान शहीद

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर, जम्मू

**जम्मू**-कश्मीर में श्रीनगर के बाहरी हिस्से परिम्पुरा इलाके में आतंकवादियों ने सेना की त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) पर बृहस्पतिवार को हमला कर दिया, जिसमें दो जवान बलिदान हो गए। पुलिस ने बताया कि परिम्पुरा के भीड़-भाड़ वाले खुशीपुरा इलाके में दोपहर के समय वैन में सवार दो-तीन आतंकवादियों ने क्यूआरटी टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। उन्होंने बताया कि हमले में दो जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गए और उन्हें नजदीकी शरीफाबाद शिविर में सेना के अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया, उन्हें (घायल जवानों) को नजदीकी चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। बहरहाल, दोनों ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि हमलावरों का पता लगाने के लिए सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर ली है और खोज अभियान शुरू कर दिया है। प्रवक्ता ने बताया, भीड़-भाड़ वाला इलाका होने की वजह से हमारे जवानों ने संयम बरता ताकि कोई आम ( शेष पेज 9 )

# जेल से 'चारा' डाल फंसे लालू एफआईआर दर्ज, बंगला भी छूटा

- फोन कॉल विवाद में लालू को रिम्स निदेशक के बंगले से पेइंग वार्ड में स्थानांतरित किया गया

**भाषा।** पटना, रांची

**बिहार** में पीरपैंती से भाजपा विधायक ललन पासवान को फोन कर विधानसभा की कार्यवाही से गैर हाजिर होने के लिए मंत्री पद का लालच देने के लिए कथित तौर पर फोन करने के बाद चारा घोटाले में सजायाफ्ता राजद सुप्रीमो लालू यादव को रांची में रिम्स के निदेशक के बंगले से वापस अस्पताल के पेइंग वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है।

दूसरी ओर लालू प्रसाद के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां एक भाजपा विधायक ने प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिन्हें कथित तौर पर लालू ने विधानसभा अध्यक्ष पद के चुनाव में



रांची में रिम्स निदेशक के बंगले से अस्पताल के पेइंगगेस्ट वार्ड ले जाए जाते लालू यादव

राजग उम्मीदवार को हराने में मदद करने के बदले मंत्री पद देने की पेशकश की थी। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी ने मंगलवार रात अपने ट्विटर अकाउंट से उस कथित फोन कॉल का विवरण साझा किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर विधायक ललन कुमार पासवान द्वारा दायर प्राथमिकी की प्रति के साथ यह जानकारी साझा की। मोदी द्वारा साझा की गई जानकारी के मुताबिक पीरपैंती से विधायक ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत सतर्कता पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

वहीं राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के अतिरिक्त निदेशक एवं झारखंड के संयुक्त स्वास्थ्य सचिव डॉ. वाघमारे कृष्ण प्रसाद ने पीटीआई भाषा को बताया, लालू प्रसाद यादव को आज रिम्स निदेशक के बंगले से वापस पेइंग वार्ड के कमरा नंबर ए-11 में ( शेष पेज 9 )

# दिल्ली कूच कर रहे किसानों और पुलिस के बीच झड़प

- भिड़ंत में एक दर्जन से ज्यादा पुलिसकर्मी जख्मी

**शिखा शर्मा।** चंडीगढ़

**कृषि** कानूनों के विरोध में दिल्ली कूच कर रहे किसानों पुलिस के साथ जमकर झड़प हुई। किसान हरियाणा पंजाब बार्डर की बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए दिल्ली की सीमा में पहुंच गए हैं। किसानों के को रोकने के लिए अंबाला, जींद, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल व रोहतक में पानी की बौछारें की गई और आंसू गैस छोड़ी गई। पुलिस की कार्रवाई के विरोध में किसानों ने पथराव भी किया, जिसमें एक दर्जन से ज्यादा पुलिस कर्मी चोटिल हो गए।

गुरुवार को दिनभर किसानों का जोशीले अंदाज में दिल्ली कूच जारी रहा। पानी की बौछारें व आंसू गैस भी किसानों को जोश को कम नहीं कर पाई। दिल्ली कूच को लेकर दिनभर हरियाणा-पंजाब सीमाओं पर तनाव की स्थिति रही तो दिल्ली में सिंघू बार्डर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। दिल्ली में पड़ाव को लेकर पिछले दो दिनों से किसान आगे बढ़ रहे हैं। पंजाब से सटे जिले की सीमाओं पर डटे किसानों ने योजनाबद्ध तरीके से बैरिकेडिंग तोड़कर दिल्ली की ओर कदम बढ़ाया। हरियाणा के शंभू बार्डर पर दिनभर स्थिति तनाव की स्थिति रही। अंबाला-पटियाला बार्डर पर किसान उग्र हो गए और पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की। पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए वाटर कैनन और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। पुलिस की कार्रवाई के विरोध में किसानों ने पथराव भी किया।

वहीं हरियाणा के मोहड़ा से चला किसानों का जत्था मोहड़ा, शाहाबाद व पिपली की नाकेबंदी को लांघकर पानीपत जिले की सीमा में प्रवेश कर गया। किसान पूरा राशन-पानी व तमाम बंदोबस्त करके दिल्ली की ओर कूच कर रहे हैं। अंबाला में पंजाब-हरियाणा के सादोपुर बार्डर पर दिल्ली जाने पर अड़े किसानों ने बैरिकेड और पुलिस नाका तोड़ने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने हल्का लाठी चार्ज ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 44,259 | ↑ 431 | |
| निफ्टी | 12,987 | ↑ 128 | |
| सोना | 48,457 | ↑ 17 | /10g |
| चांदी | 59,513 | ↑ 28 | /kg |

## क्विक न्यूज

### अब मातृ भाषा में होगी इंजीनियरिंग की पढ़ाई

नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) अगले शैक्षिक सत्र से छात्रों को उनकी मातृ भाषा में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराएंगे। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में यह फैसला लिया गया। तकनीकी शिक्षा, विशेष रूप से इंजीनियरिंग की शिक्षा मातृ भाषा में देने का लाभकारी निर्णय लिया गया और यह अगले शैक्षिक सत्र से उपलब्ध होगा। इसके लिए कुछ आईआईटी और एनआईटी को चुना जा रहा है। बैठक में यह भी तय किया गया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) स्कूली शिक्षा बोर्ड से जुड़े समकालीन हालात का जायजा लेने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पाठ्यक्रम लाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों पर 31 दिसंबर तक बढ़ी रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोनो** वायरस महामारी के मद्देनजर कमर्षल अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 31 दिसंबर तक निलंबित रहेंगी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने गुरुवार को कहा कि जरूरत के आधार पर सिर्फ चुनिंदा रूटों पर ही विमान उड़ान भरेंगे। हालांकि, ये प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय ऑल-कार्गो संचालन और डीजीसीए द्वारा मंजूरषुदा उड़ानों पर लागू नहीं होंगे। कोरोना वायरस के चलते बीते 26 जून को उड़ानों पर रोक लगाई गई थी। डीजीसीए ने गुरुवार को इसमें आंषिक सुधार करते हुए अंतरराष्ट्रीय कमर्षल यात्री उड़ानों पर प्रतिबंध आगे बढ़ा दिए हैं और आगामी 31 दिसंबर की आधी रात यानी 11 बजकर 59 मिनट तक लागू रहेंगे। डीजीसीए ने इससे पहले अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालन ( शेष पेज 9 )

# संगीता फौगाट व पहलवान बजरंग ने शुरू की जीवन की नई पारी

- कोरोना संकट के चलते सादगीपूर्ण माहौल में कुश्ती जगत के दोनों दिग्गजों ने रचाई शादी
- दंपति ने आठवां फेरा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संकल्प के रूप में लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**दंगल** गर्ल गीता और बबीता फौगाट की छोटी बहन तथा द्रोणाचार्य अवार्डी कुश्ती कोच महावीर फौगाट की बेटी संगीता फौगाट और पद्मश्री पहलवान बजरंग पूनिया परिणय सूत्र में बंध गए। बुधवार देर रात चरखी दादरी जिले के गांव बलाली में शादी सादगीपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। इसमें दोनों ओर से मेहमानों की संख्या काफी सीमित थी। कोरोना वायरस के संक्रमण के मद्देनजर



एक दूजे के हो गए संगीता फौगाट और बजरंग पूनिया

लागू गाइडलाइन के कारण शादी समारोह में मेहमानों की संख्या सीमित रखी गई थी। शादी के बाद कुश्ती क्षेत्र के दोनों दिग्गज जीवन की अपनी नई पारी को लेकर काफी खुश दिखे। गांव खुड्डन के मूल निवासी तथा वर्तमान में सोनीपत में रहने वाले पहलवान बजरंग पूनिया केवल 31 बारातियों को साथ लेकर बुधवार रात संगीता के संग सात जन्मों के बंधन में बंधने और उनकी डोली अपने घर ले जाने के लिए पहुंचे। जैसा कि पहले ही दोनों परिवारों ने कहा था कि कोविड-19 की गाइडलाइनों के चलते वैवाहिक आयोजन बेहद सादगीपूर्ण माहौल में होगा, उसी के अनुरूप गांव बलाली में दोनों तरफ से कुल 50 लेकर 60 तक ही मेहमान बुलाए गए थे।

तमाम पारिवारिक, सामाजिक, लोक परंपराओं से जुड़ी रस्मों जैसे लग्न, गोरवा, घुड़चढ़ी, वरमाला इत्यादि के बाद संगीता व बजरंग ने सात की बजाय आठ फेरे लिए। बड़ी बहन गीता व बबीता फौगाट की तरह संगीता ने भी आठवां फेरा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संकल्प के रूप में लिया। पहलवान महावीर फौगाट का कहना है कि वैसे तो उन्हें अपनी बेटी को घर से विदा करते समय काफी पीड़ा हो रही है लेकिन संसार के नियमों को निभाना जरूरी है। इसके साथ-साथ उन्हें खुशी है कि उनकी बेटी संगीता पहलवान बजरंग पूनिया जैसे अच्छे युवक और उसके संस्कारित परिवार में जा रही है।

## स्थानीय संपादक को भातृ शोक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**'पायनियर'** के स्थानीय संपादक विजय प्रकाश सिंह के बड़े भाई शिव प्रकाश सिंह (62 वर्ष) का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। कोरोना पॉजिटिव होने के बाद 17 नवंबर की रात उन्हें संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने गुरुवार शाम करीब 5.30 बजे अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे पत्नी और दो बेटों का परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना ही है। साथ ही शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी दुख व्यक्त किया है। तमाम पत्रकारों, राजनीतिक संगठनों और अन्य गणमान्य लोगों ने भी उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को सुबह 10 बजे भैंसाकुंड श्मशान घाट पर किया जाएगा।

# लोकतंत्र के पीछे की बड़ी ताकत हमारा संविधान

## मुख्यमंत्री ने उप्र संहिता (द्विभाषी) के दो संस्करणों का विमोचन किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारत के संविधान की ताकत ही है कि यह दुनिया के अंदर सबसे बड़े लोकतंत्र का आदर्श बना हुआ है। सम-विषम परिस्थितियों में भी भारतीय संविधान हमें प्रेरणा प्रदान करता है। जाति, मत, सम्प्रदाय, भाषाएं, खान-पान की बहुलता होने के बावजूद भारतीय संविधान पूरे भारत को माला में पिरोए हुए है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की उद्देशिका का पाठन राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द के सानिध्य में वर्चुअल माध्यम से किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश संहिता (द्विभाषी) के दो संस्करणों का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था। आज ही के दिन संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया। उन्होंने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने में भी संविधान की महती भूमिका है। न्याय, स्वतंत्रता, समता और बन्धुता ये भारत की सबसे बड़ी विशेषता है। इन्हीं मूलभूत बातों को ध्यान में रखकर सभी कार्यक्रम आगे बढ़ाये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने संविधान निर्माण में योगदान देने वाले सभी स्वाधीनता सेनानियों व महापुरुषों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। उन्होंने सभी को संविधान दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभारी हैं जिन्होंने संविधान दिवस की महत्ता के दृष्टिगत वर्ष 2015 से संविधान दिवस को देश के सामने प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत वर्ष संविधान दिवस को काफी भव्य रूप में मनाया गया था तथा विधान मण्डल में इस पर केन्द्रित चर्चा की गयी थी। उन्होंने कहा कि संविधान में अधिकारों के साथ मूल कर्तव्य की भी बात की गयी है। मूल कर्तव्य के प्रति प्रत्येक नागरिक को जागरूक किये जाने की आवश्यकता है। किसी भी सम्प्रभु राष्ट्र के लिए मूल कर्तव्य अत्यन्त आवश्यक है। संविधान में 11 मूल कर्तव्यों का उल्लेख है, जिनका अक्षरशः पालन करना चाहिए, जिससे एक स्वस्थ व सशक्त भारत बना सकें। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से वर्ष 2015 से संविधान दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज का दिन अत्यन्त गौरव का दिन है। संविधान हम सबको अधिकारों व कर्तव्य से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र व राज्य सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों को योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। अनुच्छेद 51ए को आत्मसात करके हम कर्तव्य पथ पर चलते हुए देश को महान बना सकते हैं। उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। भारत का संविधान राजधर्म है। भारत के लोगों से ही हमारा संविधान संरक्षित है।

कार्यक्रम का संचालन संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने किया। विधि एवं न्याय मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि आज का दिन अत्यन्त महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज ही के दिन हमारा संविधान अंगीकृत किया गया था।

इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्रिगण, विधान परिषद सदस्य स्वतंत्र देव सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, सूचना निदेशक शिशिर सहित एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# धान खरीद में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: सीएम

## ● पिछले वर्ष की अपेक्षा अब तक डेढ़ गुना अधिक धान खरीदा गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य सरकार मूल्य समर्थन योजना के तहत किसानों से धान की सीधी खरीद करने के लिए गम्भीर है। सरकार के लिये किसानों का हित सबसे ऊपर है। इसके दृष्टिगत धान खरीद में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों के हितों की अनदेखी करने वालों की जवाबदेही तय करते हुए ऐसे लोगों की खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर धान खरीद की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की अपेक्षा अब तक डेढ़ गुना अधिक धान क्रय किया जा चुका है। इसके बावजूद किसानों के व्यापक हितों को देखते हुए खरीद प्रक्रिया में और तेजी लाने की आवश्यकता है। एमएसपी के अन्तर्गत धान क्रय करने के लिए 4200 केन्द्र स्थापित किये गये हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि आवश्यकता हो तो अतिरिक्त क्रय केन्द्र भी स्थापित किये जाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि धान क्रय करने वाली सभी संस्थाएं पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें। धान खरीद प्रक्रिया में कतई ढिलाई न बरती जाए। धान खरीद केन्द्रों पर मनमानी नहीं होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि धान क्रय केन्द्र समय से संचालित हों। किसानों को 72 घण्टे के अन्दर उनकी उपज का भुगतान हर हाल में कर दिया जाए। उन्होंने धान क्रय प्रक्रिया की गहन मॉनीटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा स्वयं प्रतिदिन समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मण्डी में आने वाला पूरा धान खरीदा जाए। सहकारिता विभाग द्वारा धान खरीद में तेजी लायी जाए। उन्होंने सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में तैनात अपने अधिकारियों के कार्यों की गहन मानीटरिंग करें तथा धान खरीद में ढिलाई बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि खाद्य विभाग द्वारा भी जनपदों में संचालित अपने धान क्रय केन्द्रों की नियमित समीक्षा की जाए।

बैठक में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डा रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मतदाताओं से संवाद कर प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करें: स्वतंत्र देव

## ● शिक्षक-स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आहवान किया कि प्रदेश में हो रहे शिक्षक, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं से संपर्क व संवाद स्थापित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लोककल्याण के लिए किये जा रहे कार्यों और विधान परिषद के चुनाव में कार्यकर्ताओं के परिश्रम और पार्टी को मिल रहे मतदाताओं से मिल रहे भरपूर समर्थन के बल पर भाजपा शिक्षक व स्नातक क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव में भी विजय हासिल करेगी।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री व शिक्षक व स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव के प्रभारी अमर पाल मौर्य ने बताया प्रदेश में शिक्षक व स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव में भाजपा द्वारा आयोजित किये जा रहे मतदाता सम्मेलन आज से शुरू हो गये। पार्टी द्वारा पोलिंग सेंटर को केन्द्र मानकर आयोजित किये जा रहे मतदाता सम्मेलनों में बड़ी संख्या में मतदाता सम्मिलित होकर भाजपा को अपना भरपूर समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि पोलिंग सेंटर को केन्द्र मानकर पार्टी द्वारा शिक्षक व स्नातक क्षेत्र के मतदाताओं के सम्मेलन अलग अलग आयोजित किये जा रहे हैं। आज पहले दिन पूरे प्रदेश में 254 मतदाता सम्मेलन सम्पन्न हुए। सम्मेलनों में मंत्रिगण, सांसद, विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजित मतदाता सम्मेलनों में उपस्थित रहे।

श्री मौर्य ने बताया कि कल 27 नवम्बर को उपमुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा गाजियाबाद, कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक बरेली, शाहजहांपुर और हरदोई, भूपेन्द्र सिंह चौधरी मुरादाबाद, कपिल देव अग्रवाल बिजनौर, गुलाबो देवी बरेली, नीलिमा कटियार कन्नौज में आयोजित मतदाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा आयोजित किये जा रहे सम्मेलनों को प्रदेश सरकार के मंत्रिगण, सांसद, विधायक व पार्टी के पदाधिकारी संबोधित करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने किया दलितों के आरक्षण को लेकर बड़ा फैसला: डॉ निर्मल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अनुसूचित** जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वास्तव में दलित मित्र हैं। उन्होंने हमेशा कमजोर वर्ग के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। जो काम पिछली सरकारों ने नहीं किए वह योगी आदित्यनाथ ने कर दिखाए। दलित समाज ने योगी आदित्यनाथ के राजकीय विश्वविद्यालयों में आरक्षण लागू करने के फैसले का स्वागत किया है।

डॉ निर्मल ने कहा है कि केंद्र की मोदी और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार गैरबराबरी को दूर करना चाहती है। यही वजह है कि कानून बनाकर कई सुधार किए जा रहे हैं, जो आजादी सात दशक बाद तक नहीं हो पाए। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में आरक्षण व्यवस्था में किए गए बदलाव की तर्ज पर इसे भी लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश शैक्षिक संस्थान अध्यादेश 2020 से हाशिए के समाज को एक नई दिशा दी है। दलित वर्ग इससे बहुत खुश है और इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देता है। इस विधेयक के कानून बनते ही यूपी के राज्य विश्वविद्यालयों एवं एडेड डिग्री कॉलेजों को अब इकाई मानकर शिक्षकों के पदों पर आरक्षण लागू किया जाएगा। वहीं राजकीय डिग्री कॉलेज में इसे सभी संस्थाओं को मिलाकर एक इकाई मानकर आरक्षण लागू होगा। अभी तक विभाग स्तर पर आरक्षण लागू होने पर पांच से कम पदों पर अनुसूचित जाति के वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता था। एससी कटेगरी के लोगों के लिए सीट आरक्षित नहीं हो पा रही थी। उन्हें नुकसान हो रहा था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। डॉ. निर्मल ने इसे ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए उत्तर प्रदेश के दलितों को ओर से सीएम योगी का आभार व्यक्त किया है।

# भाजपा सरकार किसान विरोधी: प्रियंका गांधी



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा सरकार की निन्दा करते हुए उसे किसान विरोधी करार दिया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि किसानों से समर्थन मूल्य छीनने वाले कानून के विरोध में किसान की आवाज सुनने की बजाए भाजपा सरकार उन पर भारी ठंड में पानी की बौछार मारती है। किसानों से सब कुछ छीना जा रहा है और पूंजीपतियों को थाल में सजा कर बैंक, कर्जमाफी, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन बांटे जा रहे हैं। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि अन्नदाताओं के खिलाफ लाठी गोली चलाने वाली भाजपा सरकार महनतकश समुदाय का दर्द क्या जाने। कोरोना काल मे जहां अडानी अम्बानी की आय 150 गुना बढ़ी तो वहीं योगी सरकार में गन्ने के मूल्यों में कोई भी बढ़ोत्तरी नहीं हुई है जबकि उनकी उत्पादन लागत बिजली, उर्वरक, कीटनाशक, डीजल आदि की वजह से बढ़ी है। किसानों को गन्ने का पिछला भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकार के एजेंडे में किसान मजदूर कभी था ही नहीं। किसानों का कर्ज माफ करने और बिजली मूल्य माफ करने का वादा किया था। नये कृषि कानून जो बनाये गये हैं वह सब किसानों के हितों पर कुठाराघात है।

# सात जिलों में लगाए जाएंगे बायो कोल व सीएनजी प्लान्ट्स

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नेशनल** एडॉप्टेशन फण्ड ऑन क्लाइमेट चेंज के अन्तर्गत परियोजनाओं के विचरन, प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति, क्रियान्वयन व अनुश्रवण के लिए राज्य स्तर पर मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नेशनल पॉलिसी फॉर मैनेजमेन्ट ऑफ क्रॉप रेज़िड्यू के आलोक में एनजीटी के आदेश के क्रम में क्लाइमेट रेजीलिएन्स बिल्डिंग इन रूरल एरियाज थ्रू क्रॉप रेज़िड्यू मैनेजमेन्ट के लिए प्रदेश में एनसीआर के साथ जनपदों में परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 22.56 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। उक्त परियोजना के क्रियान्वयन के लिए मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़ एवं मुजफ्फरनगर चिन्हित किये गये हैं। बैठक में इन जनपदों में इंस्टालेशन ऑफ बायो कोल प्लान्ट्स, इंस्टालेशन ऑफ बायो सीएनजी प्लान्ट्स, इंस्टालेशन ऑफ बायो मैन्योर प्लान्ट्स की स्थापना के सम्बन्ध में प्रोजेक्ट कम्पोनेन्ट एवं फाइनेंसिंग पर विचार विमर्श किया गया। परियोजना के अन्तर्गत एग्रीकल्चर रेजिड्यूज और दूसरे बायो डिग्रेडबल वेस्ट मैनेजमेन्ट के द्वारा एनसीआर के वर्णित जनपदों में बायो इनर्जी का उत्पादन किया जायेगा। परियोजना का क्रियान्वयन फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनीज एवं एमएसएमई स्तर के उद्यमियों द्वारा किया जायेगा। साथ ही यह प्रोजेक्ट प्रथम आगत प्रथम प्रदत्त के आधार पर चलाया जायेगा।

**COLLEGE OF INNOVATIVE MANAGEMENT & SCIENCE**
(Running: BBA, BCA, B.Com, B.Com.(H), B.Ed.)
Affiliated to University of Lucknow

Applications are invited for the post of Lecturer in following Courses
(1) Bachelor In Computer Application (BCA)
(2) Bachelor Of Business Administration (BBA)
(3) Bachelor Of Commerce With Honours (B.Com(Hon.))

Eligibility Criteria: As per Lucknow University Norms Eligible candidates are requested to send their bio-data with photocopies of all documents through email/registered post within 07 days from date of advertisement.

Address: Management Park, Vipul Khand-6, Gomti Nagar, Lucknow -226010
Contact No. 9889191505, 8542054317, 0522-4035454
www.cims.edu.in, cimsedu7@gmail.com

## सपा अध्यक्ष से मिले विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से बृहस्पतिवार को नागालैण्ड, तमिलनाडु, पुडुचेरी के अतिरिक्त अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने भेंट की और उन्हें अपने ज्ञापन सौंपें। वहीं नागालैण्ड के जिला डिमापुर निवासी परमहंस त्रिपाठी एवं फिरोज कमल ने अखिलेश यादव को 9 दिसम्बर 2020 को नागालैण्ड में होने वाले हार्नबेल त्योहार में शामिल होने का आमंत्रण दिया। यह त्योहार कोहिमा और दीमापुर में धूमधाम से मनाया जाता है। हार्नबेल पर्व में नागालैण्ड की संस्कृति की झलक मिलती है। इससे पता चलता है कि पुराने समय में नागालैण्ड में लोग कैसे रहते थे। खुर्जा से आए लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उन्हें मिट्टी के बर्तनों का किचन सेट भेंट किया।

## घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाएं यूपी 112 पर करा सकती हैं रजिस्ट्रेशन

**लखनऊ।** प्रदेश पुलिस की आपातकालीन सेवा यूपी 112 पीड़ित महिलाओं की मदद में पूरी तरह से तत्पर है। विभिन्न प्रकार की हिंसा से प्रभावित करीब 13 सौ महिलाएं प्रतिदिन ऑन करके 112 से मदद भी हासिल कर रही हैं। यूपी 112 के एडीजी असीम अरुण ने कहा कि घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाएं पुलिस संबंधी मदद के लिए फोन करके 112 में अपना रजिस्ट्रेशन भी करा सकती हैं। एडीजी असीम अरुण ने बताया कि प्रदेश में करीब 13 सौ विभिन्न प्रकार की हिंसा प्रभावित महिलाएं प्रतिदिन 112 को कॉल कर मदद लेती हैं। अभी बीते बुधवार को ही अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर प्रतिबद्ध है। बार-बार हिंसा की शिकार होने वाली महिलाएं 112 पर कॉल कर के अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। रजिस्ट्रेशन में महिलाओं का नाम, पता आदि दर्ज किया जाता है।

# भाजपा राज में हुआ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सबसे ज्यादा आघात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि संविधान उद्देशिका में जिस सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय एकता एवं विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जिक्र है उन सबकी भाजपा राज में अनदेखी हो रही है। समाजवादी पार्टी बराबर यह मांग उठाती रही है कि जाति आधारित जनगणना हो ताकि हर समाज को संख्या बल पर सानुपातिक प्रतिनिधित्व हासिल हो सके। भाजपा इसके विरोध में है क्योंकि वह आरक्षण समाप्त करना चाहती है। डॉ. लोहिया ने पिछड़ी जातियों के उत्थान के लिए विशेष अवसर का सिद्धांत दिया था, भाजपा उसे लागू करना नहीं चाहती है।

संविधान दिवस के अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि यह कैसी विडम्बना है कि आजादी के 73 वर्षों बाद भी संविधान के मूल उद्देश्यों के विपरीत आर्थिक-सामाजिक गैरबराबरी बढ़ती जा रही है। कुछ चंद घरानों में देश की पूंजी बंधक बन गई है। गरीब-अमीर के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। अन्नदाता किसान बदहाल है, नौजवान के सामने भविष्य का अंधेरा है और जनसामान्य मंहगाई, भ्रष्टाचार और अपराधों की बढ़त से व्याकुल है। महिलाओं और बेटियों की इज्जत खतरे में है, वे आत्महत्याएं कर रही हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सबसे ज्यादा आघात भाजपा राज में हुआ है। असहमति को देशद्रोह का तमगा दिया जाने लगा है। बच्चों को मिड डे मील में नमक रोटी दिए जाने का सच दिखाने पर पत्रकार को जेल भेजा जाता है। सच लिखने पर पत्रकारों की जानें तक गई है।

## पूर्व मंत्री गायत्री के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान खनन मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति के खिलाफ अब विजिलेंस ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। यह एफआईआर विजिलेंस के लखनऊ सेक्टर थाने में दर्ज की गई है। एफआईआर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में दर्ज हुई है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के बाद 2 साल पहले विजिलेंस ने गायत्री प्रजापति की खुली जांच शुरू की थी। इस जांच में 2007 से 2012 तक मंत्री पद पर रहते हुए सपा नेता की संपत्ति करीब 3.50 करोड़ निकली जबकि उनकी आय मात्र 50 लाख थी। विजिलेंस ने अपनी खुली जांच की रिपोर्ट शासन को सौंपी थी। जिसके बाद शासन से अनुमति मिलने के बाद विजिलेंस ने एफआईआर दर्ज की है। वहीं, इस जांच के दौरान विजिलेंस को 21 बेनामी संपत्तियों की भी जानकारी मिली है जो कि गायत्री प्रजापति से संबंधित बताई जा रही हैं।

# अब हर दस हजार की आबादी पर खुलेंगे जनसेवा केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अब** हर गांव या 10 हजार की आबादी पर जन सेवा केंद्र खुलेंगे। स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाने और अधिकतम लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए योगी सरकार ने यह फैसला लिया है। इसके तहत कुल 1.5 लाख जन सेवा केंद्र खोलने का लक्ष्य है। इससे करीब 4.5 लाख युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा।

## ● डेढ़ लाख नये केंद्रों से 4.5 लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

यही नहीं, एक से अधिक केंद्र होने के नाते इनमें होने वाली प्रतिस्पर्धा से इनकी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। लोग सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक होंगे तो उसका लाभ भी लेंगे। जन सेवा केंद्र के संचालक को देय शुल्क बढ़ाकर 20 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये कर दिया गया है। इसी क्रम में केंद्र के संचालक को प्रति ट्रांजेक्शन अब 4 रुपये की जगह 11 रुपये मिलेंगे। इससे इनकी भी आय बढ़ जाएगी। इन केंद्रों का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। डिस्ट्रिक्ट गवर्नेंस सोसाइटी (डीजीएस) एवं डिस्ट्रिक्ट सर्विस प्रोवाइडर (डीएसपी) संस्थाओं की आपसी सहमति से इसे दो वर्ष तक और बढ़ाया जा सकेगा। मालूम हो कि प्रदेश के तकरीबन हर ग्राम पंचायत पर एक जनसेवा केंद्र हैं। यह केन्द्र स्थानीय स्तर पर रोजी-रोजगार के साथ सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करने का जरिया बन चुकी हैं।

# निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बिजली** कर्मचारियों और इंजीनियरों की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्पलॉईस एन्ड इंजीनियर्स के आह्वान पर आज उत्तर प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के बिजली कर्मियों ने देश के सभी प्रांतों के 15 लाख बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियर्स और अभियन्ताओं के साथ केन्द्र और राज्य सरकारों की निजीकरण की नीति के विरोध में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। शक्तिभवन लखनऊ पर हुई विरोध सभा में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के पदाधिकारियों शैलेन्द्र दुबे, प्रभात सिंह, जीवी पटेल, सोहेल आबिद ने बताया कि कोविड.19 महामारी के बीच केन्द्र सरकार और कुछ राज्य सरकारें बिजली वितरण का निजीकरण करने पर तुली हैं जिसके विरोध में देश भर के बिजली कर्मियों ने प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। प्रदेश भर में आज राजधानी लखनऊ समेत अनपरा, ओबरा, मेरठ, नोएडा, गाजियाबाद, पनकी, पारीछा, हरदुआगंज, बस्ती, अयोध्या, देवीपाटन, पिपरी समेत सभी जनपद मुख्यालयों एवं परियोजनाओं पर विशाल विरोध सभाएं व प्रदर्शन कर निजीकरण के उद्देश्य से लाये गए इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2020 और बिजली वितरण के निजीकरण के स्टैण्डर्ड बिडिंग डॉकुमेंट को निरस्त करने की मॉग की और चेतावनी दी कि यदि निजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह वापस न की गई तो राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी।

उन्होंने बताया कि बिजली कर्मियों ने उपभोक्ताओं खासकर किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं से निजीकरण विरोधी आन्दोलन में सहयोग करने की अपील की और कहा कि निजीकरण के बाद सबसे अधिक नुकसान आम उपभोक्ताओं का ही होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बिल और बिजली वितरण के निजीकरण के स्टैण्डर्ड बिडिंग डॉकूमेंट के अनुसार लागत से कम मूल्य पर किसी को भी बिजली नहीं दी जाएगी और सब्सिडी समाप्त कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि स्टैण्डर्ड बिडिंग डॉकूमेंट के अनुसार निजी कंपनियों को डिस्कॉम की परिसंपत्तियां कौड़ियों के दाम सौंपी जानी हैं।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**
मैं अपने पुत्र सुनील सिंह को उसके दुर्व्यवहार व गलत आचरण के चलते अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनके द्वारा किये गये कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं होगा। नरायन बक्स सिंह, निवासी- ग्राम-डाक्ष सिकंदरपुर, पोस्ट व थाना-मोहनलाल गंज, लखनऊ।

**सूचना**
मैं, आर्मी नं0 4210361P सिपाही रोहित सिंह फर्जावल पुत्र श्री जगत सिंह, यूनिट 15 कुमाऊँ मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे भाई का नाम सुनील फर्जावल त्रुटिवश दर्ज हो गया है, जबकि उसका वास्तविक नाम सुनील सिंह फर्जावल है, जिसे मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

**सूचना**
सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र सुनेन्द्र को उसका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उसके किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। राजेन्द्र प्रसाद पुत्र शिवचरन, निवासी – ग्राम-गुलजारपुरवा, मजरा-बिनौरा, परगना व थाना-खैराबाद, तहसील व जिला-सीतापुर।

**कार्यालय नगर पंचायत मुहम्मदाबाद गोहना-मऊ**

पत्रांक-2243(2)/न0पं0मु0बाद/निविदा/2020-21 दिनांक-26.11.2020

**अतिअल्पकालिक निविदा सूचना**

समस्त लकड़ी विक्रेताओं/आपूर्तिकर्ताओं/ठीकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मुहम्मदाबाद गोहना-मऊ में शीतलहर के प्रकोप से बचाव हेतु नगर के विभिन्न स्थानों/सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने हेतु सूखी लकड़ी (बोटा)/जलावनी 1,200.00 कुन्तल की आवश्यकता है, जिसके लिए दिनाँक 05.1.2.2020 को समय 01.00 बजे अपराहन तक कोटेशन आमन्त्रित किया जाता है, जो उसी दिन अपराहन 02.00 बजे इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष खोला जायेगा।

अतः सूखी लकड़ी(बोटा)/जलवनी की आपूर्तिकर्ता दिनाँक 05.12. 2020 को अपराहन 01.00 बजे तक अपना कोटेशन नगर पंचायत कार्यालय के टेण्डर बाक्स में प्रति कुन्तल दर भरकर डाल सकते है। कोटेशन के साथ मु0 25,000.00 जमानत धनराशि एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा को स्वीकृत/ अस्वीकृत/ निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क करके किया जा सकता है तथा यह समझा जायेगा कि कोटेशन दाता द्वारा इस सम्बन्ध में पूरी जानकारी कर ली गयी है।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत मुहम्मदाबाद गोहना, जनपद-मऊ
अध्यक्ष, नगर पंचायत मुहम्मदाबाद गोहना, जनपद-मऊ

**पूर्वोत्तर रेलवे** ई-निविदा सूचना

Email: dycmmcon@ner.railnet.gov.in, Internet: www.ireps.gov.in, Fax No.: 0551-2282448

निविदा सूचना संख्या: 03 दिनांक 25-11-2020
ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रण

उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रम सं. | निविदा सं. एवं ड्यू डेट | सामग्री का विवरण | माँगी गयी मात्रा | बयाना धनराशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 16205067 दि. 17-12-2020 | जॉइन्टलेस स्लूवड कॉपर कांटेक्ट वायर 107 स्क्वायर एमएम | 96 एम.टी. | ₹ 11,17,280/- |
| 02 | 16205068 दि. 17-12-2020 | अनइंसुलेटेड 25 केवी एसी कॉपर कैडमियम कांटेनरी वायर 19/2.10 एमएम, 65 स्क्वायर एमएम. | 75 एम.टी. | ₹ 8,87,740/- |

(1) उपरोक्त निविदा आईआरईपीएस के साइट http://www.ireps.gov.in पर स्थित है। जो प्रतिष्ठान इलेक्ट्रानिकली पंजीकृत है वे ई-टेण्डर में सम्मिलित हो सकते हैं। जो प्रतिष्ठान क्लास-III डिजिटल सर्टिफिकेट नहीं प्राप्त किये हैं वे अधिकृत एजेन्सी भारत सरकार के द्वारा आईटी अधिनियम 2000 से अधिकृत है उनसे प्राप्त कर सकते हैं। मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। (2) आपूर्तिकर्तागण को यह सूचित किया जाता है कि उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/निर्माण कार्यालय पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर विज्ञापित निविदायें केवल ईपीएस (ई-प्रोक्योरमेन्ट सिस्टम) द्वारा खोली जा रही है, जो भी प्रतिष्ठान उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/निर्माण पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर की निविदाओं के प्रति इच्छुक हो एवं भाग लेना चाहते हो उन्हें आवश्यक डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट प्राप्त करना होगा एवं अपने प्रतिष्ठान को CRIS/New Delhi में पंजीकृत कराना होगा। इस सम्बन्ध में आवश्यक विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। (3) निविदा सूचना के अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रकाशन में भिन्नता होने की स्थिति में अंग्रेजी प्रकाशन मान्य होगा। (4) बयाना धनराशि तथा जमानती धनराशि का एलोकेशन शीर्ष 00844556 है। (5) उपरोक्त मद आरडीएसओ द्वारा अनुमोदित प्रतिष्ठानों के लिये आरक्षित है।

मुजावि/एस-39 उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/निर्माण, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# रोडवेज बस व कार की भिड़ंत में एक की मौत, 61 घायल

## सीतापुर हाईवे पर इटौंजा टोल गेट के पास बाइक सवार को बचाने के प्रयास में हुआ हादसा कार में छह और बस में 56 यात्री थे मौजूद



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीतापुर** रोड स्थित इटौंजा टोल गेट के पास डिवाइडर फांद कर निकल रहे बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हुई रोडवेज बस कार को टक्कर मारते हुए पलट गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस सभी घायलों को सीएचसी ले गई, जहां कार सवार एक युवती को मृत घोषित कर दिया गया व एक अन्य गंभीर महिला को ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। इसके अलावा बस में सवार 56 यात्री भी घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक गुरुवार को लखनऊ से जा रही लखीमपुर डिपो में 56 यात्री सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इटौंजा टोल गेट से थोड़ा पहले डिवाइडर से फांद कर निकल रहे बाइक सवार को देखते ही बस चालक बस से नियंत्रण खो बैठा और बाइक चालक को बचाने के प्रयास में बस को दाहिने मोड़ दिया, इससे बस डिवाइडर को क्रॉस करते हुए दूसरी तरफ जा पहुंची और तभी सीतापुर की तरफ से आ रही कार से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार में पांच महिला और चालक मौजूद था। बस की तेज टक्कर के बाद कार कई गोता खाने के बाद खाईं में जाकर पलट गई। वहीं बस कई राउंड पलटी खाने के साथ ही सड़क किनारे खड़े सांड से टकरा गई।

### राहगीरों ने की मदद, दो घंटे तक जाम रहा हाईवे

पुलिस के मुताबिक कार में कानपुर के रहने वाले सनी, शालू उर्फ शालिनी, बबिता, प्रिया, प्रीति और भोनू सिंह पुत्री देवकीनंदन मौजूद थे। कार को सनी चला रहा था। वहीं घटना के बाद बस चालक और कंडक्टर मौके से भाग निकले। पीड़ितों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों के कदम रुक गए, लोग पुलिस के साथ बचाव कार्य मे जुट गये। घटना की सूचना डायल.108 को देकर एम्बुलेंस की मदद मांगी गई। मौके पर पहुंची कई एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी इटौंजा पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने कार सवार युवती भोनू सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों को ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। जहां शालू उर्फ शालिनी की हालत नाजुक बनी हुई है। उधर घटना के बाद दोनों तरफ करीब दो किलोमीटर तक का लंबा जाम लग गया था, पुलिस क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को हटा कर करीब दो घंटे के बाद यातायात सामान्य करवा सकी। वहीं बस में बैठी एक महिला ने लोगों पर लूटपाट का भी आरोप लगाया है।

## हजारों लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले

# गिरोह का सरगना गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कंपनियों के नाम पर लुभावने रिटर्न का झांसा देकर निवेश कराकर ठगी का धंधा करता है गिरोह**

**विभिन्न** कंपनियों के नाम पर लोगों को लुभावने रिटर्न देने का झांसा देकर हजारों लोगों से करोड़ों रुपए का निवेश कराकर उनको ठगने वाले गिरोह के सरगना हरिनाम सिंह को एसटीएफ ने लखनऊ से गिरफ्तार किया।

इस गिरोह के बारे में काफी समय से छानबीन कर रही एसटीएफ को सूचना मिली कि वीजीई मार्ट में निवेश कराकर अधिक धनराशि की खरीदारी की लालच देकर हजारों लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के लोगों ने रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर, अयोध्या आदि जिलों में लोगों को अपना शिकार बनाया है। गिरोह के खिलाफ कोतवाली रायबरेली में मुकदमा भी दर्ज है। सटीक सूचना के आधार पर एसटीएफ ने गिरोह के सरगना हरिनाम सिंह यादव को जानकीपुरम से गिरफ्तार किया।पूछताछ के दौरान हरिनाम सिंह ने बताया कि उसके और शरद द्वारा वीजी मार्ट खोला गया था। जिसमें लोगों से एक मुश्त पैसा लेकर जो कि 5000 से 50000 तक लिया गया था , जिसमें लालच देने के लिए शॉपिंग कूपन दिए जाते थे और कहा जाता था की आप इन शॉपिंग कूपन से प्रति महीने एक निश्चित रुपए का सामान खरीद सकते हैं, जो कि कुल मिलाकर आपके द्वारा दी गई धनराशि से अधिक होगा। इस तरह से हजारों लोगों से 10 करोड़ से ऊपर पैसा जमा कराया गया, परंतु नोटबंदी के बाद 2017 में नए मेम्बर जुड़ने कम हो गए व शॉपिंग करने वाले मेम्बरों की संख्या बढ़ गई । अर्थात नए मेम्बर्स का एक मुश्त पैसा आना कम हो गया तथा पुराने मेम्बर्स के द्वारा खरीदारी अधिक हो गई। जिससे कि मार्ट में धक्का-मुक्की होने लगी और झगड़ा होने लगा। जिससे हम लोगों ने और झांसा देने के उद्देश्य से एक दूसरी योजना वीजी शेयर कंसलटेंट निकाली। जिसमें हमने लोगों को झांसा दिया कि हम आपके पैसे को शेयर मार्केट में लगाएंगे और आपको एक हैंडसम रिटर्न देंगे। इसमें हमने पुराने वीजी मार्ट के मेम्बर्स का और पैसा लगवाया तथा उनका बकाया इसमें एडजस्ट करने का भरोसा दिया । इस तरह से इसमें भी हमने करोड़ों रुपए फिर से जनता से ऐंठ लिए। कोरोना में हुए लॉकडाउन में इसमें भी और नए मेम्बर्स जुड़ने कम हो गए तथा हमारे दिए गए झूठे वादे के अनुसार लोगों ने अपना पैसा मांगना शुरू किया । क्योंकि हमारी कोई शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट नहीं थी ओर न ही वहां से हमें कोई रिटर्न मिलना था । हमारे द्वारा इतना ज्यादा प्रॉमिस किया रिटर्न हम किसी भी तरह से कमा कर नही दे सकते थे । इस पर हमने एक और तरीके से जनता को फिर से उल्लू बनाने का तरीका खोजा। हमने उन्हें बताया कि आप हमारी नई स्कीम वीजी गोल्ड में इन्वेस्ट कीजिए और तत्काल अपने लगाए हुए रुपए के बराबर गोल्ड खरीद लीजिए तथा प्रति महीना हम आपको 5 प्रतिशत अर्थात सालाना 60 प्रतिशत का रिटर्न उस इन्वेस्ट पर देंगे ,जिसके बराबर आपको गोल्ड तत्काल दे दिया गया है । लालच में लोगों ने फिर से करोड़ो रुपए इन्वेस्ट किए । इसी के साथ हमने रियल स्टेट में भी इन्वेस्ट कर लोगों को प्लॉट देने का भी झांसा दिया और लोगों ने बढ़ चढ़कर पैसा हमें दिया। इस तरह से हमने बिहार और यूपी के लोगों से लगभग 40 करोड़ रुपए से अधिक ऐंठ लिए । जिसमें हमारे द्वारा कई शहरों जैसे फैजाबाद, रायबरेली, हरदोई, सुल्तानपुर, बक्सर आदि में वीजी मार्ट के नाम से शोरूम भी खोले गए । हमने लोगों को झांसा देने के लिए प्रारम्भ में कई महंगे गिफ्ट एवं विदेशों की यात्राएं भी कराई ताकि ज्यादा संख्या में लोग आकर्षित हो और बड़ा एमाउंट इन्वेस्ट कर दें । इस प्रकार हम लोगों के द्वारा करोड़ों रुपए की ठगी को अंजाम दिया गया।

## एयरपोर्ट पर आधा किलो सोना पकड़ा

संवाददाता। सरोजनीनगर




**दुबई से** बिना सीमा शुल्क चुकाए ही चोरी छुपे राजधानी के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर लाए गए करीब साढ़े 26 लाख रुपए कीमत के विदेशी सोने के साथ एक यात्री को कस्टम अधिकारियों ने बुधवार शाम अमौसी एयरपोर्ट पर धर दबोचा। कस्टम अधिकारी बरामद सोने को जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रहे हैं।राजधानी के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर तैनात सीमा शुल्क उपायुक्त निहारिका लाखा के मुताबिक बुधवार शाम करीब छह बजे दुबई से राजधानी के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पहुंचे एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (एआई-1930) से उतरे यात्रियों की अमौसी एयरपोर्ट पर जांच पड़ताल की जा रही थी। तभी एक यात्री के ट्राली बैग में 514 ग्राम विदेशी सोना बरामद हुआ। यह सोना उक्त यात्री बिना सीमा शुल्क चुकाए ही चोरी छुपे दुबई से फाइल के रूप में ढालकर अपने ट्राली बैग में छिपाकर लाया था। जब बैग की जांच पड़ताल की गई तो उसमें सोने का फोटो फ्रेम और अलग-अलग चॉकलेट बॉक्स के कार्ड बोर्ड में पैक सोना कार्बन पेपर में छुपा कर रखा था। सोना बरामद होते ही कस्टम अधिकारियों ने यात्री को हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ की। लेकिन वह बरामद सोने के बारे में ना तो कोई सही जवाब दे सका और ना ही उससे संबंधित कागजात दिखा सका। बाद में कस्टम अधिकारियों ने बरामद 514 ग्राम विदेशी सोने को जब्त कर लिया। बरामद सोने की कीमत 26 लाख 47 हजार 100 रुपये बताई जा रही है। कस्टम अधिकारी इस मामले में यात्री से पूछताछ करने के साथ ही आगे की जांच कर रहे हैं।

## खनन कारोबारी के खिलाफ रुपए हड़पने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** खनन का कारोबार करने वाले मध्य प्रदेश के एक कारोबारी के खिलाफआलमबाग निवासी राकेश सिंह ने व्यापार में साझेदारी का झांसा देकर डेढ़ करोड़ से अधिक रुपए हड़प लेने व रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। टेढ़ी पुलिया आलमबाग निवासी राकेश सिंह की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के अनुसार नामजद किया गया गिरिराज शर्मा बडफरा रोड अम्बहा मुरैना मध्य प्रदेश स्थित चौधरी ट्रेडर्स का प्रोपराइटर है। गिरिराज शर्मा को जिलाधिकारी हमीरपुर द्वारा 30 जनवरी 2018 को 5 वर्ष के लिए मोरंग खदान का पट्टा दिया गया था। इस कार्य के लिए शर्मा ने राकेश सिंह को साझेदारी का प्रस्ताव देते हुए आर्थिक सहायता मांगी। जिस के क्रम में 2 फरवरी 2020 को एक इकरारनामा चौधरी ट्रेडर्स द्वारा गिरिराज शर्मा बनाम राकेश सिंह एवं बृजेश चंद्र द्वारा लखनऊ में निष्पादित किया गया था। जिसके अनुसार राकेश सिंह को दो करोड़ रुपया निवेश करना था। इकरारनामा के अनुसार राकेश सिंह द्वारा गिरिराज शर्मा को उनके बैंक खाते में विभिन्न तिथियों में एक करोड़ 88 लाख 33 हजार का भुगतान किया गया। इसके अलावा राकेश सिंह द्वारा गिरिराज शर्मा को 27 लाख और 67 हजार रुपए का नगद भुगतान भी किया गया।

## अरबों हड़पने के मामले में कंपनी का जीएम व टीम लीडर गिरफ्तार

**लखनऊ।** मल्टीलेवल मार्केटिंग के माध्यम से जनता से अरबों रुपए हड़पने वाली रियल स्टेट कम्पनियों, शाइन सिटी, इनफिनिटी वर्ड इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के महाप्रबंधक सिद्वार्थ उप्रेती व टीम लीडर आसिफ खान को एसटीएफ ने लखनऊ के विभूति खंड से गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक लाख पच्चीस हजार पांच सौ तीस रुपए और एक एसयूवी कार बरामद हुई है। पूछताछ में सिद्वार्थ उप्रेती ने बताया कि वर्ष 2009 मे इण्टरमीडिएट की परीक्षा पास करने के बाद मैंने 2011 मे रिलायंस लाइफ इंश्योरेंश कम्पनी लखनऊ में ज्वाइन किया और 2013 तक काम किया। इसके बाद 2015 मे रियल स्टेट कम्पनी वसुन्धरा रियल स्टेट प्राइवेट लिमिटेड ज्वाइन कर 2017 तक काम किया। इसके बाद 2018 में इनफिनिटी वर्ड इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड (हैलो राइड) में महाप्रबंधक के पद पर ज्वाइन किया। इस कम्पनी में जब लगभग 500 करोड़ रुपए जमा हो गए तो हम लोगों ने कम्पनी बंद कर दी और कम्पनी के सीएमडी अभय कुशवाहा फरार हो गए। इसके बाद मैंने 2019 में वास्तुम इन्फ्रालैण्ड इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में भी महाप्रबंधक के पद पर ज्वाइन किया। इस कम्पनी ने रुपया इनवेस्ट करने पर 13 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से वापस करने का प्रलोभन देकर लगभग 200 करोड़ रुपए जमा कराकर अक्टूबर 2019 मे रुपया क्लाइंट को वापस करना बंद कर दिया। इसके बाद फरवरी 2020 मे एसटीएफद्वारा मुकेश सिंह, सीएमडी वास्तुम इन्फ्रालैण्ड इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड की गिरफ्तारी के बाद से मैं पुलिस से छिपकर रह रहा था। मुकेश सिंह की गिरफ्तारी के बाद मेरे व कम्पनी पर दर्जनों मुकदमे पंजीकृत हुए। गिरफ्तार अभियुक्त आसिफ खान ने बताया कि मैंने 2008 मे कालीचरन डिग्री कालेज चौक लखनऊ से बीए पास करने के बाद 2010 मे स्वास्तिक रियल स्टेट कम्पनी ज्वाइन किया। यहां मेरी मुलाकात राशिद नसीम से हुई। यहां राशिद नशीम, जीएम सेल्स था। इस कम्पनी मे मैंने 2013 तक लगभग एक करोड़ रुपया जमा कराया। इसके बाद राशिद नसीम ने 2013 में अपनी खुद की कम्पनी शाइन सिटी बनायी। शाइन सिटी मे मैंने टीम लीडर के पद पर ज्वाइन किया, 2016 तक मैंने इस कम्पनी मे लगभग 40 करोड़ रुपए जमा कराए। 2016 में मैंने यह कम्पनी छोड़ कर 2017 में अपनी खुद की कम्पनी मार्टिजा साइबर हाइट्स विभूतिखण्ड मे खोली परन्तु यहां पर मुझे करोड़ों का नुकसान हो गया।

# बचिए कोरोना की दूसरी लहर से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने कहा कि कोरोना संक्रमण के प्रति जागरूकता का प्रसार अभी भी जरूरी है। विश्व स्तर पर कोरोना की दूसरी लहर को देखते हुए एहतियात और बचाव जरूरी है। उन्होंने कहा बचाव के लिए अभी भी दो गज की दूरी और मास्क पहनना जरूरी है। गुरुवार को जूम वेबिनार पर कोविड.19 एवं संबंधित मुद्दों पर लखनऊ मण्डल के लिए सम्पन्न मीडिया अभिमुखीकरण कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों में कोरोना के प्रति भय कम हुआ है ये एक सकारात्मक बात है। किन्तु इसके कारण लोगों ने सावधानी रखना कम कर दिया जो कि चिन्ताजनक है। उन्होंने कहा त्योहारों के अवसर पर बाजार आदि में भारी भीड़ रही और लोगों में मास्क के प्रयोग में भी सावधानी का अभाव दिखायी दे रहा था। इसलिए अब घर घर तक मास्क को सही तरीके से लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने और कोरोना जैसे लक्षण दिखने पर शीघ्र टेस्ट कराने से न डरने का संदेश देकर जागरूक करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने मीडिया को आंकड़ों पर आधारित समाचार ही नहीं अपितु जनता में जागरूकता लाने वाले समाचारों को भी प्रमुखता से प्रकाशित करने की अपील की।

## राजधानी में 348 और सूबे में मिले 2237 नए केस

**लखनऊ।** राजधानी में अब कोरोना मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। गुरुवार को राजधानी में कोरोना के 348 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 2318 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 25422 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3730 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7674 मरीजों की और राजधानी में 978 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 527,775 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 1518 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 502353 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। इंदिरा नगर 28, गोमती नगर 26, रायबरेली रोड 18, आलमबाग 21, चौक 20, मड़ियांव 12, आशियाना 19, सरोजनी नगर 15, महानगर 16, विकास नगर 17, जानकीपुरम 15, ठाकुरगंज 13, तालकटोरा 16, अलीगंज 15, अमीनाबाद 14 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 120 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया।

## पुलिस आयुक्त के खिलाफ मुकदमे की अर्जी

**विधि संवाददाता।** लखनऊ। प्लाट नहीं देने, रकम भी हड़पने व जानमाल की धमकी देने के कथित मामले में गुरुवार को अदालत में मुकदमे की एक अर्जी दाखिल की गई। इस अर्जी में निराला नगर के संदीप सिंह व राम औतार सिंह के साथ ही एसएचओ हसनगंज व पुलिस आयुक्त को भी विपक्षी पक्षकार बनाया गया है। अर्जी दाखिल करने वाले राहुल गुप्ता ने इन सबके खिलाफएफआईआर दर्ज करने का आदेश देने की मांग की है। सीजेएम शिवानंद ने फिलहाल इस अर्जी पर थाना हसनगंज से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई दिसंबर को होगी अर्जीकर्ता का कहना है कि संदीप व राम औतार ने रकम लेने के बावजूद प्लाट नहीं दिया। बल्कि मारापीटा व जानमाल की धमकी भी दी। इस बात की शिकायत पुलिस के इन अधिकारियों से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## श्रीमद्भागवद गीता को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग वाली याचिका खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ। श्रीमद्भागवद गीता को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग वाली एक जनहित याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। पीठ ने कहा कि यदि यााचिकाकर्ता श्रीमद्भागवद गीता को पाठ्यक्रम में शामिल कराना चाहता है, तो उसे संबधित शैक्षिक बोर्ड जैसे हाईस्कूल या इंटमीडिएट एजुकेशन के समक्ष जाना चाहिए। वो ही इस बात पर अच्छे से विचार कर सकता है कि श्रीमद्भागवद गीता को पाठ्यक्रम में एक विषय के तौर पर शामिल किया जा सकता है अथवा नहीं। जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस सौरभ लवानिया की पीठ ने यह आदेश ब्रह्मा शंकर शाष्त्री की याचिका पर दिया है।

**उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय**
विश्वविद्यालय मुख्य परिसर, शान्तिपुरम, सेक्टर 'एफ', फाफामऊ, प्रयागराज-211021
0532-2447035 / 36
**पीएचडी प्रवेश परीक्षा सूचना**
उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के पीएचडी कार्यक्रम 2021 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। विश्वविद्यालय में उपलब्ध कंप्यूटर साइंस, एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट, न्यूट्रीशन फूड एंड डाइटेटिक्स, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, मेडवल एंड मॉडर्न हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस, कॉमर्स, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एंड बिजनेस मैनेजमेंट, एजुकेशन, संस्कृत एंड प्राकृत लैंग्वेज, स्टैटिसटिक्स, हेल्थ एजुकेशन तथा हिंदी एंड मॉडर्न इंडियन लैंग्वेज में निर्धारित सीटों पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। विस्तृत विवरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uprtou.ac.in पर विजिट करें।
कुलसचिव

## बर्खास्त एसओ देवेंद्र को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

विधि संवाददाता। लखनऊ

**महोबा** के क्रेशर व्यापारी से रंगदारी वसूलने व उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में गिरफ्तार कबरई के बर्खास्त थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार शुक्ला को विशेष अदालत ने चार दिसंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बीते बुधवार को इसे महोबा में गिरफ्तार किया गया था। विशेष अदालत ने इसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट व कुर्की की कार्यवाही के लिए नोटिस जारी करने का भी आदेश दिया था। गुरुवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष जज गौरव शर्मा की अदालत में पेश कर इसका न्यायिक रिमांड हासिल किया गया। इस मामले की जांच प्रयागराज के

### महोबा के क्रेशर व्यापारी की मौत का मामला

एसपी क्राइम आशुतोष मिश्रा की अगुवाई में गठित एसआईटी कर रही हैं। बीते 13 नवंबर को विशेष अदालत ने इस मामले में वांछित महोबा के निलंबित एसपी मणीलाल पाटीदार व थाना कबरई के बर्खास्त सिपाही अरुण कुमार यादव के खिलाफ भी कुर्की की कार्यवाही की नोटिस जारी करने का आदेश दिया था। इस मामले के दो अन्य मुल्जिम सुरेश सोनी व ब्रह्म दत्त तिवारी पहले से न्यायिक हिरासत में निरुद्ध हैं। 11 सितंबर 2020 को इस मामले की नामजद एफआईआर मृतक इंद्रकांत त्रिपाठी के भाई रविकांत त्रिपाठी ने महोबा के थाना कबरई में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील डीसी यादव के मुताबिक पहले इस मामले की एफआईआर आईपीसी की धारा 387 ,307 ,120बी व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 व 13 में दर्ज हुई थी। लेकिन उनकी मौत के बाद यह मामला आईपीसी की धारा 307 की जगह 302 में तरमीम हुई। इसके बाद मामले की जांच एसआईटी को सौंप दी गई। एसआईटी की जांच में इस मामले को आत्महत्या के लिए उकसाने का पाया गया। लिहाजा मुल्जिम देवेंद्र कुमार शुक्ला को आईपीसी की धारा 302 की जगह 306 व धारा 387, 120बी, 504 व 506 के साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा में न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

## पशुपालन घोटाले में निलंबित डीआईजी की याचिका पर सरकार का जवाब दाखिल

**लखनऊ।** पशुपालन विभाग में हुए करोड़ों के घोटाला मामले में निलंबित डीआईजी अरविन्द सेन की अग्रिम जमानत याचिका पर गुरुवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में राज्य सरकार ने अपना जवाबी हलफनामा दाखिल किया। पीठ ने अब याचिकाकर्ता को तीन दिन में प्रत्युत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## एलयू दीक्षांत समारोह

# हर्षिता को सबसे ज्यादा 12 मेडल

### सरिता और प्रगति को सबसे ज्यादा 8-8 मेडल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय प्रशासन ने गुरुवार को दीक्षांत समारोह के दिए जाने वाले शेष मेडलों की लिस्ट जारी कर दी है। यूनिवर्सिटी की ओर से अभी प्रस्तावित लिस्ट जारी की गई है। लिस्ट यूनिवर्सिटी की बेवसाइट पर अपलोड कर दी गई है। प्रस्तावित लिस्ट पर स्टूडेंट्स सात दिसंबर तक आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद आई आपत्तियों को दूर कर फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी।

इन सभी टॉपर्स को विभाग स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन करके मेडल प्रदान किये जायेंगे। इस बार एलयू प्रशासन ने 21 नवंबर को अपना 63वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया था। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंच से 15 स्टूडेंट्स को मेडल प्रदान किया था। शेष स्टूडेंट्स को मेडल बाद में विभाग स्तर पर दिए जाना था। यूनिवर्सिटी के एग्जाम कंट्रोलर डॉ. एएम सक्सेना ने बताया कि यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में मेडल की संख्या करीब 196 थी। जिसमें से 15 टॉपर्स को शताब्दी वर्ष समारोह के दौरान आयोजित दीक्षांत के मुख्य कार्यक्रम में मेडल्स दिए गए। अब कुल 181 पदक बचे। वहीं सात मेडल ऐसे पाठ्यक्रमों के हैं जिनमें स्टूडेंट्स इस बार नहीं मिले हैंए इसलिए अब कुल 174 को ही मेडल दिए। जाएंगे।

### 137 मेडल पर गर्ल्स और 37 पर ब्वॉयज का कब्जा

इस बार जो 174 मेडल यूनिवर्सिटी देने जा रही हैं। जिसमें से 62 गर्ल्स ने 137 मेडल पर कब्जा जमाया है जबकि 25 ब्वॉयज के खाते में केवल 37 मेडल ही आए हैं।

**इन्हें मिले सबसे ज्यादा मेडल:**. साइंस विभाग की हर्षिता दुबे को डॉ. एन सिंह, इकबाल नरायण श्रीवास्तवा मेमोरियल समेत 12 गोल्ड मेडल मिलेंगे।. एआईएच विभाग की सरिता यादव को त्रीलोकीनाथ मेमोरियल, रायबहादु प्रज्ञा दयाल समेत समेत 8 गोल्ड मेडल दिए जाएंगे।. एआईएच विभाग की प्रगती श्रीवास्तव बाबू महावीर प्रसाद मेमोरियल, श्री द्वारका प्रसाद निगम समेत 8 गोल्ड मेडल मिलेंगे।. परीक्षा में सर्वाधिक प्रतिशत व बेस्ट स्टूडेंट के लिए विद्यांत गोल्ड मेडल सहित छह मेडल जया कुमारी को दिया जाएगा।. एमए में सबसे अधिक मार्क्स लाने के लिए विमला आनंद गोल्ड मेडल सहित कुल छह मेडल अनम खान को दिया जाएगा।

### दिसम्बर के पहले सप्ताह से आम छात्रों के लिए खुलेगा लविवि

**कोविड** के दौर में तकरीबन आठ माह से ऑनलाइन पैटर्न पर चल रही शिक्षण व्यवस्था के बीच 17 हजार स्टूडेंट्स के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के ताले दिसम्बर के पहले सप्ताह से खुल जाएंगे। हालांकि औपचारिक तौर पर विवि प्रशासन ने कोई तिथि नहीं जारी की है। पर विवि के खुलने के बाद एक दिन में 50 फीसदी ही स्टूडेंट्स परिसर बुलाये जाएंगे। वही ऑनलाइन पैटर्न पर पढ़ाई जारी रहेगी।



# बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हर जरूरत पूरा करेगी सरकार: खन्ना

● चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने केजीएमयू में किया सेंटर फॉर आर्थोपेडिक सुपर स्पेशलिटीज का शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना ने गुरुवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर आर्थोपेडिक सुपर स्पेशलिटीज का शिलान्यास किया। इस मौके पर मंत्री न्याय, विधायी एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवाएं बृजेश पाठक, राज्य मंत्री चिकित्सा शिक्षा संदीप सिंह भी उपस्थित थे।

अपने सम्बोधन में चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने इसे विवि के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि केजीएमयू को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जो भी आवश्यकताएं होंगी, क्रमश: उन सारी आवश्यकताओं की पूर्ति उत्तर प्रदेश सरकार करेगी। इसके साथ ही उन्होंने मंत्री न्याय, विधायी एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवाएं के अनुरोध पर चिकित्सकों के लिए चिकित्सा विश्वविद्यालय के पास ही नए आवास बनवाने के प्रस्ताव पर भी अपनी सहमति प्रदान करते हुए शीघ्र ही इसपर विचार करने का आश्वासन दिया। खन्ना ने आज संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम में उपस्थित समस्त चिकित्सकगणों से अनुरोध किया कि अपने कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदारी को समझते हुए मरीजों को चिकित्सीय सेवाएं प्रदान करें। कार्यक्रम के दौरान विवि के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी ने इसे चिकित्सा विश्वविद्यालय के इतिहास में एक नये अध्याय की शुरूआत बताते हुए बताया कि केजीएमयू ऐसा चिकित्सा विश्वविद्यालय है जहाँ संकलित रूप से आर्थोपेडिक की 4 सुपर स्पेशलिटीज की सुविधा एक छत के नीचे उपलब्ध होगी।

# अगले साल से चार वर्ष का हो सकता है स्नातक कोर्स

● कुलपति ने नई शिक्षा नीति को लेकर की घोषणा जल्द तैयार होगा ऑर्डिनेंस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति के तहत अगले सत्र से अपने स्नातक कोर्सेज में बदलाव करने की तैयारी शुरू कर दी है। यूनिवर्सिटी ने अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज के साथ डीलिट, पीएचडी सहित नए कोर्सेज के नए ऑर्डिनेंस का तैयार करने के लिए कमेटियों का गठन कर दिया हैं। यूनिवर्सिटी का सबसे ज्यादा फोकस स्नातक कोर्सेज के ऑर्डिनेंस को लेकर है।

विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने बताया कि नई शिक्षा नीति के पेश होने के साथ ही हमने इस लागू करने के लिए अपने यहां पर कमेटियों का गठन किया है। उन्होंने बताया कि हमारा सबसे ज्यादा फोकस स्नातक कोर्सेज के ऑर्डिनेस को लेकर है। इन कोर्सेज के ऑर्डिनेंस को हम तीन वर्ष और चार वर्ष दोनों को ध्यान में रखकर तैयार कर रहे हैं। अभी शासन स्तर से भी चार वर्ष के यूजी कोर्सेज के ऑर्डिनेंस पर काम चल रहा हैं। एक बार शासन के स्तर से गाइडलाइन क्लियर हो जाएं। इसके बाद हम तय करेंगे की कौन से स्नातक में मौजूदा विकल्प ही स्टूडेंट्स को ऑफर किया जाएं या फिर नया या दोनों ही विकल्प एक साथ स्टूडेंट्स को दिए जाएं।

प्रो राय ने बताया कि हम अपना नया ऑर्डिनेंस नई शिक्षा नीति के अनुसार ही तैयार कर रहे हैं। प्रो राय ने बताया कि हमने नई शिक्षा नीति का 60 प्रतिशत सुझाव पहले ही अपने यहां पर लागू कर लिए हैं। अगर चार वर्षीय यूजी कोर्सेज कोर्सेज शुरू होता है इसे लागू करने वाली पहली यूनिवर्सिटी लखनऊ यूनिवर्सिटी होगा। उन्होंने कहा कि 2021-22 के एडमिशन प्रक्रिया इसी नए ऑर्डिनेंस के तहत ही होंगे। इसके लिए हमारी कोशिश है कि अगले कुछ महीनों में हम यूजी कोर्सेज के ऑर्डिनेंस को जल्द से जल्द पूरा कर इसे मंजूरी के लिए शासन को भेज दें।

**नई शिक्षा नीति में यह हैं सुझाव:** नई शिक्षा नीति में स्टूडेंट्स ग्रेजुएशन में चार साल का कोर्स पढ़ेंगे। इसमें भी विकल्प दिया गया है जो स्टूडेंट्स ग्रेजुएशन के बाद नौकरी करना चाहते हैं व हायर एजुकेशन में नहीं जाना चाहते, उनके लिए तीन साल की डिग्री रखी गई है। वहीं रिसर्च में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए चार साल की डिग्री रखी गई है। चार साल की डिग्री करने वाले स्टूडेंट्स एक साल में ही पीजी कर पाएंगे। जैसे अगर कोई स्टूडेंट्स इंजीनियरिंग कोर्स को दो साल में ही छोड़ देता है, तो उसे डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा। पांच साल का ज्वाइंट ग्रेजुएट, मास्टर कोर्स लाया जाएगा। अगर चार साल के डिग्री कोर्स में कोई स्टूडेंट्स पहले साल में ही कॉलेज छोड़ देता है तो उसे सर्टिफिकेट मिलेगा। जबकि दूसरे साल के बाद एडवांस सर्टिफिकेट और तीसरे साल के बाद छोड़ने पर डिग्री मिलेगी। अगर स्टूडेंट्स पूरे चार साल पढ़ेगा तो चार साल बाद की डिग्री उसे रिसर्च के साथ मिलेगी। इसी तरह से पोस्ट ग्रेजुएट में तीन तरह के विकल्प होंगे।

## शादी समारोह में नाबालिग ने लाखों की ज्वैलरी से भरा बैग उड़ाया

**लखनऊ।** कुर्सी रोड स्थित आशीर्वाद पैलेस में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान नाबालिग ने लाखों की कीमत का ज्वैलरी से भरा बैग चोरी कर लिया। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ गुड़म्बा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर गुड़म्बा ने बताया कि नवीन बस्ती, औरैया निवासी राम नरेश दुबे के छोटे बेटे राज दुबे का विवाह समारोह 25 नवम्बर को कुर्सी रोड स्थित आशीर्वाद पैलेस में था। पीड़ित राम नरेश ने बताया कि रात करीब 10.30 बजे से 11.05 बजे का समय था। जयमाल कार्यक्रम की तैयारी चल रही थीं। बड़ी बहू के पास ज्वैलरी से भरा बैग रखा था। इसी दौरान करीब 12 से 13 वर्ष का एक बालक आकर उनके पास बैठ गया। कुछ देर बाद जब छोटी बहू को देने के लिए ज्वैलरी वाला बैग मांगा गया तो बैग वहां नहीं था। वह बालक भी मौके से गायब था। पीड़ित राम नरेश ने बताया कि बैग में सोने का एक हार, चार सोने की चूड़ियां, तीन अंगूठी व एक मांग टीका था, जिनकी कीमत पांच से छह लाख रुपये है। इंस्पेक्टर गुड़म्बा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आशीर्वाद पैलस में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया है।

## जालसाजों ने प्रिंसिपल को लगाई 25 हजार की चपत

**लखनऊ।** शातिर साइबर जालसाजों ने डेबिट कार्ड का क्लोन बनाकर एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल को 25,072 रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित ने विकासनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक नया बेनीगंज विकास नगर निवासी मोहम्मद वसीम खान एक प्राइवेट स्कूल चलाते हैं। पीड़ित मो. वसीम ने बताया कि इलाहाबाद बैंक जानकीपुरम में उनका बचत खाता है। 13 सितम्बर को उनके मोबाइल फोन पर न्यू हैदराबाद महानगर के एटीएम से 25,072 रुपये निकाले जाने का मैसेज आया। मैसेज आने के बाद उन्हें ठगी का पता चला।

## लुटेरा गिरफ्तार, 6 मोबाइल फोन बरामद

**लखनऊ।** मड़ियांव पुलिस ने एक लुटेरों को लूट के छह मोबाइल के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। इंस्पेक्टर विपिन कुमार सिंह ने बताया कि वह गुरुवार को क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर कूड़ा घर फैजुल्लागंज के पास चोरी का फोन बेचने के फिराक में घूम रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपित ने अपना नाम अनिकेत पाण्डेय पुत्र सरजू प्रसाद पाण्डेय निवासी गड़िया, बद्दूपुर, बाराबंकी बताया। तलाशी में आरोपित के पास से 110 रुपये नकद व लूट के 6 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

## अन्तरराष्ट्रीय संगीत समारोह में सीएमएस छात्रा का शानदार प्रदर्शन



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) के कैम्ब्रिज सेक्शन की कक्षा-4 की प्रतिभाशाली छात्रा ने नूरा इनायती ने एसोसिएटेड बोर्ड ऑफ रायल स्कूल ऑफ म्यूजिक लंदन के तत्वावधान में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगीत समारोह में 16 देशों के बाल संगीतज्ञों के बीच वेस्टर्न म्यूजिक में अपनी गायन प्रतिभा का परचम लहराकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गांधी ने इस प्रतिभाशाली छात्र की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में मनाया गया स्थापना दिवस

**लखनऊ।** अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में गुरुवार को फाउंडेशन डे मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर में अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्रबंधक एवं लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो. निशी पांडेय मौजूद रहीं। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में छात्रा समृद्धि ने गणनायकाय गीत की धुन पर गणेश वंदना प्रस्तुति दी। अनघ मिश्रा ने अंग्रेजी गीत प्रस्तुत किया गया। छात्रा रोली सिंह ने शास्त्रीय संगीत की धुन पर एकल नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं हर्षिता, शिवांगी, अदिति व समृद्धि ने सामूहिक नृत्य पेश किया। अनघ मिश्रा और अनुष्का नारायण ने सामूहिक रूप से तेरी मिट्टी गीत सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुतियों के बाद मुख्य अतिथि प्रो. निशी पांडेय ने महाविद्यालय के कर्मचारियों को पुरस्कार वितरित किए।

## दो वाहन चोर गिरफ्तार, आठ बाइक बरामद

**लखनऊ।** अलीगंज पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से आठ चोरी की बाइक व मोबाइल बरामद हुआ। डीसीपी शालिनी ने बताया कि गठित टीम ने दो शातिर वाहन चोरों को दबोचने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए वाहन चारों ने अपना नाम व पता बडी पकडिया थाना हसनगंज निवासी सुहैल बडी होली देवी पुवायां शाहजहांपुर निवासी पवन शर्मा बताया।

## चार दबंग किए गए जिला बदर

**लखनऊ।** पुलिस आयुक्त के निर्देश पर गुरुवार को चार आरोपियों को गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत लखनऊ की सीमा से 6 माह के लिए जिला बदर कर दिया गया है। इनमें तालाब गगन मछली मुहाल थाना कैसरबाग निवासी इरफान, नारायणपुर हरौनी थाना बंथरा निवासी पिंटू उर्फ अखिलेश सिंह, एचपी गैस गोदाम हंस खेड़ा थाना पारा निवासी आनंद पांडे व रामनगर कॉलोनी थाना सरोजनी नगर निवासी अखिलेश कश्यप शामिल है।

## दुर्घटना में महिला की मौत

**लखनऊ।** गोसाईगंज के सांई मंदिर के पास गुरुवार की दोपहर बाजार जाते समय लालशाह का पुरवा गांव निवासी 60 वर्षीय रूपरानी को सड़क पार करते समय एक स्कूटी सवार ने टक्कर मार दी। जिसे इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया जहां डक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा रिफर किया गया लेकिन रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया।

## बीटीसी की पढ़ाई कर रहे छात्र ने लगाई फांसी, मौत

**लखनऊ।** राजधानी के ठाकुरगंज इलाके में एक 24 वर्षीय युवक ने फांसी लगा ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ग्राम व पोस्ट जय राजपुर थाना टडियावा जनपद हरदोई निवासी कमल कांत तिवारी ने बताया कि वह मेडिकल कॉलेज में एमएस ऑफिस में सीओ के पद पर नौकरी करता है। उसके साथ उसका मौसेरा भाई शिवम मिश्रा पुत्र अनिल मिश्रा निवासी ग्राम मवई हथोड़ा थाना कछौना जनपद हरदोई रहता है जो प्लाट नंबर 14 भूहर थाना ठाकुरगंज लखनऊ किराए पर रहकर बीटीसी तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। बीते 25 नवंबर को वह सुबह करीब 9 बजे अपनी ड्यूटी पर चला गया था। शाम को वापस अपने कमरे में आया तो देखा कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था और दरवाजा खटखटाने पर नहीं खुला तो घर के बाहर वाली खिड़की से देखा तो उसके मौसेरा भाई शिवम ने कमरे में लगे छत वाले पंखे में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी।

## शताब्दी वर्ष के सफल आयोजन पर राज्यपाल ने दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के सौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित शताब्दी वर्ष समारोह के सफल आयोजन पर प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय आनंदीबेन पटेल ने विवि को बधाई दी है। उपहार स्वरूप विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय को श्रीमद् भगवद्गीता भेजते हुए आगे भी इसी तरह उच्च कोटि के समारोह आयोजित करते रहने की प्रेरणा दी है। बता दें कि विश्वविद्यालय ने पिछले सात दिनों में लोक गीत, नाटक, विभिन्न नृत्य के कार्यक्रम, कला व विज्ञान महोत्सव समेत दीक्षांत समारोह का भी आयोजन किया। केवल यही नहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा एवं स्वयं प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन भी इसी शताब्दी समारोह में सुनने को मिले हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर

पत्रांक-46/टी0सी0-04/2020-21 दिनांक-26 नवम्बर, 2020

### अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतद्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद सीतापुर सीमान्तर्गत विभिन्न निर्माण इत्यादि कार्य 15वॉ वित्त आयोग/14वॉ वित्त आयोग की निधि से कराये जाने हेतु कार्यालय पत्र संख्या 34/टी0सी0-04/2020-21 दिनांक 06.11.2020 द्वारा कार्यों की निविदाएं आमंत्रित की गई थी, जिनकी तकनीकी बिड खोले जाने की ई-निविदा सम्बन्धी निर्धारित अवधि पूर्ण होने के उपरान्त क्रमांक 03, 04, 05, 07, 08 ई-निविदा प्रक्रिया में किसी भी फर्म द्वारा प्रतिभाग न किये जाने के कारण ई-निविदा कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पाई है, वर्णित स्थिति में पूर्व शर्तो के अधीन पुनः अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जानी है। कार्यो का विवरण वेबसाइट http//etender.up.nic.in / एन0पी0पी0 बेवसाइड www.nagarpalikaparishadsitapur.org.in पर देखा जा सकता है शर्ते/कार्य की विस्तृत जानकारी निकाय के निर्माण अनुभाग में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। कार्यों की धरोहर धनराशि / निविदा शुल्क निकाय के खाता संख्या 01591010000660 आई0एफ0एस0सी0 कोड ORBC0100159 में ऑनलाइन आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से जमा किया जा सकता है अथवा प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र / एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, सीतापुर के नाम बन्धक हो, स्वीकार किया जायेगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार मा0 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सीतापुर में निहित होगा। निविदा विवरण निम्नवत् है -

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा बेवसाइड पर प्रकाशन तिथि/समय | 28.11.2020/सायं 03.00 बजे |
| 2 | ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 28.11.2020/सायं 03.00 बजे से |
| 3 | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 02.12.2020/सायं 3.00 बजे तक |
| 4 | ई-निविदा खोले जाने की तिथि | 02.12.2020/सायं 04.00 बजे |

(गुरू प्रसाद पाण्डेय)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

(राधेश्याम जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, सीतापुर


## कांति सिंह ने मांगा जनता से समर्थन

**लखनऊ।** लखनऊ खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद् सदस्य पद की उम्मीदवार कांति सिंह ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि मैंने पूरी निष्ठा से पिछले कार्यकाल में जनसेवा की है। उसी आशा और विश्वास के साथ पुन: आपके बीच उपस्थित हूँ। मैंने 2014 से लेकर अबतक पूरी पारदर्शिता निष्पक्षता और कर्मठता से सातों जनपदों में विकास के लिए कार्य किया है। अपनी निधि का शत प्रतिशत सदुपयोग करते हुए सातों जिलों में सोलर लाइटें हैण्ड पम्प सड़क निर्माण विद्यालय में भवन व शौचालय निर्माण आदि कार्य पूरी सक्रियता से सम्पन्न कराया है। उन्होंने कहा कि मेरी कार्यकुशलता एवं लोकप्रियता से फायदा उठाने के लिए कुछ मिलत जुलते नाम वाले लोगों ने भी विधान परिषद सदस्य पद के लिए नामांकन किया है। अत: मैं निवेदन करती हूँ कि चुनाव में कान्ति सिंह पत्नी एसपी सिंह के नाम एवं फोटो के सामने वाले खाने में 1 लिखें।

# गोवंश पकड़कर खुद आश्रय केन्द्र पहुंचाएं किसान

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**फसल** बचाने के लिए उत्पाती निराश्रित गोवंश को पकड़कर आश्रय केन्द्र पहुंचाने की जिम्मेदारी किसानों को ही उठानी होगी। ब्लाक और पशुपालन विभाग के अधिकारी इस जोखिम भरे काम को पूरा करने के लिए किसानों को ही जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। हां इतना जरुर है कि आश्रय केन्द्र में निराश्रित गोवंश को रखने में किसी तरह की टालमटोल नहीं की जाएगी। मोहनलालगंज के शिवढ़रा और परेहटा में संचालित निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्र में रखे गए गोवंश की देखरेख पर सरकार की ओर से प्रतिमाह लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। फिर भी दहियर और आसपास के गांव में बाहर घूम रहे गोवंश फसल चट करते फिर रहे हैं। लिहाजा किसानों को गोवंश से फसलों को बचा पाना बेहद चुनौतीपूर्ण है। यहां तक कि तारबाड़ के साथ ही किसानों को मचान बनाकर कड़ाके की सर्दी में रतजगा करना पड़ रहा है। उस पर नीलगायों के झुण्ड किसानों की परेशानी और बढ़ा रहे हैं। गुरुवार को पायनियर में किसानों की समस्या को लेकर प्रमुखता से खबर छपने के बाद बीडीओ अजीत कुमार सिंह ने बाहर घूम रहे निराश्रित गोवंश को पकड़कर नजदीक के आश्रय केन्द्र पहुंचाने के लिए किसानों को ही जिम्मेदार ठहरा दिया। उन्होंने कहा कि सभी सचिवों को किसानों द्वारा गोवंश लाए जाने पर उसे आश्रय केन्द्र में रखने में किसी तरह की टालमटोल नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन गोवंश को आश्रय केन्द्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी किसानों को ही संभालनी होगी।


दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि०
CIN:U31200UP2003SGC027460

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

विद्युत वितरण मण्डल, उरई से सम्बन्धित ऑनलाइन निविदायें दो भागों में आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण शासन की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। **क्र० सं० - 1 ई-निविदा सं० -** 35/ई०डी०सी०(उरई)/कार्य/2020-21 **कार्य का विवरण** - 33/11 के०वी० कोंचनाका पर स्थापित पुरानी जर्जर वी०सी०बी० को नयी वी०सी०बी० (1+2) से परिवर्तित करने का कार्य। **निविदा मूल्य (कर सहित)** - 1180.00 (1000+18%) **धरोहर धनराशि** - 1100.00 **क्र० सं० - 2 ई-निविदा सं०** - 36/ई०डी०सी०(उरई)/पी० /2020-21 **कार्य का विवरण** - विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, उरई के अन्तर्गत नवसृजित उपखण्ड कार्यालय विद्युत वितरण उपखण्ड, कदौरा एवं कुठौन्द के निगमीय कार्यो हेतु फर्नीचर बाह्य ऐजेन्सी के माध्यम से उपलब्ध कराने का कार्य। **निविदा मूल्य (कर सहित)** - 1180.00 (1000+18%) **धरोहर धनराशि** - 5900.00 **क्र० सं० - 3 ई-निविदा सं०** - 37/ई०डी०सी०(उरई)/कार्य/2020-21 **कार्य का विवरण** - विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, उरई के अन्तर्गत राजकीय नलकूपों में 3 फेज, 4 वायर 440 वोल्ट मीटर लगाने का कार्य। **निविदा मूल्य (कर सहित)** - 1180.00 (1000+18%) **धरोहर धनराशि** - 4000.00 **क्र० सं० - 4 ई-निविदा सं०** - 38/ई०डी०सी०(उरई)/कार्य/2020-21 **कार्य का विवरण** - विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, उरई के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड, जालौन /माधौगढ़ क्षेत्र में झटपट एवं निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से जमा योजना के अन्तर्गत एच०टी०/एल०टी० लाइन एवं उपकेन्द्र निर्माण कर संयोजन निर्गत करने का कार्य। **निविदा मूल्य (कर सहित)** - 1180.00 (1000+18%) **धरोहर धनराशि** - 5000.00 **क्र० सं० - 5 ई-निविदा सं०** - 39/ई०डी०सी०(उरई) /कार्य/2020-21 **कार्य का विवरण** - विद्युत वितरण खण्ड- प्रथम, उरई झटपट/निवेश मित्र पोर्टल के अन्तर्गत विद्युत संयोजन निर्गत करने हेतु उपकेन्द्र निर्माण/एच०टी० एवं एल०टी० लाइनों का निर्माण कार्य एवं पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत लाइन शिफ्टिंग से सम्बन्धित एल०टी०/एच०टी० लाइनों का निर्माण आदि का कार्य। **निविदा मूल्य (कर सहित)** - 1180.00 (1000+18%) **धरोहर धनराशि** - 5000.00 निविदा को वेबसाइट पर अपलोड करने की अन्तिम तिथि दिनांक 10.12.2020 को अपरान्ह 15:30 बजे तक एवं निविदा का प्रथम भाग खुलने की तिथि 11.12.2020 अपरान्ह 13:00 बजे। नोटः निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-टेण्डर वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर तथा सम्बन्धित निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जायेगी।

अधी० अभि० वि०वि०मं०, उरई

1824/वि०वि०मं०/उरई दिनांक 26-11-2020

राष्ट्र हित में बिजली बचायें



## कार्यालय नगर पंचायत रूरा जनपद कानपुर देहात

पत्रांक-1336/एन0पी0आर0/विकास कार्य/2020-21 दिनांक-26.11.2020

### अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद् द्वारा समस्त फर्मो / ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत रूरा में 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कायाकल्प एवं राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रूरा के नाम संचालित खाता सं0-643100100008032 पंजाब नेशनल बैंक शाखा रूरा आई0एफ0एस0सी0 कोड PUNB0643100 में RTGS/NEFT के माध्यम से जमा की जायेगी। निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि विशेष परिस्थिति में नगद जमा की जा सकती है। निविदा बिक्री कार्यालय नगर पंचायत रूरा में दिनांक 27.11.2020 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 07.12.2020 को सायं 5.00 बजे तक की जायेगी, एवं प्राप्त निविदायें दिनांक 08.12.2020 को अपरान्ह 3.00 बजे नगर पंचायत कार्यालय रूरा से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाये उसी दिन फर्मो / ठेकेदारों/कम्पनी की उपस्थिति में निविदा कमेटी द्वारा उसी दिन 3.30 बजे खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत करा कानपुर देहात के पद नाम बन्धक करना अनिवार्य होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं पता | आगणन धनराशि जी0एस0टी0 सहित | 2% अर्नेस्टमनी की धनराशि | निविदा प्रपत्र जी0एस0टी0 सहित | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कन्या जू0हा0स्कूल रूरा में शौचालय, यूरिनल एवं टाईल्स, हेण्ड वॉश (12) आदि निर्माण कार्य। | 3,67,000.00 | 7,340.00 | 450.00 | 01 माह |
| 2 | प्रा0वि0रूरा द्वितीय में इण्टरलाकिंग एवं शौचालय में टाईल्स तथा हैण्ड वॉश (12), आदि कार्य। | 1,48,000.00 | 2,960.00 | 225.00 | 01 माह |
| 3 | उच्च प्राथमिक विद्यालय रूरा में इण्टर-लाकिंग एवं शौचालय में टाईल्स तथा हैण्ड वॉश (12), आदि कार्य। | 2,75,000.00 | 5,500.00 | 310.00 | 01 माह |
| 4 | प्रा0वि0रूरा प्रथम में इण्टरलाकिंग एवं शौचालय में टाईल्स तथा हैण्ड वॉश (12), आदि कार्य। | 1,60,000.00 | 3,200.00 | 180.00 | 01 माह |
| राज्य वित्त आयोग | | | | | |
| 1 | वार्ड नं0-02, अम्बेडकर नगर रूरा में राजा बाजपेई के मकान से राठौर के मकान तक इण्टरलकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 4,00,871.00 | 8,017.00 | 450.00 | 01 माह |

नोट-उक्त कार्य से सम्बन्धित नियम व शर्ते किसी भी कार्यालय दिवस एवं समय में देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रूरा
कानपुर देहात


# संविधान दिवस का हुआ आयोजन, दिलाई गई शपथ

## आरडीएसओ: संविधान की प्रस्तावना का हुआ पाठ



**लखनऊ।** आरडीएसओ में गुरुवार को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरडीएसओ के महानिदेशक वीरेंद्र कुमार द्वारा कोविड 19 की नियमावली को ध्यान में रखते हुए मिनी कांफ्रेंस हॉल में संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया इस अवसर पर रमेश पिंजानी अपर महानिदेशक एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। आरडीएसओ केविभिन्न निदेशालयो एवं सभी फील्ड इकाइयों में उनके नियंत्रक अधिकारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया। संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर संविधान एवं उसके मौलिक कर्तव्यों पर एक वेबिनार का भी आयोजन किया गया जिसमें अखिलेश उपाध्याय, लॉ ऑफिसर द्वारा एक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। सोशल मीडिया, ट्विटर, फेसबुक एवं इन्स्टाग्राम के माध्यम से संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक कर्तव्यों का प्रचार भी किया गया।

## केजीएमयू कुलपति ने दिलाई संविधान की शपथ



**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी ने गुरुवार को संविधान दिवस पर चिकित्सा विश्वविद्यालय के अधिष्ठाताओं को संविधान की शपथ दिलाते हुए देश के नागरिकों को प्राप्त उनके मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुलसचिव आशुतोष कुमार द्विवेदी, अधिष्ठाता दंत संकाय, प्रो अनिल चंद्रा, अधिष्ठाता, इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल साइंसेस, प्रो विनोद जैन, अधिष्ठाता, कॉलेज आफनर्सिंग, प्रो अपजीत कौर, अधिष्ठाता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो एसएन शंखवार सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## सैनिक स्कूल: संविधान के तथ्यों से अवगत कराया

**सरोजनीनगर।** संविधान दिवस के मौके पर गुरुवार को सरोजनीनगर के कैप्टन मनोज कुमार पांडेय उप्र सैनिक स्कूल में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें संविधान का अनुपालन करने एवं पूर्ण निष्ठा के साथ संविधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए दूरदर्शन के माध्यम से राष्ट्रपति के साथ शपथ ली गई। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य ले. कर्नल उदय प्रताप सिंह ने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालने के साथ ही संविधान के प्रति पूर्ण मनोयोग से उसकी रक्षा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि संविधान की जो प्रस्तावना है कि हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण, प्रभुत्व, संपन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए कटिबद्ध हैं। उसके प्रति समर्पित रहेंगे। साथ देश के समक्ष नागरिकों को सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक, न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास धर्म एवं उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि समस्त भारतवासियों में व्यक्ति की गरिमा, राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित कराने वाली बंधुता को बढ़ाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। भारत का संविधान हमारा सर्वोच्च धर्म होगा और हम समस्त भारतवासी संविधान की मूल आत्मा के अनुरूप जीवन यापन करते रहेंगे। साथ ही देश के मान सम्मान एवं स्वाभिमान को सदैव ऊंचा रखेंगे। कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रभारी अवी स्काट ने एक प्रेजेंटेशन के द्वारा शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र सैनिकों को भारतीय संविधान के तथ्य से अवगत कराया।

## मोहनलालगंज में मनाया गया संविधान दिवस

**मोहनलालगंज।** बार एसोसिएशन सभागार में गुरुवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान यूपीसीएलडीएफ चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते हुए संविधान की रक्षा के लिए भाजपा जरूरी का नारा दिया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल आस्थाना महामंत्री देवेश सिंह और कोषाध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने भी संविदान दिवस पर अपने उद्बबोधन दिए। इस मौके पर पूर्व महामंत्री ललित मिश्र और पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह ,देवशरण मिश्र और वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश अवस्थी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। वहीं मोहनलालगंज ब्लाक सभागार में भी बीडीओ अजीत कुमार सिंह और एपीओ गौरव त्रिपाठी की अगुवाई में संविधान दिवस का आयोजन किया गया । इस मौके पर जेई आरईडी अरविन्द चौरसिया और टीए राजकिशोर शुक्ल समेत अन्य ब्लाककर्मी उपस्थित रहे।

## जन शिक्षण संस्थान ने संविधान दिवस मनाया

**सरोजनीनगर।** भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्धमशीलता मंत्रालय द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान द्वारा गुरूवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस समारोह में संदर्भ व्यक्तियों ने प्रधानमंत्री के सजीव प्रसारण को देखा एवं भारत को सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता को बढ़ाने के लिए इण्डिया लिटरेसी बोर्ड एवं जन शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह एवम निदेशक इण्डिया लिटरेसी बोर्ड सुश्री मधु जोशी द्वारा शपथ दिलाई गयी। इस मौके पर भारतीय संविधान की गरिमा एवं सुदृढ़ता पर व्याख्ययान सत्र भी आयोजित किया गया। उधर सरोजनीनगर गोसाइगंज, काकोरी एवं मोहनलालगंज विकासखण्डों के विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों मे भी सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम समाप्ति के उपरान्त संदर्भ व्यक्तियों की ओरिएण्टेशन सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें निदेशक सौरभ कुमार खरे ने कोविड-19 से सावधान रहते हुए भारत सरकार की एसओपी के अनुरूप केन्द्रो में पठन-पाठन पर प्रशिक्षण दिया।

# प्रदेश को मिली सड़कों की सौगात

## ● 502.32 किमी लंबी 16 सड़कों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**दो दिवसीय** दौरे पर गुरुवार को गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एनेक्सी भवन से और दिल्ली से जुड़े केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश को 7476.57 करोड़ की सड़क परियोजनाओं की सौगात दी।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 504.32 किलोमीटर लम्बी 16 सड़कों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में गोरखपुर एवं बस्ती मंडल की करीब 1182 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। सीएम शुक्रवार अपराह्न सीएम योगी 2 बजे वाराणसी के लिए रवाना होंगे। लोकार्पण समारोह में सांसद रवि किशन शुक्ल, विधायक विपिन सिंह, विधायक संगीता यादव भी मंच पर मौजूद थीं।

### इन परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण

**कानपुर** जनपद के अंतर्गत लेवल क्रासिंग संख्या 79डी पर रोड ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य 790 मीटर 50.74 करोड़, राष्ट्रीय राजमार्ग 235 का मेरठ से बुलंदशहर तक फोरलेन चौड़ीकरण 61.19 किमी 240.91 करोड़, महोबा एवं बांदा जनपद के अंतर्गत कबरई से बांदा खंड तक राष्ट्रीय राजमार्ग 76 के चौड़ीकरण एवं उन्नयन का कार्य 37 किमी। 215.16 करोड़, गोरखपुर में कालेसर-जंगल कौड़िया फोरलेन बायपास 17.66 किमी 866 करोड़, सिद्धार्थनगर जिले में बढ़नी से कटाया चौक खंड तक राष्ट्रीय राजमार्ग 730 के चौड़ीकरण एवं उन्नयन का कार्य 35 किमी. 209.10 करोड़, प्रतापगढ़ से प्रयागराज बायपास खंड तक राष्ट्रीय राजमार्ग 96 के चौड़ीकरण एवं उन्नयन का कार्य 34.70 किमी. 599.35 करोड़, बहराइच से श्रावस्ती खंड तक राष्ट्रीय राजमार्ग 730 के चौड़ीकरण एवं उन्नयन का कार्य 61.90 किमी. 388.83 करोड़, चित्रकूट व प्रयागराज जनपद अंतर्गत मऊ से जसरा खंड तक राष्ट्रीय राजमार्ग 76 के चौड़ीकरण व उन्नयन का कार्य 53.55 किमी. 599.35 करोड़, शामिल है।

### इनका हुआ शिलान्यास

गोरखपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 227 ए पर सिकरीगंज एवं गोला के बीच में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य 9 किमी. 37.52 करोड़, कुशीनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 के तमकुहीराज और पडरौना के बीच में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य 19 किमी. 69.67 करोड़, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 75ई के मध्य प्रदेश बार्डर से शुरू होकर सोनभद्र होते हुए उत्तर प्रदेश-झारखंड सीमा तक सुदृढ़ीकरण का कार्य एवं इसी मार्ग पर एक अन्य कार्य क्रमश: 65.21 किमी. 57.50 करोड़ एवं 26.81 किमी. 29.63 करोड़, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 91ए के भरथना चौक, इटावा से कुदरकोट मार्ग तक के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य 40 किमी. 262.37 करोड़, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 135 सी ड्रमंडगंज से हलिया मार्ग तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य 18.40 किमी. 39.37 करोड़, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 135सी के रामपुर से भडेवरा मार्ग तक के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य 15 किमी. 76.23 करोड़, कार्य प्रारंभ, प्रयागराज जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 96 पर फाफामऊ में गंगा नदी पर बने सेतु के समानांतर नए छह लेन सेतु का निर्माण कार्य 9.90 किमी.1948.25 करोड़, शामिल है।

## कोरोना के संक्रमण से एक और मौत

**अंबेडकरनगर।** जिले में कोरोना संक्रमण से एक व्यक्ति की मौत हो गई जिससे जिले में कोरोना संक्रमण से मरने वालों की संख्या 38 पर पंहुच गई है। हालांकि गुरूवार को जिले में कोरोना से संक्रमित कोई व्यक्ति नही मिला। इन्द्रलोक कालोनी निवासी जगदम्बा प्रसाद मिश्र इलाज के लिए लखनऊ स्थित सहारा अस्पताल गये थे जहां जांच के दौरान वह कोरोना पाजिटिब पाये गये। कोरोना संक्रमित मिलने के बाद उन्हें डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान बुधवार की देर शाम उनका निधन हो गया। गुरूवार को जिले में किसी भी संक्रमित के न पाये जाने से कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 27 रह गई है। जिनमें से 12 मरीज होम आइसोलेशन में हैं जबकि दो राजकीय मेडिकल कालेज सद्दरपुर में भर्ती हैं। नौ मरीजों को इलाज राजधानी के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है जबकि चार का इलाज निजी अस्पताल में हो रहा है।

# संविधान दिवस पर दिलायी शपथ




पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**पूर्वोत्तर** रेलवे के महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी ने महाप्रबन्धक कार्यालय परिसर, गोरखपुर में ''संविधान दिवस'' पर आयोजित समारोह में सभी कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका ''हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विष्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिये दृढ़संकल्प लेते हैं, का शपथ दिलाय। इसी क्रम में महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी ने रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान में उल्लिखित मौलिक कर्तव्यों की शपथ दिलायी। इस अवसर पर वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक अमिताभ ओझा सहित विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष, रेल अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह का संचालन मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने किया। संविधान दिवस के अवसर पर इसी प्रकार के समारोह तीनों मंडलो-इज्जतनगर, लखनऊ, वाराणसी एवं विभिन्न कारखानों में भी आयोजित किये गये।

# फ्रांस के राजदूत ने गोरखनाथ मंदिर में किया दर्शन-पूजन

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**भारत** में फ्रांस के राजदूत एमैनुएल लेनायं ने गुरुवार सुबह वैदिक मंत्रोच्चार व शंखध्वनि के बीच गोरखनाथ मंदिर में बाबा गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया। डेढ़ घण्टे मंदिर परिसर में रहने के दौरान उन्होंने भ्रमण कर नाथ संप्रदाय के इस विश्व प्रतिष्ठित पीठ की विशेषताओं की जानकारी ली। मंदिर की गौशाला में जाकर गाय को अपने हाथों से गुड़ खिलाया। गोरक्षपीठ पहुंच कर अभिभूत नज़र आ रहे फ्रांस के राजदूत को मंदिर प्रबंधन ने गीता प्रेस और नाथ संप्रदायक की गोरखनाथ मंदिर की धार्मिक सांस्कृतिक पुस्तकों की भेंट देकर विदा किया।

फ्रांस के राजदूत एमैनुएल लेनायं लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद बुधवार रात 8.15 बजे गोरखपुर पहुंचे। जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पांडियन ने उनका स्वागत किया। मोहद्दीपुर स्थित एक होटल रात्रि विश्राम के बाद गुरुवार सुबह 7:25 बजे वह गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार व शंखध्वनि के बीच बाबा गोरखनाथ का



विधि विधान से दर्शन व पूजन किया। मंदिर की अलौकिक छटा देख वह अभिभूत दिख रहे थे। उन्होंने मंदिर परिसर स्थित सभी देवालयों, अखंड धूनी, ब्रह्मलीन महंतजन की समाधि स्थली पर भी शीश नवाया। मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान वह महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप राव से इस विश्व प्रसिद्ध पीठ की खासियत से अवगत होते रहे। उन्होंने भीम सरोवर समेत तमाम स्थलों पर खुद फ़ोटो भी खींची। फ्रांस के राजदूत के गोरखनाथ मंदिर आगमन पर जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पांडियन, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, सचिव द्वारिका तिवारी, गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सालय के निदेशक ब्रिगेडियर केपीबी सिंह, मंदिर के मीडिया प्रभारी विनय गौतम आदि मौजूद रहें।

# आंवले के पेड़ के नीचे पारण कर मुख्यमंत्री ने तोड़ा व्रत



**गोरखपुर।** दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर पहुंच कर आंवले के पेड़ के नीचे पारण कर एकादशी का व्रत तोड़ा। कार्तिक शुक्ल एकादशी का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व्रत रहते हैं। अगले दिन आंवले के पेड़ के नीचे पारण करते हैं। भारतीय सनातन संस्कृति का अनुपालन करते हुए उन्होंने सांसद रवि किशन शुक्ल, विधायक विपिन सिंह समेत मंदिर परिवार के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं के साथ मठ के कार्यालय के सामने बने बगीचे में आंवले के पेड़ के नीचे पारण किया। मान्यता है कि इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे बैठने और भोजन करने से रोगों का नाश होता है।

## पूर्व कुलपति से सीएम ने पूछा कुशल क्षेम

**गोरखपुर।** दो दिवसीय दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को 2.20 बजे एमपी पॉलिटेक्निक के ग्राउंड पर उतरे। उसके बाद सड़क मार्ग से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 2.30 बजे के करीब गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) वीके सिंह के आवास पर पहुंचे। चिरकुटहा मंदिर स्थित प्रोफेसर सिंह के आवास पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने हार्निया का आपरेशन कराएं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर (डॉ.)यूपी सिंह से मुलाकात की। उन्होंने परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की। सीएम का आवास पर पहुंचने पर प्रोफेसर वीके सिंह ने उनका स्वागत किया। सीएम ने प्रोफेसर यूपी सिंह से कहा कि जल्द स्वस्थ्य हो जाइए। अभी काफी काम करना है। सीएम प्रोफेसर यूपी सिंह एवं परिवार के सदस्यों से मुलाकात करने के बाद गोरखनाथ मंदिर लौट आए हैं।

## संविधान दिवस पर डीएम ने दिलाई शपथ



शपथ दिलाते जिलाधिकारी पायनियर

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**शासन** के निर्देशानुसार संविधान दिवस पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा अधिकारियोंध् कर्मचारियों को संविधान दिवस की शपथ दिलायी गयी। उन्होंने कहा कि ''हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य, बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को:सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और ख्राष्ट्र की एकता और अखंडता, सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर 1949 ई0 को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं''उक्त संविधान की प्रस्तावना की शपथ जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियोंध् कर्मचारियों को दिलायी गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा तथा कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री का आलापुर में हुआ स्वागत

**अंबेडकरनगर।** प्रदेश सरकार की उपलब्धियां जनता के लिए उपयोगी साबित हो रही हैं। सरकार सभी वर्ग के लोगो के साथ मिलकर काम कर रही है। सीएम योगी के कुशल नेतृत्व में सूबे की सरकार उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उक्त बातें प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री रघुराज सिंह ने आलापुर में प्रेस प्रतिनिधियों से बातचीत के दौरान कहीं। श्रम मंत्री बुधवार को आलापुर तहसील क्षेत्र के इटौरा ढोलीपुर गांव में दिवाकर लोहार के यहां आयोजित भागवत कथा के समापन एवं मंदिर शिलान्यास कार्यक्रम के उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे। श्रम मंत्री ने कहा कि मौजूदा सरकार प्रदेश में धर्म के विकास पर भी विशेष ध्यान दे रही है। सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में सभी धार्मिक स्थलों का विकास हो रहा है। उन्होंने



श्रम मंत्री का स्वागत करते राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष व अन्य पायनियर

कहा कि आज सरकार के खिलाफ विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं है। इसीलिए आए दिन विपक्ष सरकार को बदनाम करने के लिए तमाम कुचक्र रहता रहता है। लेकिन हर बार जनता के सामने विपक्षी दल बेनकाब हो जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान आयोजक दिवाकर लोहार ने मंत्री श्री सिंह एवं अन्य अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर उन्हें सम्मानित भी किया। इससे पूर्व इटौरा गांव जाते समय श्रम एवं सेवायोजन मंत्री श्री सिंह का नरियांव बावली चौक पर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के मंडल संयोजक अरविंद सिंह फौजी एवं जिला अध्यक्ष सूरज प्रताप सिंह की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत एवं खैर मकदम किया। इस मौके पर हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह, शिवम सिंह, अंकुर सिंह, आजाद सिंह ,पंकज सिंह, विशाल सिंह, रमेश सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# दुनिया का सबसे बड़ा लिखित भारतीय संविधानः प्रो. रविशंकर सिंह

## ● समन्वय व जीवंत लोकतंत्र की कुंजीः कुलपति

संवाददाता। अयोध्या

**डॉ. राममनोहर** लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में आज 26 नवम्बरए 2020 को राष्ट्रीय संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने कहा कि आज का दिन भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है। वृहद आत्म मंथन के उपरांत निर्मित भारतीय संविधान दुनियां का सबसे बड़ा संविधान है। दुनियां के कई लोकतांत्रिक देशों के संवैधानिक व्यवस्थाओं का अध्ययन करने के उपरांत भारतीय संविधान निर्माताओं ने इसे तैयार किया। भारतीय संविधान में प्रत्येक नागरिक को समान अवसर मिलेए धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकारए मौलिक अधिकारों का समावेश भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण विशेषता है।



कुलपति ने कहा कि दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र की संवैधानिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जाना सभी भारतवासी के लिए गर्व का विषय है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में अपनायी गई नीतियां लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूल आधार है। कार्यक्रम का संबोधित करते हुए विधि संकायाध्यक्ष डॉ0 अशोक कुमार राय ने कहा कि भारतीय संविधान में विधायिकाए न्याय पालिकाए कार्यपालिकाए व्यवस्थापिका का स्पष्ट रूप से वर्णन है। संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण के लिए न्याय पालिका सक्रिय रहती है। संविधान का सही क्रियान्वयन विधायिका एवं कार्यपालिका करती है। डॉ0 राय ने बताया कि संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण के लिए शिक्षण संस्थाओं में संविधान की उद्देशिका को पठन.पाठन में लागू किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा गुजरात के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एवं देश के राष्ट्पति द्वारा राष्ट्र को उद्बोधित किया और सभी के संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में ही डॉ0 अशोक कुमार राय द्वारा विधि पर लिखित पुस्तक का विमोचन कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अधिष्ठाता छात्र-कल्याण प्रो0 नीलम पाठक ने किया। इस अवसर कुलसचिव उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो0 अजय प्रताप सिंह, प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 राजीव गौण, प्रो0 गंगा राम मिश्र, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा, प्रो0 फारूख जमाल, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव, डॉ0 नरेश चौधरी, डॉ0 सघर्ष सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

### बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाया संविधान दिवस

**अयोध्या।** कांग्रेसजनों ने प्रत्येक वर्ष की भांति संविधान दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ पार्टी कार्यालय कमला नेहरू भवन में मनाया सर्वप्रथम संविधान के रचयिता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उपस्थित कांग्रेसजनों ने उन्हें सादर नमन कर देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी नमन किया और अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव व संचालन अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष राम सागर रावत ने किया। गोष्ठी में वक्ताओं में कहा भारत में 26 नवम्बर को हर साल संविधान दिवस मनाया जाता है क्योंकि वर्ष 1949 में 26 नवम्बर को संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को स्वीकृत किया गया था जो 26 जनवरी 1950 को प्रभाव में आया। वक्ताओं ने बोधिसत्व डॉ.भीमराव अम्बेडकर को भारत के संविधान का जनक बताया। कांग्रेस नेताओं ने कहा अपने प्राणों की आहुति देकर भारत के वीर सपूतों ने देश को आजाद करवाया तभी हमारा यह संविधान बना इस संविधान दिवस के अवसर पर हम गर्व से अपने वीर अमर सपूतों को याद का सादर नमन करते हैं इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने संविधान बचाने की शपथ ली एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बहुआ, फतेहपुर

पत्रांक : 1197/रा0वि0/2020–21 दिनांक 21.11.2020

### अल्पकालीन निविदा सूचना / 2020–21

विकास खण्ड बहुआ फतेहपुर के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 में चतुर्थ राज्यवित्त योजना में स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्य में प्रयोगार्थ निर्माण सामग्री स्थानीय आयकर में पंजीकृत टिन नं0 धारक निर्माण आपूर्ति कर्ता, फर्मो ईट विक्रेताओ/सप्लायर्स से (सीमेन्ट, महीन बालू, मोटी बालू, ब्रिक बैलास्ट, 20एम0एम0 स्टोन ग्रिट, एसओ0बी0. ईट प्रथमश्रेणी, एम0एस0 बार, साइनबोर्ड एवं सिपिटंग लोकल मैटेरियल व अन्य) सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 21.11. 2020 से 06.12.2020 को अपरान्ह 2 बजे तक सीलबन्द निविदा/टेण्डर आमंत्रित किये जायेगें जो उसी दिन अपरान्ह 3 बजे तक विकास खण्ड बहुआ में गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र दिनांक 21.11. 2020 से 06.12.2020 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रात 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से मु0 300/– रू0 मात्र नकद जमाकर प्राप्त किये जा सकते है।

**प्रस्तावित कार्य का विवरण निम्नवत् है :–**

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम स्थल विवरण | प्राक्कलन में सामग्री लागत लाख रु0 में | एफ0 डी0आर0 | निविदा मूल्य + 18%GST |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | चतुर्थ राज्यवित्त | जमोह से अहिरनखेडा लमेहटा तक खरंजा निर्माण | 7.68 | 15360.00 | 300.00 |
| 2 | चतुर्थ राज्यवित्त | मेवली से लोधनपुरवा तक खरंजा निर्माण | 5.08 | 10160.00 | 300.00 |
| 3 | चतुर्थ राज्यवित्त | फुलुरूवा नहर पुल सरहद से शाखा सरहद तक खरंजा निर्माण | 6.62 | 13240.00 | 300.00 |
| 4 | चतुर्थ राज्यवित्त | बावन से कुडवारी तक खरंजा निर्माण | 7.68 | 15360.00 | 300.00 |
| 5 | चतुर्थ राज्यवित्त | गंगईपार से बड़ागांव तक मिटटी पुराई खरंजा निर्माण | 7.57 | 15140.00 | 300.00 |
| 6 | चतुर्थ राज्यवित्त | गाजीपुर मेन रोड से मोहम्मदपुर तक मिटटी पुराई खरंजा निर्माण | 7.38 | 14760.00 | 300.00 |
| 7 | चतुर्थ राज्यवित्त | सामियाना से नन्दलालपुर तक मिटटी पुराई खरंजा निर्माण | 7.68 | 15360.00 | 300.00 |
| 8 | चतुर्थ राज्यवित्त | पहाडपुर जुल्फी की बाग के आगे से डुण्डरा तक मिटटी पुराई खरन्जा निर्माण | 2.11 | 4220.00 | 300.00 |
| 9 | चतुर्थ राज्यवित्त | मोहनपुर का अवशेष भाग से भगवानपुर तक मिटटी पुराई खरन्जा निर्माण | 3.86 | 7720.00 | 300.00 |
| 10 | चतुर्थ राज्यवित्त | अयाह के मजरे सुल्तानपुर में वारिस के दरवाजे से रसूलपुर चकमार्ग की ओर इण्टरलाकिंग निर्माण | 8.07 | 16140.00 | 300.00 |
| 11 | चतुर्थ राज्यवित्त | बनकटा में जौहाद के सामने से ग्राम सभा पखरौली मार्ग तक इण्टरलाकिंग निर्माण | 8.52 | 16640.00 | 300.00 |
| 12 | चतुर्थ राज्यवित्त | बनकटा खेरवा से पखरौली तक खरंजा निर्माण | 7.52 | 15040.00 | 300.00 |
| 13 | चतुर्थ राज्यवित्त | विकास खण्ड के गांधी चबुतरा का सुन्दरीकरण | 4.28 | 8560.00 | 300.00 |
| 14 | चतुर्थ राज्यवित्त | स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के स्मारक का सुन्दरीकरण | 2.47 | 5000.00 | 300.00 |
| 15 | चतुर्थ राज्यवित्त | विकास खण्ड गेट का सुन्दरीकरण एवं गेट से लेकर कार्यालय तक इण्टरलाकिंग/आर0सी0सी0 निर्माण | 6.00 | 12000.00 | 300.00 |
| 16 | चतुर्थ राज्यवित्त | स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना हाल का सुन्दरीकरण एवं वि0ख0 के भवनों का मरम्मत एवं सुन्दरीकरण | 4.60 | 9200.00 | 300.00 |
| 17 | चतुर्थ राज्यवित्त | ग्राम दूलापुर रामबहादुर पटेल के हैण्डपम्प से अर्जुन सिंह के मकान तक सी०सी रोड का निर्माण | 3.25 | 6500.00 | 300.00 |
| 18 | चतुर्थ राज्यवित्त | ग्राम डुण्डरा ब्लाक बहुआ जीवन लाल सैनी के मकान से आजाद से आजाद खां के मकान तक खरंजा का निर्माण | 3.39 | 6780.00 | 300.00 |
| 19 | चतुर्थ राज्यवित्त | ग्राम पोतनाही डोली मजरे सेमरई ब्लाक बहुआ भगवानदीन निषाद के दरवाजे से रामपाल निषाद के दरवाजे तक सी0सी0 रोड का निर्माण | 2.86 | 5720.00 | 300.00 |
| 20 | चतुर्थ राज्यवित्त | ग्राम सांखा ब्लाक बहुआ से कठवारा की ओर खरंजे का निर्माण | 7.68 | 15360.00 | 300.00 |

**नियम एवं शर्ते**

1. निर्धारित मात्रा में मानकीय श्रेष्ठ गुणवत्ता वाली सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर स्वीकार की जायेगी।
2. टेण्डरदाता कार्यस्थल का पूर्व में ही भली–भॉति परीक्षण कर ले बाद में काई तथ्य मान्य नहीं होगा।
3. न्यूनतम दरो वाली फर्म के ही टेण्डर/निविदा स्वीकार की जायेगी, लेकिन गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होगा।
4. सामग्री आपूर्ति में उल्लिखित दरो से अतिरिक्त कोई व्यय भार देय न होगा।
5. स्वीकृत निविदादाता को निविदा के साथ 100/– के स्टाम्प पेपर पर 1 रू0 रसीदी टिकट से हस्ताक्षर युक्त अनुवन्ध प्रस्तुत करना होगा।
6. धरोहर धनराशि अनुमानित लागत का दो प्रतिशत एफ0डी0आर/टी0डी0आर/एन0एस0सी0/पोस्ट आफिस के द्वारा किये जा सकते है जो खण्ड विकास अधिकारी बहुआ के नाम अनुबन्धित होगी। टेण्डर स्वीकृति के पश्चात 8 प्रतिशत धनराशि जमानत चेक/डी0डी0 द्वारा कार्यालय में जमा करनी होगी।
7. आपूर्ति आदेश के अधिकतम 15 दिन के अन्दर सामग्री आपूर्ति निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
8. अधोहस्ताक्षरी को बिना किसी कारण बताये भी टेण्डर को निरस्त किया जा सकता है।
9. शासकीय नियमानुसार सभी करो आयकर एवं 2 प्रतिशत जी0एस0टी0 एवं 2.3 प्रतिशत आयकर आदि की कटौती बिलो से की जायेगी।
10. सामग्री की गुणवत्ता आपूर्ति के समय निर्देशो के विचलन पर अधोहस्ताक्षरी को तत्काल निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
बहुआ–फतेहपुर

# कांग्रेस में एक युग का अंत

## पटेल व गोगोई का निधन

**अहमद** पटेल व तरुण गोगोई के निधन से कांग्रेस में पुरानी व्यवस्था और कमजोर हुई है तथा पुनर्जीवन और कठिन हो गया है। शायद कांग्रेस अपने अंतिम वर्षों में है, लेकिन शायद वह अपने वारिसों में ऐसी भावना पैदा कर सके कि वे पार्टी को बचा लें। चुनावी रूप से वह उभरने का प्रयास कर रही है, पर संगठनात्मक रूप से अत्यधिक विभाजित है। अहमद पटेल व तरुण गोगोई वरिष्ठ संगठन बनाने वाले नेता थे जिन्होंने विरोध का लाभ उठा कर पार्टी को मजबूत और एकजुट किया। पटेल का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है क्योंकि कांग्रेस ने अपना चाणक्य खो दिया है। वे पार्टी के रणनीतिकार थे और उन्होंने उसी प्रकार पार्टी चलाई जिस प्रकार स्व. प्रणव मुखर्जी ने इंदिरा से सोनिया तक अनेक नेताओं के नेतृत्व में सरकारें चलाई थीं। हालांकि, अहमद पटेल ने कभी अपनी आकांक्षा नहीं दिखाई और वे पार्टी को एक के बाद दूसरे संकटों से उबारते रहे तथा संख्याबल कम होने पर सहयोगियों के साथ सरकारें बनवाते रहे, पार्टी के लिए फंड एकत्र करते रहे और पार्टी को किसी भी नेता से बड़ा बनाया। परोक्ष रूप से वे ऐसी पार्टी बन गए जिसका प्रतिनिधित्व गांधी परिवार के लोग करते थे। पार्टी के भीतर और बाहर उनके अनेक नेताओं से अच्छे संबंध थे। वे कार्यकर्ताओं की पहुंच में थे तथा जमीन पर नजर बनाए रखते हुए वे उनकी शिकायतों का समाधान करते थे। इस प्रकार पटेल वरिष्ठ नेताओं और युवा नेताओं के बीच पुल का काम करते थे। गठबंधन युग में वे पार्टी तथा गठबंधन सहयोगियों के बीच सेतु तथा विपक्ष से संपर्क बनाए रखने का काम करते थे। इसके साथ ही कार्पोरेट जगत से उनके संबंध थे और इसी कारण राहुल गांधी ने उनको कोषाध्यक्ष बनाया था तथा उनको अपने माता-पिता के समान स्थान दिया था। 1977 में भरूच सीट से चुनाव जीत कर वे इंदिरा गांधी के निकट आए थे तथा राजीव गांधी ने उनको पार्टी का महासचिव बनाया था। इसके बाद वे परिवार का हिस्सा बन गए। हालांकि, नरसिम्हा राव के आलोचक होने के बावजूद उन्होंने कभी उनको परेशान नहीं किया। 2004 में सोनिया गांधी के राजनीतिक उभार व लोकसभा चुनाव में विजय के बाद वे उनके रणनीतिकार और सलाहकार बन गए। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के 'इंडिया शाइनिंग' अभियान का मुकाबला किया तथा मोदी लहर में भी गुजरात विधानसभा में कांग्रेस की अच्छी उपस्थिति बनाए रखी। सबसे अच्छी बात यह है कि पटेल ने कभी अपने लिए मुस्लिम कार्ड नहीं खेला। तरुण गोगोई ने भी अपने व्यक्तिगत आकर्षण तथा सहमति बनाने की क्षमता से असम में चरमपंथ समाप्ति के बाद कांग्रेस के लिए मजबूत स्थान बनाया तथा मुख्यमंत्री के रूप में अपने लंबे कार्यकाल में विकास व शांति सुनिश्चित कर प्रदेश को हाशिए से बाहर निकाला। दोनों नेताओं ने पार्टी को मुख्यधारा में बनाए रखने में उल्लेखनीय योगदान दिया। कांग्रेस की समस्या यह है कि अब कोई उसे दिशा देने वाला नहीं है। वरिष्ठ नेता नेतृत्व को यह समझाने में विफल रहे कि पार्टी को नामांकन की संस्कृति से मुक्ति पा कर संगठन में लोकतंत्र लाना चाहिए। सोनिया के पास नए विचारों का अभाव है और अब पटेल का भी निधन हो गया है जो ऐसे किसी व्यक्ति को बाहर रखने में सक्षम थे जो गांधी परिवार को चुनौती दे सकता था। कांग्रेस में सीडब्लूसी के चुनाव 1998 में हुए थे और अब इनके माध्यम से ही जमीनी कार्यकर्ताओं व नेताओं को जोड़े रखा जा सकता है। छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल व पंजाब के अमरिंदर सिंह जैसे नेताओं ने सिद्ध कर दिया है कि वे मजबूत संगठनकर्ता हैं तथा राष्ट्रीय मुद्दों पर भी पार्टी के साथ खड़े हो सकते हैं। यदि कांग्रेस वर्तमान मुश्किलों से उबरना चाहती हो तो उसके पास अपना रास्ता ठीक करने तथा उठ खड़े होने का यह अंतिम अवसर है। इसके लिए उसे अहंकार त्याग कर ईमानदार सलाह सुननी होगी तथा व्यापक राजनीतिक विरासत के पक्ष में निहित स्वार्थ छोड़ने होंगे। यदि राहुल गांधी आगे बढ़ना चाहते हों तो उनको चुनाव के माध्यम से कार्यकर्ताओं का सम्मान और विश्वास प्राप्त करना होगा।



# पश्चिम बंगाल का पुनर्जीवन

पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था को तेजी से प्रगति के रास्ते पर ले जाने के लिए बहुत अधिक निवेश की आवश्यकता नहीं है। यह काम केवल सरकार की इच्छाशक्ति व प्रबंधन से संभव है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



यदि मैं अब भी पश्चिम बंगाल का निवासी होता तो आगामी विधानसभा चुनावों में मेरी पहली पसंद अपने राज्य की पहचान बनाए रखना होता। इसे कभी बांग्लादेश या उसके सरोकारों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। हमें याद करने की आवश्यकता है कि 1947 में विभाजन से पहले सर अब्दुल रहीम तथा लोकप्रिय किसान नेता फजलुर रहमान कोलकाता में नेताजी के भाई शरत बोस को यह समझाने आए थे कि हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बजाय एकीकृत बंगाल एक तीसरा विकल्प हो सकता है। उस समय कम्युनिस्ट पार्टी ने अविभाजित बंगाल के विचार का समर्थन किया था। कायदे आजम जिन्ना ने भी इसका समर्थन किया था क्योंकि मुस्लिम प्रभुत्व वाला बंगाल चाहे-अनचाहे भारत के बजाय पाकिस्तान का पक्ष लेता।

गीत, संगीत, भाषा व साहित्य के मामले में सभी बंगाली अपने आप पर गर्व करते हैं। लेकिन स्मृतियों का मामला सामने आने पर अधिकांश बांग्लादेशी जमींदारों व उनके समर्थकों के हाथों अपने सामाजिक उत्पीड़न की याद करते हैं। बहुत से लोगों को याद है कि उनको विवाह समारोहों में भोजन के लिए बुलाए जाने पर भी अलग बैठने को कहा जाता था तथा उम्मीद की जाती थी कि भोजन के बाद वे अपने पत्तल व बर्तन उठाएंगे। ऊंचनीच की यह भावना इतनी गहरी थी कि एकीकृत बंगाल भी अंततः भीतर से विभाजित हो जाता। कुछ साल पहले ढाका के कुछ परिचितों से बात करते हुए मुझे यह आश्चर्य हुआ कि विभाजन के समय पूर्वी बंगाल को कोलकाता न दिए जाने से वे नाराज थे, हालांकि यह शहर जेस्सोर से थोड़ी ही दूर है। उनका विश्वास था कि अंग्रेजों ने अंतिम क्षण यह परिवर्तन किया था और पाकिस्तान को लाहौर देने के बावजूद उनके साथ यह घोर अन्याय हुआ था। कोलकाता पर कब्जे की मांग इसलिए थी कि यह आर्थिक गतिविधियों का केन्द्र व बंदरगाह था। यह कच्चे जूट की सप्लाई करता था ओर कोलकाता के व्यापारी राजकुमार जूट मिलों व अनेक अन्य बिजनेसों का लाभ उठाते थे। मुहम्मद अली जिन्ना कोलकाता पर कब्जे के लिए बेचैन थे और उनके दिमाग में अपने सक्षम वार्ताकार होने का अहंकार था। लेकिन वे इस मामले में शायद इसलिए पराजित हुए क्योंकि उनके फेफड़े बेकार हो रहे थे और उनका दिल पाकिस्तान बनाने में लगा था। उनके लिए पूर्वी बंगाल तथा उसके हितों की ज्यादा प्राथमिकता नहीं थी। संयोग से फरवरी, 1948 के पहले कायदे आजम कभी पूर्वी बंगाल नहीं गए थे। उसे सिल्हट जिले के रूप में एकमात्र उद्योग मिला था जहां चाय के बागान थे। बांग्लादेश के पास चावल व मछली जैसे जीवित रहने के संसाधनों को छोड़ कर बहुत कम आर्थिक संसाधन थे। इसी कारण उसने विदेशों से कच्चा माल आयात कर उसे उच्च प्रौद्योगिकी के माध्यम से निर्यात के लिए नए उत्पादों में बदलने का जापानी माडल अपनाया। लेकिन किसी के लिए जापानियों की तरह तकनीकी-उद्यमिता महारत प्राप्त करना आसान नहीं है। अब सोनार बांग्ला का सपना टूट रहा है क्योंकि 6 पश्चिमी जिलों में पहले की तरह बरसात नहीं होती है और उसे भारत से नदी जल की आवश्यकता है। उसका दुर्भाग्य है कि अधिकांश जमीन नीची है और समुद्र का स्तर बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि दो दशक में बांग्लादेश का 17 प्रतिशत भू क्षेत्र पानी में डूब जाएगा। इन सभी कारणों से दुनिया के दूसरे हिस्सों में जाने वाले आप्रवासियों में बांग्लादेशियों की संख्या सबसे ज्यादा है। लेकिन पश्चिम बंगाल को इस घुसपैठ का सामना करना पड़ा है।

कुछ साल पहले मेरा दिल आनन्द से भर गया था जब ममता बनर्जी ने अपनी सारी गुस्सा दिखाते हुए लोकसभा अध्यक्ष की मेज पर कागज फेंके थे। उस समय वे घुसपैठ-रहित पश्चिम बंगाल की मांग कर रही थीं। राज्य के पास थोड़ी भूमि और बड़ी संख्या में जनता थी जिससे उसके संसाधनों पर अनेक वर्षों से भारी दबाव था। ऐसे में शरणार्थी बोझ और बढ़ा रहे थे। इसके अलावा अतीत के वर्षों में ट्रेड यूनियनों व खराब प्रबंधन के कारण पहले से मौजूद राज्य का गौरव समझे जाने वाले अनेक छोटे, मझोले व बड़े उद्योग औद्योगिक कब्रिस्तानों में बदल गए थे।

बंगाली निश्चित रूप से बहुत बुद्धिमान लोग हैं, लेकिन कभी-कभी वे निरक्षर लोगों की तरह व्यवहार करते हैं। यदि उनकी प्रतिभा का समुचित उपयोग होता तो राज्य की अर्थव्यवस्था बेहतर हो सकती थी। राज्य का पुनर्जीवन बहु-प्रतीक्षित है और इसके लिए जल्द ही नया आर्थिक एजेंडा बनाया जाना चाहिए। नया उद्योग लगाना एक ब्रांड स्थापित करने की तरह है जिसके लिए वैश्वीकरण के युग में भारी प्रतियोगिता का सामना करना पड़ता है। दूसरी ओर शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जिसका लाभ बंगाल को स्वाभाविक रूप से मिलता है तथा इस कारण सम्मान भी प्राप्त होता है। पहला जोर मुख्यतः स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों पर दिया जाना चाहिए। यहां एक बड़ी ज्ञान अर्थव्यवस्था का निर्माण हो सकता है क्योंकि इसके दायरे में उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल, असम व पूर्वोत्तर तथा बांग्लादेश आ सकता है। इनमें से कोई भी क्षेत्र नौजवानों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सक्षम नहीं है।

मैं चिकित्सा अध्ययन से बात शुरू करूंगा। सक्षम प्रबंधन व योग्य डाक्टरों के साथ राज्य में अनेक अस्पतालों की दयनीय व्यवस्था पेशेवर प्रबंधकों द्वारा सुधारी जानी चाहिए जिसमें चिकित्सक अपना योगदान करेंगे। डाक्टरों को उनका विशेषज्ञतापूर्ण काम करने दें। प्रबंधन तथा चिकित्सा व शल्यक्रिया में घालमेल नहीं होना चाहिए। इसके बाद मेडिकल कालेजों तथा अस्पतालों की अधिकाधिक स्थापना होनी चाहिए। मेडिकल कालेजों की स्थापना में काफी निवेश करना होगा। सरकार द्वारा कर्ज की गारंटी लेने पर विश्व बैंक इसके लिए पैसा दे सकता है। यथासंभव अस्पताल के विस्तार का विकल्प होना चाहिए ताकि एक और कालेज उसमें जोड़ा जा सके। भारत में इसके लिए सर्वोत्तम तकनीक उपलब्ध है।

वर्तमान समय में सामान्य छात्रों के बजाय उत्कृष्ट छात्रों की आवश्यकता है जिनको हास्टल सुविधायें मिलें। नई शिक्षा नीति निजी क्षेत्र में ऐसे स्कूलों की स्थापना में सहयोग कर सकती है जिनमें बेहतर सुविधायें हों। इनके लिए राज्य भूमि का आबंटन कर सकता है अथवा इसे सार्वजनिक-निजी साझेदारी के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। कालेजों और विश्वविद्यालयों के लिए भी ऐसी ही नीति बनाई जानी चाहिए। इससे बंगाल बौद्धिक क्षेत्र के रूप में गौरवान्वित होगा।

सरकार को पश्चिम बंगाल के उप-हिमालयी क्षेत्र पर ध्यान देना होगा। सिलीगुड़ी के निकट स्थित बागडोगरा में एक शानदार अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा बनाने के लिए काफी स्थान है। यहां से दार्जिलिंग, कलिमपोंग या सिक्किम में गैंगटोक पहुंचा सकता है। दुनिया के सबसे दर्शनीय पहाड़ इन हिल स्टेशनों के निकट हैं। दार्जिलिंग 6,000 फीट की ऊंचाई पर है और इससे 6,000 फीट ऊपर मोटर से संदकफू पहुंचा जा सकता है। यहां से साफ दिन एवरेस्ट दिखाई पड़ता है। विश्व स्तरीय होटल समूह और एयरलाइनों को यहां समुचित सहायता, बेहतर कानून व्यवस्थ तथा बाधायें समाप्त करने के माध्यम से आकर्षित किया जा सकता है। हिमालयी बंगाल अपने आप में प्रकृति का एक ब्रांड बन सकता है। इसके लिए अप्रतिम सौंदर्य वाला उत्तरी बंगाल सर्वाधिक उपयुक्त है। इस प्रकार बिना बहुत अधिक निवेशों के भी पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था का तेजी से पुनर्जीवन शुरू हो सकता है, लेकिन इसके लिए सरकार की इच्छाशक्ति तथा उत्कृष्ट प्रबंधन जरूरी है।

# छोटे उद्योगों की वित्त व्यवस्था

“छोटे व मझोले उद्योगों-एसएमई का वित्तीय व्यवहार व प्रणाली समझना महत्वपूर्ण है जो बड़ी फर्मों से पूरी तरह अलग है।”

**हिमा बिंदू कोटा**
(लेखिका एमिटी विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)



हालांकि, पूंजी किसी बिजनेस के लिए महत्वपूर्ण संसाधन है, पर यह छोटे एवं मझोले उद्यमों-एसएमई के लिए ज्यादा जरूरी है। इसलिए सामान्य रूप से सभी उद्यमों व खासकर एसएमई के लिए नकद प्रवाह व कार्यकारी पूंजी का प्रबंधन सर्वाधिक महत्वपूर्ण चुनौती है। कार्यकारी पूंजी की प्रकृति अल्पकालीन होती है और यह फर्म के रोजमर्रा काम वाला पैसा है। बिजनेस शब्दावली में इसे एकाउंट्स इन्वैरियेबल कहते हैं जिसमें कर्जदारों को व कोई पूर्व भुगतान, स्टाक व इन्वेंटरी शामिल हैं। इसके साथ ही इसमें एकाउंट्स पेएबिल भी शामिल हैं। किसी उद्यम की जीवनरखा नकदी प्रवाह व अन्य तरल परिसंपत्तियां हैं जो बिजनेस चक्र से आती हैं। इसे कैश कन्वर्जन साइकिल भी कहते हैं। इसलिए बिजनेस की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि कितनी जल्दी वस्तुएं नकदी में बदलती हैं। अपने वित्तीय व्यवहार व निर्णय लेने में एसएमई बड़ी फर्मों से अलग हैं जिसका कारण उनका चरित्र तथा स्वामित्व है। इससे उनकी वित्तीय आदतें प्रकट होती हैं। पूंजी उपलब्धता का एक महत्वपूर्ण मुद्दा इनका आकार है। शोध के अनुसार स्टार्टअप चरण में स्वामी की व्यक्तिगत बचत पैसे का महत्वपूर्ण साधन होती हे। नवोदित व छोटी फर्मों का स्थापित ट्रैक रिकार्ड नहीं होता है और उनकी पहचान सूचना संबंधी अपारदर्शिता से होती है जिससे बैंक व अन्य वित्तीय संस्थान उनको कर्ज देने से बचते हैं। चार साल से कम आयु वाली फर्में फंडिंग के अनौपचारिक स्रोतों पर ज्यादा निर्भर होती हैं। लेकिन जब एसएमई का आकार बढ़ जाता है तो बेंकों का बड़ा नेटवर्क उनको पैसा देने के लिए तैयार हो जाता है। अनेक बैंकों व अन्य कर्जदाता एजेंसियों से निपटने की फर्म की क्षमता आमतौर से उसकी वृद्धि व आकार पर निर्भर होती है। इसलिए वे दीर्घकालीन कर्ज व बाहरी फाइनेंसिंग तथा बैंक कर्जों पर निर्भर हो जाती हैं।

स्वामित्व का प्रकार फंडिंग स्रोत निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। प्रोप्राइटरशिप जैसे स्वामित्व वाली एसएमई को मामूली फाइनेंसिंग के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि उसे कर्ज के औपचारिक स्रोतों तक पहुंचने में कठिनाई होती है।



कर्जदाता के दृष्टिकोण से ऐसी एसएमई में स्वामी और फर्म की कोई अलग पहचान नहीं होती है, सूचना की उपलब्धता कम होती है तथा बंधक पूंजी नहीं होती है। दूसरी ओर प्राइवेट लिमिटेड एसएमई को कर्जदाता एजेंसियां ज्यादा सुगठित व विश्वसनीय मानती हैं। इसके परिणामस्वरूप उनको औपचारिक वित्त आसानी से उपलब्ध होता है। तीसरा, स्टार्टअप के स्थान का बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। बैंकों से निकट होने की स्थिति में उसकी फंडिंग प्राप्त करने की क्षमता अच्छी होती है। शोध से यह भी स्पष्ट है कि कंपनी की विफलता का एक कारण उसकी खराब स्थिति होती है जिससे ग्राहकों व सप्लायरों को उस तक पहुंचने में कठिनाई होती है। इसलिए भारी किराए के बावजूद एसएमई बेहतर ढांचागत संरचना तथा फंडिंग आसानी से मिलने के लिए शहरों में जाना पसंद करती हैं।

अनेक शोधकर्ताओं ने प्रमाण दिए हैं कि एसएमई के कार्यक्षेत्र से उसको मिलने वाली फंडिंग प्रभावित होती है। इससे उसे मिलने वाला अल्कालीन व दीर्घकालीन कर्ज प्रभावित होता है। विनिर्माण एसएमई की तुलना में अल्पकालीन कर्ज थोक व खुदरा व्यापार वाली एसएमई को आसानी से मिलता है। निर्माण क्षेत्र, होटल, अतिथि सत्कार व खनन उद्योगों को दीर्घकालीन फाइनेंसिंग पर ज्यादा निर्भर होना पड़ता है। फंड एकत्र करने में परिसंपत्तियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कर्जदाता के दृष्टिकोण से बंधक पूंजी उसके बचाव के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण होती है। यह कर्ज के दृष्टिकोण से अत्यधिक प्रासांगिक है। शोधकर्ता ओनो व उइसुगी के अनुसार जापानी एएमई कर्ज बाजार बंधक पूंजी से संबंध होने पर सकारात्मक व्यवहार करता है तथा बैंक कर्ज व अन्य फाइनेंसिंग में सहायता करता है। इससे यह बात भी समझ मे ंआती है कि कम परिसंपत्तियों वाली फर्म को फंड प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।

इसके साथ ही कर्ज पाने में फर्म के स्वामी का चरित्र व जेंडर भी प्रभावी होता है। विभिन्न देशों में किए अनेक शोधों से स्पष्ट है कि अपने बिजनेस के लिए कर्ज प्राप्त करने में पुरुष व महिला में भेद किया जाता है। महिला उद्यमियों को कम पूंजी से अपने स्टार्टअप शुरू करने पड़ते हैं जो वास्तव में पुरुषों द्वारा शुरू उद्यमों के आधे से भी कम हो सकते हैं। इसके साथ ही महिलाओं को बैंकों व अन्य संस्थाओं में भेदभाव का सामना करना पड़ता है। यह महिला उद्यामियों से ब्याज की अधिक दर लेने से स्पष्ट है। उनसे अधिक बंधक पूंजी मांगी जाती है तथा कर्ज देने से इनकार करने की दर अधिक होती है। स्वामी की आयु का भी फाइनेंसिंग पर प्रभाव पड़ता है। अधिक आयु वाले एसएमई स्वामियों से अतिरिक्त फाइनेंस कम लेने की उम्मीद की जाती है। नौजवान स्वामियों को कर्ज, ओवरड्राफ्ट, क्रेडिट कार्ड व व्यक्तिगत बचत जैसे अनेक साधनों की जरूरत हो सकती है।

एसएमई किसी भी उभरती अर्थव्यवस्था में रीढ़ की हड्डी की तरह हैं। इसलिए उनका वित्तीय व्यवहार व प्रणालियां समझना बहुत जरूरी है जो बड़ी कंपनियों के वित्त प्रबंधन से पूरी तरह अलग हैं। इससे नीति निर्माताओं को ऐसे तरीके तलाशने में सहायता मिलेगी जिससे उनका फाइनेंसिंग परिदृश्य बेहतर हो सके क्योंकि मजबूत एसएमई मजबूत अर्थव्यवस्था का आधार हैं।

## आप की बात

### निवेशकों को सोचना होगा!

**विगत** कुछ समय से चिटफंड कपनियों के धोखाधड़ी की खबरे समाचार पत्रों में सुर्खियों में है। और कहि जगह लोग इनकी धोखाधड़ी से परेशान भी है। और जहां जहां इनकी रिपोर्ट दर्ज हुई। वहां पर इनके इंसाफ के लिए कारगर कदम भी उठाए जा रहे है। अब इस तरह से अगर निवेशको के साथ, खाता धारकों के साथ होगा तो यह सोचने और विचारणीय समय है लोगो ने अब अपने विवेक से काम लेना होगा कोई भी अनजान लोगों के लुभावने सब्जबाग बताने वाली बातों पर न आये। कंपनी और् व्यक्ति की सही प्रामाणिकता बगैर अपनी उम्र भर की मेहनत की कमाई को इस तरह बर्बाद न करे। अक्सर देखा जाता है कि कुकुरमुतो की तरह चिटफंड कंपनियां अपना स्वार्थ सिद्ध कर के लोगो के साथ धोखा कर के उनकी राशी को हड़प कर गायब हो जाती है। बहुत जरूरी है इन पर नकेल कसना। इनको कठोरतम रूप से सजा के प्रावधानों में बांधना। ऐसे में आमजनो को भरोसा ही उठ जाएगा। आमजन अब सतर्कता और् सावधानी रखें। किसी भी प्रलोभन, लालच,धन दुगना हो जाएगा। ऐसे दिवा स्वप्नों और् झांसों में न आये।अपनी बैंक खाता, एटीएम, आधार कार्ड, पेन नम्बर किसी भी अनजान लोगों या कंपनी को नही सौंपे।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### स्वागतयोग्य कदम

**मध्य** प्रदेश सरकार गोपालन और संवर्धन के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। शासन द्वारा आंगनबाड़ियों में बच्चों को अंडे के स्थान पर गाय का दूध प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है। शिवराजसिंह सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है। पुरातन काल से हमारे देश में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। गौमाता में सभी देवी देवताओं का निवास बताया गया है। गाय का दूध, गोमूत्र एवं गोबर सभी अमृततुल्य माने गए हैं। देसी गायों की नस्ल को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। गोपालन करने वाले लोगों को यह ताकीद की जाना चाहिए कि गाय अभक्ष वस्तुओं का सेवन न करें। गौशालाओं में भी इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जाना चाहिए। पॉलिथीन को पूर्णतया प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। भैंस के स्थान पर गाय के दूध को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। गौ मांस पर हमारे देश में पूर्णतया रोक लगना चाहिए। गौ मांस का निर्यात भी प्रतिबंधित होना चाहिए। अवैध रूप से पशुधन की तस्करी बंद की जाना चाहिए। गोमूत्र पर व्यापक रूप से अनुसंधान की आवश्यकता है, ताकि आयुर्वेदिक दवाओं में इसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर किया जा सके।

– **ललित महालकारी**, इंदौर


### निवार का निवारण

**भारत** के दक्षिण राज्यों में तबाही मचाने वाले निवार नामक तूफ़ान के आने को लेकर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया था। मौसम विभाग के अनुसार तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश समेत कई दक्षिण भारत के इलाकों में भारी तबाही के आने का अंदेशा लगा रहे थे। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार ने एनडीआरएफ के सभी राहत कार्य को इस बाबत पहले ही सतर्क कर दिया, जिससे तूफान के कारण कम से कम जान माल का नुकसान हो सके। पिछले कई घंटो से लगातार बारिश होने के साथ तेज हवाएं भी चल रही हैं। तटीय इलाकों में मौजूद सभी मछुआरों और नाविकों को भी जागरूक कर दिया गया है। हालांकि अभी तक किसी भी प्रकार के जान – माल के नुक़सान की खबर नहीं है।मौसम विभाग समेत सभी बचाव राहत टीम को तैयार रखा गया है। दक्षिण के कई क्षेत्रों में दो से तीन फुट पानी भर गया है, जिससे गरीब, किसान और रोजमर्रा के मजदूरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। उम्मीद है जल्द ही निवार का निवारण हो जाएगा और स्थितियां फिर से सामान्य होंगी।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



“**पूर्व** प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारों की रिहाई को लेकर राज्यपाल महोदय से हुई चर्चा को लेकर मैं संतुष्ट हूं।

– **एम के स्टालिन**
द्रमुक अध्यक्ष

**हम** कोई जोखिम नहीं ले सकते। हमें अभी भी प्रतीक्षा करनी होगी और यह देखना होगा कि कब शिक्षण संस्थाओं को खोला जा सकता है। हम विशेषज्ञों से परामर्श करेंगे।

– **पिनराई विजयन**
केरल के मुख्यमंत्री





**हमें** अपनी कला और संस्कृति की वैश्विक पहुंच स्थापित करने हेतु निरंतर प्रयास करते रहना होगा। ये नम्य शक्ति भविष्य में देश की मजबूत छवि बनाने में मददगार होगी।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री”

# पीएम के आगमन से पूर्व तैयारियों का जायजा लेंगे सीएम

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के काशी आगमन से पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री तैयारियों का जायजा लेंगे। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को मुख्यमंत्री करीब सात घंटे तक वाराणसी में रहकर यहां चल रही तैयारियों का जायजा लेंगे। इसके बाद सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। पीएम आगमन की तैयारियों को जानने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार की सुबह ही वाराणसी पहुंच जाएंगे। मुख्यमंत्री राजघाट पर तैयारियों की समीक्षा करने के बाद डोमरी जाएंगे। मुख्यमंत्री आगमन की सूचना के बाद प्रशासन ने पीएम आगमन की तैयारियों को तेज कर दिया है। मिर्जामुराद के खजुरी में जनसभा के बाद पीएम हेलीकाप्टर से डोमरी गांव पहुंचेंगे। यहां बाबा अवधूत भगवान राम घाट से नाव पर सवार होकर राजघाट जाएंगे। कयास लगाया जा रहा है कि देव दीपावली पर काशी आ रहे पीएम मोदी प्रयागराज-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग देश को समर्पित करेंगे। खजुरी में आयोजित होने वाली पीएम मोदी की जनसभा को सफल बनाने

**● देव दीपावली पर दीये और लेजर शो से रोशन होंगे गंगा घाट**

के लिए भाजपा के पदाधिकारी लगातार बैठकें कर रहे हैं। जिला प्रशासन पीएम की आगवानी और उनकी मुकम्मल सुरक्षा व्यवस्था में लगा हुआ है। प्रकाश पर्व देव दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 नवंबर को काशी आ रहे हैं। पीएम मोदी राजघाट पर पहला दीप जलाएंगे इसके बाद घाटों पर करीब 15 लाख दीपों की रोशनी से घाट रोशन होंगे। कार्तिक पूर्णिमा व बुध पूर्णिमा के अवसर काशी में गंगा घाटों पर प्रत्येक वर्ष देव दीपावली का त्यौहार मनाया जाता है। इस मौके पर गंगा घाटों पर दीपदान की मान्यता है। देव दीपावली के अवसर पर दीयों की रोशनी से नहाए घाटों अदभुत नजारा होता है। शहर को सजाने सवांरने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सड़क के डिवाईडर की रंगाई पुताई की जा रही है। सड़कों पर गमलों में पौधे लगाए और सजाए जा रहे हैं। नगर निगम के कर्मचारी घाटों व शहर को साफ सुथरा बनाने व चमकाने में लगा दिए गए हैं। पहला मौका



है जब देश के पीएम तीन लोकों से न्यारी काशी में दीप दान करेंगे। बीजेपी काशी क्षेत्र मीडिया प्रभारी नवरतन राठी के मुताबिक पीएम मोदी की मिर्जामुराद के खजुरी में आयोजित जनसभा अभुतपूर्व होगी। लॉकडाउन के बाद यहा हो रही जनसभा को सोशल मीडिया के पर भी देखा सुना जा सकेगा। पीएम मोदी जनसभा को संबोधित करने के बाद हेलीकाप्टर से डोमरी जाएंगे वहा से बाबा अवधूत भगवान रामघाट से क्रूज पर सवार होकर विश्वप्रसिद्ध देव दीपावली की आभा निहारने के लिए प्रस्थान करेंगे। यहां हैलिपैड निर्माण कार्य दुरूस्त कर लिया गया है। कार्तिक पूर्णिमा पर काशी के 84 घाट दीयों की रोशनी में जगमग होंगे। गंगा नदी में पानी की लहरों पर लेजर शो के माध्यम से काशी में शिव महिमा व गंगा अवतरण का प्रदर्शन की गई है। पार्टी की ओर से स्पष्ट निर्देश है कि पीएम के जनसभा में दो गज दूरी का पालन कराया जाएगा तथा कोविड-19 के सुरक्षा उपायों का पालन किया जाएगा। इसको ध्यान में रखते हुए ही कुर्सियां लगाई जाएंगी। जनसभा में मास्क लगाकर ही शिरकत करने की अनुमति दी जाएगी। पीएम आगमन की तैयारियां शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक हो रही है। पीएम यहां जनसभा को भी संबोधित करने के बाद गंगा तट पर आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली के आयोजन में शामिल होने के लिए रवाना होंगे। इस बार देव दीपावली के अवसर पर तीन स्थानों बाबा अवधूत राम घाट, राजघाट, चेत सिंह घाट व संत रविदास घाट पर जेटी लगाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार की देव दीपावली में पहला दीपक राजघाट पर जलाएंगे। इसके लिए वहां मंच को संजाया जा रहा है। पीएम के दीपक जलाने के आधे घंटे के अंदर 15 लाख दीपक गंगा के किनारों को रोशन करेंगे। राजघाट पर दीपक जलाने के बाद पीएम राजघाट से संत रविदास घाट तक गंगा विहार करते हुए देव दीपावली का अद्भुत दृश्य का अवलोकन करेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभिक ब्लू प्रिंट के मुताबिक पहला दीप जलाने के बाद पीएम मोदी यहां छोटा संबोधन करेंगे जिसें सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया जाएगा। इस दौरान लोगों की मौजूदगी नहीं रहेगी लेकिन घाट विस्तारक यंत्र से घाटों पर पीएम का सम्बोधन सुनाई देगा। प्रमुख घाटों पर एलइडी स्क्रीन पर सजीव प्रसारण भी किए जाने की तैयारी है। चेत सिंह घाट पर पर्यटन विभाग की ओर से लेजर शो का आयोजन किया जाएगा।

## 2013 की शंखनाद रैली के 7 साल बाद पीएम खजुरी की जनता से होंगे रूबरू

निलाम्बुज कुमार। वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी सात साल बाद खजुरी में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। जानकार बताते हैं शंखनाद रैली के बाद पीएम मोदी खजुरी आ रहे हैं। इससे एक साथ कई निशाना साधेंगे। पहले पीएम मोदी के खिलाफकहा गया कि जीत कर यहां नहीं आएंगे लेकिन प्रधानमंत्री मोदी अबतक वाराणसी संसदीय क्षेत्र में करीब 22 बार आ चुके हैं। पटेल नेता सोनेलाल की धरती से पीएम मोदी एक तिर से कई निशाना साधेंगे। जहां एक ओर पिछड़े वोट पर अपनी पकड़ मजबूत करेंगे और अन्य दलों की कमियों को भी गिनाएंगे। पीएम ने खजुरी से दो किलो मीटर की दूरी पर स्थित नागेपुर को गोद लिया और इस गावं का काया ही पलट दिया। यहां के स्कूल को स्मार्ट क्लास तब्दील किया तो वहीं भवन भी शानदार बन गया। नागेपुर में कृषि प्रशिक्षण केन्द्र किसानों की माली हालत सुधार रहे है तो वहीं आंगवाड़ी केन्द्र बच्चों की पोषण में सुधार कर रहा है। पटेल बहुल रोहनिया विधानसभा की धरती अपना दल संस्थापक सोनेलाल पटेल कर्म स्थली है जिसकी बागडोर सांसद अनुप्रिया पटेल और उनकी मां कृष्ण पटेल में मतभेद के चलते वोटरों पर पकड़ी ढ़ीली हुई है। स्वर्गीय सोनेलाल पटेल की पत्नी और बेटी में शुरू हुए तकरार के चलते पार्टी में दो फाड़ हो चुका है। इसका फायदा भाजपा को हुआ है। भले ही रोहनिया विधानसभा अपना दल एस के पास हो लेकिन यहां भाजपा की पकड़ मजबूत हुई है। राजनीति के जानकारों की माने तो मोदी इस बार रोहनियां की धरती पर सभा कर पटेल वोटरों पर पार्टी की पकड़ मजबूत करेंगे और यहां से दूसरे राज्यों के लिए संदेश भी देंगे की मोदी सिर्फवादे ही नहीं करते बल्कि उसे निभाते भी है। सामाजिक कार्यकर्ता नन्दलाल मास्टन ने कहा कि पिछले सात सालों में मिर्जामुराद की तस्वीर ही बदल गई है। बात स्कूल की हो या सड़क की या अन्य बुनियादी सुविधाओं हर तरफ इजाफा हुआ है। हालांकि नन्दलाल मास्टर का कहना है कि अब यहां की जनता को चिकित्सालय की जरूरत है अगर यहां चिकित्सालय और उच्च शिक्षा के साधन भी उपलब्ध होते तो बेहतर होता। पीएम मोदी का कोई भी कदम यू हीं नहीं होता वे हर पल को भुनाने में माहिर हैं। पीएम मोदी मिर्जामुराद के खजुरी में 20 नवम्बर 2013 को विजय शंखनाद रैली में करीब 10 लाख के भारी जनसमूह को सम्बोधित किया था लेकिन इस बाा यह संख्या कम होगी।

# चाचा के हत्यारे भतीजे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**छोटा** लालपुर निवासी शाहिद इकबाल खां उर्फमुन्ना खां की हत्या में वांछित उसके भतीजे फरीद अहमद उर्फ जुगनू को गुरुवार की सुबह कैंट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जुगनू से वारदात की बाबत थाने में पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसारए वारदात में प्रयुक्त पिस्तौल को जुगनू की निशानदेही पर बरामद कर लिया गया है।

वहीं गिरफ्तारी की बाबत पुलिस ने बताया कि वारदात में प्रयुक्त पिस्तौल को जुगनू की निशानदेही पर बरामद कर लिया गया है। कैंट थाना क्षेत्र के छोटा लालपुर में बीते 21 नवंबर की सुबह शाहिद इकबाल खां अपने चचेरे भाई मुश्ताक खां के घर बैठा था। इसी दौरान शाहिद का चचेरा भतीजा जुगनू भी मुश्ताक के घर

**● 21 नवम्बर की सुबह छोटा लालपुर में जुगनू ने अपने चाचा शाहिद इकबाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी**

पहुंचा। बातचीत के दौरान ही किसी बात को लेकर शाहिद और जुगनू के बीच कहासुनी शुरू हो गई। उसी दौरान शाहिद ने कमर में खोंसा हुआ असलहा निकाल कर शाहिद के सिर में गोली मार दी और घटनास्थल से भाग निकला। शाहिद की बीवी चांदबीबी की तहरीर के आधार पर जुगनू के खिलाफ कैंट थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। चाचा से आरोपित की पारिवारिक रंजिश चल रही थी।

## संविधान की महत्ता और मूल कर्तव्यों पर लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वद्यिालय में गुरूवार को केन्द्रीय कार्यालय समिति कक्ष में कुलपति प्रो0 राकेश भटनागर की अध्यक्षता में एवं कुलसचिव डॉ0 नीरज त्रिपाठी की विशिष्ट अतिथि में 'संविधान दिवस' का आयोजन सम्पन्न हुआ। महिला महाविद्यालय के प्रांगण में 'संविधान दिवस' के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर निशा दुबे रही स कार्यक्रम में आईआईटी बीएचयू के प्रोफेसर राकेश कुमार मिश्रा विशिष्ट अतिथि रहेएकार्यक्रम का प्रारंभ विधि संकाय के संकाय प्रमुख प्रोफेसर आरपी राय के स्वागत भाषण से हुआ स उन्होंने संविधान की महत्ता और मूल कर्तव्यों पर प्रतिभागियों का विशेष ध्यान आकृष्ट कराया स प्रोफेसर राय ने वैश्विक महामारी के विशेष संदर्भ में नागरिकों और सरकार के कर्तव्यों को संविधान के परिप्रेक्ष्य में प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया।

# 71वें संविधान दिवस के अवसर पर जनपद के सभी सरकारी दफ्तरों में दिलाई गई शपथ

**उन्नाव।** 26 नवंबर का दिन भारत में एक ऐतिहासिक दिन होता है। इस दिन को हम संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं। आज 71 वें संविधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के निर्देशन में जनपद के सभी सरकारी दफ्तरों में अनेकानेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और मौलिक कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई।

अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह ने इस अवसर पर कलक्ट्रेट परिसर में आयेजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारियोंए कर्मचारियों में तथा बाहर से आए जनमानस आदि को मौलिक कर्तव्यों की शपथ दिलाई गयी। अपर जिलाधिकारी ने इस अवसर पर हम भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करेंगे। संवैधानिक आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करना चाहिए। देश में संप्रभुताए

**● अनेकता में एकता की मिसाल है भारत का संविधान, नैतिक कर्तव्यों का करें पालन**

अखण्डता की रक्षा करनी चाहिए। इसके साथ ही महिलाओं को सम्मान देने, हिंसा से दूर रहते हुए बंधुता को बढ़ावा देने, सामाजिक संस्कृति का संवर्धन व पर्यावरण का संरक्षण करने तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकासए सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करनेए व्यक्तिगत व सामूहिक गतिविधि में उत्कृष्टता बढ़ानेए सबको शिक्षा के अवसर प्रदान करने एवं स्वतत्रंता आन्दोलन के आदर्शों को बढ़ावा देने का आहवान करते हुए शपथ दिलाई।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी मिलते ही देश को चलाने के लिए संविधान बनाने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया। इसी कड़ी में 29 अगस्त 1947 को भारतीय संविधान के निर्माण के लिए प्रारूप समिति की स्थापना की गई और इसके अध्यक्ष के रूप में डॉण् भीमराव अंबेडकर को जिम्मेदारी सौंपी गई। दुनिया भर के तमाम संविधानों को बारीकी से देखने.परखने के बाद डॉण् अंबेडकर ने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार कर लिया। 26 नवंबर 1949 को इसे भारतीय संविधान सभा के समक्ष लाया गया। इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपना लिया। यही वजह है कि देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि अनेकता में एकता की मिशाल है भारत का संविधानए हमें संवैधानिक व्यवस्था के साथ चलते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर समस्त कलेक्ट्रेट स्टाफ उपस्थित रहा।

## कोविड जांच कराने वाला पहला राजकीय कालेज बना हेमवती नंदन बहुगुणा महाविद्यालय

**प्रयागराज।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी प्रयागराज कोविड 19 की अधिकतम जांच कराने वाला पहला महाविद्यालय बना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की ओर से पहुंचे दल द्वारा प्राध्यापकों और महाविद्यालय स्टाफएवं कुछ छात्र छात्राओं की कोविड 19 संबंधित जांच की गई। जांच दल को महाविद्यालय की ओर से भरपूर सहयोग मिला। महाविद्यालय की प्राचार्य डा सुनंदा चतुर्वेदी ने जांच के संदर्भ में संशयवान लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए जांच हेतु प्रेरित किया। यह जानकारी महाविद्यालय के मीडिया प्रकोष्ठ डा भास्कर शुक्ल एवं डा अमित मिश्र ने दी।

## कला कौशल कार्यशाला का आयोजन

**प्रयागराज।** मिशन शक्ति के अंतर्गत महाविद्यालय गृह विज्ञान विभाग एवं एनएसएस द्वारा कला कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके पहले पड़ाव में चार दिवसीय टाई एंड डाई कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में कुल 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमें ऑनलाइन माध्यम से गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज फतेहपुर की छात्राएं भी शामिल हुईं। आयोजन समिति के सदस्य डा रफत अनीस एवं डा नीति सिंह सहित विभागाध्यक्ष डा नीतू सिंह आदि उपस्थित रहे।

## निर्माण उपकरण का सफलता पूर्वक विस्तार: दीपक

**प्रयागराज।** निर्माण उपकरण और हैवी मशीनरी बनाने वाली कंपनी सैनी इंडिया ने भारत स्थित प्लांट से हाल ही में पंद्रह हजार मशीन निर्माण का आंकड़ा पार किया है। कंपनी ने भारत और दक्षिण एशिया में डीलरों और एक सौ पचास से भी अधिक कस्टमर टच प्वाईंट के नेटवर्क का सफलतापूर्वक विस्तार किया है। बाजार में पहुंच एवं लोकप्रियता दोनों मानकों पर दबदबा बढ़ाया है। दीपक गर्ग मैनेजिंग डायरेक्टर सैनी इंडिया साउथ एशिया ने कहा इस महत्वपूर्ण अवसर का जश्न मनाते हुये काफी खुश हैं। पंद्रह हजार मशीन का उत्पादन करना उल्लेखनीय उपलब्धि है। जो स्थानीय निर्माण उपकरण बाजार के लिये हमारी प्रतिबद्धता और ग्राहकों के विश्वास पर खरे उतरने की पुष्टि करता है। यह विकास की क्षमता का प्रमाण है और आगामी प्रोडक्ट रेंज में नई नई तकनीकियां पेश करते रहने को प्रोत्साहित करता है। सीनियर वाईस प्रेजीडेंट महेश त्रिपाठी ने सभी का स्वागत किया। साझा किया कि पहली पांच हजार मशीनों को बनाने और बेचने में कंपनी को आठ से भी अधिक साल का समय लगा लेकिन अगली दस हजार मशीनों को बनाने और बेचने के लिये सिर्फचार साल का समय लगा।

## सीएमपी डिग्री कालेज में वर्चुअल सेमिनार संपन्न

**प्रयागराज।** संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की लीगल ऐड क्लीनिक की ओर से संविधान की सात दशकीय यात्रा शीर्षक पर वर्चुअल सेमिनार सीएमपी डिग्री कालेज में आयोजित किया गया। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व सॉलिसीटर जनरल ऑफ इण्डिया अशोक मेहता ने मौलिक कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो राकेश खन्ना पूर्व हेड और डीन विधि संकाय इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने संविधान की प्रस्तावना पर गहन चर्चा की। कार्यक्रम में प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डा बृजेश कुमार ने संविधान की उद्देशिका की शपथ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के संरक्षक अध्यक्ष के पी ट्रस्ट चौधरी जितेन्द्र नाथ सिंह ने विधि दिवस पर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधि विभाग के संयोजक डा शिवशंकर सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डा आर डी किशोर एवं सेमिनार का संचालन डा रेनू सिंह तथा विनायक पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर छात्र समन्वयक आशुतोष पाण्डेय अमिलेश्वर अभिषेक ब्रदीनाथ समन सोनम सुमित आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## रोड बेज बस की टक्कर से बोलोरो सवार आधा दर्जन घायल

**घाटमपुर।** कानपुर-सागर हाइवे पर गुरुवार देर रात रोडवेज बस की टक्कर से झेलोरो सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गये जिन्हे इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बताया जाता हैकि बोलोरो सवार कानपुर में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे, रात 8.30 बजे के करीब जैसे ही पतारा कस्बे से आगे निकले की पीछे से आ रही राठ डिपों की बस से टक्कर हो गयी हादसे के बाद चीख-पुकार सुन ग्रामीणों ने बोलोरो में फसे लोगों को सम बाहर निकल और चौकी पतारा केसूचना दी। पतारा चौकी पुलिस मौके पर पंहुची और घायलों को सीएचसी भेजा जहॉं मौसम अली 50 पुत्र जाफर अली, नूर मुहम्मद 40 पुत्र बबलू और ऐषान अली पुत्र जाफर अली सभी निवासी बलरा थाना मौदाहा जनपद हमीरपुर को हैलट कानपुर के लिये रिफर कर दिया गया है।

# श्रम कानून के विरोध में ट्रेड यूनियनों ने की हड़ताल

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**श्रम कानूनों** के विरोध में बैंकों के राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में वाराणसी बैंक कर्मी और एलआइसी कर्मचारियों ने गुरूवार को हड़ताल कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल कई बैंक सुबह से ही कार्य से विरत रहे। कर्मचारी हड़ताल के समर्थन में नारेबाजी करते रहे। ऑल इंडिया बैंक एंप्लॉयी असोसिएशन के आहवान पर कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर कार्य से विरत रहे। सुबह हड़ताल के समर्थन में श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हड़ताल किया। कैंट स्थित प्रधान डाकघर के सामने हड़ताली कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान डाकघर के अंदर कुछ लोग काम भी करते रहे। बैंककर्मी हाल ही में लाए गए श्रम कानूनों का विरोध कर रहे हैं।

गुरुवार हड़तल के बाद शुक्रवार को बैंक खुलेंगे और फिर शनिवार के बाद रविवार को फिर बैंक बंद हो जाएंगे। महीने के चौथे शनिवार को भी बैंकों की बंदी रहती है। हड़ताल में बैंकों के अलावा सेंट्रल ट्रेड यूनियन के आधा दर्जन से अधिक सदस्य शामिल हैं, सभी नये श्रम कानून का विरोध कर रहे हैं। ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर बैंक, एलआइसी, बीएसएनल के कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। ट्रेड यूनियनों के आंदोलन का असर सामान्य काम काज पर पड़ा है। बैंककर्मियों की हड़ताल से लेनदेन प्रभावित हुई है। अलग-अलग शाखाओं पर एकत्रित बैंककर्मियों ने मांगों के समर्थन में नारेबाजी किया। बैंक कर्मी निजीकरण रोकने, सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों को मजबूत करने, लोन डिफाल्टर्स पर कड़ी कार्रवाई करने, विशाल कारपोरेट एनपीए की वसूली करने, नियमित बैंकिंग कार्यों की आउट सोर्सिंग रोकने, नई भर्ती करने, नई पेंशन योजना रद करने की मांग कर रहे हैं। रथयात्रा और सिगरौल, यूको बैंक महमूरगंज, यूनियन बैंक रथयात्रा शात्रा में मुख्य करेंसी निकासी नहीं हुई। इसका आंचलिक प्रमुख कार्याल सिगरौल में भी प्रदर्शन हुआ। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से बैंक ईम्पलाई फेडरेशन ऑफ इंडिया के शिवनाथ यादव, पीएम मिश्र, जनार्दन सिंह, अनुप वाही, रितेश शर्मा, अभिषेक सिंह, शोभनाथ, अशोक सेठ, नारायण दास आदि शामिल रहे।

## एलआईसी मंडल कार्यालय में राष्ट्रव्यापी एक दिवसीय हड़ताल पर रहे कर्मचारी

**वाराणसी।** भेलूपुर स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम के मंडलीय कार्यालय के बाहर कर्मचारियों ने जमकर प्रदर्शन किया। कर्मियों ने मांग किया कि न्यूनतम मजदूरी 21 हजार रुपये होनी चाहिए। इसके अलावा सभी को पेंशनए पारिवारिक पेंशन में बढ़ोत्तरीए चार्टर पर सम्मानजनक सम्मान मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। वहीं बिजली कर्मचारियों ने भिखारीपुर स्थित पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। मांग किया कि सरकार कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखकर फैसले ले। वहीं डाककर्मियों ने भी कैंटोंमेंट स्थित मुख?य कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। हालांकि कई अधिकारी व कर्मचारी कार्य भी करते नजर आए। बैंककर्मी हाल ही में लाए गए श्रम कानूनों का विरोध कर रहे हैं इस तरह इस हफ्ते बैंक संबंधी काम निपटाना मुश्किल हो सकता है। हड़ताल में शामिल मंडलीय अध्यक्ष कामरेड नारायण चटर्जी, वीके सिंह, डीकेसिंह, डीसी सिंह, सुमंत कुमार, सागर चटर्जी, शैलेन्द्र कुमार, विश्वनाथ कुमार, जितेन्द्र कुमार, वीरेश कुमार, मनीष कुमार, अशोक कुमार, भानु श्रीवास्तव इत्यादि लोग शामिल रहे। गुरुवार को बंद रहने के बाद शुक्रवार को बैंक खुलेंगे और फिर शनिवार के बाद रविवार को फिर बैंक बंद हो जाएंगे। महीने के चौथे शनिवार को भी बैंकों की बंदी रहती है। हड़ताल में बैंकों के अलावा 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियन शामिल हैंए सभी लेबर लॉ का विरोध कर रहे हैं। वहीं भारतीय मजदूर संघ इस हड़ताल का हिस्सा नहीं हैं तो एलआइसी के कर्मचारी हड़ताल में शामिल हैं। ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर गुरुवार को बैंक, एलआइसी, बीएसएनल कर्मचारी आंदोलनरत रहे हैं।

# चयन बोर्ड में एक दिसम्बर को होने वाला साक्षात्कार स्थगित

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड प्रयागराज में एक दिसम्बर को होने वाला साक्षात्कार स्थगित कर दिया गया है। बोर्ड की वर्चुअल बैठक में तीन महत्वपूर्ण मामलों पर विस्तार से चर्चा के बाद बोर्ड ने इसे मंजूरी प्रदान की है। एक दिसम्बर को इलाहाबाद झांसी स्नातक चुनाव के लिए मतदान होने के कारण बोर्ड ने यह निर्णय लिया है। बैठक में पहला विषय था कि शासन में तदर्थ शिक्षकों को विशेष महत्व देते हुए भर्ती में उनको शामिल करने से पहले उनके लिए विशेष छूट दी जाए। इस पर चयन बोर्ड में तय हुआ है कि यह विधिक राय के बाद जो भी विज्ञापन टीजीटी और पीजीटी का जारी होगा। उसमें तदर्थ शिक्षकों को विशेष महत्व दिया जाएगा। वर्चुअल बैठक में दूसरा विषय था कि जो भी डीआईओएस अधियाचन भेजने के बाद उसको निरस्त कराने के लिए चयन बोर्ड या शासन को पत्र लिखते हैं। उनके खिलाफकार्यवाही के लिए शासन को लिखा जाएगा और चयन बोर्ड कोर्ट में अपना पक्ष रखेगा। बैठक के दौरान तय किया गया कि डीआईओएस अधियाचन भेजने के बाद जो नियुक्ति का खेल खेलते हैं। उसको सख्ती से बंद कराया जाएगा और जारी किए गए अधियाचन पर नियुक्ति चयन बोर्ड करेगा। बैठक के दौरान चयन बोर्ड के सदस्य डा दिनेश मणि त्रिपाठी एवं डा हरेंद्र राय ने यह बात रखी कि एक दिसम्बर को स्नातक निर्वाचन एवं शिक्षक निर्वाचन का चुनाव होने जा रहा है। ऐसे में चयन बोर्ड में उस दिन होने वाला साक्षात्कार स्थगित रखा जाए और जो स्नातक मतदाता हैं उनको मतदान के लिए अवकाश घोषित किया जाए। इस पर सर्वसम्मति से एक दिसंबर को मतदान के लिए अवकाश घोषित किया गया है। जबकि उस दिन होने वाले साक्षात्कार की तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर ड्राई राशन के सम्बन्ध में प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**उन्नाव।** नवीन पोषाहार वितरण व्यवस्था के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों के उत्तरदायित्व एवं खाद्यान्न के वितरण में आ रही कठिनाइयों पर चर्चाए निवारण किये जाने तथा गेहूँ चावल एवं दाल वितरण की स्थिति की प्रगति समीक्षा किये जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी डा राजेश कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

आंगनबाड़ी केन्द्र पर ड्राई राशन के वितरण के सम्बन्ध में चरणबद्ध रूप से सम्बन्धित विभागों के उत्तरदायित्व एवं लाभार्थीवार निर्धारित मात्रा के सम्बन्ध में यूनीसेफ प्रतिनिधि आशीष शुक्लाए द्वारा विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में बाल विकास परियोजना बीघापुर के वितरण की प्रगति अच्छी हैए वहीं अन्य विकास खण्डों में इसमें तेजी लाये जाने की आवश्यकता है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे कतिपय पूर्ति निरीक्षकों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा सभी विकास खण्डों में खाद्यान्न का उठान कोटेदार से स्वयं सहायता समूह को तथा स्वयं सहायता समूह से आंगनबाड़ी केन्द्रों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने एवं खाद्यान्न प्राप्त होते ही आगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा 02 दिवस के भीतर लाभार्थियों में अनिवार्य रूप से कर दिये जाने के निर्देश दिय गयेए साथ ही मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा उक्त कार्य में शिथिलता बरतने वाले कार्मिकों के विरूद्व कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

प्रशिक्षण कार्यशाला में कतिपय ब्लाक मिशन मैनेजर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशनए द्वारा कोटेदारों के सम्बन्ध में खाद्यान्न उठान में आ रही कठिनाईयों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया जिसपर जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि स्वयं सहायता समूह कोटेदार से वजन कराने के उपरान्त ही खाद्यान्न प्राप्त करें। यदि कोई कोटेदार वजन कराने से मना करता है तो इस सम्बन्ध में तत्काल आपूर्ति निरीक्षक को अवगत कराये। साथ ही आपूर्ति निरीक्षकों को भी उक्त कार्य की नियमित निगरानी के निर्देश बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा प्रदान किये गये। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि यदि खाद्यान्न की आपूर्ति लाभार्थियों की संख्या के सापेक्ष कम है तो भी किसी भी दशा में प्रति लाभार्थी निर्धारित मात्रा में कमी न की जाये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा इस सम्बन्ध में आ रही समस्याओं तथा प्रगति के सम्बन्ध में सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रभारी ब्लाक मिशन मैनेजर को प्रतिदिन एक साथ बैठकर समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये गये तथा इस सम्बन्ध में शिथिलता पाये जाने पर बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रभारी एवं ब्लाक मिशन मैनेजर के विरूद्व कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये।

# गंगोत्री सेवा समिति ने भव्यता से शुरू कराई आरती

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**लॉकडाउन** के प्रतिबंधों के बाद दोबारा गंगा आरती एक बार फिर से जीवंत हो उठा हैं। देवउठनी एकादशी से अपने मूल स्वरूप में गंगा आरती प्रारंभ हो गई है। इस मौके पर 11 ब्राम्हणों ने माता गंगा की विशेष षोडशोचार पूजन के बाद कोरोना संक्रमण में जान गवाए आत्मायों के शान्ति लिये शांति पाठ संग 500 दीपदान भी किया गया। गंगोत्री सेवा समिति द्वारा प्राचीन दशाश्वमेध घाट परआयोजित विश्वविख्यात गंगा आरती कोरोना महामारी के कारण 18 मार्च 2020 से पिछले 9 महीने से साकेन्तिक रूप में की जा रही थी जिसे आज के शुभ मुहूर्त देवउठनी एकादशी से अपने मूल स्वरूप में प्रारंभ की गयी। सरकारी निर्देश और जन स्वास्थ्य के दृष्टिगत कोरोना के साये में बीते 9 महीने पांच अर्चक के बजाय सिर्फएक अर्चक द्वारा ही माता गंगा की आरती उतार परंपरा का निर्वहन किया जा रहा था।



अनलॉक की प्रकिया शुरू होने के साथ ही श्रद्धालु और पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ ही गंगा आरती को पुराने स्वरूप में आज से पुन: शुरुआत किया गया। कोविड 19 के कारण गंगा आरती के आयोजक गंगोत्री सेवा समिति ने चाक चौबंद व्यबस्था सुनिश्चित किया है जिसके तहत आरती में सम्मलित सभी भक्तो को मास्क अनिवार्य किया गया है साथ ही आरती के पूर्व और पश्चात् आरती स्थल को सेनिटाइज कराया जा रहा है। समिति के दो कार्यकर्त्ता पर्यटकों और श्रदालुओं उचित दूरी पर ही बैठा रहे है।

# वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए फाफामऊ में बनने वाले छह लेन पुल के निर्माण कार्य का हुआ शुभारम्भ

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**फाफामऊ** के पास मलाक हरहर से बनने वाले 6 लेन पुल के निर्माण कार्य का शुभारम्भ गुरुवार को किया गया। केन्द्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग एवं सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम नितिन गड़करी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इसका शुभारंभ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति में किया गया। जिसकी कुल लागत लगभग दो हजार करोड़ रूपये और कुल लम्बाई लगभग 10 किलोमीटर है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जो समस्यायें बतायी गयी है। उन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया है। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि आगे भी जो समस्यायें आयेंगी उनका सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या से चित्रकूट के बीच बनने वाले रामवनगमन मार्ग का शीघ्र ही प्रारम्भ हो जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने इनर रिंग रोड के निर्माण के बारे में भी कार्यवाही चल रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास में सेतुओं और सड़कों का अहम योगदान होता है। उन्होंने कहा कि सड़क और सेतुओं के निर्माण से सम्बंधित जगहों की कीमत बढ़ जाती है। उप मुख्यमंत्री ने प्रयागराज को इतनी बड़ी सौगात देने के लिए केन्द्र सरकार और केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी का आभार जताया है। उप मुख्यमंत्री ने प्रयागराज से हल्दिया तक जलमार्ग की सौगात देने के लिए केन्द्रीय मंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रयागराज की जनता इसके लिए सदा आपकी और केन्द्र सरकार की आभारी रहेगी। उन्होंने प्रदेश की बड़ी आबादी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों की संख्या को बढ़ाने का अनुरोध किया है। इस अवसर पर सांसद केशरी देवी पटेल विधायक विक्रमादीत्य मौर्य विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने किया उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या का स्वागत

**प्रयागराज।** मलाका हरहर फाफमऊ में गंगा पर छह लेन पुल के निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के लिए आए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या का भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने पुलिस लाइन में किया स्वागत एवं अभिनंदन किया। स्वागत करने वालों में अवधेश चंद्र गुप्ता कुंज बिहारी मिश्रा देवेश सिंह वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी राजू पाठक विवेक अग्रवाल रमेश पासी प्रमोद मोदी शोभिता श्रीवास्तव मनीष केसरवानी अमित कुमार मयंक यादव बबलू केसरवानी अभिषेक सोनकर आदि रहे।

# कोरोना महामारी को प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर अवसर में बदलने पर ध्यान दें छात्र: नायडू

**भाषा।** नई दिल्ली



**उप राष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने छात्रों से कोरोना महामारी को संकट के रूप में देखने के बजाय इसे प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर अवसर में बदलने पर ध्यान देने की अपील करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि नौजवानों के रोजगार प्रदाता बनने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत सर्वश्रेष्ठ स्थान है। उन्होंने विश्वविद्यालयों का आह्वान किया कि वे छात्रों को ऐसी शिक्षा दें कि वह जीवन की वास्तविक चुनौतियों से प्रभावी तौर पर निपट सकें।

नायडू ने सिक्किम के आईसीएफएआई विश्वविद्यालय के 13वें ई-दीक्षांत समारोह को आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। उन्होंने कहा, आपमें से जो भी रोजगार प्रदाता बनना चाहते हैं, उनके लिए इस समय भारत से बेहतर कोई देश नहीं है, जहां वे अपने व्यवसाय संबंधी इरादों को लागू कर सकते हैं, क्योंकि इस समय हम अपने प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर भारत परिकल्पना को व्यवहार में ला रहे हैं।

उप राष्ट्रपति के मुताबिक, इस महामारी से सबक लेना है और भविष्य में इस तरह के खतरों से निपटने के समाधान तलाशने के लिए मिलकर काम करना है। नायडू ने छात्रों से कहा, कोविड महामारी के रूप में उनके सामने यह एक पहली बड़ी चुनौती आई है। छात्रों को इसे एक संकट के रूप में लेने की जगह प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर इसे अवसर के रूप में बदलने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, हमारी प्राचीन व्यवस्था में मूल्यों पर हमेशा जोर दिया गया, हमारे वेदों और उपनिषदों में खुद अपने प्रति, अपने परिवार के प्रति, अपने समाज और प्रकृति के प्रति हमारे कर्तव्यों की ओर इंगित किया गया है। हमें प्रकृति के साथ पूरे सामंजस्य से रहना सिखाया गया है। नई शिक्षा नीति में इन्हीं आदर्शों का पालन करने और भारत को एक बार फिर से विश्व गुरू का स्थान दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। नायडू ने कहा, प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल रखने वाली मूल्य आधारित शिक्षा वक्त की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे पेशेवरों की जरूरत है, जो न सिर्फ आधुनिकतम प्रौद्योगिकी का ज्ञान रखते हों, बल्कि समझदार और संवेदनशील भी हों।

## ममता ने पश्चिम बंगाल में स्वास्थ्य योजना का लाभ सबको देने की घोषणा की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 2021 में होने वाले विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य साथी योजना का लाभ अब प्रदेश के सभी लोगों को मिलेगा। यह फैसला एक दिसंबर, 2020 से राज्य के सभी लोगों पर लागू होगा, चाहे उनका धर्म, जाति, संप्रदाय या पेशा कुछ भी हो। बनर्जी ने पत्रकारों से कहा, इससे पहले हमने स्वास्थ्य साथी के तहत कम से कम 7.5 करोड़ लोगों को लाभ देने का फैसला लिया था। आज मैं घोषणा करती हूं कि इस योजना के तहत पश्चिम बंगाल के प्रत्एक परिवार, प्रत्एक व्यक्ति, बुजुर्ग, बच्चे या महिला सभी को इस योजना के तहत लाभ मिलेगा, फिर चाहे वे किसी भी धर्म को मानने वाले हों। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए प्रत्एक परिवार को एक स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा।



नई दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा संविधान निर्माता बाबा भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए।

# क्षितिज प्रसाद, मादक पदार्थों के संदिग्ध विक्रेता को जमानत मिली

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने धर्माटिक एंटरटेनमेंट के पूर्व कार्यकारी निर्माता क्षितिज रवि प्रसाद तथा मादक पदार्थों के एक संदिग्ध विक्रेता को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी। इन दोनों को बॉलीवुड में मादक पदार्थों के कथित इस्तेमाल की जांच के सिलसिले में एनसीबी ने गिरफ्तार किया था। हालांकि, प्रसाद आज जेल से बाहर नहीं आ सकेंगे क्योंकि उनके खिलाफ एक और मामले की सुनवाई चल रही है। उस मामले में दायर जमानत याचिका पर तीन दिसंबर को सुनवाई होनी है। प्रसाद के वकील ने यह जानकारी दी।

प्रसाद को अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से संबंधित मादक पदार्थ मामले में पूछताछ के बाद राष्ट्रीय स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत 26 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया गया था। विशेष एनडीपीएस अदालत के न्यायाधीश जी बी गुराव ने बृहस्पतिवार को उन्हें जमानत दे दी।

अदालत ने 50 हजार रुपए के मुचलके पर जमानत देते हुए आरोपी को बिना इजाजत देश से बाहर नहीं जाने, सबूतों से छेड़छाड़ न करने और जांच को प्रभावित नहीं करने का निर्देश दिया। प्रसाद ने इससे पहले आरोप लगाया कि था कि एनसीबी ने उन्हें फंसाया है क्योंकि उन्होंने निर्देशक करण जौहर और उन्य बॉलीवुड हस्तियों के खिलाफ झूठे बयान देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, जांच एजेंसी ने उनके आरोपों के खारिज कर दिया था। विशेष अदालत ने संदिग्ध ड्रग्स विक्रेता ड्वेन फर्नांडिस को भी जमानत दे दी। वह भी ड्रग्स मामले में आरोपी है। जांच एजेंसी के अनुसार, फर्नांडिस मारिजुआना और हशीश का कारोबार करता था और अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती के भाई शौविक चक्रवर्ती का सहायक है।

## अजित पवार ने कोरोना वायरस संक्रमण का टीका शीघ्र आने की ईश्वर से की प्रार्थना

**पंढरपुर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने कार्तिकी एकादशी के पर्व पर यहां भगवान विट्ठल के मंदिर में पूजा अर्चना की और कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए टीका शीघ्र आने और दुनिया से इस महामारी को मिटाने की ईश्वर से प्रार्थना की। पवार और उनकी पत्नी सुनेत्रा ने सोलापुर जिले के पंढरपुर में स्थित भगवान विट्ठल और देवी रुक्मिणी के मंदिर में तड़के पूजा अर्चना की। पवार के कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार जिले के संरक्षण मंत्री दत्तात्रेय भराने भी इस अवसर पर मौजूद थे। पवार ने बयान में कहा, पूरी दुनिया कोविड-19 की चुनौती का सामना कर रही है। हम कुशलता के साथ चुनौती का सामना कर रहे हैं ... जल्द ही कोविड-19 का टीका उप्लब्ध हो और दुनिया इस बीमारी से मुक्त हो। हाल के दिनों में ऐसा लग रहा था कि राज्य में कोविड -19 के हालात नियंत्रण में है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से रोगियों की संख्या बढ़ रही है।

# आंबेडकर की अपेक्षा के अनुरूप समता मूलक समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध भाजपा सरकार : नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को संविधान दिवस के मौके पर संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डा बी आर आंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पार्टी नीत केन्द्र सरकार उनकी अपेक्षा के अनुरूप समता मूलक समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

भाजपा नेताओं ने यहां पार्टी मुख्यालय में आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की और उसके बाद अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुना। नड्डा ने ट्वीट किया कि भाजपा की बाबासाहेब के विचारों के प्रति कटिबद्धता के कारण ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने उनकी याद में भव्य पंचतीर्थ का निर्माण कर उन्हें विशिष्ट सम्मान दिया। भाजपा सरकार उनकी अपेक्षा के अनुरूप समता मूलक समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। पंचतीर्थ का अर्थ आंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थानों से है।

उन्होंने ट्वीट किया, देश को एक सुदृढ़ संविधान देने वाले सामाजिक क्रांति के उद्बोधक, भारतरत्न डॉ भीमराव आंबेडकर जी को कोटिश: नमन। एक निष्ठ कर्मयोगी के रूप में बाबासाहेब ने संविधान द्वारा भारतीय समाज को परिवर्तित करने का अद्वितीय कार्य किया। उनका कर्मयोग, संघर्ष व सुधारवाद सभी के लिए प्रेरणास्पद है। नड्डा ने कहा संविधान में हमारे जीवन, मूल्य, व्यवहार एवं परंपरा का समावेश है और इसकी मजबूती के कारण ही हम एक भारत- श्रेष्ठ भारत की ओर अग्रसर हैं।

## पश्चिम बंगाल के मंत्री ने परीक्षण के तौर पर कोविड-19 टीका लगवाने की इच्छा जताई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के शहरी विकास मंत्री फरहाद हाकिम ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह कोलकाता के राष्ट्रीय हैजा एवं आंत्र रोग संस्थान (एनआईसीईडी) में होने वाले कोवैक्सीन टीके के तीसरे चरण के परीक्षण के दौरान टीका लगवाना चाहते हैं। ममता बनर्जी नीत सरकार में मंत्री हाकिम (62) ने अपनी इस इच्छा से संस्थान अधिकारियों को भी अवगत करा दिया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा से कहा, मैं लोगों की मदद करना चाहता हूं। अगर मेरे योगदान से लोगों के इलाज में मदद होती है तो मुझे बहुत खुशी होगी। मैं (कोवैक्सीन टीके के तीसरे चरण के परीक्षण) कार्यक्रम का हिस्सा बनने को लेकर बहुत उत्सुक हूं। इस बीच, एक अधिकारी ने कहा कि शहर में स्थित एनआईसीईडी में जल्द ही कोवैक्सीन टीके के तीसरे चरण का परीक्षण शुरू होगा, जिसमें टीका लगवाने के इच्छुक कम से कम 1,000 लोग हिस्सा लेंगे।

## क्विक न्यूज

### कर्नाटक भाजपा के सांसद पर उस्मानिया विश्वविद्यालय परिसर में जबरन घुसने पर मुकदमा दर्ज

**हैदराबाद।** कर्नाटक के भाजपा सांसद और पार्टी की युवा इकाई के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने बिना अनुमति के उस्मानिया विश्वविद्यालय में कथित तौर पर जबरन घुसपैठ की और उनके एवं उनके समर्थकों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उन पर आरोप है कि तेलंगाना आंदोलन के शहीदो को श्रद्धांजलि देने के लिए उन्होंने बैरीकेड हटाकर परिसर में प्रवेश किया। घटना मंगलवार को हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि उस्मानिया विश्वविद्यालय (ओयू) के अधिकारियों की शिकायत पर हैदराबाद महानगर पुलिस अधिनियम के संबंधित प्रावधानो और भादंसं की धारा 447 के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि ओयू के रजिस्ट्रार ने शिकायत मे भाजपा नेता पर परिसर मे बिना अनुमति के बैरीकेड हटाकर जबरन घुसपैठ करने और वहां सभा करने का आरोप लगाया। सांसद ने आरोप लगाए थे कि पुलिस ने उन्हे रोका। बहरहाल, पुलिस ने स्पष्ट किया कि पुलिस ने ऐसा कुछ नही किया अथवा पुलिस के साथ कोई संघर्ष नही हुआ और सांसद अपने समर्थकों के साथ परिसर मे गए तथा शांतिपूर्ण तरीके से सभा की। अलग तेलंगाना राज्य के लिए हुए प्रदर्शन के केंद्र बिंदु मे यह विश्वविद्यालय था।

### अदालत ने पालघर हत्या मामले में 53 आरोपियों को जमानत दी

**ठाणे।** एक स्थानीय विशेष अदालत ने पालघर मे भीड़ द्वारा दो साधुओं और उनके कार चालक की पीट-पीट कर हत्या मामले मे गिरफ्तार 53 लोगो को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी। जिला न्यायाधीश पी पी जाधव ने आरोपियों को 15,000 - 15,000 रुपए की जमानत पर राहत प्रदान कर दी। इससे पहले पिछले दिनों, अदालत ने मामले मे चार आरोपियों को जमानत दे दी थी। उल्लेखनीय है कि 16 अप्रैल, 2020 को मुंबई से 140 किमी उत्तर पालघर जिले के गढ़चिंचले मे भीड़ ने दो साधुओं और उनके कार चालक की पीट- पीट कर हत्या कर दी थी। दोनो साधु एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार मे शामिल होने के लिए कार से गुजरात जा रहे थे। भीड़ को संदेह था कि वे चोर हैं। इस मामले मे कुल 201 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था। उनमें से 57 को जमानत मिल गई है। आरोपियों के लिए अपील करते हुए वकीलों अमृत अधिकारी और अतुल पाटिल ने अदालत में दलील दी कि आवेदकों की उस घटना मे कोई भूमिका नही थी और उन्हें संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक सतीश मानेशिंदे पेश हुए वही दिवंगत साधुओं के परिवार की ओर से अधिवक्ता पीएन ओझा पेश हुए। अदालत ने कहा कि अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर अब पांच दिसंबर को फैसला किया जाएगा।

### कालिया की मृत्यु पर पटनायक, प्रधान ने शोक व्यक्त किया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कालिया नाम के बच्चे की असामयिक मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। सिर से जुड़े जुड़वां बच्चों मे से एक कालिया को 2017 मे भारत मे किए गए बेहद मुश्किल ऑपरेशनो मे से एक के दौरान उसके भाई जग्गा से अलग किया गया था। कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे बुधवार को निमोनिया और सेप्टीसीमिया से कालिया की मौत हो गई। कंधमाल जिले के फिरिंगा पुलिस थाना क्षेत्र के तहत आने वाले कालिया के पैतृत गांव मालीपाड़ा मे बृहस्पतिवार को जनजातीय परंपरा के मुताबिक उसका अंतिम संस्कार किया गया। जनजातीय समुदाय के सदस्य, सरकारी अधिकारी,पुलिस, पत्रकार और विभिन्न समुदायो से जुड़े लोग कंधमाल मे अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद थे।

### गांवों में भी अधिक से अधिक कोविड-19 जांच हो: गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को ग्रामीण इलाकों मे भी अधिक से अधिक कोविड-19 जांच करने पर जोर दिया। गहलोत ने राज्य में महामारी से संबंधित स्थिति की उच्चस्तरीय बैठक मे समीक्षा की और अधिकारियो से कहा कि इस संबंध मे शुरू किए गए जनजागरूकता अभियान को विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों मे और तेज किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने गांवो मे भी कोविड-19 संबंधी जांच बढ़ाने को कहा। बैठक मे महामारी की रोकथाम को लेकर केंद्र सरकार द्वारा हाल ही मे जारी दिशा-निर्देशो पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने रात्रिकालीन कर्फ्यू सहित अन्य उपायों के अनुपालन पर अधिकारियों से जानकारी ली।

### सौतेले भाई को परिवार सहित जिंदा जलाया

**अनूपपुर (मप्र)।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहारी थाना क्षेत्र के एक गांव मे बुधवार-बृहस्पतिवार की दरम्यानी रात जायदाद के विवाद में एक व्यक्ति ने अपने सौतेले बड़े भाई और उसके परिवार को कथित तौर पर जिंदा जला दिया। आरोपी ने स्वयं भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जैतहारी पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक के के त्रिपाठी ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर धनगवां गांव मे 35 वर्षीय दीपक विश्वकर्मा का अपने सौतेले बड़े भाई ओमकार विश्वकर्मा (42) के साथ जमीन जायदाद को लेकर अक्सर विवाद होता था।




हैदराबाद में वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस। साथ में राष्ट्रीय महासचिव भूपेन्द्र यादव व अन्य नेता निकाय चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए।

# ईडी ने धनशोधन मामले में शिवसेना विधायक के सहयोगी को गिरफ्तार किया

**भाषा।** नई दिल्ली/मुंबई

**प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)** ने एक सुरक्षा सेवा प्रदाता कंपनी और अन्य के खिलाफ धनशोधन के मामले के संबंध में शिवसेना विधायक प्रताप सरनाइक के कथित सहयोगी अमित चंदोले को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चंदोले को धन शोधन निरोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बुधवार देर रात गिरफ्तार किया गया और उसे शुक्रवार को एक स्थानीय अदालत के समक्ष पेश किए जाने की उम्मीद है।

ईडी ने बुधवार को उससे पूछताछ की थी। सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसी चंदोले की भूमिका और सरनाइक, सुरक्षा सेवा प्रदाता टॉप्स ग्रुप और उसके प्रवर्तक राहुल नंदा के साथ उसके कथित संदिग्ध लेन देन की जांच कर रही है। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक नंदा ने किसी भी तरह के गलत काम से इनकार किया है।

ईडी ने 24 नवंबर को निकटवर्ती ठाणे और मुंबई में सरनाइक, नंदा और कुछ अन्य के 10 परिसरों पर छापेमारी की थी। उन्होंने कहा कि 2014-15 के दौरान कंपनी द्वारा महाराष्ट्र सरकार के एक संगठन को सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराए जाने का एक खास मामला भी जांच के घेरे में है। सूत्रों ने दावा किया कि एजेंसी ने सरनाइक के नाम एक विदेशी बैंक द्वारा जारी डेबिट कार्ड भी छापेमारी के दौरान जब्त किया है और इसका पता पाकिस्तान के एक व्यक्ति के नाम पर है जो विदेश में बसा है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में विधायक से जल्द ही पूछताछ की जाएगी। शिवसेना ने पूर्व में छापेमारी के इस मामले को राजनीतिक बदले की भावना से की गई कार्वाई करार दिया था और कहा था कि महाराष्ट्र सरकार और उसके नेता किसी के दबाव के सामने नहीं झुकेंगे।

# विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क बनने से युवाओ में संवैधानिक जागरूकता आएगी : कलराज

**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि संविधान देश का सर्वोच्च विधान ही नहीं है, बल्कि यह वह पवित्र ग्रंथ है जिससे विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का संचालन होता है। विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क बनने से देश के युवाओ में संवैधानिक जागरूकता आएगी और अधिकारों तथा कर्तव्यों के संतुलन की समझ विकसित होगी। मिश्र बृहस्पतिवार को संविधान दिवस पर मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में संविधान पार्क के शिलान्यास समारोह को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क की स्थापना के पीछे मंशा यही है कि देश के युवाओं में संवैधानिक जागरूकता आए और वे यह जानें कि संविधान हमें कौन-कौन से अधिकार देता है तथा कौन-कौन से हमारे कर्तव्य हैं। मिश्र ने कहा कि संविधान जब बना तब यह तय किया गया था कि वह ऐसा बने कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति का उसमें दर्शन हो। संविधान की मूल प्रति पर राजस्थान के प्रख्यात कलाकार कृपाल सिंह शेखावत द्वारा उकेरे गए चित्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पूरे राजस्थान के लिए गर्व की बात है। राज्यपाल ने कहा, संविधान में प्रदत्त अधिकारों के प्रति तो हम जागरूक होते हैं, परन्तु कर्तव्यों के प्रति उदासीन होते हैं। लोकतंत्र में अपने हितों के लिए जनता का सक्रिय हस्तक्षेप होना चाहिए। हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति ओम थानवी ने कहा कि हर विश्वविद्यालय में संविधान वाटिका के निर्माण की पहल पूरे देश में अनूठी है।

# अदालत ने दिशा सालियन की मौत की सीबीआई जांच के अनुरोध को खारिज किया

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व प्रबंधक दिशा सालियन की मौत की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच के अनुरोध वाली याचिका को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को इस मामले में कोई जानकारी है, तो वह पुलिस से संपर्क करने के लिए स्वतंत्र है। मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जी एस कुलकर्णी की खंडपीठ ने कहा कि ऐसी कोई याचिका दायर करने के लिए याचिकाकर्ता, दिल्ली स्थित अधिवक्ता पुनीत ढांडा का मामले से कोई संबंध (लोकस स्टैंडाइ) नहीं है। अदालत ने सवाल किया, आप कौन हैं? अगर दिशा सालियन नामक व्यक्ति की मौत में कोई गड़बड़ी है, तो उसका परिवार कानून के अनुसार उचित कदम उठा सकता है। इस साल आठ जून को उपनगरीय मलाड में एक रिहायशी इमारत की 14 वीं मंजिल से गिरने से 28 वर्षीय सालियन की मौत हो गई थी। इस संबंध में नगर पुलिस ने दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज की थी।

ढांडा ने अपनी याचिका में अनुरोध किया था कि दिशा सलियन की मौत का मामला सीबीआई को सौंप दिया जाए और उच्च न्यायालय द्वारा इसकी निगरानी की जाए। अदालत ने याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा कि पांच अगस्त को मुंबई पुलिस ने एक प्रेस नोट जारी कर कहा था कि अगर किसी भी व्यक्ति को दिशा सालियन की मौत से संबंधित कोई जानकारी है, तो वह पुलिस से संपर्क कर सकता है। अदालत ने कहा, यह दिखाने के लिए रिकॉर्ड पर कुछ भी नहीं है कि याचिकाकर्ता ने पुलिस से संपर्क किया है। याचिकाकर्ता ने सीधे उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

उच्चतम न्यायालय ने पिछले महीने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था और ढांडा को पहले उच्च न्यायालय जाने का निर्देश दिया। उसके बाद ढांडा ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। याचिकाकर्ता के वकील विनीत ढांडा ने दलील दी कि कई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि सालियन की हत्या हुई है और पुलिस ने उचित जांच किए बिना मामले को बंद कर दिया है। पीठ ने कहा कि अगर याचिकाकर्ता के पास कोई जानकारी है तो वह पुलिस से संपर्क कर सकते हैं।

## अहमद पटेल किए गए सुपुर्द-ए-खाक, राहुल गांधी ने तदफीन में की शिरकत

**भरूच।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल को गुजरात के भरूच जिले के उनके पैतृक गांव पिरमण में बृहस्पतिवार को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी के अहम रणनीतिकार और संकटमोचक की तदफीन (दफन करना) में शिरकत की। पटेल का बुधवार को इंतकाल हो गया था। पटेल की मय्यत (पार्थिव देह) को वडोदरा से पिरमण लाया गया था। इसके बाद सैकड़ों स्थानीय एवं कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में पटेल को मुस्लिम कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। कांग्रेस नेता की मय्यत बुधवार रात वडोदरा हवाई अड्डे पहुंची थी और उसे भरूच जिले के अंकलेश्वर शहर में स्थित सरदार पटेल अस्पताल में रखा गया था। गांधी बृहस्पतिवार को सूरत हवाई अड्डे पहुंचे और फिर सड़क के रास्ते से पिरमण गए जहां वह दिवंगत सांसद के परिवार से उनके पुश्तैनी घर में मिले और उन्हें दिलासा दिया।



अहमद पटेल के निधन पर उनके परिजनों से वडोदरा में बात करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी

# मोदी ने दिया वैश्विक निवेशकों को भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश का निमंत्रण

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को विदेशी निवेशकों को भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की विकास यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि जिस तेजी से यह क्षेत्र विकास कर रहा है, उसमें सालाना 20 अरब डॉलर के कारोबार की संभावना है।

प्रधानमंत्री ने तीसरे वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेश सम्मेलन और प्रदर्शनी (री-इनवेस्ट) के उद्घाटन सत्र को वीडियो कांफ्रेन्स के जरिए संबोधित करते हुए कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों के विनिर्माण के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को उच्च दक्षता के सौर मोड्यूल्स के लिए भी लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की अगले दशक में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर विकास की योजना है। इससे सालाना करीब 20 अरब डॉलर के कारोबार की संभावनाएं सृजित होने की उम्मीद है। मोदी ने कहा कि आज भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता दुनिया में चौथी सबसे बड़ी क्षमता है, सभी बड़े देशों के मुकाबले इसमें तीव्र गति से वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता फिलहाल 1,36,000 मेगावाट है जो हमारी कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 36 प्रतिशत है। नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन की हमारी क्षमता 2022 तक 2,20,000 मेगावाट हो जाएगी। मोदी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक सामानों के विनिर्माण के लिए उत्पादन आधरित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की सफलता के बाद हमने उच्च दक्षता के सौर मोड्यूल्स के लिए उसी प्रकार का प्रोत्साहन देने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता कारोबार सुगमता सुनिश्चित करना है। निवेशकों के लिए चीजों को सुगम बनाने के लिए अलग से परियोजना विकास प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले छह साल में हमने स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में ढाई गुना वृद्धि की है। हमारी सालाना नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता में वृद्धि 2017 से कोयला आधारित बिजलीघरों की क्षमता में वृद्धि के मुकाबले ज्यादा है। उन्होंने कहा कि जब नवीकरणीय ऊर्जा सस्ती नहीं था तब भी इस क्षेत्र में निवेश किए गए थे। अब निवेश बढने तथा बड़े पैमाने पर काम होने से इसकी लागत कम हुई है। मोदी ने कहा कि पिछले छह साल में भारत नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है। हम हर नागरिक के घरों तक बिजली पहुंचाने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता, नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं।

ऑनलाइन आयोजित इस तीन दिवसीय सम्मेलन का विषय सतत ऊर्जा परिवर्तन के लिए नवोन्मेष है। इसमें भविष्य के ऊर्जा विकल्पों पर गहनता के साथ चर्चा होगी। साथ ही स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विनिर्माताओं, डेवलपरों, निवेशकों और नवप्रवर्तकों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। यह सम्मेलन विभिन्न देशों, राज्यों, औद्योगिक घरानों और संगठनों को अपनी रणनीतियों, उपलब्धियों को दिखाने का अवसर प्रदान करेगा।



बेंगलुरु में गुरुवार को बारिश के दौरान मेट्रो ट्रेन में चढ़ने के लिए एक कतार में खड़े लोग

# रौशनी कानून निरस्त करने के खिलाफ न्यायालय में दायर हुईं याचिकाएं

**भाषा।** नई दिल्ली

**रौशनी** कानून निरस्त करने के जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ पूर्व नौकरशाहों, कारोबारियों और सेवानिवृत्त न्यायाधीशों आदि ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर की हैं। इस कानून के तहत सरकार की जमीन पर कब्जा धारकों को ही मालिकाना हक देने का प्रावधान था। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि उन्होंने कभी भी सरकारी जमीन का अतिक्रमण नहीं किया और इस मामले में उन्हें कभी पक्षकार नहीं बनाया गया।

उच्च न्यायालय ने नौ अक्टूबर को रौशनी कानून को गैरकानूनी और असंवैधानिक करार देते हुए इस कानून के तहत भूमि आबंटन के मामलों की सीबीआई जांच का आदेश दिया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि उनके खिलाफ किसी भी तरह के कथित गैरकानूनी कृत्य का आरोप नहीं है और उन्होंने किसी भी सार्वजनिक जमीन का अतिक्रमण नहीं किया है। न्यायालय में 26 याचिकाएं दायर की गई हैं। इनमें पूर्व मुख्य वन संरक्षक आर के मट्टू, पूर्व न्यायाधीश खालिक-उल-जमां, पूर्व मुख्य सचिव मोहम्मद शाई पंडित, पूर्व ऊर्जा विकास आयुक्त निसार हुसैन, कारोबारी भरत मल्होत्रा और विकास खन्ना तथा सेवानिवृत्त आयुक्त बशीर अहमद भी शामिल हैं।

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि वे इस जमीन के अधिकृत बाशिंदे हैं और उच्च न्यायालय ने बगैर किसी आधार या औचित्य के ही सभी के लिए एक आदेश पारित कर दिया है। याचिका में दावा किया गया है कि वे सामान्य नागरिक हैं और उन्होंने पैसा देकर इसे खरीदा है। यही नहीं, विधिवत निर्वाचित विधान मंडल द्वारा बनाए गए और कार्यपालिका द्वारा इस पर किए गए अमल में उनकी कोई भूमिका नहीं है। याचिका में जोर देकर कहा गया है कि वे कानून का पालन करने वाले नागरिक हैं जिन्होंने किसी भी सरकारी जमीन का अतिक्रमण नहीं किया है। जम्मू कश्मीर में रौशनी कानून, 2001 में दो उद्देश्यों से लागू किया गया था। पहला तो विद्युत परियोजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन जुटाना और सरकारी जमीन पर बसे लोगों को मालिकाना हक देना। प्रारंभ में करीब 20.55 लाख कनाल (102750 हेक्टर) भूमि पर बसे लोगों को मालिकाना हक देना था जिसमे से सिर्फ 15.85 प्रतिशत भूमि ही मालिकाना हक के लिए मंजूर की गई थी।


याचिकाओं में कहा गया है कि उच्च न्यायालय के एक समान आदेश ने उन्हें प्रभावित किया है क्योंकि अदालत ने सभी लाभान्वितों के विवरण सरकारी वेबसाइट पर प्रकाशित करने , इस कानून के तहत शुरू से की गई सारी कार्वाई रद्द करने और इसकी सीबीआई जांच तथा जमीन का कब्जा वापस लेने के आदेश दिए हैं।

## मोदी सरकार हर वर्ग को न्याय दिलाने के प्रति संकल्पितः शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को संविधान दिवस पर देश के पहले कानून मंत्री बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को नमन किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संविधान के अनुरूप समाज के हर वर्ग को सामाजिक व आर्थिक न्याय दिलाने के प्रति संकल्पित है। शाह ने ट्वीट किया, भारत की एकता और विकासशीलता की सबसे बड़ी शक्ति हमारा प्रगतिशील संविधान है। आज संविधान दिवस पर भारतीय संविधान के शिल्पी बाबासाहेब जी को नमन करता हूं। मोदी सरकार देश के महापुरुषों के स्वप्न और संविधान के अनुरूप देश के हर वर्ग को सामाजिक और आर्थिक न्याय दिलाने के प्रति संकल्पित है। देश में आज संविधान दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन देशभर में राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी जाना जाता है और देश में संविधान को अपनाए जाने का स्मरण कराता है।

# स्वदेशी अपनाए बिना भारत आत्मनिर्भर नहीं हो सकता : योगगुरु स्वामी रामदेव

**भाषा।** मथुरा



**योगगुरु** स्वामी रामदेव ने कहा है कि यदि हमें देश को वास्तव में आत्मनिर्भर बनाना है तो हमें स्वदेशी को पूरी तरह से अपनाना होगा और तभी भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकेगा।

रामदेव यहां बुधवार शाम महावन स्थित उदासीन आश्रम में प्रसिद्ध कथावाचक मोरारी बापू का रामचरित मानस पाठ सुनने आए थे। इस दौरान उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि विदेशी कंपनियों ने अभी तक भारत को जी भर कर लूटा है और अगर हमें देश को वास्तव में आत्मनिर्भर बनाना है तो हमें स्वदेशी को पूरी तरह से अपनाना होगा और तभी भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकेगा। इस मौके पर योगगुरु ने एक बार फिर हाथी की सवारी की, लेकिन अंतर इतना था कि उन्होंने इस बार अपना हर कदम बहुत सावधानी से उठाया।

उन्होंने न केवल हाथी की सवारी का भरपूर आनंद लिया, बल्कि वह दोनों ओर पैर फैला कर बैठे और अनुलोम-विलोम, प्राणायाम भी किया। गौरतलब है कि 13 अक्टूबर को जब वे महावन आए थे तब हाथी पर बैठकर योगासन करते समय गिर पड़े थे।

## पश्चिम बंगाल में दिलीप घोष के काफिले पर हमला

**कांडी (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबादा जिले के कांडी इलाके में भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष दिलीप घोष के काफिले पर बुधवार को हमला हुआ। पार्टी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। जिला भाजपा नेताओं ने दावा किया कि घोष पार्टी की बैठक में हिस्सा लेने ब्रह्मपुर जा रहे थे, तभी तृणमूल कांग्रेस के बदमाशों ने उनके काफिले पर पथराव किया। सूत्रों ने बताया कि हमले में घोष को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है, लेकिन उनके काफिले में शामिल कार का आगे का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। पार्टी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं तृणमूल कांग्रेस ने आरोपों से इनकार किया है।

## विवाहिता ने आग लगाकर आत्महत्या की

● पति ने वीडियो बनाया, पांच हिरासत में

**भाषा।** जयपुर



**राजस्थान** के झुंझुनूं जिले में एक विवाहिता ने कथित तौर पर खुद पर तेल डालकर आग लगा ली। घटना के दौरान वहां मौजूद उसके पति ने इसका वीडियो बनाया और अपने ससुराल वालों को भेज दिया। इस मामले में पति, ससुर, देवर, सहित पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है।

गुढ़ागौड़जी थाने के प्रभारी देवी सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस संबंध में मृतका के भाई ने मंगलवार को अपनी बहन के पति अनिल, ससुर रामचंद्र, देवर अमित, सास बिदामी देवी, चाचा ससुर गिरधारी और उसकी पत्नी प्रेम देवी पर विवाहिता को प्रताड़ित करने का मामला दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 498 ए (दहेज), 306 (आत्महत्या के लिए उकसाने) के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को बृहस्पतिवार को हिरासत में ले लिया और उनसे पूछताछ की जा रही है। सिंह ने बताया कि घटना 20 नवंबर की है।

गंभीर रूप से झुलसी महिला को जयपुर रेफर किया गया था जहां 22 नवंबर को उसकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया था। उन्होंने बताया कि दर्ज शिकायत के अनुसार 20 नवंबर को विवाहिता ने अपने उपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्महत्या कर ली। उसके पति ने इस घटना का वीडियो बनाकर अपने साले को भेजा और बाद में इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

# व्यापार संघ की हड़ताल से पश्चिम बंगाल में आम जनजीवन प्रभावित

**भाषा।** कोलकाता

**केंद्र** की आर्थिक नीतियों के विरोध में कई व्यापार संघों द्वारा बुलाई गई हड़ताल के कारण बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ।

केंद्रीय श्रमिक संगठनों की संयुक्त समिति द्वारा बुलाए गए 24 घंटे के बंद की शुरुआत सुबह छह बजे हुई। एक अधिकारी ने कहा कि बंद समर्थक सीआईटीयू और डीवाईएफआई जैसे माकपा से संबद्ध संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कोलकाता, जाधवपुर, गरिया, कमलगाजी, लेक टाउन और दमदम इलाकों में रैलियां निकालीं, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हुई। बंद समर्थकों ने दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखने को कहा। उन्होंने बताया कि बंद समर्थकों ने हावड़ा रेलवे स्टेशन के बाहर धरना दिया, वाहन चालकों से सेवाएं बंद करने को कहा लेकिन वाहनों को सामान्य रूप से चलाने के लिए पुलिस बल की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई। अधिकारी ने कहा कि वाम कार्यकर्ताओं ने कोलकाता के सेंट्रल एवेन्यू, हेस्टिंग्स, श्याम बाजार और मौलाली इलाकों में सड़कें अवरुद्ध कर दीं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ाबाजार इलाके में जबरदस्ती दुकानें बंद कराने की कोशिश की, जिससे तनाव पैदा हो गया। वाम मोर्चे के अध्यक्ष विमान बोस के नेतृत्व में कांग्रेस और वाम कार्यकर्ताओं ने शहर के मलिकबाजार चौराहे को बंद करने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की टीएमसी सरकार बल प्रयोग के जरिए जोरदार जन आंदोलन का दबाने का प्रयास कर रही है। अधिकारी ने कहा कि बंद लागू करने वालों ने कूचबिहार और झारग्राम जिलों में सड़कों को भी अवरुद्ध कर दिया, टायर जलाए और बसों की खिड़कियां तोड़ दी। उन्होंने बताया कि आंदोलनकारियों ने रेलवे पटरियों को भी बाधित कर दिया था जिससे सियालदह दक्षिण और मुख्य खंडों में रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। हावड़ा में डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) के एक कार्यकर्ता ने कहा कि लोग हमारे शांतिपूर्ण विरोध का समर्थन कर रहे हैं क्योंकि यह उनके हित में है।

राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने हड़ताल का समर्थन नहीं किया लेकिन कहा कि वह आर्थिक मुद्दों पर वामदलों और कांग्रेस के साथ है। इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (आईएनटीयूसी), ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एआईटीयूसी), हिंद मजदूर सभा (एचएमएस), सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीआईटीयू), ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी), ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर (टीयूसीसी) और स्वरोजगार महिला संघ (सेवा) जैसे व्यापार संघ हड़ताल का हिस्सा हैं।

## भाजपा को नकवी, शाहनवाज के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिएः एआईएमआईएम सांसद

**औरंगाबाद।** अंतर-धार्मिक विवाहों को लेकर हंगामे के बीच उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पारित अध्यादेश को लेकर भाजपा पर कटाक्ष करते हुए, एआईएमआईएम सांसद इम्तियाज जलील ने बुधवार को भाजपा को अपने नेताओं मुख्तार अब्बास नकवी और शाहनवाज़ हुसैन के खिलाफ कार्वाई कर एक उदाहरण पेश करने की चुनौती दी। मसौदा अध्यादेश का उद्देश्य विवाह के लिए जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाना है, जिसमें उल्लंघन करने वालों को 10 साल तक जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। औरंगाबाद के सांसद ने संवाददाताओं से कहा, भाजपा ने उत्तर प्रदेश में यह कानून लाया है। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछना चाहते हैं कि लव जिहाद किसने शुरू किया? क्या भाजपा के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी द्वारा किया गया लव जिहाद वैध है? क्या वरिष्ठ भाजपा नेता शाहनवाज़ हुसैन द्वारा किया गया यह लव जिहाद मान्य है?

# भाजपा बाहरी लोगों की पार्टी, बंगाल में उनका कोई स्थान नहींः ममता

**भाषा।** कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि भाजपा बाहरी लोगों की पार्टी है और राज्य में उनका कोई स्थान नहीं है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने यह भी कहा कि वह बंगाल को कभी भी दंगा-प्रभावित गुजरात नहीं बनने देंगी।

ममता ने आश्चर्य जताया कि देश की सीमा पर स्थिति ठीक नहीं होने के बावजूद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह क्यों चुनावों में इतने व्यस्त हैं। ममता ने कहा कि उन्होंने अपने करियर में कभी भी ऐसा गृह मंत्री नहीं देखा है। ममता ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, बंगाल में बाहरी लोगों के लिए कोई जगह नहीं है। जो लोग सिर्फ चुनावों के दौरान राज्य में आते हैं और राज्य की शांति को बाधित करने की कोशिश करते हैं, उनका कोई स्वागत नहीं है। हाल ही में भाजपा ने राज्य को पांच संगठनात्मक क्षेत्रों में विभाजित किया है और केंद्रीय नेताओं को उनका प्रभारी बनाया है।

ममता ने कहा कि वे (भाजपा) कह रहे हैं कि पश्चिम बंगाल को गुजरात में बदल देंगे। क्यों वे हमारे बंगाल को गुजरात जैसे दंगा-प्रभावित स्थान में बदलना चाहते हैं? हम दंगा नहीं चाहते। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय का नाम लिए बिना बनर्जी ने उन पर आरोप लगाया कि वह यह जताने की कोशिश कर रहे हैं कि उन्हें भाजपा के विरोध मार्च के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार किया जबकि उन्हें हिरासत में नहीं लिया गया।

# पेज 1 का शेष

## कोविड प्रोटोकॉल...

होने की छूट को घटाकर 100 करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शादी में हिस्सा लेने वालों के लिए मास्क पहनना और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना जरूरी होगा। इसके साथ ही सरकार ने कोविड.19 की स्थिति और नागरिकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए प्रदेश सरकार ने कन्टेनमेन्ट जोन की नई परिधि तय कर दी है। नई व्यवस्था के अनुसार कोरोना पॉजिटिव का सिंगल केस पाए जाने पर 50 मीटर की परिधि में कन्टेन्मेन्ट जोन होगा जबकि एक से अधिक केस पाए जाने पर, क्लस्टर की स्थिति में, कन्टेन्मेन्ट जोन का दायरा 100 मीटर की परिधि का होगा। यही नहीं, अगर एक ही आवास में एक से अधिक सक्रिय केस पाए जाएंगे, तो उस दशा में उसे सिंगल केस मानकर ही कन्टेन्मेन्ट जोन निर्धारित किया जाएगा।

## पाक आतंकियों...

मापने का एकमात्र मापदंड राष्ट्रहित होना चाहिए और इसमें जब राजनीति हावी हो जाती है तो इसका नुकसान देश को उठाना पड़ता है। उन्होंने यहां स्थित सरदार सरोवर बांध से आज देश को मिल रहे लाभों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इसका निर्माण कार्य राजनीति की वजह से बरसों तक अटका रहा जिसका देश को बहुत नुकसान हुआ। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा करने वालों को कोई पश्चाताप भी नहीं है। मोदी ने कहा, हमारे हर निर्णय का आधार एक ही होना चाहिए। इसे एक ही तराजू पर तौला जाना चाहिए...एक ही मानदंड होना चाहिए और वह है राष्ट्रहित। जब निर्णयों में देशहित और लोकहित की बजाय राजनीति हावी होती है तो उसका नुकसान देश को उठाना पड़ता है। सरदार सरोवर बांध भी इसका बहुत बड़ा उदाहरण है।

## एक राष्ट्र...

पंचायत चुनावों के लिए केवल एक मतदाता सूची का उपयोग किए जाने की वकालत की। उन्होंने कहा, इसके लिए रास्ता बनाना होगा। हम इन सब पर समय और पैसा क्यों बर्बाद कर रहे हैं?

## आतंकी हमले...

व्यक्ति हताहत ना हो और संपत्ति का नुकसान नहीं हो। दूसरी ओर पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा बृहस्पतिवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर अग्रिम चौकियों और गांवों में की गई गोलाबारी और गोलीबारी में सेना के एक जूनियर कमीशन्ड अधिकारी (जेसीओ) शहीद हो गए तथा एक असैन्य नागरिक घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि जिले के कस्बा और किरनी सेक्टरों में बिना उकसावे के संघर्ष विराम उल्लंघन किया गया। दोपहर करीब 1.30 बजे गोलीबारी में जेसीओ घायल हो गए थे और उन्हें एक सैन्य अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। अधिकारियों के मुताबिक, नागरिक मोहम्मद राशिद को उपचार के लिए जम्मू के जीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जेल से...

स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि लालू प्रसाद को आज शाम लगभग चार बजे पेइंग वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया। लालू अगस्त के प्रथम सप्ताह में रिम्स निदेशक के बंगले में स्थानांतरित किए गए थे। उस समय रिम्स प्रशासन ने कहा था कि रिम्स के पेइंग वार्ड में कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते हुए उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से निदेशक बंगले में स्थानांतरित किया गया था। वाघमारे ने बताया कि रिम्स प्रशासन ने पेइंग वार्ड में लालू के इलाज के लिए उचित व्यवस्था को देखते हुए वापस वहां भेजने का निर्णय लिया गया। दूसरी ओर भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने दावा किया कि भाजपा द्वारा लालू यादव और राजद के द्वारा किए जा रहे गैरकानूनी कार्यों को उजागर किए जाने से दबाव में आई हेमंत सोरेन सरकार ने आनन फानन में लालू को वापस रिम्स के पेइंग वार्ड में स्थानांतरित किया। उन्होंने कहा कि वास्तव में लालू यादव को वापस बिरसा मुंडा जेल में ही भेजना चाहिए, उनके पेइंग वार्ड में रहने का कोई औचित्य नहीं है। लालू प्रसाद ने बिहार के भाजपा विधायक ललन कुमार पासवान से मंगलवार को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान अनुपस्थित रहने के लिए कथित तौर पर फोन पर बात की थी। झारखंड सरकार ने बुधवार को इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं। झारखंड के जेल महानिरीक्षक वीरेन्द्र भूषण ने इस घटना की जांच के आदेश दिए थे और कहा था कि मामले की सत्यता साबित होने पर लालू के खिलाफ नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी। भूषण ने बताया था कि इस मामले में उन्होंने रांची स्थित बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारागार के अधीक्षक और रांची के उपायुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को जांच के आदेश दिए गए हैं। भूषण ने कहा था, मैंने स्वयं भी लालू प्रसाद यादव द्वारा किए गए इस कथित फोन कॉल की आडियो सुनने के बाद मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं और इसकी रिपोर्ट आते ही उचित कार्वाई की जाएगी। लालू प्रसाद को अब तक चारा घोटाले के चार विभिन्न मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है और इनमें से तीन मामलों में उन्हें उच्च न्यायालय से जमानत मिल चुकी है लेकिन दुमका मामले में अब तक उन्हें जमानत नहीं मिली है। दुमका कोषागार से गबन के मामले में छह नवंबर को होने वाली सुनवाई 27 नवंबर के लिए टाल दी गई थी।

## दिल्ली कूच...

किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। इस दौरान पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार भी की। बाद में पंजाब के किसानों को आगे बढ़ने की अनुमति दे दी गई। कैथल में किसानों पर लाठीचार्ज किया गया। इसके बावजूद किसान नहीं रुके और आगे बढ़ते गए। किसानों की भारी संख्या को देखते हुए पुलिस बल को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। किसान नहीं मानें और बैरिकेड हटाकर आगे बढ़ने लगे। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने उन पर वॉटर कैनन से पानी की बौछार की। बावजूद किसान आगे बढ़ने लगे तो उन पर लाठीचार्ज शुरू कर दिया। किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए रोहतक में पुलिस ने पूरी बल प्रयोग किया। रोहद टोल पर पुलिस ने किसानों को गिरफ्तार कर लिया गया। किसानों ने इसका विरोध भी किया और हंगामा हो गया। पुलिस ने कुछ किसान नेताओं को पहले ही गिरफ्तार कर जेल में बंद दिया है, वहीं चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। कुरुक्षेत्र के शाहाबाद में गुरुवार को हजारों की संख्या में किसानों ने पंजाब शंभू बेरिकेडिंग को तोड़ते हुए जिले की सीमा में प्रवेश किया, लेकिन शाहाबाद के त्योड़ा थेह पर किसानों को रोक लिया गया। जहां पंजाब के किसान संगठनों ने बलबीर सिंह राजोवाल के इशारे पर त्योड़ा थेह के बेरिकेट को तोड़कर दिल्ली की ओर कूच किया। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी की अगुवाई में राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते किसानों का जत्था दिल्ली कूच कर रहा है। किसानों के जत्थे को करनाल जिले की सीमा में रोक लिया गया। किसानों ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश तो पुलिस ने पानी की बौछारें छोड़ी थी। इसके बाद किसान बैरिकेडिंग तोड़ते हुए आगे बढ़े। किसानों के दिल्ली कूच को लेकर सोनीपत में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। कुंडली बॉर्डर पर कड़ी नाकेबंदी की गई है। ड्रोन से हर गतिविधि पर निगरानी रखी जा रही है। केंद्र से रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 5 कंपनियां कुंडली बार्डर पर तैनात की गई हैं। इसके साथ ही सिरसा, अम्बाला, जींद में पंजाब बॉर्डर और सोनीपत में दिल्ली बॉर्डर पर भी अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियां तैनात हैं। पुलिस की 14 अतिरिक्त कंपनियां भी लगाई हैं।

## अंतरराष्ट्रीय यात्री...

का निलंबन 30 नवंबर तक बढ़ाया था। हालांकि, विशेष अंतरराष्ट्रीय उड़ानें मई से वंदे भारत मिशन के तहत और जुलाई से चुनिंदा देशों के साथ द्विपक्षीय एयर बबल व्यवस्था के तहत चल रही हैं। भारत ने अमेरिका, ब्रिटेन, यूएई, केन्या, भूटान और फ्रांस सहित लगभग 20 देशों के साथ एयर बबल समझौते किए हैं। इस समझौते के तहत दो देशों के बीच उनकी एयरलाइंस द्वारा ही विशेष अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन किया जा सकता है। इससे पहले, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा था कि नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं उसी हालत में दोबारा शुरू की जा सकती हैं जब घरेलू उड़ान संचालन लगभग 50 से 60 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा और अन्य देश अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की अनुमति देंगे।

## बायर्न, मैनचेस्टर चैम्पियंस लीग अंतिम 16 में

**लंदन।** गत चैम्पियन बायर्न म्युनिख और मैनचेस्टर सिटी चैम्पियंस लीग फुटबॉल नॉकआउट चरण मे पहुंच गए है। लीग के मुकाबले बहाल होने पर डिएगो माराडोना को श्रृद्धांजलि दी गई। पहले मैच से कुछ घंटे पहले ही अर्जेंटीना के इस महान फुटबॉलर के निधन की खबर आई। खिलाड़ियों ने आठों मैचो में एक मिनट का मौन रखकर उन्हे श्रृद्धांजलि दी। बायर्न ने साल्सबर्ग को 3-1 से हराया जबकि सिटी ने ओलंपियाकोस को 1-0 से मात दी।

## पाकिस्तान के छह क्रिकेटर कोरोना पॉजिटिव

**क्राइस्टचर्च।** पाकिस्तान के छह क्रिकेटर कोरोना वायरस जांच मे पॉजिटिव पाए गए है और न्यूजीलैंड क्रिकेट ने आरोप लगाया है कि उन्होंने जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ा है और अब उन्हे कुछ समय पृथक्वास में रहना होगा जिससे वे अभ्यास नही कर सकेंगे। उन्हें एक अंतिम चेतावनी भी दी गई है। बाबर आजम की अगुवाई मे 53 सदस्ईय पाकिस्तानी टीम मंगलवार को न्यूजीलैंड पहुंची और 14 दिन के पृथक्वास पर है।

## अपने खुदा माराडोना को कभी नहीं भूल सकेंगे नैपोली

**नेपल्स।** दुनिया के लिए वह महानतम फुटबॉलर थे लेकिन नैपोली के फुटबॉलप्रेमियो के लिए डिएगो माराडोना का दर्जा खुदा से कम नही था। माराडोना की अगुवाई में नैपोली ने 1987 और 1990 में दो सीरि ए खिताब जीते थे। इससे देश के फुटबॉल मानचित्र पर इस छोटे से शहर का नाम उभरा जो मिलान और तूरिन जैसे महानगरों के आगे दबा रहता था। नैपोली के पूर्व अध्यक्ष कोराडो फेर्लेइनो ने कहा, माराडोना सिर्फ एक खिलाड़ी नही था। वह बरसों तक नैपोली की ऊर्जा का स्रोत रहा।

## माराडोना के नाम पर होगा नेपल्स में स्टेडियम

**वाशिंगटन।** नेपल्स के मेयर ने सान पाओलो फुटबॉल स्टेडियम का नाम डिएगो माराडोना के नाम पर रखने की औपचारिक प्रक्रिया गुरुवार को शुरू कर दी। नेपल्स के मेयर लुइगी डे मजिस्ट्रिस ने कहा, हमने नेपल्स स्टेडियम का नाम डिएगो माराडोना के नाम पर रखने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमे ज्यादा समय नही लगेगा क्योंकि हमारी इच्छाशक्ति मजबूत है और हमे कोई रोक नही सकता।

## हमारे दिलों में रहेंगे माराडोना

**ब्यूनस आयर्स।** ऋषिकेश मुखर्जी की फिल्म आनंद में लोगों के जीवन में खुशियां बांटने वाला नायक अंत मे मर जाता है तो नेपथ्य मे संवाद गूंजता है आनंद मरा नही, आनंद मरते नही। ठीक उसी तरह अपने खेल से मुस्कुराहटे बिखेरने वाले डिएगो माराडोना के निधन पर सुपरस्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने कहा कि वह कहीं नही गए, क्योंकि वह अमर है। माराडोना के बाद अर्जेंटीना के सबसे बड़े फुटबॉलर मेस्सी ने कहा, वह हमे छोड़कर चले गए लेकिन वह कहीं नही गए क्योंकि डिएगो अमर है।

# रोहित के बिना उतरेगी टीम इंडिया

### आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे आज

**भाषा। सिडनी**



नई जर्सी और कोरोना काल में नए माहौल के बीच भारतीय क्रिकेट टीम आस्ट्रेलिया जैसे दिग्गज के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेगी तो शुक्रवार को पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में उसे अपने हिटमैन रोहित शर्मा की कमी खलेगी। चोटिल रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी से बल्लेबाजी क्रम पर असर जरूर पड़ेगा। विराट कोहली की टीम ने आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय मैच मार्च की शुरूआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। कोरोना महामारी के कारण लंबे समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रही टीम का सामना अब आस्ट्रेलिया जैसे धुरंधर से है जिसे उसकी धरती पर हराना कतई आसान नहीं होगा। भारतीय टीम 1992 विश्व कप की नेवी ब्लू जर्सी में नजर आएगी। अंधविश्वासों को मानने वाले इसे अच्छा संकेत नहीं कहेंगे क्योंकि उस टूर्नामेंट में भारत नौ टीमों में सातवें स्थान पर रहा था। वैसे क्रिकेट में अतीत का प्रदर्शन मायने नहीं रखता। आस्ट्रेलिया में फोकस इस पर रहेगा कि रोहित की अनुपस्थिति में टीम संयोजन सही कैसे बन पाता है। शिखर धवन के साथ मयंक अग्रवाल पारी का आगाज करेंगे या शुभमन गिल, मिशेल स्टार्क या पैट कमिंस की गेंदों को झेलना आसान नहीं रहेगा। भारतीय बल्लेबाजों का सामना सर्वश्रेष्ठ तेज आक्रमण से होने जा रहा है जबकि आस्ट्रेलिया के पास एडम जाम्पा के रूप में कुशल स्पिनर भी है जिसने कई बार कोहली को परेशान किया है। लय में लौटे स्टीव स्मिथ, रन मशीन डेविड वार्नर और उभरते सितारे मार्नस लाबुशेन की मौजूदगी में आस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर हराने के लिए भारतीयों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय एकादश में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी दोनों शामिल हो सकते हैं या टीम प्रबंधन टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखकर एक मैच में एक को ही उतार सकता है। ऐसे में शारदुल ठाकुर और नवदीप सैनी को मौका दिया जा सकता है। केएल राहुल के लिए भी यह दौरा अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगा। उपकप्तान राहुल आईपीएल में शानदार फार्म में थे जिसे वह बरकरार रखना चाहेंगे लेकिन असल चुनौती विकेट के पीछे महेंद्र सिंह धोनी की जगह लेने की है जहां उन्हें युजवेंद्र चहल की गुगली को भांपना होगा। खुद राहुल मानते हैं कि धोनी की जगह लेना तो किसी के लिए संभव नहीं है लेकिन रांची के उस राजकुमार ने विकेटकीपिंग के इतने ऊंचे मानदंड कायम किए हैं कि उन पर खरे उतरना भी किसी के लिए आसान नहीं है। हार्दिक पंड्या छठे या सातवें नंबर पर आक्रामक बल्लेबाजी में माहिर है जिससे कोहली दो स्पिनर लेकर उतर सकते हैं। चौथे नंबर पर श्रेयस अय्यर ने पिछले दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था। आस्ट्रेलियाई मध्यक्रम के लिए चहल चिंता का सबब होंगे। वहीं भुवनेश्वर कुमार जैसे डैथ ओवरों के विशेषज्ञ गेंदबाज की गैर मौजूदगी में बुमराह पर अतिरिक्त जिम्मेदारी रहेगी। तीन वनडे के बाद तीन टी20 मैच खेले जाने हैं। टेस्ट श्रृंखला 17 दिसंबर से शुरू होगी। इस श्रृंखला से ही स्टेडियमों में दर्शकों की वापसी होगा चूंकि क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने उपलब्ध सीटों के 50 प्रतिशत तक दर्शकों को प्रवेश की अनुमति दी है। बोर्ड के अनुसार टिकट बेचे जा चुके हैं।

## पृथक्वास पूरा होने के बाद नए होटल में पहुंची भारतीय टीम

**सिडनी।** भारतीय क्रिकेट टीम शहर के बाहरी हिस्सा मे 14 दिन का पृथक्वास पूरा करने के बाद गुरुवार को यहां नए होटल में जैविक रूप से सुरक्षित माहौल का हिस्सा बन गई। कोरोना वायरस महामारी के कारण इस मुकाबले के लिए सीमित संख्या मे दर्शक मौजूद रहेंगे। मेहमान टीम के खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ पृथक्वास के दौरान सिडनी ओलंपिक पार्क मे पुलमैन में रुका था जहां वे सिर्फ मैदान पर ट्रेनिंग के दौरान मिल पाते थे। साथ ही खिलाड़ियों को एक-दूसरे के पीछे बैठने की इजाजत नही थी और खिलाड़ियों की आवाजाही के लिए कई बसों का इस्तेमाल होता था। दो हफ्ते का पृथक्वास पूरा करने के बाद भारतीय टीम होटल इंटर कॉन्टिनेंटल में चली गई है जहां टीम आस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौरों के दौरान रुका करती थी।

## डीन जोंस के सम्मान में बांह पर काली पट्टी बांधेंगे भारत और आस्ट्रेलिया के खिलाड़ी

**सिडनी।** भारत और आस्ट्रेलिया के क्रिकेटर शुक्रवार को पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की शुरुआत से पहले डीन जोन्स के सम्मान मे एक मिनट का मौन रखेंगे और बांह पर काली पट्टी बांधकर खेलेंगे। जोन्स का सितंबर में इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान निधन हो गया था। उनके सम्मान में क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने भारत के खिलाफ श्रृंखला के दौरान उन्हें दो बार श्रद्धांजलि देने का फैसला किया है।

# कोहली ने रोहित की चोट पर कहा : स्थिति स्पष्ट नहीं, हम इंतजार कर रहे हैं जो आदर्श स्थिति नहीं



**सिडनी।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने गुरुवार को रोहित शर्मा की चोट पर अपने असंतोष को नहीं छिपाते हुए कहा कि भ्रम की स्थिति और स्पष्टता की कमी के कारण टीम प्रबंधन को उनकी उपलब्धता को लेकर इंतजार करना पड़ रहा है जो आदर्श स्थिति नहीं है। शुक्रवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले एकदिवसीय से पूर्व मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कोहली ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में हुई चयन समिति की बैठक से पहले रोहित को अनुपलब्ध बताया गया था। कोहली ने कहा, चयन समिति की बैठक से पहले हमें ईमेल मिला था कि वह उपलब्ध नहीं है। इसमें कहा गया कि उसे आईपीएल के दौरान चोट लगी। इसमें कहा गया कि उसे चोट से संबंधित जानकारियां दी गई है और वह समझ गया है और वह अनुपलब्ध रहेगा। पैर की मांसपेशियों में चोट से उबर रहे रोहित बेंगलुरू की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं और उन्हें अब भी पूर्ण मैच फिटनेस हासिल करने में तीन हफ्ते लगेंगे लेकिन 14 दिन के पृथकवास (बिना ट्रेनिंग के) के कारण वह 17 दिसंबर से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो सकते हैं। आस्ट्रेलिया दौरे की टीम से बाहर होने के कुछ दिन के अंदर वह इंडियन प्रीमियर लीग में खेले जिसके बाद उन्हें टेस्ट टीम में शामिल किया गया। कोहली ने कहा, इसके बाद (चयन समिति की बैठक) वह आईपीएल में खेला और हम सभी ने सोचा कि वह आस्ट्रेलिया जाने वाली फ्लाइट में होगा और हमें कोई सूचना नहीं थी कि वह हमारे साथ यात्रा क्यों नहीं कर रहा। कोई सूचना नहीं थी, स्पष्टता की कमी थी। हम इंतजार कर रहे हैं। कोहली ने कहा कि एनसीए में रोहित का अगला आकलन 11 दिसंबर को होगा और फिलहाल आस्ट्रेलिया में बैठी टीम इंतजार ही कर सकती है।

## रोहित की जगह लेने के लिए भारत के पास मयंक जैसा काबिल बल्लेबाज है : फिंच

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने गुरुवार को कहा कि भारत के पास वनडे टीम मे रोहित शर्मा की जगह लेने के लिए कई बेहतरीन बल्लेबाज है। रोहित चोट के कारण टीम से बाहर है। उनकी गैर मौजूदगी मे शिखर धवन के साथ पारी की शुरुआत मयंक अग्रवाल कर सकते है। फिंच ने श्रृंखला के पहले मैच से पूर्व वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, वह बेहतरीन खिलाड़ी है और हमारे खिलाफ काफी कामयाब भी रहा है। रोहित की चोट दुर्भाग्यपूर्ण है। आप हमेशा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियो के खिलाफ खेलना चाहते है लेकिन उसकी जगह जो भी लेगा, शायद मयंक जो खुद भी शानदार फार्म में है। उसकी जगह लेने के लिए भारत के पास मयंक के रूप मे एक और बेहतरीन खिलाड़ी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर मे विराट कोहली के साथ खेले है।

## शमी और बुमराह को रोटेट किया जा सकता है

**सिडनी।** भारतीय कप्तान विराट कोहली के लिए उनके शीर्ष तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के काम का बोझ पर ध्यान देना सबसे महत्वपूर्ण है और उन्होंने कहा कि टेस्ट मैचों में उन्हें अच्छी लय में रखने के लिए आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान उन पर करीब नजर रखी जाएगी। चोटिल तेज गेंदबाज इशांत शर्मा की गैरमौजूदगी में शमी और बुमराह पर टेस्ट श्रृंखला में गेंदबाजी की अधिक जिम्मेदारी होगी और उम्मीद की जा रही है कि शुक्रवार से शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान उन्हें रोटेट किया जाएगा। कोहली ने शुक्रवार को यहां होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय की पूर्व संध्या पर कहा, इसके लिए अधिक दिमाग लगाने की जरूरत नहीं है। वह पूरी इंडियन प्रीमियर लीग में खेले। उनके काम के बोझ पर नजर रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, आप देखना चाहते हैं कि अलग अलग हालात में लोग कैसी प्रतिक्रिया देते हैं। आपको संतुलन बरकरार रखना है जो पिछले कुछ वर्षों में हम करने में सफल रहे हैं। , यही कारण है कि हमारे गेंदबाज फिट और महत्वपूर्ण मैचों के लिए अधिकांश समय उपलब्ध रहते हैं। मेरे लिए कप्तान के रूप में यह महत्वपूर्ण है। कोहली ने कहा कि इन दो श्रृंखलाओं के दौरान युवाओं को आजमाया जाएगा। हां, हमने निश्चित तौर पर इन चीजों पर बात की है। टीम में काफी युवा खिलाड़ी हैं। यह उनके लिए अपने खेल में कुछ नया महसूस करने का शानदार मौका है। यह उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण श्रृंखला है। आस्ट्रेलिया में और इस टीम के खिलाफ काफी सफल रहे कोहली ने कहा कि उन्हें किसी को कुछ साबित नहीं करना है। पहले टेस्ट के बाद पितृत्व अवकाश पर जाने वाले कोहली ने कहा कि उन्होंने पहले ही चयन समिति को अपने फैसले की जानकारी दे दी थी कि वह अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए पत्नी अनुष्का के साथ रहना चाहते हैं।

# माराडोना को विदाई देने के लिए कासा रोसादा में हजारों प्रशंसक जुटे

**भाषा। ब्यूनस आयर्स**



अर्जेंटीना के प्रेसिडेंशियल मेंशन में महानतम फुटबॉल सितारों में से एक डिएगो माराडोना को गुरुवार को विदाई देने के लिए जुटे हजारों बेसब्र प्रशंसक पुलिस से भिड़ गए। प्रशंसकों ने ब्यूनर्स आयर्स के मुख्य इलाके कासा रोसादा के समीप पुलिस पर बोतलें फेंकी और बैरीकेड तोड़ दिए। पारिवारिक सदस्यों और करीबी मित्रों के माराडोना के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के बाद स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजकर 15 मिनट (ग्रीनविच मानक समय के अनुसार सवा नौ बजे) को आम लोगों को अंतिम दर्शन की इजाजत दी गई। माराडोना का पार्थिव शरीर प्रेसिडेंशियल कार्यालय की मुख्य लॉबी में रखा गया था और इसे अर्जेन्टीना के झंडे तथा राष्ट्रीय टीम की 10 नंबर की जर्सी से ढका गया था। गमजदा प्रशंसकों ने उनके अंतिम दर्शन के दौरान विभिन्न फुटबॉल टीमों की जर्सियां भी फेंकी। माराडोना का बुधवार को ब्यूनस आयर्स के बाहर एक घर में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया जहां वह तीन नवंबर को हुए मस्तिष्क के आपरेशन से उबर रहे थे। माराडोना को सबसे पहले उनकी बेटियों और परिवार के करीबी सदस्यों ने विदाई थी। इसके बाद 1986 विश्व कप जीतने वाली टीम के उनके साथी आस्कर रुगेरी पहुंचे। बोका जूनियर के कार्लोस टेवेज जैसे अर्जेन्टीना के अन्य खिलाड़ी भी उन्हें विदाई देने पहुंचे।माराडोना के निधन की पुष्टि होने के कुछ घंटों के भीतर ही कासा रोसादा के बाहर लाइन लगनी शुरू हो गई।

## अपने महानायक को खोकर आंसुओं में डूब गया अर्जेंटीना

**ब्यूनस आयर्स।** डिएगो माराडोना के निधन से जहां दुनिया भर में फुटबालप्रेमी शोकाकुल है, वही उनके देश अर्जेंटीना में तो मानों आंसुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है और हर कोई उनसे जुड़े स्थानों पर जमा होकर एक दूसरे का दुख बांट रहा है। अर्जेंटीना के फुटबालप्रेमी विला फियोरिटो में उस छोटे से मकान के बाहर जमा हुए जहां उनके महानायक माराडोना का जन्म हुआ और वह पले बढ़े। विला फियोरिटो के जिस धूल धसरित मैदान पर माराडोना ने फुटबॉल का ककहरा सीखा था, वहां उनकी याद में कोई आंसू नही बहाए गए बल्कि उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। वे उस अर्जेंटीनोस जूनियर स्टेडियम पर भी जमा हुए जहां माराडोना ने 1976 में पेशेवर फुटबॉल में पहला कदम रखा था। वे बोका जूनियर्स के ऐतिहासिक ला बोंबोनेरा स्टेडियम के बाहर भी इकट्ठे हुए। जिम्नासिया ला प्लाटा के मुख्यालय के बाहर भी फुटबॉलप्रेमी जमा हुए। माराडोना इस टीम के कोच रहे थे।

# रणजी ट्रायल के लिए 11 खिलाड़ियों का चयन



**उरई।** इटावा,औरैया सहित उरई के अंडर-23 क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल लेने के बाद 11 उन खिलाड़ियों का चयन हुआ जो अब रणजी के लिए ट्रायल दे सकेंगे। चयन में इटावा के सर्वाधिक पांच खिलाड़ियों को स्थान मिला है। बीएसएस एकेडमी ग्राउंड में अंडर-23 के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा को दर्शाया। उनकी क्षमता और काबिलयत को परखकर चयन समिति में शामिल पूर्व रणजी खिलाड़ी ब्रजेन्द्र यादव, पूर्व रणजी खिलाड़ी शैलेन्द्र सेंगर और डा् राकेश द्विवेदी ने 11 ऐसे क्रिकेटरों की तलाश की जिनमें खेल का स्तर दूसरों से बेहतर पाया गया। ट्रायल लेने के पूर्व यूपीसीए एपेक्स कमेटी के सदस्य श्याम बाबू और डीसीए सचिव विकास कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान वरिष्ठ खिलाड़ी विनय सेंगर, नीरज पाठक, प्रभाकर सिंह, दीपक श्रीवास्तव,उत्तम कुमार, अंशू उपस्थित रहे। ट्रायल के दौरान अपना सिलेक्शन करवाने को खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। उनके प्रदर्शन के आधार पर इटावा के अभिषेक यादव,सौरभ अवतार,अर्जित दुबेए, रितिक दुबे , औरैया के विशाल कुमार, अमन राजपूत,प्रांज्वल यादव,सुनील कुमार और उरई के अंश गुप्ता तथा रोहित यादव का सिलेक्शन किया गया। श्याम बाबू ने बताया कि शीघ्र ही जालौन जोन में 10 टीमों के बीच लीग मैच कराये जाएंगे। इसमें उरई की पांच, इटावा और औरैया की तीन. तीन टीमें शामिल की जाएंगी।

## बांस से बायो-गैस बनाने के संयंत्र स्थापित करने की योजनाः आईबीएफ

**नई दिल्ली।** सरकार की योजना वर्ष 2023-24 तक 5,000 संपीडित बायो-गैस संयंत्र स्थापित करने की है जिसमें बांस और कृषि क्षेत्र के अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने कहा कि इससे बांस के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा। इंडिया बैंबू फोरम (आईबीएफ) के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने कहा कि वह बांस मूल्य श्रृंखला के सभी अंशधारकों के साथ मिलकर काम करेंगे, जिसमें किसान, हार्वेस्टर और उद्यमी शामिल हैं, ताकि वे सरकार की योजना का लाभ उठा सकें। बांस और किसी भी कृषि अपशिष्ट से बायोमास से संपीडित बायो-गैस (सीबीजी) उत्पन्न करने की प्रक्रिया दो-चरणों वाली प्रक्रिया है जिसमें अपशिष्ट पर एक विशेष जीवाणुयुक्त घोल डाला जाता है।

## एचपीई के ईहेल्थ सेंटर ने 50,000 से ज्यादा रोगियों को टीबी जांच की सेवाएं दी

**मुंबई।** हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज ने घोषणा की है कि वह नवंबर 2020 तक 50,000 से अधिक रोगियों को निरूशुल्क ट्यूबरक्लोसिस टीबीद्ध जांच की सेवाएं प्रदान कर चुका है। यह टीबी जांच असम, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश में स्थित एचपीई के नौ ईहेल्थ सेंटर ,ईएचसीज के माध्यम से की गई। पिछले साल 2025 तक भारत को टीबीमुक्त बनाने के सरकारी लक्ष्य का सहयोग और समर्थन करने के लिए एचपीई ने यूएसएआईडी के साथ टीबी प्लेज पर दस्तखत किए थे। इसका उद्देश्य टीबी के लक्षणों वाले 50,000 से अधिक रोगियों की जांच करने हेतु अपने ईहेल्थ सेंटर के नेटवर्क का उपयोग करना था।

## ज़ी एंटरटेनमेंट ने यूपी को दान की 20 अम्बुलैंस, 5000 पीपीई किट्स

**नोएडा।** भारत की अग्रणी कंटेंट कंपनी ज़ी एंटरटेनमेंट इंटरप्राइजेज लिमिटेड ज़ी ने कोविड-19 के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर के सीएसआर अभियान के तहत उत्तर प्रदेश को क्रिटिकल हेल्थकेयर इक्विपमेंट दिए और कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में राज्य के प्रयासों का बल बढ़ाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में एक डिजिटल समारोह में ज़ी के एमडी और सीईओ पुनीत गोएंका ने क्रिटिकल हेल्थकेयर इक्विपमेंट्स उत्तर प्रदेश सरकार को सौंपी। सीएसआर अभियान में कंपनी ने 240 से ज्यादा अम्बुलैंस, 46000 से ज्यादा पीपीई किट्सख 90 से ज्यादा ऑक्सीजन ह्यूमिडीफायर्स और हर दिन 600000 भोजन मदद के रूप में देने का संकल्प किया है।


## नोकिया दो दिन की बैटरी लाइफ वाला फोन लांच

**मुंबई।** एचएमडी ग्लोबल ने व्यापक रूप से सफल नोकिया-2 सीरीज के नवीनतम संस्करण, नोकिया 2.4 को भारत में लॉन्च किया। नवीनतम नोकिया 2में एडवांस्ड एआई इमेजिंग खूबियां हैं। नाईट मोड और पोर्ट्रेट मोड, जिनकी मदद से आप अपनी तस्वीरों को अगले स्तर पर ले जा सकते हैं और दो दिनों की इसकी बैटरी लाइफके चलते, आप बैटरी की चिंता किये बिना लंबे समय तक अपने पसंदीदा ऐप्स और गेम्स का आनंद ले सकते हैं। फिंगरप्रिंट और फेस अनलॉक जैसी अत्यावश्यक विशेषताओं के साथ आप आसान एक्सेस और अतिरिक्त सुरक्षा का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, नोकिया 2.4 हमारे एंड्रॉयड के वादे के साथ आता है जो आपको तीन वर्षों के लिए मासिक सुरक्षा अपडेट्स और दो वर्षों के लिए ै अपडेट्स प्रदान करता है।

# आर्थिक भरपाई उम्मीद से अधिक जोरदार : आरबीआई गवर्नर

### मांग में स्थिरता पर नजर बनाए रखने की जरूरत

**भाषा। मुंबई**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को कहा कि कोरोना वायरस महामारी के शुरुआती प्रकोप से प्रभावित होने के बाद देश की अर्थव्यवस्था में उम्मीद से अधिक जोरदार भरपाई हुई है, लेकिन त्योहारी सीजन के बाद के महीनों में मांग की स्थिति पर नजर बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने भारतीय विदेशी मुद्रा विनियम कारोबारी संघ (एफईडीएआई) के वार्षिक समारोह में कहा कि भारत सहित दुनिया भर में आर्थिक गिराव के जोखिम बने हुए हैं। उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था में 23.9 प्रतिशत की गिरावट हुई, और आरबीआई का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2020-21 में अर्थव्यवस्था 9.5 प्रतिशत तक संकुचित हो सकती है। हालांकि, लॉकडाउन के दौरान लागू प्रतिबंधों को हटाने के बाद खासकर त्योहारी सीजन के दौरान खासकर त्योहारी सीजन के दौरान भरपाई हुई है। दास ने कहा, पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था में 23.9 प्रतिशत की तेज गिरावट और दूसरी तिमाही में गतिविधियों के काफी तेजी से सामान्य होने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में उम्मीद से बेहतर गति से भरपाई हुई। वृद्धि के परिदृश्य भी बेहतर हुए हैं, लेकिन हाल में यूरोप में और भारत के कुछ हिस्सों में संक्रमण के मामले बढ़ने के चलते वृद्धि में गिरावट के जोखिम भी बने हुए हैं। हमें त्योहारी सीजन के बाद मांग की स्थिरता और वैक्सीन को लेकर बाजार की उम्मीदों पर नजर बनाए रखने की जरूरत है। दास ने कहा कि आरबीआई वित्तीय बाजारों के कामकाज को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी नकारात्मक जोखिम को कम करने के लिए काम किया जाएगा। महंगाई के मोर्चे पर अस्थाई दबाव बना हुआ है, लेकिन साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार संतोषजनक है। भारत पूंजी खाते की परिवर्तनीयता को एक घटना के बजाए एक प्रक्रिया के रूप में आगे बढ़ाने के अपने दृष्टिकोण को बनाए रखेगा। भारत के पूंजी खाते में एक बड़ी सीमा तक परिवर्तनीतया है। उन्होंने इस संदर्भ में देश के बाहर से पूंजी लाने-ले जाने की तमाम छूट का उल्लेख किया। पूंजी परिवर्तनीयता का मामला काफी संवेदनशील मामला है क्योंकि यह देश से धन बाहर ले जाने और लाने की आजादी से जुड़ा है। भारत ने 1990 के दशक में आर्थिक सुधारों के साथ पूंजी परिवर्तनीयता की आंशिक मंजूरी दी थी। फिलहाल कुछ सीमा और पाबंदियों के साथ रुपया आंशिक रूप से परिवर्तनीय है। मौजूदा वृहत आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए पूंजी खाते की परिवर्तनीयता को लेकर एक घटना के बजाए प्रक्रिया के रूप में हमारा रुख जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में अल्पकालीन और मध्यम अवधि के लक्ष्यों के साथ दीर्घकालीन दृष्टिकोण रखा गया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि देश के बांड बाजार में पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) का सोच-विचार कर युक्तिसंगत मानदंडों के आधार पर विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि एफपीआई निवेश के लिए मध्यम अवधि की रूपरेखा के तहत सीमा को बढ़ाया गया और प्रक्रियाओं को युक्तिसंगत बनाया गया है। फिलहाल ज्यादातर क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति है।

## रुपए में डॉलर के मुकाबले लगातार पांचवें दिन तेजी

**मुंबई।** रुपए की विनिमय दर मे बृहस्पतिवार को लगातार पांचवे दिन तेजी आई। घरेलू शेयरों में भारी लिवाली और विदेशी पोर्टफोलिया निवेश मे तेजी के बीच अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपया तीन पैसे की तेजी के साथ प्रति डालर 73.88 पर बंद हुआ। अन्तरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार मे रुपए मे एक सीमित दायरे मे घट बढ़ देखी गई। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों से इस महामारी के टीके के विकास मे सफलता के समाचारों से पैदा उत्साह प्रभावित हुआ है।

## श्रमिक संगठनों की हड़ताल से सरकारी बैंकों में कामकाज आंशिक तौर पर प्रभावित

**नई दिल्ली, मुंबई।** केंद्रीय श्रमिक संगठनों की एक दिन की हड़ताल में बृहस्पतिवार को कुछ बैंक कर्मचारी संगठनों के भी शामिल होने से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में कामकाज आंशिक तौर पर प्रभावित रहा। बैंकों की कई शाखाओं में जमा, निकासी और चेक समाशोधन का काम प्रभावित हुआ। बैंक संगठनों का दावा है कि हड़ताल के चलते करीब 18,000 करोड़ रुपए मूल्य के चेक समाशोधन के लिए नहीं भेजे जा सके। वहीं देश के कुछ इलाकों में एटीएम भी सूने पड़े रहे। हालांकि देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक और निजी क्षेत्र के बैंकों में कामकाज सामान्य बताया गया। भारतीय मजदूर संघ को छोड़कर 10 केंद्रीय मजदूर संगठनों ने मुख्य तौर पर नए कृषि और श्रम कानूनों समेत सरकार की विभिन्न नीतियों के खिलाफ यह हड़ताल बुलाई थी। ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन (एआईबीईए), ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईबीओए) और बैंक एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीईएफआई) से जुड़े बैंक कर्मचारी हड़ताल में शामिल हुए। वहीं बैंक अधिकारियों के एक संगठन- अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) के महासचिव सौम्य दत्ता ने कहा कि संगठन हड़ताल में शामिल नहीं हुआ लेकिन वह इसका समर्थन करता हे। उन्होंने कहा कि संगठनों ने सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रस्तावित निजीकरण के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान छेड़ा है।

# शेयर बाजारों में चमक बिखरी

● **वैश्विक संकेतों का असर**

**भाषा। मुंबई**







बैंकों और वित्त कंपनियों के शेयरों में लिवाली के बीच शेयर बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए। नवंबर के वायदा एवं विकल्प (डेरिवेटिव) सौदों की निपटान तिथि होने और वैश्विक बाजारों के सकारात्मक संकेतों से स्थानीय बाजार में मजबूती रही। बीएसई का 30 कंपनियों के शेयर वाला सूचकांक सेंसेक्स 431.64 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की बढ़त के साथ 44,259.74 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 128.60 अंक यानी एक प्रतिशत की तेजी रही और यह 12,987 अंक पर बंद हुआ।

बाजार बुधवार को मुनाफावसूली का दौर चलने से तेज गिरावट के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स में शामिल टाटा स्टील का शेयर 5.16 प्रतिशत की तेजी के साथ सबसे अधिक लाभ में रहा। बजाज फाइनेंस, बजाज ऑटो, एचडीएफसी,एचसीएल टेक्नोलॉजीस और टाइटन भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी तरफ, मारुति, ओएनजीसी, इंडसइंड बैंक और टेक महिंद्रा में गिरावट रही। कोविड-19 के टीके से जुड़ी सकारात्मक खबरों के चलते वैश्विक बाजारों में तेजी रही। हालांकि कई देशों में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों की चिंता भी बाजारमें दिखी।

## विलय पर रोक लगाने से हाई कोर्ट का इंकार

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने लक्ष्मी विलास बैंक (एलवीबी) के डीबीएस बैंक इंडिया में विलय पर रोक लगाने से बृहस्पतिवार को इंकार कर दिया। विलय 27 नवंबर से प्रभावी हो जाएगा। न्यायमूर्ति नितिन जामदार और मिलिंद जाधव की खंड पीठ लक्ष्मी विलास बैंक और इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रवर्तकों के एक समूह की ओर से दायर इस याचिका की सुनवाई कर रही है। इस याचिका मे विलय को चुनौती दी गई है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को विलय पर अंतरिम रोक लगाने से मना कर दिया।

## मिया बाय में ब्लैक फ्राइडे सेल

**मुंबई।** भारत के सबसे फैशनेबल ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक मिया बाय तनिष्क में थैंक्सगिविंग और उसके बाद आने वाली छुट्टियों के लिए खास ब्लैक फ्राइडे सेल शुरू हो रहा है। ब्लैक फ्राइडे नज़दीक आ रहा है और अपने ग्राहकों को उसकी खुशियों का ज्यादा से ज्यादा अनुभव दिलाने के लिए मिया आकर्षक ऑफर्स लेकर आए है। 26 से 29 नवंबर 2020 के दौरान मिया बाय तनिष्क के उत्पादों पर ग्राहकों को 25ः तक की भारी छूट दी जाएगी। थैंक्सगिविंग का महीना परिवार और दोस्तों के साथ मनाते हुए मिया के 14 कैरेट के, वजन में हल्के, फैशन और स्टाइल में बेहतरीन, सोने और चांदी के जेवरातों के उपहार देने और लेने में खुशियों की बौछार होगी।

## स्कोडा फॉक्सवैगन को नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को जर्मन कार विनिर्माता स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें एक उपभोक्ता द्वारा उसकी डीजल कार में कथित रूप से धोखा देने वाले उपकरण के इस्तेमाल पर उत्तर प्रदेश में दर्ज एफआईआर को चुनौती दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यन की पीठ ने यह फैसला सुनाया और ऑटोमोबाइल निर्माता की याचिका को खारिज कर दिया।

# इस साल लोकतंत्र की परीक्षा थी लोग इसमें खरे उतरे : बाइडन



**● बाइडन ने कहा, अगर आपको जानना है कि अमेरका के दिल की गहराई में क्या धड़कता है तो यह लोकतंत्र है अपने जीवन, अपने अधिकार और अपने नेता को चुनने का अधिकार**

**भाषा ।** वाशिंगटन

**नवनिर्वाचित राष्ट्रपति** जो बाइडन ने कहा कि कोरोना वायरस के प्रकोप के बीच अमेरिकी चुनाव लोकतंत्र की एक परीक्षा थी और रिकॉर्ड मतदान कर लोग इसमें खरे उतरे।

उन्होंने यह भी कहा कि देश की कोरोना वायरस से लड़ाई जारी है और साथ ही इसे मात देने के लिए अपने प्रयास दोगुने करने का आह्वान किया ।डेलावेयर के विलमिंगटन में अपने थैंक्सगिविंग संबोधन में बाइडन ने कहा, हमें लोकतंत्र का आभारी होना चाहिए। इस साल चुनाव में, हमने देखा कि रिकॉर्ड संख्या में अमेरिकियों ने अपने पवित्र अधिकार का इस्तेमाल किया...वह है मताधिकार... अपनी इच्छा को मतदान पेटी तक पहुंचाया। जरा सोचें कि वैश्विक महामारी के बीच, अमेरिका के इतिहास में सबसे अधिक लोगों ने वोट किया।

उन्होंने कहा, 15 करोड़ से अधिक लोगों ने वोट दिया। यह बेहद असाधारण है। बाइडन ने कहा, अगर आपको जानना है कि अमेरका के दिल की गहराई में क्या धड़कता है तो यह लोकतंत्र है। अपने जीवन, अपने अधिकार और अपने नेता को चुनने का अधिकार। सुनवाई का अधिकार। इस साल हमरे लोकतंत्र की परीक्षा हुई और हमने पाया कि इस देश के लोग इसमें खरे उतरे। उन्होंने कहा, अमेरिका में, हमारे पास पूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव हैं और फिर हम परिणामों का सम्मान भी करते हैं। इस देश के लोग और इसके काननू किसी और चीज के लिए नहीं है। वोट के जरिए, हमें नए सिरे से यह याद दिलाया जाता है कि प्रगति संभव है।

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने देश से एकजुट होने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा, आप चाहते हैं कि डेमोक्रेट्स, रिपब्लिकन्स और निर्दलीय सभी एक साथ आएं और एक साथ काम करें। मेरे दोस्तों उ मैं भी यही करना चाहता हूं। इस थैंक्सगिविंग पर यह बहुत कठिन लग रहा होगा, लेकिन हम एक बार फिर बड़ा सपना देखेंगे।

कोरोना वायरस के खिलाफ जंग पर बाइडन ने कहा कि इस देश में अमेरिकी करीब एक साल से वायरस से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, इससे हमें दर्द मिला, हमें काफी नुकसान हुआ और हममें काफी कुंठा पैदा हुई है और करीब 2,60,000 अमेरिकियों की मौत हुई है और यह आंकड़ा अब भी बढ़ता जा रहा है। इसने हमें विभाजित कर दिया, हमें गुस्सा दिलाया और हमें एक दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया। मुझे पता है कि देश इन सब से थक चुका है। बाइडन ने कहा, लेकिन हमें याद रखना होगा कि हम वायरस के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं, एक-दूसरे के खिलाफ नहीं। यह वही क्षण है, जहां हमें अपने प्रयास दोगुने करने होंगे.... याद रखें हम इसके खिलाफ एकसाथ हैं।

## ट्रंप ने पूर्व एनएसए माइकल फ्लिन को दी माफी

**● न्याय विभाग द्वारा जनरल फ्लिन के मामले की एक स्वतंत्र समीक्षा की गई और वह इस निष्कर्ष का समर्थन करता है**

**भाषा ।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) माइकल फ्लिन को माफी देने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। फ्लिन पर 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रंप के अभियान दल और रूस के बीच संभावित मिलीभगत को लेकर एफबीआई के समक्ष गलत बयान देने का आरोप लगाया गया था। ट्रंप ने बुधवार को कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए।ट्रंप ने ट्वीट किया, मुझे यह बताते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि जनरल माइकल टी. फ्लिन को पूरी तरह माफ कर दिया गया है। जनरल फ्लिन और उनके परिवार को बधाई। मुझे पता है यकीनन अब आप अच्छे से थैंकसगिविंग मना पाएंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कायले मैकनेनी ने कहा, राष्ट्रपति ने जनरल फ्लिन को माफी दे दी है क्योंकि उन पर कभी मुकदमा चलाया ही नहीं जाना चाहिए था। न्याय विभाग द्वारा जनरल फ्लिन के मामले की एक स्वतंत्र समीक्षा की गई और वह इस निष्कर्ष का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि वास्तव में, न्याय विभाग दृढ़ता से इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि फ्लिन के खिलाफ आरोप हटाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा, यह पूर्ण क्षमा, अंततः एक निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ पक्षपातपूर्ण मुकदमे को खत्म करती है।



वाशिंगटन में नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति कमला हैरिस व उनके पति डाउग इमोफ लोगों का अभिवादन करते हुए

# तुर्की में 2016 के तख्तापलट को लेकर पायलटों नागरिकों को आजीवन कारावास की सजा

**एपी ।** अंकारा

**● अनादोलु संवाद समिति ने बताया कि अदालत ने चार लोगों को देश के खिलाफ अपराध राष्ट्रपति की हत्या का प्रयास और हत्या के मामले में सजा सुनाई और उन्हें अलग-अलग 79 आजीवन कारावास की सजा सुनाई**

**तुर्की की** एक अदालत ने, 2016 में तख्तापलट के एक असफल प्रयास में संलिप्तता के दोषी पाए गए कई सैन्य अधिकारियों और नागरिकों को एक हवाई अड्डे पर बृहस्पतिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यह जानकारी सरकारी संवाद समिति ने दी।राजधानी अंकारा के बाहरी इलाके में स्थित अकिंसी हवाई अड्डे पर पिछले तीन वर्षों से 475 लोगों पर मुकदमा चल रहा था जिनमें जनरल और लड़ाकू विमानों के पायलट भी शामिल हैं। इन सभी पर तख्तापलट करने और संसद भवन के एक हिस्से सहित महत्वपूर्ण सरकारी भवनों पर बमबारी करने का आदेश देने का आरोप है।अमेरिका के मौलाना फतुल्ला गुलेन के नेतृत्व में एक नेटवर्क के संदिग्ध सदस्यों के खिलाफ चल रहे दो मुख्य मुकदमों में यह बड़ा मुकदमा भी शामिल है। अंकारा का आरोप है कि गुलेन ने विफल प्रयास का षड्यंत्र रचा ।गुलेन ने तख्तापलट में संलिप्तता से इंकार किया है। तख्तापलट के प्रयास के कारण करीब 220 लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग जख्मी हो गए थे। इसमें तख्तापलट के करीब 30 षड्यंत्रकारी भी मारे गए।

अनादोलु संवाद समिति ने बताया कि अदालत ने चार लोगों को देश के खिलाफ अपराध, राष्ट्रपति की हत्या का प्रयास और हत्या के मामले में सजा सुनाई और उन्हें अलग-अलग 79 आजीवन कारावास की सजा सुनाई ।अनादोलु ने बताया कि कम से कम 21 प्रतिवादियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई जिनमें पायलट और कमांडर भी शामिल हैं। अन्य प्रतिवादियों की सजा अभी नहीं सुनाई गई है ।अदालत ने कहा कि गुलेन और चार अन्य प्रतिवादियों पर आरोपों को लेकर अलग मुकदमा चलेगा ।अभियोजकों ने आरोप लगाया कि तख्तापलट के षड्यंत्रकारियों ने अकिंसी हवाई अड्डे का इस्तेमाल अपने मुख्यालय के तौर पर किया। तख्तापलट की रात को तुर्की के तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल हुलिसी अकार और अन्य कमांडरों को कई घंटे तक हवाई अड्डे पर बंधक बनाकर रखा गया। हुलिसी वर्तमान में देश के रक्षा मंत्री हैं ।तख्तापलट के बाद कार्वाई के तहत मुकदमे की शुरुआत एक अगस्त 2017 को हुई थी, जिसके तहत करीब 77 हजार लोगों को कैद में डाला गया और एक लाख 30 हजार लोगों को सरकारी नौकरियों से निकाला गया।

# अबू धाबी के राजकुमार के साथ भारत-यूएई संबंधों को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने की चर्चा

**भाषा ।** अबू धाबी

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने खाड़ी देश की यात्रा के दौरान अबू धाबी के शाहजादे शेख मोहम्मद बिन जाएद अल नाहयान के साथ कोविड महामारी के बाद भारत और यूएई के बीच रणनीतिक सहयोग और संबंधों के बेहतर होने पर चर्चा की ।दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी बातचीत की। जयशंकर बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात और सेशेल्स के छह दिवसीय दौरे के दूसरे पड़ाव में बुधवार रात को यहां पहुंचे। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के बीच जयशंकर की बहरीन की पहली यात्रा काफी महत्वपूर्ण समझी जा रही है ।जयशंकर ने बुधवार देर रात ट्वीट किया, अबू धाबी आने पर मेरा स्वागत करने के लिए मोहम्मद बिन जाएद का धन्यवाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शुभकामनाएं दी हैं। यूएई के भारतीय समुदाय की तरफ यूएई का देखभाल भरा रवैया सराहना योग्य है। उन्होंने कहा, कोविड के बाद के दौर में हमारे रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। साथ ही महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बातचीत हुई। कोरोना वायरस के कारण यूएई में अब तक कुल ।,63,000 लोग संक्रमित हो चुके हैं और 563 लोगों की मौत हो चुकी हैं। विदेश मंत्री के दौरे से पहले ही विदेश मंत्रालय ने कहा था कि यूएई में 30 लाख से अधिक भारतीय रहते हैं और रोजगार करते हैं ।अबू धाबी में भारतीय दूतावास की वेबसाइट के अनुसार, लगभग 30.4 लाख का भारतीय प्रवासियों का समुदाय संयुक्त अरब अमीरात में सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है और देश की कुल आबादी का 30 प्रतिशत है। अपने दौरे के अंतिम चरण में विदेश मंत्री 27 और 28 नवंबर को सेशेल्स की यात्रा करेंगे। सेशेल्स में जयशंकर वहां के नेतृत्व से वार्ता करेंगे।



सिओल के राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मून जेई इन व चीन के विदेश मंत्री वांग यी समझौते के बाद मिलते हुए

## क्विक न्यूज

### ऋषि सुनक ने आतंकवाद निरोधक संचालन केंद्र बनाने के लिए बजट आवंटित किया

**लंदन।** ब्रिटेन के चांसलर ऋषि सुनक ने लंदन में आतंकवाद निरोधक संचालन केंद्र (सीटीओसी) बनाने के लिए लाखों पाउंड आवंटित करने की घोषणा की है। बुधवार को संसद में पेश अगले साल की बजटीय योजनाओं के लिए खर्च की समीक्षा करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि वे 2021-22 में 6,000 नए अधिकारियों के साथ 2023 तक 20,000 और पुलिस अधिकारियों की भर्ती में मदद करने के लिए अतिरिक्त 40 करोड़ पाउंड, आर्थिक अपराध से निपटने के लिए 6.3 करोड़ पाउंडअ और सीओटीसी सहित आपराधिक न्याय प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए 33.7 करोड़ पाउंड अतिरिक्त धन आवंटित करेंगे। सुनक ने कहा कि हमारी पुलिस और खुफिया एजेंसियां हम सभी को आतंकवाद से बचाने के लिए लगातार काम करती है।उन्होंने कहा कि इन सभी को एक साथ लाने के उद्देश्य से एक विश्व अग्रणी संचालन केंद्र उन्हें सरकार के सथ मिलकर काम करने की अनुमति देगा ।ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल ने कहा, हम अपनी पुलिस, खुफिया एजेंसियो और आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रति ऋणी है जो हमें आतंकवाद से सुरक्षित रखने के लिए हर दिन अथक परिश्रम करते है। यह विश्व-अग्रणी केंद्र सभी को मिलकर काम करने के लिए एकीकृत करेगा ताकि हम राष्ट्र के सामने आने वाले खतरों का जवाब दे सकें।

### पाकिस्तान ने संघर्ष विराम समझौते के उल्लंघन पर भारतीय राजनयिक को तलब किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा संघर्ष विराम समझौते के कथित उल्लंघन पर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए बृहस्पतिवार को भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया।विदेश कार्यालय ने कहा कि बुधवार को एलओसी के बगसार सेक्टर में अंधाधुंध और बिना किसी उकसावे के की गई गोलीबारी के कारण गढ़ी गांव के निवासी 33 वर्षीय अंसार की मौत हो गई। विदेश कार्यालय ने कहा कि भारत से 2003 के संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने, इस घटना की तथा संघर्ष विराम उल्लंघन की ऐसी ही कुछ अन्य घटनाओं की जांच कराने तथा एलओसी और कामकाजी सीमा पर शांति बनाए रखने का आह्वान किया गया।

### पाकिस्तान : बिलावल भुट्टो कोरोना वायरस से संक्रमित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में विपक्षी पार्टी पीपीपी के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए है। पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के 32 वर्षीय अध्यक्ष और देश की दो बार प्रधानमंत्री रही बेनजीर भुट्टो के बेटे बिलावल भुट्टो ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके संक्रमित होने की पुष्टि होने के बाद से वह पृथक-वास में चले गए है। बिलावल ने ट्वीट किया, मै कोविड-19 से संक्रमित पाया गया हूं और स्वयं पृथक-वास मे हूं। मुझमे बीमारी के मामूली लक्षण है। मै घर से काम करना जारी रखूंगा और वीडियो लिंक के माध्यम से पीपीपी स्थापना दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करूंगा। उनके राजनीतिक सचिव जमील सूमरो के संक्रमित पाए जाने के बाद, उन्होंने बुधवार को खुद को राजनीतिक गतिविधियों से दूर रखने का फैसला किया था। इस बीच पाकिस्तान में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 3,306 नए मरीजो की पुष्टि हुई जिसके बाद बृहस्पतिवार को कुल मामले बढ़कर 3,86,198 पहुंच गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीमारी के कारण 40 और लोगो ने दम तोड़ दिया है। मृतक संख्या 7,843 पहुंच गई है। उसने बताया कि देश में संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 43,963 है।

### पाकिस्तान 26/11 हमलों के 12 साल बाद भी लश्कर के 19 वांछित आतंकवादियों को पकड़ने में नाकाम

**लाहौर।** मुंबई मे हुए 26/11 हमलो के 12 वर्षो बाद, पाकिस्तान ने प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के 19 आतंकवादियो को इस वारदात को अंजाम देने के लिए सर्वाधिक वांछित आतंकवादियो की सूची में रखा तो जरूर लेकिन उन्हे पकड़ने के लिए उसने कोई गंभीर प्रयास नही किए और न ही उन सात आतंकियो को दंडित करने की कोई कोशिश की जो यहां मुकदमे का सामना कर रहे है। सुरक्षा एजेंसियो के यहां इन 19 सर्वाधिक वांछित आतंकवादियो के पते-ठिकाने की कोई जानकारी नहीं। उनमे से कुछ पाकिस्तान मे छिपे है और अन्य के बारे मे माना जाता है कि वे देश छोड़कर भाग गए है। ये आतंकवादी या तो हमलावरो द्वारा इस्तेमान नावो के चालक दल के सदस्य थे या फिर 26।11 हमले के लिए आर्थिक मदद करने वाले। लश्कर के इन 19 आतंकवादियों को सूची में शामिल करने का कदम संभवतः पेरिस स्थित वैश्विक धन शोधन व आतंकी वित्त पोषण निगरानी संस्था के पाकिस्तान को फरवरी 2021 तक ग्रे सूची मे रखने के फैसले के बाद किया गया। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स ने पाकिस्तान के छह प्रमुख दायित्वों को पूरा करने मे विफल रहने पर यह फैसला किया था। पाकिस्तान जिन दायित्वों को पूरा करने मे विफल रहा उनमे भारत के दो सर्वाधिक वांछित आतंकवादी- जमात-उद-दावा के प्रमुख हाफिज सईद और जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के खिलाफ कार्रवाई करना भी शामिल था। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के अधिकारियो ने पीटीआई को बताया कि सुरक्षा एजेंसियो ने पाकिस्तान मे 1200 सर्वाधिक वांछित प्रमुख आतंकवादियो की सूची तैयार की है जिससे उन्हे पकड़ने मे विभिन्न प्राधिकारो के बीच बेहतर समन्वय रहे।

# भारत और नेपाल ने आपसी सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई

**भाषा ।** काठमांडू

**● नेपाली विदेश मंत्रालय ने इस सप्ताह एक वक्तव्य जारी कर कहा था कि यह दौरा दोनों पड़ोसी देशों के बीच जारी उच्च स्तरीय बातचीत का एक हिस्सा है**

**भारत के** विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला और उनके नेपाली समकक्ष भरत राज पौडयाल के बीच बृहस्पतिवार को एक बैठक हुई। बैठक के दौरान भारत और नेपाल आपसी सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम करने पर सहमत हुए।

श्रृंगला नेपाल की अपनी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे। नेपाली विदेश सचिव भरत राज पौडयाल के आमंत्रण पर पहुंचे श्रृंगला का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

काठमांडू में भारतीय दूतावास की ओर से ट्वीट किया गया, विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला और भरत राज पौडयाल के बीच सकारात्मक बातचीत हुई। बैठक के दौरान उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की।

एक अन्य ट्वीट में दूतावास ने कहा, दोनों पक्षों ने विभिन्न द्विपक्षीय परियोजनाओं और पहल पर हुई प्रगति की सराहना की। आपसी सहयोग को बढ़ाने के दिशा में काम करने पर सहमति जताई गई।

श्रृंगला बृहस्पतिवार की सुबह त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय संवाददाताओं से कहा, मैं यहां पहले भी आना चाहता था लेकिन कोविड-19 के चलते नहीं आ सका था। यहां आकर मैं बहुत खुश हूं। मैं काठमांडू पहले भी आया हूं, हालांकि विदेश सचिव के तौर पर यह मेरी पहली नेपाल यात्रा है। हमारे सबंध बहुत मजबूत हैं। इस रिश्ते को और प्रगाढ़ करने का हमारा प्रयास होगा। उन्होंने कहा, मैं नेपाल की सरकार और विदेश सचिव को गर्मजोशी से किए गए इस स्वागत के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। हम महत्वपूर्ण मुद्दों पर बैठक करने वाले हैं। मेरी पहली मुलाकात नेपाल के विदेश सचिव से होगी और उसके बाद मैं विदेश मंत्री प्रदीप ग्यावली से भेंट करूंगा। मैं काठमांडू में गणमान्य व्यक्तियों से भी मुलाकात करूंगा।

नेपाली विदेश मंत्रालय ने इस सप्ताह एक वक्तव्य जारी कर कहा था कि यह दौरा दोनों पड़ोसी देशों के बीच जारी उच्च स्तरीय बातचीत का एक हिस्सा है ।मंत्रालय के अनुसार श्रृंगला बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली और राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी से भी मुलाकात करेंगे।

शुक्रवार को वह काठमांडू में स्थित होटल सोल्टी क्राउन प्लाजा में भारत-नेपाल संबंधों पर एक व्याख्यान देंगे और गोरखा में भारत की सहायता से निर्मित हुए तीन स्कूलों का निरीक्षण करेंगे। शुक्रवार को यात्रा के समापन से पहले श्रृंगला, नेपाली सरकार को कोविड-19 से मुकाबले के लिए सहायता सामग्री सौंपेंगे।

वर्ष 2015 में आए भूकंप के केंद्र गोरखा में पचास हजार घरों का निर्माण कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आश्वासन दिया था जिनमें से चालीस हजार घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। श्रृंगला, तिब्बत सीमा पर स्थित मनंग जिले में एक बौद्ध मठ का उद्घाटन भी करेंगे जिसका पुनर्निर्माण भारत की सहायता से किया गया है।

इस बीच, श्रृंगला के भारत लौटने के कुछ समय बाद ही चीन के रक्षा मंत्री जनरल वेई फेंगे के नेपाल दौरे पर आने का कार्यक्रम निर्धारित है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने यहां जानकारी दी। वेई रविवार को यहां चार दिवसीय दौरे पर आ सकते हैं, हालांकि यात्रा की तारीख की आधिकारिक घोषणा अभी तक नहीं की गई है।

# 26/11: भारत के साथ है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के प्रति दृढ़ : अमेरिका


**भाषा ।** वाशिंगटन

**अमेरिका ने** कहा है कि वह भारत के साथ है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए दृढ़ है। साथ ही मुंबई में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों को इंसाफ दिलाने के लिए दोषियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुंबई में 26 नवंबर 2008 को भीषण आतंकवादी हमला हुआ था ।अमेरिकी विदेश मंत्रालय की उप प्रवक्ता काल ब्राउन ने बुधवार को कहा, न्याय के लिए इनाम योजना के जरिए हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि इस जघन्य हमले के सभी दोषियों को न्याय के दायरे में लाया जाए। ब्राउन ने कहा, मुंबई 26।11 हमले की 12वीं बरसी पर अमेरिका दोषियों को न्याय के दायरे में लाने और अमेरिका के छह नागरिकों सहित सभी पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित कराने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है। अपने भारतीय साझेदारों के साथ खड़े रहते हुए हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के प्रति दृढ़ हैं। गौरतलब है कि पकिस्तानी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दस आतंकवादियों ने पूरे मुंबई में चार दिन तक 12 आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया था। 26 नवंबर 2008 को हुए इन हमलों में छह अमेरिकियों और नौ आतंकवादियों सहित कम से कम 166 लोग मारे गए थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे ।ताजमहल होटल, ओबेरॉय होटल, लियोपोल्ड कैफे, नरीमन (चबाड) हाउस और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस रेलवे स्टेशन आदि को निशाना बनाया गया था। विदेश मंत्रालय ने बताया कि न्याय के लिए इनाम कार्यक्रम इन हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों के संबंध में सूचना देने पर 50 लाख डॉलर तक का इनाम देने की पेशकश करता है। इस बीच भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों ने मुंबई आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को बुधवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।


ट्रेंड बाजार

## कभी न भूलें- क्यों की थी शुरुआत?

**अभिनेता** राजकुमार राव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से कुछ ज्ञान की बातें साझा की हैं। इंस्टाग्राम पर एक फोटो साझा करते हुए उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'आपने प्रारंभ क्यों किया था, इसे कभी विस्मृत न कीजिये।' राजकुमार राव की फिल्म लूडो हाल ही में रिलीज़ हुई है। अनुराग बसु निर्देशित इस फिल्म में चार कहानियां हैं और इसमें एक अलग प्रकार के हास्य को चित्रित करने का एक अनूठा प्रयास किया गया है। उनके साथ फिल्म में अभिषेक बच्चन, फातिमा सना शेख, रोहित सर्राफ, आदित्य रॉय कपूर, पंकज त्रिपाठी तथा सान्या मल्होत्रा आदि ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। उनकी आने वाली फिल्मों के नाम हैं 'बधाई दो तथा रूहीअज़ा।



## सानिया मिर्जा ने दिया मिथ्या धारणाओं से मुक्ति का संदेश



**प्रख्यात** टेनिस खिलाड़ी सान्या मिर्ज़ा का कहना है, 'हमारे देश में टीबी आज भी सावर्जनिक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा मानी जाती है। इसके आज तक केवल 40 प्रतिशत प्रकरणों का पता चल सका है और यही कारण है कि हमें इस संबंध में किसी भी प्रकार की मिथ्याधारणाओं से मुक्ति पानी होगी। एमटीवी निषेध अलोन टुगेदर, कार्यक्रम इस संदेश को अनूठे एवं प्रभावी ढंग से लोगो तक पहुंचाने में लगा है।'

## शाकाहारी भोजन प्रिय है मानुषी छिल्लर को



**मिस** वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर अपना बॉलिवुड पदार्पण फिल्म पृथ्वीराज के माध्यम से कर रही हैं जिसमें उनके सामने अक्षय कुमार हैं उनका कहना है कि वो शाकाहारी हैं और उन्हें ये प्रिय है। अंतर्राष्ट्रीय मांसरहित दिवस पर उन्होंने अपने संदेश में कहा, 'मेरे लिए शाकाहारी होना एक व्यक्तिगत चयन का विषय था। मैं सदा ही शाकाहारी थी और आगे भी रहूंगी क्योंकि मेरे माता-पिता शाकाहारी हैं और ये मैंने उनसे ही सीखा है। लेकिन उन्होंने ये मुझपर थोपा नहीं है। मैंने ही इसे चुना है जब मैंने ये अनुभव किया कि ये मुझे अच्छा लगता है और मैं इसके माध्यम से अधिक फिट, स्वस्थ तथा पौधा आधारित भोजन मुझे अच्छा पड़ता है। मुझे इसमें पूरा विश्वास भी है।

## ग्रैमी से कुपित हुए जस्टिन बीबर

**गायक** जस्टिन बीबर को इस बार उनके एलबम चेंजेज़, के लिए चार ग्रैमी नामांकन मिले हैं। उन्हें बेस्ट पॉप परफॉर्मेंस, बेस्ट पॉप डुओ/ग्रुप परफॉर्मेंस, बेस्ट पॉप वोकल एलबम तथा बेस्ट कंट्री डुओ/ग्रुप परफॉर्मेंस श्रेणियों में ये नामांकन प्राप्त हुए हैं।

बीबर ने इस घोषणा के बाद अकादमी को इंस्टाग्राम पर एक पत्र लिखा जिसमें उन्होंने एक आरएंडबी एलबम बनाने के अपने एक मिशन को उचित सम्मान न मिलने के बारे में बताया।



उन्होंने लिखा, 'टू द ग्रैमी, अपनी कला के लिए सम्मान दिये जाने पर मैं अत्यधिक हर्षित हूं। अपने संगीत के संबंध में मैं बहुत चयनशील और सटीक रहना चाहता हूं। लेकिन मैंने एक आरएंडबी एलबम बनाया था। चेंजेज़ एक आरएंडबी एलबम है लेकिन दुख है कि इसे वो मान्यता नहीं दी जा रही।'

# ओटीटी शो 'दिल्ली क्राइम' को मिला एमी पुरस्कार

**फिल्म 'दिल्ली क्राइम को 48वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवार्ड से विभूषित किया गया है। इससे पता चलता है कि ओटीटी प्लेटफार्म पर कहानियों की गुणवत्ता में आए हालिया बदलाव को पूरी दुनिया मान्यता प्रदान कर रही है। विदित हो कि हमारे मुख्यधारा के सिनेमा को ये सम्मान कभी प्राप्त नहीं हो सका।**

**धीर-धीरे** ही सही भारत और भारतीयता को पश्चिम के शो बिजनेस में उचित स्थान मिलने लगा है। ओटीटी स्पेस पर देश की बढ़ती उपस्थिति के चलते ही ऐसा संभव हो सका है। नेटलिक्स पर चल रही सीरीज़ दिल्ली क्राइम को 48वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवार्ड समारोह में 'सर्वश्रेष्ट ड्रामा श्रेणी' में ये पुरस्कार दिया गया। जैसा कि शेफाली शाह ने कहा भी है, 'इससे हमारे प्रयासों को चार चांद लग गए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कहानियों की गुणवत्ता में आए हालिया बदलाव को पूरी दुनिया मान्यता प्रदान कर रही है लेकिन हमारे मुख्यधारा सिनेमा को ये स्थान और सम्मान कभी प्राप्त नहीं हो सका।

ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी भारतीय शो को कोई अंतर्राष्ट्रीय एमी पुरस्कार प्राप्त हुआ हो। लेखक और निर्देशक रिची मेहता की सात एपिसोड वाली इस सीरीज़ में शेफाली शाह को डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी का मुख्य चरित्र निभाने को मिला है। वो इसमें दिसंबर 2012 में दिल्ली में हुए वीभत्स सामूहिक बलात्कार की जांच कर रही हैं। शेफाली का कहना है, 'मैं अभिभूत हूं और हर्षोन्माद जैसा कुछ अनुभव कर रही हूं। ये अद्भुत अनुभूति है। मैं इस सीरीज़ का हिस्सा बनने पर गर्व का अनुभव कर रही हूं। ये हमारे प्रयासों को एक महान स्वीकृति जैसी है और मेरे बिना भी दिल्ली क्राइम अपने प्रारंभ से ही विजेता शो रहा है। पहले दिन से ही मुझे पता था कि ये एक विशेष शो होने वाला है। एमी से हम वैश्विक मानचित्र पर अंकित हो गए हैं ये सम्मान प्राप्त कर हमें गर्व है।' उन्होंने आगे बताया, 'हमारे देश और हमारे लिए ये महान विजय जैसी है। इस शो



को दर्शकों का जो स्नेह मिला उसके लिए उन्हें हार्दिक धन्यवाद। हम इससे जुड़कर सम्मानित अनुभव कर रहे हैं ये एक ऐसा प्रयास था जिसने हमें वैश्विक मानचित्र पर अंकित कर दिया है। एमी आपके नामांकन और अनुभव के लिए आपका धन्यवाद। दिल्ली क्राइम की सुयोग्य टीम को बहुत बहुत बधाई।'

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद के अपने संबोधन में लेखक और निर्देशक मेहता ने निर्माता, ओटीटी प्लेटफार्म नेटलिक्स जिसपर ये शो दिखाया जा रहा है, कास्टिंग टीम तथा कलाकारों तथा विशेष रूप से शेफाली शाह अपने माता-पिता तथा पत्नी तथा सनडांस फिल्म फेस्टिवल तथा दिल्ली पुलिस की टीम जिसके प्रमुख थे नीरज कुमार छाया शर्मा का विशेष उल्लेख किया जिनके कारण ये शो संभव हो सका।

मेहता ने कहा, 'इस परियोजना को महिलाएं ही नेतृत्व प्रदान कर रही थीं, इसके वित्तपोषण तथा रिलीज़ का पूरा काम महिलाओं ने किया, इस अपराध को सॉल्व भी महिलाओं ने ही किया था। ये पुरस्कार इन्हीं महिलाओं के साहस के लिए है तथा उनके लिए भी जो हिंसा सहते हुए भी ऐसे अपराधों का पटाक्षेप भी करने में सफल रहती हैं।' उन्होंने पीड़ित लड़की तथा उसकी मां को श्रद्धांजलि प्रदान करते हुए कहा, 'अंतत: एक निडर मां और उसकी बेटी का उल्लेख आवश्यक है। एक दिन भी नहीं गुजरता जब मैं आप दोनों तथा दुनिया द्वारा आपके साथ किये गए घृणित अपराध के बारे में नहीं सोचता हूं। आशा है कि हम इस अपराध को कभी विस्मृत न करें।' इस कल्पना आधारित अपराध ड्रामा सीरीज़ में रसिका दुग्गल, आदिल हुसैन, राजेश तेलंग, अविजित दत्त तथा गोपाल दत्त एवं जया भट्टाचार्य, डेंज़िल स्मिथ, यशश्विनी दायमा जैसे कलाकारों ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं। रसिका ने बताया, 'दिल्ली क्राइम हमेशा हमारे हृदय के निकट रहेगी क्योंकि इसमे पितृसत्तात्मक समाज में वर्तिका, नीति, चांदनी जैसी महिलाओं का योगदान रेखांकित किया गया है। साथ ही इसमें ये भी बताया गया है कि एक समाज के रूप में हम सभी इस 2012 के बलात्कार के घटने के लिए कहीं न कहीं दोषी हैं।'

# बॉलीवुड ने 26/11 के पीड़ितों और शहीदों को किया याद

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन, उर्मिला मातोंडकर और कई अन्य बॉलीवुड हस्तियों ने मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले सुरक्षाकर्मियों व नागरिकों को बृहस्पतिवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि राष्ट्र अपने जवानों के बलिदानों के प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगा। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के 10 आतंकवादी 26 नवंबर 2008 को समुद्र के रास्ते मुंबई में घुस आए थे और उन्होंने 18 सुरक्षाकर्मियों समेत 166 लोगों की हत्या कर दी थी। करीब साठ घंटे तक चली जवाबी कार्वाई में लगभग 300 लोग घायल भी हो गए थे। अक्षय कुमार ने ट्वीट कर कहा, मुंबई के लोग 26।11 को कभी नहीं भुलेंगे। मुंबई आतंकी हमले के शहीदों और पीड़ितों को मेरी श्रद्धांजलि। हम जवानों के सर्वोच्च बलिदान के लिए हमेशा कृतज्ञ रहेंगे। मुंबई पुलिस के एक ट्वीट पर जवाब देते हुए 46 वर्षीय अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने शहीदों की तस्वीरों का एक कोलाज साझा किया और लिखा, 26।11 के शहीदों और पीड़ितों को



श्रद्धांजलि। मुंबई शहर के लोगों की मजबूती और खुले दिल को सलाम। आपके बलिदानों के लिए हम सब हमेशा ऋणी रहेंगे और आप हमारे दिलों में रहेंगे। अभिनेता रणवीर शौरी और अभिनेत्री रवीना टंडन ने भी हमले के पीड़ितों और शहीदों के लिए दुआ करते हुए कहा कि वे उनकी कुर्बानी को कभी नहीं भूल पाएंगे। अभिनेता रणदीप हूडा ने 26।11 हमले के बम निरोधी श्वान दस्ते का एक वीडियो साझा किया है जिसने हमलों के दौरान कई बमों तथा आरडीएक्स का पता लगाने में मदद की थी। हूडा ने ट्वीट किया मुंबई हमले के बाद 12 साल बीत गए। शहीद और पीड़ित हमेशा यादों में रहेंगे। आतंकवादियों ने ताजमहल होटल, ओबेरॉय होटल, लियोपोल्ड कैफे, नरीमन (चबाड) हाउस और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस रेलवे स्टेशन आदि को निशाना बनाया था। इस हमले में आतंकवाद रोधी दस्ते के प्रमुख हेमंत करकरे, एनएसडी कमांडो मेजर संदीप उन्नीकृष्णन, मुंबई के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अशोक कामटे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय सालस्कर और सहायक उप निरीक्षक तुकाराम ओम्ब्ले शहीद हो गए थे। सुरक्षाबलों की कार्वाई में नौ आतंकवादी मारे गए थे। अजमल कसाब नामक एकमात्र आतंकी जीवित पकड़ा गया था जिसे 21 नवंबर 2012 को फांसी दे दी गई थी।


# नसीरुद्दीन शाह को नहीं है कोई खेद



**जिस प्रकार** की कला का परिचय उन्होंने फिल्म पार, स्पर्श, पेस्टनजी, जुनून, मिर्च मसाला, जाने भी दो यारो में दिया और इसके बाद मासूम, अ वेडनेसडे, जलवा, द डर्टी पिक्चर या फिर इश्किया में उनका मंझा अभिनय रहा हो। इन सभी भूमिकाओं में हमें नसीरुद्दीन शाह का हर बार एक नया रूप देखने को मिला है। आज वो 70 वर्ष के हैं लेकिन कहना ही होगा कि वो टीवी के छोटे परदे से लेकर अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी उतने ही सफल अभिनेता साबित हो रहे हैं। उनकी सीरीज़ बंदिश बैंडिट में उनका अभिनय देखते ही बनता है। अपने चार दशक के फिल्मी कॅरियर में ऐसा कम ही रहा है जब उनके अभिनय का जादू न चला हो लेकिन उनका कहना है कि ऐस अवसरों का भी उन्हें किसी प्रकार का पछतावा नहीं है, 'जीवन में मुझे किसी प्रकार का पछतावा नहीं हैं। मुझसे त्रुटियां हुई हैं लेकिन मैंने उन्हें सुधारा भी है। मैंने उनसे कुछ सीखकर जीवन में आगे बढ़ने को प्राथमिकता दी। यदि मुझे किसी प्रकार का खेद हो तो मैं एक मूर्ख से अधिक कुछ नहीं हूं। मैंने कई भयानक फिल्मों में भी काम किया। कुछ को तो मैं ही खा गया। उन फिल्मों में काम करने हुए मुझे अच्छा नहीं लगा होगा लेकिन मुझे उन्हें करने का भी किसी प्रकार का खेद नहीं है। मेरे हर निर्णय ने मुझे कुछ न कुछ तो सिखाया ही है।'

# आर्या धरमचंद एण्डटीवी के शो येशु में निभाएंगे जोसेफ की भूमिका

**टेलीविजन** की दुनिया में दमदार किरदार निभाने वाले लोकप्रिय अभिनेता आर्या धरमचंद एण्डटीवी के आगमी शो येशु में येशु के पिता जोसेफ की भूमिका में नजर आएंगे। आर्या को सोनाली निकम (मेर) और बाल कलाकार विवान शाह (येशु) के साथ मुख्य भूमिका निभाते हुए देखा जाएगा। मेरी की येशु को बड़ा करने और उसे जिन्दगी के सही मायने समझाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अपने इस नए रोल पर टिप्पणी करते हुएए आर्या धरमचंद ने कहाए ष्मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे इस शो में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। मैंने अपने पूरे कॅरियर में कई तरह के किरदार निभाए हैंए लेकिन ये किरदार वाकई में बहुत खास है। इस शो का हिस्सा होने पर मुझे वाकई गर्व और खुशी महसूस हो रही है। इस भूमिका की तैयारी के लिएए मैंने बहुत सारी पठन सामग्रियों को खंगालना शुरू किया जिसमें स्क्रिप्ट और रिसर्च के पीसेस भी शामिल हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि दर्शक मुझे इस नए अवतार में बहुत पसंद करेंगे। मैं इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए उत्साहित हूं।ष्हिंदी के सामान्य मनोरंजन चैनलों में एण्डटीवी पहली बारए येशु की अनकहीए अनसुनी कहानी को लेकर आ रहा है जिसे अरविन्द बब्बल प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रोड्यूस किया गया है। येशु विशेष रूप से एक परोपकारी बच्चे की कहानी है जो सिर्फ अच्छी चीजें करता है और अपने आसपास खुशियां फैलाता है। सभी के लिए उसका प्यार और करुणा बुराई के बिलकुल विपरीत हैए शैतानी शक्तियां उनके जन्म और बचपन के समय जोरों पर थीं। अपने परिवार और समाज पर होने वाले अत्याचारों को देखकर उनके मन पर गहरा असर पड़ा। दूसरे लोगों की मदद करने और उनके दर्द को कम करने की कोशिश अक्सर उन्हें ऐसी राह पर ले जाती थी



जहां वह निश्चित रूप से आहत होते थे और न सिर्फ उत्पीड़कों बल्कि भारी संख्या में लोगों द्वारा उनकी निंदा की जाती थी। लेकिन इन सब बातों ने भी येशु को उनके मार्ग से हटने नहीं दिया। यह सिर्फ अच्छाई और बुराई के बीच के सिर्फ सबसे अच्छी कहानी ही नहीं है बल्कि इसमें येशु और उसकी मार्गदर्शक और सहयोगी उसकी मां की खूबसूरत कहानी को बयां किया गया है। अधिक जानने के लिए देखिये येशु जल्द आ रहा है एण्डटीवी पर!


## दूल्हा निकला कोरोना संक्रमित नव-दंपति गए गृह पृथकवास में

भाषा। पिथौरागढ़

**दूल्हे** की जांच रिपोर्ट में उसके कोविड-19 से पीड़ित होने का पता चलने के बाद नवविवाहित दंपति को विवाह समारोह के तुरंत बाद घर में पृथक कर दिया गया। दूल्हे की कोविड जांच रिपोर्ट विवाह की रस्मों के दौरान ही मालूम हुई। विवाह के लिए दिल्ली से पिथौरागढ़ के चेरा गांव आते समय रास्ते में चंपावत में दूल्हे की कोविड जांच की गई थी। दूल्हे की कोविड जांच रिपोर्ट लेकर विवाह स्थल पर पहुंचे पिथौरागढ़ के तहसीलदार पंकज चंदोला ने बताया कि यह घटना बुधवार रात सामने आई। उन्होंने बताया कि विवाह की बची हुई रस्मों को कोविड-19 संबंधी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पूरा किया गया और समारोह समाप्त होते ही दंपति को पृथक कर दिया गया। विवाह में शामिल हुए सभी ग्रामीणों के नमूने भी कोविड जांच के वास्ते लिए जा रहे हैं।

# कोविड-19 से प्रभावित अधिकतर लोगों के फेफड़े ठीक हो गए : अध्ययन

भाषा। लंदन



**कोविड-19** से बुरी तरह प्रभावित रोगियों के फेफड़ों के उत्तक अधिकतर मामलों में ठीक हो गए। एक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। नीदरलैंड के रेडबाउंड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि अस्पतालों के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती रोगी ज्यादा अच्छे तरीके से ठीक हो पाए। क्लीनिकल इन्फेक्शियस डिजीजेज़ पत्रिका में यह अध्ययन प्रकाशित हुआ है। कोविड-19 से बुरी तरह संक्रमित होने के बाद ठीक हो चुके 124 रोगियों को इस अध्ययन में शामिल किया गया। रोगियों की जांच सीटी स्कैन से की गई और उनके फेफड़ों की भी जांच की गई। तीन महीने के बाद शोधकर्ताओं ने जायजा लिया और पता चला कि रोगियों के फेफड़ों के उत्तक अच्छी तरह से ठीक हो चुके हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि फेफड़े के उत्तक में क्षति सामान्य तौर पर सीमित थी और उन रोगियों में ज्यादा थी जिनका इलाज आईसीयू में हुआ। अध्ययन के मुताबिक, तीन महीने के बाद सबसे सामान्य शिकायत थकान, सांस फूलना और सीने में दर्द की थी। फेफड़ा रोग विशेषज्ञ ब्रैम वान डेन बॉर्स्ट ने कहा, निमोनिया या एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम (एआरडीएस) से ठीक हुए मरीजों की भांति लक्षण इन रोगियों में भी दिखे, जिनमें फेफड़ों में तरल पदार्थ जम जाता है। अध्ययन में रोगियों को तीन श्रेणियों में विभक्त कर दिया गया -- एक समूह जो आईसीयू में भर्ती था, दूसरे समूह में अस्पताल के नर्सिंग वार्ड में भर्ती रोगी थे और ऐसे लोग तीसरे समूह में थे जिनमें लक्षण थे लेकिन वे घर पर ही रहे। अध्ययन में आकलन किया गया कि तीन महीने के बाद रोगियों पर क्या प्रभाव रहा।

# सिने सितारों ने कहा, बहुत शीघ्र छोड़कर चले गए माराडोना

**मुंबई लंदन।** बॉलीवुड सितारों शाहरुख खान, अजय देवगन, निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी और आसिफ कपाड़िया सहित कई फिल्मी हस्तियों ने दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अर्जेंटीना के इस महान फुटबालर को हमेशा याद किया जाएगा। दुनिया के महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार 1986 विश्व कप में अर्जेंटीना की जीत के नायक डिएगो माराडोना का बुधवार को निधन हो गया। पिछले लंबे समय से वह कोकीन की लत और मोटापे से जुड़ी कई परेशानियों से जूझ रहे थे।

खेल के लिए अपने शैक के लिए मशहूर अभिनेता शाहरुख खान



ने माराडोना की विश्वकप पकड़े एक तस्वीर साझा की और लिखा, आपको हमेशा याद रखा जाएगा और उम्मीद है कि आप जन्नत का उसी तरह से मनोरंजन करेंगे जैसे आपने इस दुनिया को रिझाया है।ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे। अपनी आगामी फिल्म मैदान में फुटबाल कोच का किरदार निभा रहे अजय देवगन ने ट्वीट किया, फिल्म मैदान के कारण मैं खेल को समझ पाया। वह एक दिग्गज फुटबॉलर और जुनूनी खिलाड़ी थे। उनके जाने से बहुत दुखी हूं। मोटवानी ने कहा कि माराडोना पहले फुटबॉल के खिलाड़ी थे जिसके बारे में उन्होंने सुना था। उन्होंने ट्वीट किया, 1986 का फाइनल मैच देखने के बाद मैंने फुटबॉल देखना शुरु कर दिया। विश्वास नहीं हो रहा कि वह इतनी जल्दी चले गए। फिल्मकार ने लोगों से भारतीय मूल के ब्रिटिश फिल्मकार आसिफ कपाड़िया द्वारा दिवंगत स्टार पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म डिएगो माराडोना देखने के लिए भी कहा। फुटबॉल और माराडोना के प्रशंसक, कपाड़िया ने कहा कि माराडोना की मौत को स्वीकार करना उनके लिए काफी मुश्किल है।ऑस्कर विजेता कपाड़िया ने ट्वीट किया, मैंने उनके साथ 10 घंटे बिताए थेउ मैंने उनके बाएं पैर को छुआ। हमने उनके असल व्यक्तित्व को दुनिया के सामने लाने की पूरी कोशिश की।

जल्द दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक ट्रेनें

# सीतापुर-लखीमपुर रूट पर जल्द होगा इलेक्ट्रिक इंजन का ट्रॉयल

### ● आठ दिसंबर को नए इलेक्ट्रिक मार्ग का सीआरएस प्रस्तावित

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-ट्रेन पटरी का निरीक्षण करते रेल अधिकारी पायनियर

**सीतापुर-लखीमपुर** रूट पर दौड़ेगी इलेक्ट्रिक ट्रेनें, इलेक्ट्रिक ट्रेनों को दौड़ाने से पहले गुरुवार को गोरखपुर के मुख्य विद्युत सामान्य इंजीनियर वीके यादव, टीआरडी के सेक्शन इंजीनियर रबिनेश सिंह ने टॉवर वैगन कार से किया रूट का निरीक्षण, संभवत शुक्रवार या फिर शनिवार को इस ट्रैक पर इलेक्ट्रिक इंजन दौड़ाकर होगा ट्रॉयल। ट्रॉयल सफल होने के बाद आठ दिसंबर को सीतापुर-लखीमपुर के नए इलेक्ट्रिक ट्रैक के सीआरएस होने की उम्मीद है। गुरुवार को पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय गोरखपुर से आए मुख्य विद्युत सामान्य इंजीनियर वीके यादव व टीआडी सीनियर सेक्शन इंजीनियर रबिनेश सिंह ने टावर वैगन कार से सीतापुर पहुंचे। सीतापुर जंक्शन पर उनके साथ रेल विकास निगम लखनऊ के मुख्य परियोजना अधिकारी निश्चल श्रीवास्तव, सेक्शन प्रभारी, रेल विकास निगम के प्रबंधक जगन्नाथ मिश्रा, टीआरडी लखनऊ के मंडल विद्युत इंजीनियर एम के राव व रेल विकास निगम के प्रबंधक केके वर्मा व टीआरडी इंजीनियर संदीप कुमार टॉवर वैगन कार से लखीमपुर को रवाना हुए। सबसे पहले टीम ने झरेखापुर स्विचिंग पोस्ट पहुंचे। यहां पर सघेनियर सेक्शन इंजीनियर रबिनेश सिंह ने झरेकापुर स्विचिंग पोस्ट का गहनता से मुआयना किया। तत्पश्चात उन्होंने हरगांव स्टेशन , ओयल स्विचिंग पोस्ट व लखीमपुर स्टेशन का निरीक्षण किया। मुआयने में उन्होंने स्टेशन मास्टरों, गेटमेनो व सम्बंधित रेल कर्मचारियों से 25 हजार वोल्ट सेक्शन में कार्य करने के दौरान ली जाने वाली सावधानियों, सुरक्षा व संरक्षा संबंधी जानकारी ली और उनके द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए। आरवीएनएल के प्रबंधक जेएन मिश्र बताते हैं कि गुरुवार को मुख्य विद्युत सामान्य इंजीनियर की टीम ने सीतापुर-लखीमपुर के नए विद्युत ट्रैक का निरीक्षण कर जायजा लिया। उनका यह दौरा आठ दिसंबर को प्रस्तावित आगामी रेल संरक्षा आयुक्त निरीक्षण की तैयारियों के मद्देनजर था। मुआयने में मुख्य विद्युत सामान्य इंजीनियर ने सीतापुर- लखीमपुर सेक्शन को 25 हजार वोल्ट विद्युत से चार्ज करने के सेक्शन प्रभारी, रेल विकास निगम के प्रबंधक को निर्देश दिए। चार्जिंग के उपरांत संभवत: 27 नवंबर को इलेक्ट्रिक इंजन से सीतापुर-लखीमपुर खंड में पहली बार विद्युत इंजन से ट्रायल किया जाएगा।

## दामाद संग लौट रही महिला से लूट

संवाददाता। रेउसा सीतापुर

**रेउसा** थाना इलाके मे बदमाशों ने दामाद संग घर लौट रही महिला से लूट की वारदात को अंजाम दिया है, रेउसा बाजार में गोद भराई का सामान खरीदकर लौट रही महिला को ताहपुर-कोलिया छडिया के बीच बाइक सवार असलहे से लैस बदमाशों ने रोंक दिया। विरोध करने पर बदमाशों ने दामाद कपिल को भी पीटा। मेड़ई छोलहा निवासी जानकी देवी पत्नी धनीलाल पुलिस से शिकायत की। बदमाशों ने महिला से जेवर, 3 हजार नकदी समेत खरीदे गए कपड़े लूट लिए। थानाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बिसवां में तीन घंटे गुल रहेगी बिजली

**सीतापुर।** निर्माणाधीन 132 केवी सीतापुर खैराबाद रेलवे टीएसएस लाइन के टावर 23/24 के मध्यम तार खींचे जाएंगे। 29 नवम्बर रविवार को 9 से 12 बजे तक इस बावत विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी, इस आशय की जानकारी विद्युत पारेषण खण्ड के अधिशाषी अभियंता देवेन्द्र सिंह ने दी।

संविधान दिवस पर दफ्तरों में आयोजित हुए कार्यक्रम

# संविधान के प्रति निष्ठा पर दिया गया जोर


सीतापुर-संविधान दिवस पर शपथ दिलाते एआरटीओ प्रवीण कुमार सिंह पायनियर

संवाददाता। सीतापुर

### ● कर्मचारियों को दिलाई गई शपथ

**गुरूवार** को संविधान दिवस के मौके पर विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भारतीय संविधान की उददेशिका पर प्रकाश डालते हुए संविधान के कर्तव्यों के पालन की शपथ दिलाई गई। कलेक्टेऊट में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के मौलिक अधिकारों की विस्तृत जानकारी देते हुए कर्तव्यपरायणता पर जोर दिया। कार्यक्रम में एडीएम विनय कुमार पाठक, प्रभारी सिटी मजि. शिशिर कुमार समेत अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे। आयकर कार्यालय में अपर आयकर आयुक्त पूजाराज द्वारा संविधान के अधिकारों की जानकारी देते हुए इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर आयकर अधिकारी रमेश सिंह, प्रफुल्ल वर्मा, शिवदीप सिंह, के.के. सिंह, सौरभ कुमार, शामदेव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। वहीं खैराबाद स्थित परिवहन कार्यालय में एआरटीओ प्रवीण कुमार सिंह ने संविधान पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर आरआई रामबचन, प्रधान सहायक अरूण दीक्षित, लेखाकार अनूप पांडेय, प्रमोद कुमार, राखी मिश्रा, सुदीप, शैलेन्द्र, टीएन मिश्रा, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल से बंद रहे कई सेक्टर


सीतापुर-प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी पायनियर

### ● बैंक, बीमा, डाकघर दूरसंचार, परिवहन विभाग रहा शामिल

संवाददाता। सीतापुर

**श्रम विरोधी** नीतियों के विरोध में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की राष्ट्र व्यापी हड़ताल के आह्वान पर गुरुवार को सीतापुर में केंद्रीय ऑफिसों में तालाबंदी रही। इस हड़ताल में बैंक, बीएसएनएल, डाकघर, आयकर विभाग, एफसीआई आदि शामिल रहे। इनकी हड़ताल से सरकारी विभागों में कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। इन विभागों से जुड़े उपभोक्ता जहां परेशान हुए, वहीं करोड़ों का कारोबार ठप्प हो गया। इस हड़ताल में बैंक, बीमा, डाकघरों, दूरसंचार, परिवहन आदि सेक्टर के अफसर-कर्मचारी शामिल रहे। इनके हड़ताल पर रहने से बैंकिंग, बीमा, डाक व संचार सेवाओं से प्रभावित होने के असर हैं। उधर, प्रदेश सरकार ने छह माह के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी है। अगर कर्मचारी हड़ताल पर जाते हैं तो उनपर होगी एस्मा की कार्रवाई। बता दें कि मोदी सरकार ने लोकसभा ने हाल में संपन्न सत्र में तीन नए श्रम कानूनों को पारित किया है और कारोबार सुगमता के नाम पर 27 मौजूदा कानूनों को समाप्त कर दिया है। ये कानून शुद्ध रूप से कॉरपोरेट जगत के हित में हैं। इस प्रक्रिया में 75 प्रतिशत श्रमिकों को श्रम कानूनों के दायरे से बाहर कर दिया गया है। नए कानूनों में श्रमिकों पर असर पड़ेगा। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने श्रम-विरोधी नीतियों के विरोध में 26 नवंबर में राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का एलान किया है। हड़ताल का आह्वान भारतीय मजदूर संघ को छोड़कर 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियन हड़ताल में शामिल रहे।

## ओवरलोडिंग रोकने की मांग ट्रकों का चक्का जाम

**सीतापुर।** ओवर लोडिंग को लेकर सरकार सख्त है, इसके बावजूद इस समस्या का निदान नहीं निकल रहा है। ओवर लोडिंग रोकने के लिए ट्रक ऑनर्स ऑपरेटर एसोसिएषन सीतापुर लम्बे समय से संघर्शरत है। गुरूवार को एक बार फिर एसोसिएशन ने चक्का जाम हड़ताल की। इससे माल गोदाम की लोडिंग अनलोडिंग कुछ हद तक प्रभावित हुई। संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदर्षन भी किया। इस मौके पर नियाज हुसैन, अजय त्रिपाठी, याषीन खां, अनुपम गुप्ता, विनय यादव, इरफान गाजी आदि मौजूद रहे। ओवरलोडिंग को लेकर जिलाधिकारी का आदेष भी बेअसर रहा है। विगत अगस्त माह में तत्कालीन जिलाधिकारी अखिलेश तिवारी ने मिलों के साथ ही 20 विभागों को पत्र लिखकर ओवर लोडिंग रोकने के आदेश दिए थे, लेकिन अमल अभी तक नहीं हो सका है।

# कलेक्ट्रेट में बनेगा पार्किंग स्टैंड


सीतापुर-कोषागार का निरीक्षण करते डीएम विशाल भारद्वाज पायनियर

### ●डीएम ने औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश

**सीतापुर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज ने कलेक्ट्रेट समेत कई सरकारी विभागों का किया औचक निरीक्षण। मुआयने से विभागों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी ने धरना सथल के सामने बंद पड़ी कैंटीन को चालू कराने के निर्देश डूडा पीओ को दिए। उन्होंने कहा कि इस कैंटीन को स्वयं सहायता समूह से संचालित कराया जाए और जिले भर के स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद यहां से बेचे जाएं। उन्होंने नाजिर को निर्देश दिया कि वो हर हाल में यह सुनिश्चित कर लें, कि दिन में अनावश्यक लाइट न जलें, कलेक्ट्रेट परिसर में वाहनों को पार्क करने के लिए स्टैंड भी बनवाएं। और ई- डिस्ट्रिक की सूचनाओं के स्टैंडी और कोविड हेल्पडेस्क की स्थापना के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ट्रेजरी कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद निर्देश दिया कि कार्यालय में ऑन लाइन आवेदन करने के लिए डेमो लगाएं। जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज का आधा घंटा से अधिक चले इस निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी विनय पाठक, प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार भी मौजूद रहे।

दहेज को लेकर पति ने पत्नी को मारा

# पिटाई से महिला का गर्भपात, दिया तलाक

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-एसपी ऑफिस में मौजूद पीड़िता पायनियर

**ट्रिपल** तलाक के मुद्दे पर सूबे से लेकर केन्द्र तक चाहें कितनी भी सियासत क्यों ना की गयी हो। फिर चाहे सख्त कानून बनाना हो। या फिर कार्यक्रम आयोजित कर पीड़िताओं की आर्थिक मदद। लेकिन सीतापुर में इनके जमीनी हालात क्या है आप स्वयं देख लीजिए। पुलिस मुखिया कार्यालय की चौखट पर लेटी यह महिला शमा बानो है। शहर कोतवाली में बात न बनने के बाद पुलिस मुखिया से न्याय की गुहार लगाने आई है। आरोप है कि इसके पति शादाब निवासी मछरेहटा ने दहेज के लालच में पहले इसकी जमकर पिटाई कर दी। गर्भवती होने के चलते हालत इतनी बिगड़ी कि इलाज के लिए जिला अस्पताल से लखनऊ रिफर करना पड़ा। जहां जैसे-तैसे इसकी जान तो बच गयी लेकिन बदले में बच्चे की जान को न बचाया जा सका। पेट में ही अपने बच्चे को खो चुकी शमा पर पति को फिर भी रहम नहीं आया। उसने अस्पताल पहुंच कर पलक झपकते ही 3 शब्दों में शमा के जीवन को बर्बादी में लिख दी। पीड़िता ने पति सादाब समेत ससुरालियों निसार, किस्मतुन, चांद बाबू व असरफ पर नामजद आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। परिवारी जनों का आरोप है कि इससे पहले जब वह शिकायत के लिए शहर कोतवाली पहुंचे तो वहां उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई।

### दर्ज होगा मुकदमा-एसपी

**मामले** में जब एसपी आरपी सिंह से बात की गयी तो उन्होंने मामले में संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित थाने में तत्काल मुकदमा दर्ज करने के निर्देश देने की बात कही है।

# बेरोजगार-रोजगार का है यह चुनाव : राजपाल कश्यप

### ● एमएलसी चुनाव को लेकर सपा कार्यालय पर की प्रेसवार्ता

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-एमएलसी राजपाल कश्यप का स्वागत करते सपा पदाधिकारी पायनियर

**एमएलसी** चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने भी पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने जिला पार्टी कार्यालय पर नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राम सिंह राणा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र और उमाशंकर पटेल शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार हैं, पहली दिसम्बर को दोनों के नाम के सामने टिक लगाकर जिताना है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव, अफजाल कौसर, कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव, विजय वर्मा, श्रीपाल वर्मा, प्रदीप सिंह पन्नू, षेखर यादव, देवेन्द्र यादव, संतोष विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## चार दुकानें निलम्बित तीन को नोटिस

संवाददाता। सीतापुर

**कृषि** विभाग ने 4 खाद व बीज की दुकानों का लाइसेंस निलम्बित कर दिया है और तीन दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। विभाग की 4 टीमों ने गुरूवार को छापेमारी की थी। जिला कृषि अधिकार अखिलानंद पाण्डेय ने बताया कि खैराबाद के माकूल ट्रेडर्स व शंकर ट्रेडर्स, झरेखापुर के ओम सांई ट्रेडर्स और लहरपुर के अमन बीज भण्डार का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है, वहीं खैराबाद के पाण्डेय फर्टिलाइजर्स व अंजनी फर्टिलाइजर्स और हरगांव के मौर्या बीज भण्डार को नोटिस जारी की गई है।

# धारदार हथियार से महिला पर हमला

संवाददाता। रामपुरकला सीतापुर

**थाना** रामपुर कला इलाके के गांव रामपुर भुजंग में बुधवार रात बेखौफ अज्ञात हमलावर ने महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में उसने धारदार हथियार के कई वार से महिला को लहूलुहान कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि रात में गांव के ही अरविंद कुमार ने चोरी की नियत से घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया है।

दरअसल मामला का है। पीड़िता के अनुसार बीती रात जब वह सो रही थी तभी उसे घर में किसी के घुसे होने की आहट लगी। पास जाकर चेक करने पर उसके सामने गांव का ही अरविंद कुमार छिपा बैठा था। जब उसने शोर मचाने की कोशिश की तो उसने उस पर धारदार हथियार से हमला करना शुरू कर दिया। शोर सुनकर जबतक ग्रामीण पहुंचते वह भाग निकला। परिजनों ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रात को ही महिला को सीएचसी पहला लेकर आयी।उसका प्राथमिक उपचार कर डाक्टरों ने घर भेज दिया। तहरीर लेकर पीड़िता का मेडिकल चेकअप कराया गया। जिसमें महिला के सर,हाथ व पैरों पर चोट लगना बताया जा रहा है। थाना प्रभारी संजीव यादव ने बताया कि आरोपी को शक के आधार पर पकड़ कर पूछताछ की जा रही है। दोनों एक दूसरे को पहले से जानते हैं, घर से कुछ चोरी भी नहीं हुआ है। आपसी छीना झपटी में महिला को चोटें आई हैं। जांच कर कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र भ्रमण कर मांगा समर्थन

# एमएलसी प्रत्याशी उमेश द्विवेदी ने किया जनसंपर्क


तंबौर-भ्रमण करते प्रत्याशी उमेश द्विवेदी पायनियर

संवाददाता। सीतापुर

**शिक्षक** एमएलसी भाजपा प्रत्याशी उमेश द्विवेदी ने अभियान चलाकर वोट मांगे। उन्होंने संतराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज गामा बाग अशोकपुर, रामसेवक विशुन दयाल इंटर कॉलेज कल्ली चौराहा, भारत इंटर कॉलेज कोरोना, गया बक्स सुरेंद्र कुमार इंटर कॉलेज कोरोना, गोपाल सरस्वती इंटर कॉलेज पहला चौराहा व अरुणोदय इंटर कॉलेज बिराहिमपुर पहुंचकर शिक्षकों से सम्पर्क किया और 27 नवम्बर को चंद्र भगवान इंटर कॉलेज कुतुबंगर रोड मिश्रिख में आयोजित कार्यक्रम के लिए न्योता दिया। इस मौके पर सुधीर शुक्ल राना, आलोक वर्मा, नैमिष रत्न तिवारी, पंकज पांडेय, विमलेंद्र अवस्थी, रत्नाकर मिश्र आदि मौजूद रहे।-एमएलसी उम्मीदवार उमेश द्विवेदी ने गुरुवार को तम्बौर क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने क्षेत्र के कई विद्यालयों में पहुंचकर शिक्षकों से समर्थन मांगा। इस दौरान वित्तविहीन शिक्षक संघ सीतापुर के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, महामंत्री बेचेलाल भार्गव, बेहटा मंडल अध्यक्ष सलिल श्रीवास्तव, ओमप्रकाश सिंह, ज्ञानानंद वर्मा, रमेश चन्द्र अवस्थी, महेंद्र प्रताप श्रीवास्तव, पंकज मिश्रा, संजय अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## रेप के बाद नाबालिग दलित हुई गर्भवती?

**ऐलिया सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में 16 वर्षीय किशोरी ने पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि रॉबिन बाजपेयी (22) पुत्र मूलचन्द्र बाजपेई ने दो बार जबरन सम्बंध बनाए, जिससे गर्भ ठहर गया। लोकलाज के डर से परिवारीजन गर्भपात के लिए अस्पतालों के चक्कर काटते रहे लेकिन गर्भपात नहीं हो सका। जिसके बाद पीड़ित परिवार द्वारा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस आरोपियों के तलाश में जुट गई है। सबसे पहले मुझे जबरजस्ती पकड़ कर गलत काम किया था। तब से वह मेरा पीछा करता रहता था। जिसके बाद एक बार फिर गलत काम किया था। जिससे गर्भ ठहर गया। लड़की के परिजनों ने लखनऊ तक इलाज के लिए ले गए लेकिन 6 माह का गर्भ होने के चलते कहीं इलाज न हो पाया। तब परिजन आज थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 340/20,376,506,3/4 पास्को एक्ट 3(2)5 एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजि.त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

नई सीएमओ ने संभाली कमान

# ग्रामीण अस्पतालों में चिकित्सक और कर्मचारी समय से करें ड्यूटी : मधु

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-नवागत सीएमओ मधु गैरोला का स्वागत करते कर्मचारी पायनियर

**नवनियुक्त** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मधु गैरोला ने गुरुवार को संभाला पदीय चार्ज। वो यहां गोंडा से स्थानातंरित होकर आई हैं। कार्यभार ग्रहण के दौरान डिप्टी सीएमओ समेत अन्य स्वास्थ्य अफसरों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। विभागीय अफसरों से परिचय लेने के बाद नवागत सीएमओ ने शासन की प्राथमिकताएं गिनाई कहा। कि शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य योजनाओं को शतप्रतिशत लागू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहरी समेत ग्रामीण अंचलों की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जाएगा। ग्रामीण जनता को सेहत सुविधाएं उनके नजदीकी असपतालों में सुलभ हो, इसके भी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीण अस्पतालों में तैनात पाए चिकित्सकों एवं स्टॉफ को नियमित रूप से ड्यूटी पर रहने के निर्देश दिए। इस कार्य में शिथ्लिता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीके सिंह, डॉ. सुरेंद्र शाही, डॉ. सुरेंद्र सिंह ,उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजशेखर, डॉ. कुंज बिहारी गौतम ,प्रशासानिक अधिकारी डॉ. डीपी शुक्ला,जिला प्रशासनिक अधिकारी अचल त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी राज कुमार सहित कार्यालय के स्टाफमौजूद थे।

कोविड प्रोटोकाल में लापरवाही ठीक नहीं है

## जिले में मिले कोरोना के दस नए मरीज

संवाददाता। सीतापुर

**कोविड** प्रोटोकाल में लापरवाही ठीक नहीं है। जिले में कोरोना से 70 मौत हो चुकी हैं। पिछले 24 घंटे में सीतापुर में 10 नए मरीजों की पहचान की गई है। षहर में कोरोना का एक भी केस नहीं मिला है। एलिया के बसेती में 2 व बिसवां के रामपुर बगहा, डिहुआ और गोपाल नगर में एक-एक मरीज मिला है। मछरेहटा की बड़ी कुसौली में 2, सिकंदरपुर में एक और महमूदाबाद में एक मरीज की पहचान की गई है। 1 मरीज अन्य स्थान का है। इसी के साथ सीतापुर में कुल पॉजिटिव मरीजों की संख्या 4,576 हो गई है।

# अफसरों-कर्मचारियों को दिलाई शपथ



संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

## ● संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**संविधान दिवस** के अवसर पर जनपद में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त सरकारी, अर्द्धसरकारी, शैक्षणिक संस्थाओं में संविधान की उद्देशिका का पाठन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने अधिकारियों-कर्मचारियों को भारतीय गणराज्य का संकल्प एवं संविधान की शपथ दिलाई।

जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने इस अवसर पर शपथ दिलाते हुये कि हम सब लोग भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करेगें। संवैधानिक आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करेंगे। देश की संप्रभुता अखंडता की रक्षा करेंगे। महिलाओं का सम्मान करेंगे। हिंसा से दूर रहकर बंधुता बढ़ाएंगें। सामाजिक संस्कृति का संर्द्धधन व पर्यावरण का संरक्षण करेंगे। वैज्ञानिक दृष्टिगकोण का विकास करेगें। सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करेगें। व्यक्तिगत व सामूहिक गतिविधि में उत्कृष्टता बढ़ाएंगे। सबको शिक्षा के अवसर प्रदान करेंगे एवं स्वतंत्रता आंदोलन के आदर्शों को बढ़ावा देंगे। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने भारतीय गणराज्य का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी डा. अरुण कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर पूजा यादव व कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अनियमितता में लेखपाल संघ अध्यक्ष हुए निलंबित

संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी

**अनुशासनहीनता** के आरोप में एक लेखपाल निलंबित हो गए। तहसीलदार को जांच दी गई है। फिलहाल उन्हें रजिस्ट्रार आफिस से अटैज कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने लेखपाल पंकज मिश्रा को अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर कानूनगो रजिस्ट्रार के आफिस में अटैच करने के आदेश के साथ तहसीलदार को जांच सौंपी है। पंकज मिश्रा अभी निर्विरोध लेखपाल संघ के अध्यक्ष चुने गए थे। पंकज मिश्रा अभी निर्विरोध लेखपाल संघ के अध्यक्ष चुने गए थे। इस कारवाई से हड़कंप मचा है। वहीं लेखपाल संघ के अध्यक्ष पर कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है।

# सादगी के साथ मनाया गया संविधान दिवस

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी




**स्थानीय युवराजदत्त** महाविद्यालय में संविधान दिवस सादगी के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की टैगोर इकाई द्वारा 'भारतीय समाज एवं संविधान' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। विषय प्रवर्तन करते हुए एनएसएस प्रभारी एवं एसोसिएट प्रोफेसर डा. सुभाष चंद्रा ने कहा कि भारतीय संविधान को राष्ट्रीय दस्तावेज के रूप में स्वीकृत करने के पूर्व संविधान निर्मात्री सभा के सदस्यों ने विचारों तथा आदर्श प्रवृत्तियों एवं आंदोलनों, व्यक्तियों और संस्थाओं की निरंतरता के साथ संविधान की विषय सूची तथा संरचना तैयार की थी। वास्तव में प्रत्येक युग की विद्यमान सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थितियां संविधान का आधार है। भारतीय संविधान लागू होने की तिथि से आज तक अपनी ऐतिहासिक निरंतरता के साथ क्रियाशील हैं। निश्चय ही भारत के संविधान ने हमारे परंपरागत जीवन में मौलिक परिवर्तन कर सामाजिक गतिवाद को विजय दिलाई है। मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. संजय कुमार ने बोलते हुए कहा कि भारत का संविधान विश्व का विशालतम संविधान तो है ही भारत जैसे राष्ट्र के लिए जिस संवैधानिक प्रक्रिया की संकल्पना की गई थी। वह सर्वथा न सिर्फ उपयुक्त वरन समीचीन भी है। डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने जिस उद्देश्य को लेकर भारत के संविधान की रचना की वर्तमान में सफल हो रहा है दलितों एवं वंचितों के हक में विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों के माध्यम से कानून बनाए गए हैं। उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। भारत के सामाजिक ताने-बाने में वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर रखते हुए भारतीय संविधान की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई। विचार गोष्ठी में डा. विशाल द्विवेदी, डा. ज्योति पंत, मनोज कुमार, दीपक कुमार बाजपेई व देशराज ने भी संवैधानिक व्यवस्थाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। इसी क्रम में एसोसिएट प्रोफेसर डा. नीलम त्रिवेदी ने संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई। प्राचार्य डा. डीएन मालपानी ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संवैधानिक मूल्य एवं व्यवस्थाओं की स्वाभाविक रूप से प्रासंगिकता बनी हुई है। समाज एवं राष्ट्र को उचित दिशा देने में संविधान की प्रासंगिकता बनी रहेगी। सभी विद्यार्थियों को नागरिक होने के नाते अपने देश के संविधान की जानकारी होना अपेक्षित है। विचार गोष्ठी का संयोजन एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डा. सुभाष चंद्रा ने किया। विचार गोष्ठी में एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ-साथ सभी कक्षाओं के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# गोला में नाली में पड़ा मिला युवक का शव

● शादी समारोह में शामिल होने आया था

● परिजनों ने नहीं लगाया किसी प्रकार का आरोप, ● जांच में जुटी थाना पुलिस

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज में एक युवक का शव नाली किनारे पड़ा मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है।

जानकारी के मुताबिक बब्लू गुप्ता निवासी महाराजनगर लखीमपुर खीरी जो कि वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए गोला आया था उसका शव सुबह मुन्नूगंज स्थित एक मैरिज लॉन के पहले नाली किनारे पड़ा मिला। शव मिलने पर सनसनी फैल गई। घटना संदिग्ध प्रतीत होती थी। जिसके चलते चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। वहीं मृतक के साढ़ू सुनील कुमार गुप्ता निवासी मथुरा नगर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनका साढ़ू बब्लू गुप्ता शराब का सेवन करते थे। बीती रात वह वैवाहिक समारोह में शामिल होने आये थे सुबह तक घर न पहुंचने पर उनकी पत्नी ने फोन कर मुझे उनका पता करने का कहा। गेस्टहाउस जाते समय रास्ते में उनका शव नाली में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट व मतदान कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

● जीआईसी से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**गुरुवार को** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में लखनऊ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन 2020 हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आज निर्वाचन के संबंध में बड़ी बारीकी से आप सभी को प्रशिक्षित किया जा रहा है। फिर भी यदि निर्वाचन संबंधी कोई भी जिज्ञासा आपके मन में होए तो उसका समाधान प्रशिक्षण अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में जिले में 19 मतदान केंद्र पर 61 बूथ बनाए गए। कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए निर्वाचन संपन्न कराएं। पर्याप्त मात्रा में सभी मतदान केंद्रों में पुलिस फोर्स लगाई गई है। उन्होंने कहा कि राजकीय इंटर कॉलेज ग्राउंड से पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएगी। बैलेट बाक्स की सीलिंग का प्रशिक्षण एवं जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिकों को मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इसके लिए संबंधित को निर्देशित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित 61 माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई। एडीएम अरुण कुमार सिंह ने निर्वाचन की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी मतदान कार्मिक पूरी ऊर्जा के साथ सकुशल निर्वाचन संपन्न कराएं।

प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) रामकृपाल चौधरी ने पोलिंग पार्टी द्वारा किस प्रकार से एवं किन-किन सावधानियों को दृष्टिगत रखते हुए सकुशल संपन्न कराने के लिए बारीकियों के बारे में गहनता से जानकारी दी। उन्होंने पोलिंग पार्टी में शामिल पीठासीन अधिकारी के साथ-साथ मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय के कार्य दायित्वों के संबंध में विस्तार से दी गई। सेक्टर मजिस्ट्रेट व पीठासीन अधिकारी स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए उत्तरदायीं होंगे। बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रम में परियोजना निदेशक (डीआरडीए) रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार, जिला प्रशिक्षण अधिकारी राजकिशोर सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित पोलिंग पार्टी मौजूद रहीं।

# ब्रह्माकुमारीज के नवीन भवन का हुआ उद्घाटन

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी।

**वीओएल प्रजापिता** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र के नवीन भवन का उद्घाटन ध्वजारोहण कर किया गया। इस अवसर पर अपने आत्मारूपी दीपक जला कर जन-जन का अंधकार दूर करने की बात कही गई। शहर की नवीन बाईपास स्थित मोहल्ला मुन्नूगंज में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा के नवीन भवन का उद्घाटन गुरूवार को हुआ। इस दौरान बीके राधेश्याम ने कहा स्व चिंतन से हमारे विचारों को एक दिशा मिलती है और सोच सकारात्मक होती है। क्योंकि जब हम खुद का चिंतन शुरू करते हैं तो हम देखते हैं कि हमें किस स्तर पर और कहां खुद को बदलनेए परिवर्तन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब तक हम स्व चिंतन नहीं करेंगे तो विचारों में सकारात्मकता नहीं आएगी। इस संसार में जो भी देव तुल्य या महान पुरुष हुए हैं वह अपने विचारों और कर्मों के कारण ही हुए हैं। अध्यात्म व राजयोग मेडिटेशन हमें यही सिखाता है कि हम एक आत्मा हैं। अन्त में आये ब्रह्मावत्सों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर एसीएमओ डा. रविन्द्र कुमार वर्मा, डा. रामनरेश वर्मा, डा. रमा सिंह, डा. वाईके राज, डा. जेएस सिंह, वीके गीता, वीके राकेश शर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, नरेश तिवारी, सतीस कुमार, नीलम, तारावती, कुसुम देवी, बीनू वर्मा, प्रेमवती, गुड़िया आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### ब्लॉक कार्यालय में वीडीओ ने ली बैठक

**फतेहपुर।** विकास खंड कार्यालय में खंड विकास अधिकारी ऐश्वर्य यादव ने आज समीक्षा कार्यों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपात्रों को किसी भी कीमत पर प्रधानमंत्री आवास न दिये जाए एवं सभी विद्यालयों में कायाकल्प योजना के अंतर्गत अधूरे कार्य जैसे टाइल्स, शौचालय, बाउंड्री आदि का कार्य करवाया जाए एवं रोजगार सेवकों को मनरेगा योजना में कार्य करवाने के लिए निर्देश दिए। कहां कि जिन ग्राम पंचायतों में कार्य नहीं करवाया जाएगा उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से लेखाकार मो0 फुरकान अंसारी, ललित श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत अनूप सिंह, मनरेगा सहायक तौसीफअहमद आदि उपस्थित रहे।

### आचार्यकुलम की बैठक संपन्न

**फतेहपुर।** आचार्यकुलम द्वारा संचालित पुजारी संघ की बैठक रिफ्यूजी कालोनी स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता आचार्य प्रदीप तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्गा मंदिर देवीगंज के पुजारी स्वामी दीपेश्वर महाराज उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की मजबूती एवं विस्तार पर गहन विचार-विमर्श कर पुजारी संघ की समस्याओं के निदान पर चर्चा किया गयी। इस मौके पर चंद्रिका प्रसाद शुक्ला, रामनाथ द्विवेदी, अशोक कुमार, गोरेलाल मिश्र आदि उपस्थित रहे।

### एमएलसी प्रत्याशी को जिताने की अपील

**फतेहपुर।** शहर स्थित होटल एक पैलेस में भाजपा नगर उत्तरी टीम द्वारा आयोजित स्नातक मतदाता सम्मेलन में प्रत्याशी डॉ0 यज्ञदत्त शर्मा को इलाहाबाद-झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विजयी बनाने हेतु मतदाताओं से अपील की गयी है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, मंडल प्रभारी अशोक अवस्थी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गायत्री सिंह, अनु0जाति जिलाध्यक्ष देवनाथ धाकड़े एवं नगर महामंत्री संजय श्रीवास्तव उर्फ संजय लाला, वंदना द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

### खेत में मिला वृद्ध का शव

**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रोशनपुर में आज सुबह खेत में काम करने गये लगभग 57 वर्षीय एक वृद्ध का शव मृत अवस्था में पुलिस ने बरामद करते हुए विच्छेदन गृह भेजा है। जानकारी के अनुसार रोशनपुर गांव निवासी मुरली का पुत्र राम किशुन बुधवार की रात खेतों में काम करने गया था। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। आज सुबह जब गांव वाले शौचक्रिया के लिए जंगल जा रहे थे तभी वृद्ध को खेत में मृत अवस्था में देख परिजनों को सूचना दिया। जिस पर रोते-बिखलते घटनास्थल पहुंचे परिजनों ने इसकी जानकारी क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। परिजनों का कहना है कि मृतक काफी दिनों से बीमार चल रहा है।

### बाजार करने आई वृद्धा की मौत

**असोथर (फतेहपुर)।** कस्बे की गुरुवार को साप्ताहिक बाजार करनें झाली का डेरा मजरें सरकंडी गांव की रहने वाली वृद्धा सुरतिया निषाद उम्र 65 वर्ष पत्नी स्व0 शिव सिंह निषाद पैदल चलकर बाजार आई थीं। अत्यधिक वृद्ध व निर्धन होने के कारण सुरतिया शारीरिक रूप से काफी दिनों से अस्वस्थ रहती थीं। जिस पर दोपहर लगभग तीन बजे असोथर बाजार सब्जी मंडी में वृद्ध महिला शारीरिक कमजोरी के कारण चक्कर खाकर गिर पड़ी और मौके पर ही वृद्धा सुरतिया देवी की मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतका के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वृद्धा की बेटी उमा देवी का माँ की आकस्मिक निधन पर रो-रो कर बुरा हाल रहा।

### बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक द्विवार्षिक निर्वाचन 2020 का मतदान 1 दिसम्बर को

**बरेली ।**अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्र0) व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वीके सिंह ने बताया कि बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक द्विवार्षिक निर्वाचन-2020 में मतदान के दिनांक 1 दिसम्बर को ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पेन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारी के जारी किए गए सेवा पहचान-पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए अधिकारिक पहचान-पत्र, शैक्षिक संस्थाओं, जिनमें संबंधित शिक्षक/स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी पहचान-पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी उपाधि/डिप्लोमा का प्रमाण पत्र मूल रुप में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांग संबंधी प्रमाण पत्र मूल रुप में दास्तावेज में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

# घटतौली रोकने के लिए चार सदस्यीय टीम गठित

**शाहजहांपुर** । घटतौली रोकने, अवैध गन्ना खरीद एवं अवैध सट्टा को रोकने के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जांच दल में वरिष्ठ माप बांट निरीक्षक, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक सदस्य होगें। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने न्यू कलेक्टेऊ्ट सभागार में गन्ना खरीद के सम्बन्ध में आयोजित बैठक के दौरा कही। उन्होंने कहा कि किसी भी क्रय केन्द्र पर घटतौली पाये जाने पर विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के अतिरिक्त गन्ना विकास विभाग द्वारा वैक्यूम पेन शुगर फैक्ट्रीज लाइसेसिंग ऑडर - 1969 के अन्तर्गत आवश्यक वस्तु अधिनियम -1955 की धारा-3ध्7 एवं भारतीय दण्ड संहिता की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। चीनी मिल के क्रय केन्द्रों पर कांटों की शुद्धता की जांच हेतु मानक बांटो की उपलब्धता, दण्ड तुला, कांटा जांच रजिस्टर तथा दैनिक प्रगति रिर्पोट होना अनिवार्य है।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया गया है कि समस्त गन्ना क्रय केन्द्रों की जांच वरिष्ठ माप बाट निरीक्षक द्वारा 15 दिवस के अन्तराल पर करने तथा गन्ना तौल में प्रयुक्त इलेक्ट्रानिक कांटों में कोई छेड़-छाड़ नहीं की गयी है के सम्बंध में गहन जांच करेगें। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि फर्जी सट्टा धारकों को चिन्हित कर सूची तैयार करके रास्जव विभाग से जांच कराये, जांच में पाये गये दोषी व्यक्तियों, त्रुटिपूर्णध्फर्जी सट्टा जारी करने वाल सर्वे कर्मचारी एवं फर्जी सट्टा धारक के विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा है कि गन्ना क्रय केन्द्रो पर अनियमितता होती है तो निरीक्षण रिर्पोट विधिक कार्यवाही हेतु गन्ना निरीक्षक एवं सहायक चीनी आयुक्त को प्रेषित करने के साथ ही अघोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराएंगे।

# सबको होना चाहिए संविधान का ज्ञान

संवाददाता। शाहजहांपुर



**इस्लामिया इण्टर** कालेज में संविधान दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों के साथ साथ गुरुजनों ने भी अपने- अपने विचार प्रकट किये । प्रधानाचार्य मोहम्मद आमीन की अध्यक्षता में हुई इस गोष्ठी में विचार प्रकट करते हुये मोहम्मद अफरोज खान ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लिखित संविधान है । इस लिए समस्त देशवासियों का यह कर्तब्य है कि वह संविधान के निर्माण में जिन महापुरुषों का योगदान रहा है उनके विषय में जाने और समझें । हमारा संविधान 26 नवम्बर 1946 को बनकर तैयार हुआ तथा संविधान सभा के अध्यक्ष डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद को डाक्टर भीम राव अंबेडकर द्वारा इसी दिन भेंट किया गया। जिसे बाद में 26 जनवरी 1950 ई0 को पूरे देश में लागू किया गया । मोदी सरकार मंत्रीमण्डल ने डाक्टर भीम राव अंबेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर 26 नवम्बर 2015 को यह तिथि पूरे देश में संविधान दिवस के रूप में मनाये जाने का निश्चय किया। उस दिन से लेकर आज तक प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

प्रधानाचार्य मोहम्मद आमीन ने कहा कि यह संविधान दिवस मनाये जाने का उद्देश्य यह भी है कि हम भीम राव अंबेडकर के जीवन के विषय अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त कर सकें । इसके साथ ही प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वो अपने संविधान के विषय में अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करें तथा अपने देश के प्रति अपने कर्तव्यों से भलि भाँति अवगत हों।इस गोष्ठी में छात्रों में जफर खाँ कादरी, मोहम्मद जीशान, मोहम्मद हम्माद,मोहम्मद सरफराज सिद्दीकी,इमादुल हक खाँ एवं मोहम्मद अफजल आदि ने भी अपने अपने विचार प्रकट किये ।

गोष्ठी का संचालन हुसैन मोहम्मद मुस्तफा ने किया ।इस अवसर पर कालेज के शिक्षकगणों में निसार हसन खान, सगीर अहमद, हन्नान अहमद, संजीव कुमार उपाध्याय, मोहम्मद हारून खान, इश्तियाक अली, मुजीबुर रहमान खान एवं इमरानुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

# अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत तीन की मौत

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत बीते चौबीस घण्टों के अंतराल में हुए सड़क हादसों के दौरान महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। वहीं चार लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी सुरेश चन्द्र की 46 वर्षीय पत्नी राजेश्वरी आज सुबह लगभग दस बजे पैदल जा रही थी। जैसे ही वह ईंट भट्ठा के समीप पहुंची तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रहा बाइक सवार शिव सागर पुत्र राम प्रसाद 23 वर्ष निवासी मान सिंह का पुरवा थाना हुसैनगंज टक्कर मारता हुआ स्वयं भी गिर गया। जिससे दोनों घायल हो गये। दोनों घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने राजेश्वरी को मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार किशनपुर थाना क्षेत्र के महावतपुर असहट गांव निवासी किशोर लाल का 35 वर्षीय पुत्र बुद्धराज बुधवार की शाम खखरेरू थाना क्षेत्र के अन्तर्गत निमंत्रण पर गया था। वापस लौटते समय जैसे ही वह खखरेरू के कोट गांव के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक खंती में गिर गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी। इसी प्रकार हथगांव थाना क्षेत्र के रहिमापुर गांव निवासी श्यामलाल का 30 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार गांव के ही शिवबदन के 30 वर्षीय पुत्र पप्पू के साथ मोटरसाइकिल से नियंत्रण में जा रहे थे। जैसे ही यह लोग गांव से कुछ आगे बढ़े तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गयी। जिससे विनोद कुमार की मौके पर मौत हो गयी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## सूदखोरों के खिलाफ पुलिस का एक्शन प्लान

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के निर्देशन में आपरेशन मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत एसपी सिटी संजय कुमार के पर्वेक्षण में गरीबोंध्असहायोंध्किसानों पर सूदखोरी के नियंत्रण हेतु व्हाट्सएप हेल्पलाइन न. 7839872922 किया जारी किया गया है।गरीबों को मनमाने ब्याज पर पैसा उधार देकर उसके एवज में उनकी सम्पत्ति के दस्तावेजों व मूल्यवान बस्तुओं को अपने पास रखकर मनमाना ब्याज बसूलने वाले सूदखोरों द्वारा ब्याज या मूलधन न चुकाने पर फायदा उठाकर उनको प्रताणित करने के कृत्य पर नियंत्रण करने के लिये शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा व्हाट्सएप हेल्पलाइन न. 7839872922 किया जारी किया गया है। जिस पर सूदखोरी से पीडित व्यक्ति सूचना, वीडियो, आडियो भेज कर अपनी शिकायत कर सकता है। शिकायतकर्ताध्सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतरू गोपनीय रखी जायेगी ।

# 'हक की बात जिलाधिकारी के साथ'

संवाददाता। शाहजहांपुर

**मिशन** शक्ति अभियान के अंतर्गत हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट कर्यालय कक्ष में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने दूरभाष के माध्यम से बालिकाओंध्महिलाओं से संवाद कर यौन हिंसा, लैगिंग असमानता, घरेलू हिंसा तथा दहेज उत्पीड़न आदि समस्याओं से महिलाओंध्बालिकाओं द्वारा अवगत कराया गया, जिसका उचित सुझावध्निस्तारण जिलाधिकारी द्वारा महिलाओं को दिया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि हक की बात में बहुत सारी महिलाओं द्वारा पारिवारिक समस्यायें है जिनमें घरेलू हिंसा दहेज उत्पीड़न आदि षामिल है। कुछ लड़कियों ने मिषन षक्ति अभियान की सराहना की और एक महिला द्वारा सुझाव दिया गया कि अगर सस्ती दरों पर सेनेटरी पैड मिल जाए तो ऐसे मालिन वस्तियों मे जहां बच्चियों को सेनेटरी पैड की जरूरत हो उन्हें वहां वितरित कराया जा सकें। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा समाधान किया गया है कि पुलिस लाईन में सस्ती दरों पर सेनेटरी पैड बनाने की बेंडिंग मषीन लगाई गयी है। उन्होंने बताया कि लागत मूल्य पर सेनेटरी पैड बनकर तैयार होंगे और जरूरतमन्द महिलाओं एवं बालिकाओं को उपलब्ध कराया जाएगा। इसी प्रकार से कुछ बच्चियों ने इस आषय की षिकायत की है कि जब वह टहलने निकलती है तो कुछ लड़कें उनकों परेषान करते है। इस सम्बन्ध जिलाधिकारी ने महिला सम्बन्धित प्रकरण की नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अपर्णा गौतम को उपरोक्तानुसार प्राप्त षिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देषित किया है।इस अवसर पर जिला प्रोबेषन अधिकारी वरूण सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

मिशन शक्ति के अंतर्गत बुधवार को मदरसा नूरूलहुदा बिजलीपुरा में चल रहे जागरूकता कार्यक्रम में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों ने छात्राओं को जागरूक रहने पर जोर दिया। अतिथियों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की विजयी छात्राओं को पुरूस्कार देकर पुरूस्कृत किया। मदरसा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला प्रोवेशन अधिकारी वरूण सिंह ने कहा कि समाज के उत्थान में महिलाओं का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। जिस समाज में महिलाओं का मान व सम्मान नही होता है। वह समाज कभी प्रगति नही कर पाता है। उन्होने कहा कि छात्राओं को मिशन शक्ति से जोड़कर इस अभियान को सफल बनाया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि राजकीय चिकित्सा मेडिकल कालेज की पी.आर.ओ. श्रीमती पूजा त्रिवाठी पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। जब नारी जागरूक होगी तो उसको अधिकार मांगना नही पड़ेगा। उन्होने बालिकाओं से स्वस्थ रहने की सलाह दी। उन्होने ने कहा कि बालिकाओं को अपने अन्दर छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए आगे आना चाहिए। समाज सेवी अनुज अग्रवाल कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, सुरक्षा व सम्मान दिलाये जाने की आज के समय में सबसे अधिक जरूरी है।

# मौतों से डरे कस्बावासी एक और सर्राफ की जान गई

**संवाददाता।** जसवंतनगर

### ● अब तक तीन सर्राफा व्यवसायियों को कोरोना ने निगला

**मार्च से** शुरू हुई कोरोना महामारी के बाद से नगर में असमय मौतों का जो सिलसिला आरम्भ हुआ थाए वह थमने का नाम नही ले रहा। कोरोना का नया दौर शुरू होने से लोगों में दहशत बढ़ी है। गुरुवार को नगर के प्रख्यात सर्राफमनोहर लाल वर्मा का भी निधन हो गया।

62 वर्षीय वर्मा दीपावली के पहले से श्वसन संबंधी दिक्कत के चलते आगराके निजी अस्पताल में भर्ती किये गए थे। संसाधनों की कमी न होने की वजह से परिजनों ने उनके इलाज में कोई कोर कसर नही रखी। यह तो स्पष्ट नही हुआ मगर वह कोरोना को लेकर उतपन्न डिप्रेशन की वजह से मौत से नहीं जीत सके। कोरोना संक्रमण से सैंफई पीजीआई में अब तक नगर के 5 लोगों की मृत्यु हुई है। जबकि आगरा में कोरोना से संक्रमित होकर भर्ती होने गए ज्यादातर लोग स्वर्गवासी होकर ही लौटे हैं। पहली सितम्बर को नगर के 62 वर्षीय युवा सर्राफसंजय कुमार गुप्ता का कोरोना से जूझते निधन हुआ था। उन्हें आगरा के प्रभा हॉस्पिटल में कोरोना पॉजिटिव पाए जाने पर एडमिट करवाया गया था। वह स्वस्थ हो गए थेए मगर डॉक्टर्स की लापरवाही के कारण कोरोना संक्रमण के चलते कार्डियक अरेस्ट में उनकी जान चली गयी। इसी तरह सितम्बर महीने में ही नगर के नामी चिकित्सक डॉ सत्येन्द्र सिंह गौर को भी कोरोना संक्रमण में आगरा के उपरोक्त हॉस्पिटल में अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था।

जैसे–तैसे अक्टूबर में मौत का सिलसिला थमा एमगर नवंबर आते आते नगर के सुप्रसिद्ध वस्त्र व्यवसायी और सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष 70 वर्षीय राजीव जैन कोरोना संक्रमण की चपेट में आकर और 6 दिन आगरा में जीवन मृत्यु से जूझने के उपरांत मौत के मुंह मे चले गए। इसी दौरान सैफई से कोरोना संक्रमण से उबर कर आया एक छोटा व्यवसायी मुकेश गुप्ता भी मौत के आगे हार गया।

15 नवंबर को नगर के निवासी एक और व्यवसायी भोला नाथ माथुरए जो ऋषिकेश में ट्रक आपरेटरी का काम करते थे और कोविड संक्रमण से बचने के लिए अपने गृहनगर जसवंतनगर में आकर के महीने से रह रहे थे एकोरोना जैसी श्वशन संबंधी दिक्कत के चलते मृत्यु के चंगुल से अपने को नही बचा सके। वह नगर के शांतिवन और शिव बारातोत्सव समिति के अध्यक्ष भी थे। तबियत बिगड़ने पर उन्हें भी आगरा ले जाकर भर्ती कराया गया था। पिछली 19 नवंबर को भी नगर के एक और सराफ व्यवसायी रवीन्द्र कुमार जैन ;64 वर्षद्धकी कोरोना महामारी की चपेट में आकर ग्वालियर में इलाज दौरान मौत हो गयी थी। मनोहरलाल वर्मा की मौत से लोग तो काफी हिल गए है। वह समझ नही पा रहे कि महामारी की चपेट से अपने और अपने परिवार को कैसे बचायेंघ् कोरोना संक्रमण की चपेट में नगर का एक सीमेंट व्यवसायी के परिवार के सभी 6 सदस्य ताजा रिपोर्ट में संक्रमित पाए गये हैं।

# ईओ ने दिलाई कर्मचारियों को संविधान की शपथ



**भर्थना।** भरथना पालिका अधिशाषी अधिकारी रामआसरे कमल ने बताया कि भारत गणराज्य का संविधान 26 नवंबर 1949 को तैयार हुआ था और संविधान सभा के अध्यक्ष मान्यवर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की देखरेख में संविधान को तैयार किया गया था। भरथना नगर पालिका परिषद कार्यालय में गुरुवार को संविधान दिवस मनाते अधिशाषी अधिकारी श्री कमल ने उपस्थित कर्मचारियों को संविधान के संदर्भ में अवगत कराया।

भारत सरकार ने बर्ष 2915 में पहली बार संविधान दिवस को मनाया था तब से आज के दिन संविधान दिबस मनाये जाने की परम्परा शुरू है। उन्होंने बताया कि भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ जिसको हम लोग गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। संविधान दिबस के अबसर पर पालिका जे अधिशासी अधिकारी श्री कमल ने पालिका कर्मियों बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र के सामने संविधान के प्रति सदैव समर्पित रहने की शपथ दिलाई। इस अबसर पर प्रधान लिपिक अरविंद कुमार यादव, सफाई प्रभारी राजेंद्र कुमार, कोविड–19 प्रभारी आदित्य प्रताप सिंह भदौरिया, साहेब खान, बृजेश कुमार, पूरन सिंह चौहान, ललित चतुर्वेदी, नवल सिंह, अभिनव कुमार श्रीवास्तव, राज कुमार, विनोद कुमार, अरविंद रावत, प्रमोद कुमार, सुधीर कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### जिलाधिकारी ने फोन परे महिलाओं की समस्याएं सुनीं

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने कलेक्टेऊट कार्यालय में मिशन शक्ति अभियान के तहत हक की बात जिलाधिकारी के साथ के तहत जनपद में यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा तथा दहेज हिंसा के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कार्यालय से फोन के माध्यम जनपद की महिलाओं की समस्यायें सुनी व उसका निस्तारण कराया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, अतिरिक्ति मजिस्टेऊट राजीव राज, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय, बाल संरक्षण अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ओझा, वन स्टाप सेन्टर सखी केन्द्र की सेन्टर मैनेजर निधी सचान एवं मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता नेहा पाल आदि आदि उपस्थित रहे।

### बाल विवाह रुकवा दिया

**कानपुर देहात।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन पर 15 वर्षीय बालिका निवासी गंगरौली थाना गजनेर कानपुर देहात के बाल विवाह को थाना गजनेर एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से रूकवाया गया।

### साप्ताहिक बंदी में 30 नवम्बर तक छूट

**कानपुर देहात।** कोविड-19 के महासंकट के दौरान लाकडाउन के कारण व्यापारिक एवं आर्थिक मंदी से जूझते हुये प्रदेश के व्यापारियों, दुकानदारों एवं उद्यमियों को त्यौहारी सीजन के अवसर पर साप्ताहिक बंदी से छूट प्रदान करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। उक्त के तहत जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने जनपद कानपुर देहात मे लागू साप्ताहिक बंदी से धनतेरस (13 नवम्बर 2020) से कार्तिक पूर्णिमा (30 नवम्बर 2020) तक छूट प्रदान की है।

### घरेलू कलह में दो युवकों ने खाया जहर

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** अलग-अलग स्थानों पर घरेलू कलह से तंग आकर दो युवकों ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र कायमगंज के गांव रुटौल निवासी नक्षत्रपाल के 25 वर्षीय बेटे शिवदत्त ने, वहीं इसी थाना क्षेत्र के गांव खजुरिया निवासी आत्माराम के 17 वर्षीय लड़के नीलेश ने अपनी-अपनी घरेलू कलह से तंग आकर किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत गंभीर होती देख घबराए परिजन दोनों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने दोनों को प्रथम उपचार देकर उनकी बिगड़ती हालत देखकर फर्रुखाबाद के डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र कंपिल के गांव कादरदादपुर सराय निवासी 40 वर्षीय संजीव कुमार पुत्र छोटेलाल को संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अचेतावस्था में उपचार के लिए कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया साथ आए परिजन रोते बिलखते युवक का शव लेकर अपने गांव वापस लौट गए।

### पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** लोको रोड से पाक्सो एक्ट में वांछित अपराधी को पांचालघाट चौकी इंचार्ज बलराज भाटी ने पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार मिश्र के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर अंकुश पाने में जुटे पांचालघाट चौकी इंचार्ज बलराज भाटी ने पुलिस टीम के साथ लोको रोड पर पाक्सो एक्ट में वांछित अपराधी अमित पुत्र राकेश प्रजापति निवासी धीरपुर सबासी थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद को गिरफ्तार किया है। जिसे जेल भेजा जा रहा है। जिस पर आईपीसी व 3/4 पाक्सो एक्ट सहित संगहीन धराओं में वांछित है।

### टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पिता-पुत्र घायल

**इकदिल।** थाना इकदिल क्षेत्र नेशनल हाईवे 2 फ्लाई ओवर ब्रिज के ऊपर इटावा की ओर से बाइक सवार दंपत्ति और पुत्र अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता और पुत्र हुए घायल और पत्नी के सिर में गंभीर चोट आने के कारण हुई मौत । हाईवे के किनारे बनी दुकान दुकानदारों ने थाना इकदिल थाना अध्यक्ष मदन गोपाल गुप्ता को फोन द्वारा सूचना दी कि हाईवे पुल के ऊपर कोई एक्सीडेंट हो गया है सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष मदन गोपाल गुप्ता और एसआई नरेश चंद्र घटनास्थल पर पहुंचे तो घायल मनु तिवारी पुत्र अरविंद तिवारी निवासी हाल पता रामलीला रोड पक्का बाग ने बताया कि हमारी मां सरोज कुमारी पत्नी अरविंद उम्र लगभग 50 वर्ष और हमारे पिता अरविंद कुमार पुत्र रामबाबू हम लोग अपने पैतृक गांव बुआ पुरा परिवार में लगन सगाई के समारोह में इटावा से अपने गांव जा रहे थे तभी ओवर ब्रिज के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से कट मारा जिससे मेरी मां के सिर में गंभीर चोट आने के कारण मां की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और हमारे पिताजी के पैर में भी फैक्चर हो गया है हम भी घायल हैं और एक दिल पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया सबका पंचनामा भर सबको पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया है।

### करंट लगने से राज मिस्त्री की मौत

**घाटमपुर।** थाना सजेती के गांव सिरसा में करंट लगने से एक राज मिस्त्री की मौत हो गयी। इसी थाने के गांव धरक्षुवा निवासी जीतेंन्द्र सिंह का पुत्र अंकुर ( 30 ) भवन निर्माण का कारीगर है आज दोपहर को वो सिरसा में भवन निर्माण को गया था तभी ऊपर से गुजरी 11 हजार केवी की लाइन का तार छू गया, गम्भीर रुप से झुलसे अंकुश को इलाज के लिये सीएचसी भेजा गया जहॉ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्ट मार्ट के लिये भेजा गया है।

### दुर्घटना में टेंट कर्मी की मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के कलवारी महम्दाबाद मार्ग पर आज प्रातः ट्रैक्टर ट्राली के हुक पर बैठा एक टेंट कर्मी अचानक उछलकर सड़क पर आ गिरा। तभी ट्राली का पहिया टेंट कर्मी को रौंदता हुआ निकल गया। हादसे में टेंट कर्मी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। पड़ोसी थाना बेहटा मुजावर अंतर्गत ग्राम अमीरपुर गंभीरपुर निवासी रिंकू पुत्र माधव 30 वर्ष मांगलिक कार्यक्रमों में टेंट लगाने का कार्य करता था। आज वह पड़ोस में ही स्थित एक मांगलिक कार्यक्रम में टेंट लगाने के लिए ट्रैक्टर ट्राली में सामान लादकर जा रहा था। टेंट कर्मी रिंकू ट्राली के आगे स्थित हुक पर बैठा था। ट्रैक्टर ज्यों ही कलवारी महम्दाबाद मार्ग पर स्थित ग्राम तहिरापुर के सामने पहुंचा। तभी सड़क पर स्थित गहरे गड्ढे के चलते ट्राली तेजी से उछली। ट्राली के उछलते ही हुक पर बैठा रिंकू उछलकर सड़क पर जा गिरा। इतने में ही ट्राली का पहिया रिंकू को रौंदता हुआ ऊपर से निकल गया। जिससे टेंट कर्मी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा होते ही ट्रैक्टर चालक भाग खड़ा हुआ। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। घटनास्थल पर पहुंची मृतक की मां नन्ही अपने पुत्र का शव देखकर दहाड़े मार कर रोने लगी। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और अविवाहित था।

# गर्भवती महिलाओं को ड्राई राशन वितरित किया



**ताखा ( इटावा )।** ताखा तहसील के पुरैला गांव में ड्राई राशन कार्यक्रम के तहत 3 से 6 माह के बच्चों को और 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों कोए गर्भवती महिलाओं को और धात्री महिलाओं को राशन वितरण किया गया। यह राशन वितरण बाल विकास पुष्टाहार की जगह किया जा रहा है । मंजू देवी आंगनवाड़ी ने बताया कि जब तक पुष्टाहार नहीं आता है तब तक ड्राई राशन वितरण के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को राशन उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर मंजू देवी आंगनवाड़ी कार्यकत्री रेखा देवी सहाय का दीपशिखा समूह की महिला बीआरपी और उनके सदस्यों ने मिलकर राशन वितरण किया। सरकार की मंशा है कि कोई भी बच्चा कुपोषित ना हो और कोई भी महिला जो गर्भवती है उसका बच्चा कुपोषित पैदा ना हो इसलिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित कार खड़े लोडर के पीछे जा घुसी

**बांगरमऊ उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर रूरी के निकट आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार अनियंत्रित कार खड़े पिकअप लोडर में जा घुसी। हादसे में कार सवार पांच विदेशी नागरिको समेत आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की मदद से यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने घायलों को यहाँ सीएचसी पहुँचाया। यहाँ के चिकित्सकों घायलो की हालत नाजुक बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

नेपाल देश के जनपद तुनु अंतर्गत थाना मंझर के गांव दुमरे निवासी किशन बाबू 59 वर्ष पुत्र रामबहादुर अपने 20 वर्षीय पुत्र नवराज के अलावा ममता 25 वर्ष पुत्री रतना निवासी सद्दो.बच्चो काठमांडू व प्रकाश सोनार 28 वर्ष पुत्र अमर बहादुर निवासी स्याइजा.6 विसापानी जनपद स्याइजा आदि किराए की कार पर सवार होकर दिल्ली से गौरी फ्गट। नेपाल बार्डर जा रहे थे।कार दिल्ली निवासी सतीश पुत्र हरिशंकर चला रहा था।

# हम न ताला खोलेंगे तो बैंक में उल्लू बोलेंगे

### ● बैंकों की हड़ताल से कई करोड़ का लेन-देन प्रभावित



**फर्रुखाबाद।** केंद्र सरकार की श्रम विरोधी व निजीकरण के विरोध समेत अन्य मांगों को लेकर कर्मचारी संगठनों ने गुरुवार को हड़ताल का आह्वान कर दी है। इसमें चीनी मिल, बैंक एवं केंद्रीय श्रमिक संगठनों से जुड़े कर्मचारी गुरुवार को कामकाज बंद कर मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। बैंक कर्मचारियों ने हड़ताल की है। जिसकी वजह से खाताधारकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के आवाहन पर गुरुवार को जिले में यूपी बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के बैनर तले बैंक कर्मी सेठ गली की बैक आफ बडौदा शाखा में पंहुचेद्य बैंक कर्मी बैंकों का निजीकरण को रोके जाने, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सुदृढ़ किये जाने, कारपोरेट एनपीए को वसूल करने, नियमित बैंकिंग कामों की आउटसोर्सिंग रोके जाने, बैंक कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना को समाप्त किए जाने, सहकारी बैंक कर्मचारियों समेत सभी बैंक कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते से जुड़ी पेंशन शुरू किए जाने समेत अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बैंकों के कुछ संगठन गुरुवार को हड़ताल पर रहे। यूपी बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के जिला मंत्री केदार शाह नें कहा कि बैंकों के निजीकरण की कार्यवाही रोकी जाए। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को मजबूत करें। सरकार का हर समय कर्मचारी विरोधी है। हम न ताला खोलेंगे तो बैंक में उल्लू बोलेंगे, हमारी मांगे पूरी हो चाहे जो मजबूरी हो की जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान संयुक्त मंत्री मयंक गुप्ता, बैंक कर्मी रमाकान्त, महेश वैद्य आदि नें विचार व्यक्त किये। एलआईसी कर्मी भी हड़ताल पर रहे।

#### सहालग पर हड़ताल की मार

सहालग का दौर शुरू होने से लोगों को नकदी की सख्त जरूरत है। ऐसे में बैंकों में तालाबंदी हो जाने से खाताधारकों को हलकान होना पड़ा। भीड़ से बचने के लिए सुबह बैंक पहुंचे खाताधारकों को उस समय झटका लगा, जब बैंकों में हड़ताल की बात पता चली। पैसा निकालने को एटीएम में पहुंचे, लेकिन वहां भी निराशा ही हाथ लगी। अंकित श्रीवास्तव, सूबेदार वाथम, सुनील कुमार, रमाकांत आदि बैंक कर्मी रहे।

# विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**बकेवर ( इटावा )।** श्रीमती सत्या देवी विटटा कूअर ट्रस्ट बकेवर के तत्वावधान मे हर बर्ष की तरह 26 नवम्बर 2020 को विशाल कबड्डी टूनामेंट पृतियोगता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा श्री अजय धाकरे जी जिलाध्यक्ष वी जे पी एबं अध्यक्षता अशोक चौवे जी ब्लाक प्रमुख महेवा ने की। कार्यक्रम का सुभारभ मा अजय धाकरे जी ने मा बीणापाडी के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर एवं फीता कट कर किया।

अतिथियों का स्वागत शक्ति सिंह चौहान ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया एवंकमेटी के पदाधिकारी, जगराम सिंह, रामपाल सिंह, योगेन्द्र सिंह चौहान, सौरभ उपाध्याय, डा. राजेश सिंह चौहान, राहुल तृपाठी, अरुण तृपाठी, ओमप्रताप, अर्जुन सिंह, आनन्द सिंह आदि ने माल्यार्पण द्वारा किया। तदुपरांत मा अशोक चौवे जी ने मा मुख्य अतिथि श्री अजय धाकरे जी को पगड़ी पहिनाकर और तलवार भेट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाडियो को सील्ड भेट की। टूनामेंन्ट में 7 टीमो ने भाग लिया। जिसमे एसातिर क्लव उरेग, पवन एकेडमी बकेवर, तिरंगा क्लव बकेवर, इटावा क्लव इटावा, रेड क्लव अहेरिपुर, पवन कलव बकेवर, एवं जसवंत नगर क्लव जसवंत नगर टीमो के वीच कबड्डी मेच कराये गये। सभी मेचो मे खिलाड़ियों अभूतपूर्व प्रदर्शन किया जिनकी दर्शकों ने भूर भूर प्रशंसा की। कार्यक्रम मे भारी संख्या मे क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति एवं जनसमूह उपस्थित रहा।

## पीआरवी सिपाही की डेंगू से मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाने से सम्बद्ध पीआरवी में तैनात सिपाही की डेंगू बुखार से मौत हो गई । सिपाही की मौत की खबर से थाने में शोक की लहर दौड़ गई। बेहटा मुजावर थाने से संबंध पीआरवी 2948 पर तैनात आरक्षी शैलेश सरोज 26 को बीते 3 नवंबर को तेज बुखार आया था । शैलेश ने साधारण बुखार समझकर मामूली दवाएं ली। लेकिन उसे कोई फायदा नही हुआ । 5 नवंबर को शैलेश छुट्टी लेकर इलाज के लिए लखनऊ चला गया । लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उसकी जाँच हुई जहाँ उसे डेंगू निकला। 20 नवंबर को उसकी वापसी थाने पर होनी थी। लेकिन हालत ज्यादा खराब होने के कारण वह ड्यूटी पर नहीं आ सका। आज सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना से थाने में शोक की लहर दौड़ गई।

# संविधान दिवस कार्यक्रम में दिलायी गई शपथ



**कानपुर देहात।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशानिर्देशों के अनुपालन में संविधान दिवस के सुअवसर पर जनपद न्यायाधीश यशवन्त कुमार मिश्र के निर्देशन में दिनांक 26 नवम्बर को प्रात: 11 बजे जिला एवं सत्र न्यायालय के सभागार में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। सचिव, सोनाली पूनिया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा सभा का संचालन किया गया। संविधान दिवस के सुअवसर पर जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,कानपुर देहात द्वारा अध्यक्ष, एमएसीटी जितेन्द्र पाण्डेय व प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय अचल सचदेव की उपस्थिति में संविधान की प्रस्तावना का पाठन एवं संविधान में लिखित मूल कर्तव्यों की शपथ दिलायी गयी एवं अपने सम्बोधन में संविधान की महत्ता के अपने जीवन में आदर्शित करने हेतु बताया गया। आयोजन में कोबिड–19 संक्रमण के संबंध में जारी दिशा–निर्देशों को ध्यान में रखते हुए सभी सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सचिव सोनाली पूनिया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के द्वारा कार्यक्रम के उपरान्त उपस्थित सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण एवं समस्त कर्माचारीगण को धन्यवाद सम्बोधित किया गया।

# अध्यादेश वापस लेने की मांग को लेकर किसान यूनियन (अ) ने दिया ज्ञापन

### ● धान क्रय केंद्रों में किसानों का हो रहा उत्पीड़न का मुद्दा भी उठाया

**संवाददाता।** घाटमपुर



**स्वामीनाथन** आयोग की सिफारिसें लागू करने के बजाय केंद्र सरकार किसान बिरोधी अध्यादेश तीन अध्यादेश लागू कर किसानों को आत्महत्या जैसा कदम उठानें को मजबूर कर दिया है इसी के चलते आज किसान संघर्षरत हैं अत: तीनों अध्यादेश वापस लिये जाय। तीनों अध्यादेश वापस लेने को लेकर आज किसान यूनियन ( अम्बावाता ) गुट ने तहसील के सामने धरना दिया और महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी की अनुपस्थित में तहसीलदार बिनीत कुमार को दिया तथा उचित माध्यम से महामहिम तक भेजने की मॉंग की। पूर्व निर्धरित कार्यक्रम के मुताविक किसान यूनियन ( अ ) के लोग तहसील के सामने इक्ठा हुए और धरना दिया तथा नारेबाजी करते हुए तहसील पंहुचे और ज्ञापन दिया। ज्ञापन में स्वामीनाथन की शिफारिस लागू करने के अलावा फसल की लागत मूल्य का दुगना पैसा देने व धान खरीद केंद्रों पर किसानो का हो रहा उत्पीड़न रोकने की मॉंग की गया। ज्ञापन देने वालों में यूनियन के जिलाध्यक्ष राजेश पटेल, जिला महासचिव/तहसील अध्यक्ष महेश कुशवाहा, नगर अध्यक्ष आशिक मिस्त्री, संदीप पटेल, जीतेन्द्र यादव, देशराज यादव आदित्य दीक्षित और शमीम रजा उर्फ भोलू बादशाह आदि प्रमुख थे। तहसीलदार बिनीत कुमार ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत दूसरे चरण में बालिकाओं-महिलाओं को किया गया जागरूक

### ● कस्तूरबा बालिका विद्यालय गौर में सकुशल हुआ समापन

**संवाददाता। कानपुर देहात**



नारी सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय के निर्देशन में कस्तूरबा बालिका विद्यालय गौर में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें अमरौधा ब्लाक के सभी न्याय पंचायतों में नामित परिषदीय नोडल शिक्षकों नें प्रतिभाग किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने कहा कि सभी को नारी सम्मानए स्वाभिमान और स्वावलंबन के लिए आगे आने की आवश्यकता है। संपन्न सांस्कृतिक विरासत वाले देश में आज बालिका और नारी सम्मान के जागरूकता कार्यक्रम चलाने पड़ रहे हैं यह बड़ी चिंता का विषय है।

जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि बात और विचारों से काम नहीं चलेगा हम सभी को महिला सम्मान और सुरक्षा के लिए आचरण में नैतिक मूल्यों को समाहित करना होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद द्विवेदी ने कहा कि सभी को संवेदनशील होकर इस विषय में अगुवाई करने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप शिक्षा निदेशक डॉ सच्चिदानंद यादव ने कहा शिक्षक इस महा अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाकर नारी सम्मान स्वाभिमान और स्वावलंबन में महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। जीआईसी प्रधानाचार्य रति वर्मा ने कहा कि नारी सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जन जागरण की आवश्यकता है मीडिया प्रभारी अनन्त त्रिवेदी ने बताया कि कस्तूरबा विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में दहेज हत्या नाटक प्रस्तुत किया गया। वहीं महिला शिक्षिकाओं द्वारा कठपुतली के माध्यम से हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला समन्वयक बालिका शिक्षा विवेक दलेला, बीईओ उदय नारायण कटियार, वार्डन गोदावरी, आरपी मनोज शुक्ला, रवि द्विवेदी, अखिलेश, दिनेश, नवीन दीक्षित, संजय सचान, मधुरानी, रीना कटियार, प्रभा, अंजू, अंजली, किरन, ज्योति, सीमा वर्मा, इरफान, मानवेंद्र आदि भी रहे।

# तेदुएं को पकड़ने में गन्ने की फसल बाधक, वन विभाग ने बिछाया जाल

**राजेपुर/फर्रुखाबाद।** विकासखंड राजेपुर क्षेत्र में बीते कई दिनों से दहशत का पर्याय बने तेंदुआ अभी तक वन विभाग की पकड़ से बाहर है, जैसे–जैसे समय गुजर रहा है ग्रामीणों में दहशत बढती जा रही है वन विभाग एवं पुलिस ने आस–पास के गांवों में एलर्ट जारी कर दिया है लेकिन कटरी की हजारों बीघा भूमि में खड़ा गन्ना उसे पकड़ने में बाधा बना हुआ है।

राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उदयपुर में बीते दिन से एक तेंदुए के आ जाने के चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है तेंदुए नें बीते मंगलवार की रात गाँव के राधेश्याम मिश्रा पुत्र रामशरण की गाय को मार कर अपना निवाला बना लिया था। जिसके बाद वन विभाग सक्रिय हुआ है, लेकिन 48 घंटे बीत जाने के बाद भी वन विभाग की टीम उसे पकड़ने में नाकाम रही है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है, बीती रात थानाध्यक्ष देवेन्द्र गंगवार नें ग्रामीणों को सतर्क रहने की चेतावनी जारी की, जिसमे उन्होंने सभी को घरो के भीतर रहने के साथ साथ अपने मवेशी भी घरों में ही रखने की सलाह दी है। गुरुवार को सुबह वन निरीक्षक उदय प्रताप सिंह के साथ ही थाना पुलिस के दारोगा संजय मौर्य भी फोर्स के साथ आ गये।

वन विभाग नें खेतों में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाया है, गुरुवार को वन विभाग की टीम को बीते दिन खायी गयी गाय के शरीर पर नये पंजे के नशान केव साथ ही एक शीशम के पेंड पर भी पंजे के निशान मिले है। क्षेत्रीय ग्रामीण तेंदुए की दहशत के चलते अपने शस्त्र और डंडे लेकर खेतों में निकल रहे है। वहीं जिस जगह तेंदुए के होनें की आशंका है उस जगह पर गन्ना खड़ा है,इस कारण खेत में घुसकर तेंदुए को पकड़ना एक बहुत बड़ी चुनौती है। वन निरीक्षक उदय प्रताप सिंह नें बताया कि फिलहाल तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाया गया है, यदि तेंदुआ पिंजड़े से नहीं पकड़ा जाता है तो इस स्थिति में कानपुर या इटावा से टीम को बुलाया जायेगा।

# संदिग्ध हालात में युवक की रेत खदान में मौत, हत्या का आरोप

**बांदा।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की रेत की खदान में मौत हो गई जिसको लेकर मृतक के परिजनों ने खदान संचालकों पर हत्या करने का आरोप लगाया हैण् और इसको लेकर आज इन्होंने मोर्चरी हाउस में जमकर हंगामा काटाण् सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ बीजेपी विधायक भी मौके पर पहुंचेण् जहां पर उन्होंने मृतक के परिजनों को मामले में जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दियाण् तब जाकर लोग माने और वे शांत हुएण् वहीं युवक की मौत के मामले को खदान संचालक बीमारी से हुई मौत बता रहे हैंण् फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैण् और खदान संचालकों पर मुकदमा दर्ज किए जाने की भी बात कही है



**मोर्चरी हाउस में मृतक के परिजनों ने देर शाम तक काटा हंगामा:** बता दें कि पूरा मामला देहात कोतवाली क्षेत्र के पथरी रेत की खदान का हैण् जहां से मंगलवार को देर रात खदान संचालक एक शिवाकांत नाम के युवक को अस्पताल लेकर पहुंचेण् जहां चिकित्सकों ने शिवाकांत को मृत घोषित कर दिया शिवाकांत शहर कोतवाली क्षेत्र के हमारा गांव का रहने वाला था जो रेत की खदान में काम कर रहा थाण् वही जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन रात में ही अस्पताल पहुंचे घटना के बारे में लोगों से जानकारी लीण् वही मोर्चरी हाउस में बुधवार को सुबह अचानक परिजन युवक की मौत गौ बताते हुए हंगामा काटने लगे जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक महेंद्र प्रताप चौहान सिटी मजिस्ट्रेट सुरेंद्र सिंह और तिंदवारी क्षेत्र से बीजेपी के विधायक बृजेश प्रजापति मौके पर पहुंचे जहां पर उन्होंने परिजनों को इस मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है वहीं बीजेपी विधायक ने भी इस मामले को संदिग्ध बताते हुए खदान संचालकों द्वारा हत्या किए जाने का आरोप लगाया है फिलहाल देर शाम जब अधिकारियों ने इस मामले में खदान संचालकों पर मुकदमा लिखे जाने की बात कही तब जाकर मृतक के परिजन शांत हुए।मृतक के परिजनों ने बताया कि हम को सूचना मिली थी शिवाकांत अस्पताल में हैण् और जब हम यहां पर पहुंचे तो पता चला कि उनकी मौत हो गई हैण् हमें यह आशंका है कि खदान संचालकों ने उनकी हत्या की हैण् क्योंकि खदान में काम करने वाले कुछ लोगों से हैण् उनका विवाद हुआ थाण् परिजनों ने बताया कि शिवाकांत की छुट्टी के बावजूद भी किसी अमन सिंह नाम के व्यक्ति ने उन्हें बुलाया थाण् और जब वे वहां गए तो अमन सिंह के द्वारा बीमारी की बात बताई गई और जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो शिवाकांत को मृत अवस्था में पाया।

## शोषित व वंचित समाज हक के लिये जागरूक हो चुका है-इशरत खॉन

**कन्नौज।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष इशरत खॉन ने ग्राम हृदयरामपुर, अलापुर, सकरावा, अलीनगर सरदापुर में दौराकर पार्टी का प्रचार प्रसार कर संगठन का विस्तार किया।गुरूवार को एमीम जिलाध्यक्ष इशरत खान ने कहा कि सेकुलर पार्टी अब सत्ता में हिस्सेदारी दें या फिर अंजाम भुगतने के लिए खुद तैयार रहें। क्योंकि अब दलित, पिछड़ा, कमजोर वर्ग, अल्पसंख्यक अपने वोट और अपने हक को लेकर जागरूक हो चुके है। जागरूक करने का श्रेय मजलिस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद असदउद्दीन ओवैसी को जाता है। जिला पंचायती चुनाव को लेकर रणनीति तय की। उधर कन्नौज यूथ जिलाध्यक्ष अकबर खान, छिबरामऊ नगर अध्यक्ष यूथ जावेद खान, आरिफ मंसूरी, शादाब खान ने गांव गांव जाकर लोगों को पार्टी की नीतियों से रूबरू कराया।

## बिना अनुमति चल रहे क्रशरों को करें सीजः डीएम

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योगबन्धु की बैठक में जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर कहा कि जिन विभागों के आवेदन लम्बित हैं, उनका तत्काल निदान कर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जिला एक उत्पाद सहायता योजना में अग्रणी जिला प्रबंधक तीन दिन के अन्दर सभी आवेदन मंजूर कर कैम्प लगाकर लोन दें। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने एक्सईएन विद्युत को निर्देश दिये कि मे प्रिया इंडस्ट्रीज की विद्युत लाइन शिफ्ट करा दी जाये। औषधि निरीक्षक को निर्देश दिये कि सैनेटाइजर लाइसेंस धारक की फीस वापस कर नये ढंग से आवेदन कराया जाये, ताकि सैनेटाइजर लाइसेंस निर्गत किया जा सके। श्रम विभाग को निर्देश दिये कि शासन से पत्राचार कर योजनाओं का लक्ष्य बढ़वाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दें। व्यापार कर अधिकारी को निर्देश दिये कि व्यापार पंजीकरण के लक्ष्य को कैम्प लगाकर पूरा करायें। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी को निर्देश दिये कि जो स्टोन क्रशर बिना अनुमति चल रहे हैं उनके खिलाफ कार्यवाही कर शील कराया जाये। एनजीटी के उल्लंघन पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफकड़ी कार्यवाही हो सकती है। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारीगण व व्यापारी नेता मौजूद रहे।


डीएम शेषमणि पाण्डेय।

## क्विक न्यूज

### सपा की वंदना यादव ने जिला पंचायत अध्यक्ष का ताज भाजपा से छीन फिर से हासिल किया

**हमीरपुर।** हमेशा चर्चा में रहने वाली हमीरपुर की जिला पंचायत फिर से चर्चा में आ गयी है, भाजपा की जयंती राजपूत पत्नी संतराम राजपूत द्वारा डेढ साल अध्यक्षीय करने के बाद हाईकोर्ट प्रयागराज ने चुनाव कराने व अविश्वास लाने के मामले को गैर कानूनी करार देते हुये सपा नेता बंदना यादव को फिर से अध्यक्ष पद पर बहाल कर दिया है। जिससे भाजपाईयो के चेहरे पर हवाईया उड़ने लगी है। जिला पंचायत अध्यक्ष बंदना यादव के खिलाफभाजपा नेताओ ने दो अप्रैल 20218 को अविश्वास प्रस्ताव लाये थे जिसमे वंदना यादव के पति पुष्पेंद्र यादव ने इस मामले को हाईकोर्ट में चैलेंज किया जिसकी बहस पहली बहस अप्रैल 2018 में हुई थी।इसके बाद सात अप्रैल 2018 को भी विरोधी पक्ष ने होने वाले चुनाव को भी चैलेंज किया था चुनाव में अठारह सदस्यीय वाले जिला पंचायत में 12 लोगो ने बंदना यादव के खिलाफमत डाले थे। हाईकोर्ट ने दोनो याचिकाओं की सुनवायी करते हुये आज फाइनल बहस में दोनो याचिकाओं को बंदना यादव के पक्ष में सही साबित करते हुये फिर से बंदना यादव को अध्यक्ष करार दिया है।बंदना यादव के हाईकोर्ट प्रयागराज के अधिवक्ता सरोज कुमार यादव एडवोकेट ने बताया कि बहुत शीघ्र ही हाईकोर्ट का आदेश डीएम हमीरपुर को भेज दिया जायेगा। सरकार की तरफसे अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता प्रदीप त्रिपाठी थे, जयंती राजपूत की तरफसे मनोज गौतम पैरवी कर रहे थे।

### घटिया सामग्री से निर्मित कराया जा रहा है शौचालय

**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के भौली गांव में बनाया जा रहे सामुदायिक शौचालय में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है वहीं निर्माण भी अधूरा पड़ा है क्षेत्र के भौली गांव में निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालय में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है इसके निर्माण में तीन नंबर की ईंटे लगाई जा रही है जबकि शासन से सामुदायिक शौचालय के निर्माण के लिए साढ़े पांच लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है लेकिन ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा इसका निर्माण मानक के अनुसार नहीं कराया जा रहा है तथा इसका निर्माण कार्य ठप है ग्रामीणों ने इसकी जांच कराए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है।

### जिले में मिले 12 कोरोना संक्रमित, 13 पहुंचे घर

**हमीरपुर।** जिले में गुरुवार को 12 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। जिन लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई हैं उनमें रहमानियां इंटर कॉलेज मौदहा में कार्यरत 58 वर्षीय शिक्षक, नेशनल इंटर कॉलेज के 45 वर्षीय शिक्षक, गहरौली के 45 वर्षीय, बिंवार में 45 वर्षीयए नौरंगा में 33 वर्षीय युवकए राठ में 48 वर्षीय किसानए कुरारा के पीडी उपाध्याय इंटर कॉलेज के 28 वर्षीय कर्मीए कुरारा निवासी 25 वर्षीय और 34 वर्षीय युवतीए रमेडी डांडा निवासी 75 वर्षीय बुजुर्गए नई बस्ती निवासी 49 वर्षीय व्यापारी और राठ की 21 वर्षीय युवती में कोरोना की पुष्टि हुई है। जबकि 13 मरीजों को कोरोना से ठीक होने पर डिस्चार्ज किया गया है। इनमें नौ मरीज कुरारा सीएचसीए एक मरीज सुमेरपुर और एक मरीज झांसी मेडिकल कॉलेज से डिस्चार्ज किया गया है। दो मरीजों की पोर्टल में इंट्री नहीं हुई है। सीएमओ डॉ0आरके सचान ने बताया कि आज कुल 1400 लोगों के सैंपल लिए गए। जिले में इस वक्त 53 एक्टिव हैं।

### भाजपाइयों ने शुरू किया डोर टू डोर जनसंपर्क

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** एमएलसी चुनाव की सफलता के लिए भाजपाइयों ने डे नाईट डोर टू डोर सघन जनसंपर्क कर स्नातक मतदाताओं को पार्टी की उपलब्धियां व नीतियां बताकर जागरूक किया। भाजयुमो नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर कार्य कर रही है। नगर के विभिन्न मोहल्लों में पहुंच कर भाजयुमो नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, मण्डल कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा, राकेश कौशल सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर पहुंचकर स्नातक मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मण्डल कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार में देश की एक अलग पहचान बनी है। भाजपा सरकार में गरीब, किसान, व्यापारी सहित आम जनता के हित में जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर लाभान्वित करने का कार्य किया गया है।

### कैंसर पीड़ित अधिवक्ता के निधन से शोक की लहर

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** अधिवक्ता इरशाद खान कैंसर की बीमारी के चलते काफी दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। बीती शाम अधिवक्ता का निधन होने से परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर निवासी 45 वर्षीय अधिवक्ता इरसाद खान पुत्र असफाक खान कैंसर बीमारी से काफी दिनों से पीड़ित थे जिनकी मुम्बई अस्पताल में मंगलवार की देर रात इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। गुरुवार सुबह इरशाद खान के शव को कब्रिस्तान में दफन किया गया। कई गांवों में गौशाला निर्माण रख-रखाव व चारे-भूसे में लाखों रुपये कागज में खर्च कर दिये। अन्ना पशुओं का रखरखाव सही ढंग से नहीं हो रहा है। देवीदयाल यादव ने कहा कि किसान व श्रमिक विरोधी काले कानूनों को रद्द करने को लेकर किसान मजदूरों को एकजुट होकर विरोध करना होगा। इस मौके पर रविकरन, विनोद पाल, दादूराम, राजेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे। सभा के बाद राष्ट्रपति सम्बोधित छह सूत्रीय ज्ञापन बीडीओ कर्वी को सौंपा गया।

### संविधान की प्रस्तावना है संविधान का आधारः सिविल जज

चित्रकूट। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अधिवक्ता संघ भवन में अधिवक्ताओं व वादकारियों की मौजूदगी में संविधान दिवस मनाया गया। गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/सिविल जज अरुण कुमार यादव ने सभी अधिवक्ताओं को संविधान दिवस पर शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि संविधान की प्रस्तावना संविधान का आधार है। प्रस्तावना के सभी शब्द महत्वपूर्ण हैं। संविधान में संशोधन प्रस्तावना की मूल भावना के प्रतिकूल नहीं किया जा सकता है। मूल कर्तव्यों के प्रति सजग रहना है। संविधान के विपरीत कोई कार्य नहीं करना है। जिला बार एसो. के अध्यक्ष हेमराज सिंह ने कहा कि संविधान लागू होने के समय प्रस्तावना नहीं थी। प्रस्तावना संविधान में बाद में जोड़ी गई है। 1960 में उच्चतम न्यायालय में संविधान का प्रस्तावना संविधान का हिस्सा नहीं है, जिससे 1973 में उच्चतम न्यायालय में पूर्णपीठ ने निर्णय किया कि प्रस्तावना संविधान का अंग है।

### एमएलसी चुनाव के प्रति सपा है गम्भीरः रामवृक्ष यादव

चित्रकूट। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एमएलसी स्नातक चुनाव प्रभारी बनकर आये पूर्व मंत्री/विधान परिषद सदस्य रामवृक्ष यादव ने सपाइयों से एमएलसी स्नातक चुनाव लड़ने के तौर-तरीके सिखाये। गुरुवार को सपा जिला कार्यालय में विधान परिषद सदस्य रामवृक्ष यादव ने सपाइयों से कहा कि इस चुनाव को सपा गम्भीरता से लड़ रही है। सामन्ती एवं साम्प्रदायिक ताकतों के खिलाफबड़ी लड़ाई है। भाजपा सरकार चुनाव जीतने को साम-दाम-दंड भेद का इस्तेमाल कर रही है। प्रदेश में योगी सरकार ने विकास पर कोई काम नहीं किया। लोग खुद को ठगे महसूस कर रहे हैं। योगी राज में भ्रष्टाचार एवं अपराध चरम पर है। सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि एमएलसी स्नातक चुनाव के प्रति कार्यकर्ता गम्भीर हैं। सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। फासिस्टों के खिलाफलड़ाई लडी जा रही है।

# पुलिस ने दो पीड़िता को बरामद कर परिजनों के किया सुपुर्द

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर गुमशुदा दो बालिकाओं की बरामदगी को जारी अभियान में चौकी प्रभारी सीतापुर रामवीर सिंह ने दो पीड़िता को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। गुरुवार को चौकी प्रभारी सीतापुर रामवीर सिंह ने मनीष जोशी पुत्र जनार्दन निवासी चौघडिया बाजार सीतापुर व पुष्पेन्द्र पुत्र जगमोहन निवासी भरतकूप को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो पीडिताओं को सकुशल बरामद कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। ये दोनों बालिकाओं को बहला-फुसलाकर भगा ले गये थे। इनके खिलाफसीतापुर चौकी में उचित धाराओं में मामला दर्ज था। इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा दिनेश कुमार सिंह की टीम ने चोरी के मामले में विजय उर्फ छोटू पटेल पुत्र बलराम निवासी मानिकपुर व अभिलाष पुत्र शोभा निवासी मानिकपुर के कब्जे से चोरी की तीन बैटरी, तीन सोलर पैनल, तीन एलईडी लाइट समेत दबोचकर जेल भेजा है।


पुलिस गिरफ्त में बालिकाओं को भगाने वाले।

# बच्चों के यौन शोषण के आरोपी निलंबित जेई को लेकर चित्रकूट पहुंची सीबीआई

● विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों से पूछतांछ कर साक्ष्य जुटाने में जुटी टीम

**चित्रकूट।** बच्चों के यौन उत्पीड़न के आरोपी सिंचाई विभाग के निलंबित जेई रामभवन की कोर्ट से रिमांड मिलने के बाद सीबीआई की विशेष टीम गुरूवार को चित्रकूट पहुंची। कोरोना संक्रमित जेई को मेडिकल टीम की कडी निगरानी में एम्बुलेंस से सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में लाया गया। टीम में शामिल अधिकारी देर शाम से यौन शोषण कांड से जुडे लोगों से पूछतांछ कर साक्ष्य जुटाने का प्रयास करेगीं।सीबीआई टीम के आने से सिंचाई विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों में खलबली मची हुई है।

बांदा की विशेष अदालत ने बुद्धवार को 50 बच्चों के यौन शोषण के आरोपी सिंचाई विभाग के जेई रामभवन की पांच दिनों की रिमांड सीबीबाई को दी है। गुरूवार की शाम सीबीआई की विशेष टीम कोरोना संक्रमित आरोपी जेई को मेडिकल टीम से लैस विशेष एम्बुलेंस से लेकर बांदा से चित्रकूट स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट पहुंची। सीबीआई की टीम अभियुक्त जेई से पीपीई किट पहनकर पूछताछ कर रहीं है। सीबीआई टीम के चित्रकूट पहुंचते ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों मे खलबली मची हुई है। विभागीय गेस्ट हाउस को बाहरी लोगों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। सीबीआई की टीम आरोपी जेई के करीबियों को अलग अलग बुला कर यौन शोषण कांड से जुडे सवाल पूंछ रहीं है। आपकों को बता दे कि बांदा कोर्ट से सीबीआई को 26 से 30 नवंबर तक के लिए आरोपी जेई की रिमांड मिली हुई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि सीबीआई की टीम अगले एक दो दिनों तक चित्रकूट में रहकर कांड से जुडे लोगों से पूछतांड एवं स्थानों का बारीकी से मुआयना करेगीं। विशेष अदालत के आदेश के मुताबिक मामले में आरोपी करोना संक्रमित जेई रामभवन पर किसी तरह का अमानवीय व्यवहार या प्रताड़ना अथवा उत्पीड़न या थर्ड डिग्री का प्रयोग नहीं किया जाएगा। सीबीआई को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। आरोपी को दवाई व अन्य चिकित्सीय उपचार समय-समय पर दिया जाएगा। दवाएं और पीपीई किट तथा आइसोलेशन व क्वारंटीन के दिशा-निर्देशों के पालन की निगरानी का दायित्व सीएमओ, बांदा का होगा।

## अनिल प्रधान के खासे संघर्षो के बाद मिली पीएचसी हुई शुरु

**चित्रकूट।** बुन्देलखण्ड किसान विकास समिति के अध्यक्ष/जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रधान की मौजूदगी में सीएमओ डॉ विनोद यादव, अपर सीएमओ डॉ इम्तियाज खान व अन्य चिकित्सा कर्मियों ने न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रुकमाखुर्द भवन का लोकार्पण कर आज से वहां चिकित्सा सेवा शुरु कर दी गई। गुरुवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रुकमाखुर्द में पीएचसी चालू होने से क्षेत्र के रुकमा-ददरी क्षेत्र के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। अनिल प्रधान ने ये पीएचसी जनता को समर्पित कर कहा कि 2011 से 2015 तक खासे संघर्षों के बाद पीएचसी की मंजूरी मिली थी। पीएचसी मंजूरी को छह-छह दिन भूख हडताल के बाद सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इसकी मंजूरी देते हुए तत्काल पीएचसी निर्माण को धनराशि जारी की थी। पाठावासियों की मेहनत का नतीजा है यह पीएचसी।

## करंट लगने से ट्रक चालक की मौत

**राठ( हमीरपुर )।** ट्रक के पहिये का पंचर बनवाकर फिट कर रहा चालक हाईटेंशन तारों की चपेट में आ गया। चालक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया है। मुस्करा थाना क्षेत्र के छानीबांध गांव निवासी कृष्णकांत 21 पुत्र गयाप्रसाद राजपूत बुधवार की शाम करीब 4 बजे बसौठ गांव में ट्रक के पहिये का पंचर बनवा रहा था। पंचर बनने के बाद चालक पहिये को ट्रक में फिट कर रहा था। उसी दौरान कुछ लोगों ने ट्रक का जैक चढ़ा दिया। जिससे ऊपर से गुजरी हाईटेंशन तारों के ट्रक की बॉडी टच हो गई। ट्रक में दौड़े करंट से चालक कृष्णकांत की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के दादा ओमप्रकाश राजपूत ने बताया कि कृष्णकांत के पिता की बीमारी के चलते 15 साल पहले मौत हो गई थी। तभी से कृष्णकांत को वह पाल पोश रहा था। बताया कि कृष्णकांत एक साल से ट्रक चला रहा था।

# लूटकांड का खुलासा-पुलिस ने लूटी हुई रकम, तमंचा व बाइक की बरामद

**राठ ( हमीरपुर )।** राठ कस्बे के किराना व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने लूट की घटना को अंजाम देने वाले पिकअप चालक और उसके साथियों को लूट की रकम और अवैध तमंचा व बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बीते बुधवार की तड़के करीब ढाई बजे कोटबाजार मोहल्ला निवासी विक्रांत गुप्ता किराये की पिकअप से तेल लेने के लिए माधौगढ उरई जनपद जालौन जा रहे थे। रात करीब ढाई बजे घर से निकलते ही रास्ते में अज्ञात बदमाशों ने कृष्णा स्वीट हाउस के पास रास्ते में बाइक से रास्ता रोक लिया था। पुलिस ने बताया कि बदमाशों ने पिकप पर सवार चालक को डरा धमका तमंचे की नोंक पर पिकअप में सवार किराना व्यापारी विक्रांत गुप्ता से झोले में रखे 2 लाख 75 हजार रुपया व दो अदद मोबाइल फोन लूट कर भाग गये थे। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच शुरू करते हुए लुटेरों की तलाश शुरू कर दी थी। एसपी नरेंद्र सिंह के निर्देश पर कोतवाल केके पांडेय ने पिकअप चालक असवेन्द्र कुमार राजपूत निवासी टिकरिया पर शक जाहिर करते हुए उससे कड़ाई से पूंछतांछ की। चालक पुलिस की कड़ाई से ढीला पड गया और उसने अपने साथियों से लूट की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने चालक की निशानदेही पर जयप्रकाश उर्फ पिन्टू पुत्र सरवन राजपूत निवासी उमरई थाना महोबकंठ जिला महोबा, रोहित कुमार राजपूत उर्फ अनिल कुमार उर्फ बुद्धु पुत्र निरपत, ओमप्रकाश उर्फ ओमी पांचाल पुत्र मुन्नालाल, संदीप राजपूत पुत्र बलराम राजपूत निवासी स्यावन थाना अजनर महोबा को गुरूवार की रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लूटे गए 1 लाख 27 हजार रूपये भी बरामद कर लिये। कोतवाल ने बताया कि पुलिस ने जयप्रकाश के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व 4 जिंदा कारतूस बरामद किए।

### व्यापारी से बेइज्जती का बदला लेने के लिये पिकप चालक ने रची थी साजिश

राठ। कोतवाल केके पांडेय ने बताया कि लूट की घटना की साजिश पिकप चालक असवेंद्र ने रची थी। असवेंद्र के अनुसार किराना व्यापारी विक्रांत गुप्ता से उसका तीन माह पुराना 10 हजार रूपये का लेनदेन था। रूपये मांगने पर विवाद हो गया था और विक्रांत ने उसकी काफी बेइज्जती की थी। जिसका बदला लेने के लिये उसने अपने साथियों के साथ मिलकर इस लूट का अंजाम दिया था।

# कम लागत में उगाया जा सकता है मशरूम, बढ़ेगा स्वरोजगार

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के प्रौद्योगिक कृषि विश्वविद्यालय बांदा के कुलपति डा. यूएस गौतम ने बताया कि स्व रोजगार का बढ़ावा मिलेगा मशरूम की खेती कम लागत में और कम जगह में अच्छी पैदावार की जा सकती है जो कि हमारे विश्वविद्यालय में की गई है। बुंदेलखंड क्षेत्र में मशरूम का उत्पादन एवं उपयोग प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के मुकाबले कम प्रसिद्ध है मशरूम में अच्छा एवं सुगम प्रोटीन का स्रोत है जो आसानी से हर घर को उपलब्ध हो सकता है इसके उत्पादन हेतु बुंदेलखंड परी क्षेत्र की जलवायु अनुकूल है वर्ष भर उत्पादन लेने के लिए कुछ संरचनाएं दीक्षित कर तथा वैज्ञानिक ढंग से उत्पादन करके सुनिश्चित की जा सकती है



कुलपति ने बताया कृषि विश्वविद्यालय बांदा तथा बुंदेलखंड उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में स्थापित कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा मशरूम उत्पादन किया जा रहा है युवाओं को मशरूम उत्पादन को रोजगार के रूप में अपनाने हेतु समय.समय पर प्रशिक्षित भी किया जाता है इस कार्य हेतु विश्वविद्यालय तथा कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक तकनीक का प्रचार करते हुए आम जनमानस को जागरूक करने का भी कार्य कर रहे हैं आवश्यकता है हमें वैज्ञानिक ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त कर इसे सीमित क्षेत्र और सीमित साधनों से आगे बढ़ाने मशरूम उत्पादन तथा वैज्ञानिक तकनीक के प्रसार के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा कृषि विश्वविद्यालय बांदा में प्रयोग विज्ञान इकाई विकसित की गई है इस इकाई के माध्यम से युवाओं तथा कृषकों के साथ.साथ अध्ययनरत छात्रों को प्रयोग विज्ञान दिया जा रहा है।

# आज के ही दिन अपने स्वतंत्र अस्तित्व को आकार देने का किया था प्रयासः लोकेंद्र

**हमीरपुर।** स्व पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय गहरौली हमीरपुर में संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. लोकेन्द्र नाथ पाण्डेय ने संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यर्पण करते हुये कहा कि आज के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाने का बड़ा कारण वेस्टर्न कल्चर के दौर में युवाओं के बीच मे संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देना है यही वह दिन है जब गुलामी की जंजीरों से आजाद होकर अपने स्वतंत्र अस्तित्व को आकार देने का प्रयास कर रहे राष्ट्र ने संविधान को अंगीकार किया था।



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कृषि संकाय के प्रवक्ता डॉ कपिल तिवारी ने दुष्यंत कुमार के शेर सामान कुछ नहीं है फटेहाल है मगर झोले में उसके पास कोई संविधान है के माध्यम से बताया कि आज ही के दिन 26 नवंबर 1949 को व्यापक वैविध्य भरे हमारे देश ने स्वयं के लिए विश्व की सबसे लंबी लिखित व्यवस्था बनाकर उसे आत्मार्पित किया था। 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन की लंबी चर्चा-परिचर्चा के बाद भारतीय शासन, प्रशासन और विभिन्न सरकारों से भी ऊपर एक सर्वोच्च शक्ति, अपने अस्तित्व में आयी थी जिसे हम भारत का संविधान कहते हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ मनीष द्विवेदी ने बताया कि संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिये यह दिवस मनाया जाता है साथ ही उन्होंने संविधान के मुख्य बिंदु मौलिक अधिकार,कर्तव्यों सरकार की भूमिका एवं न्याय पालिका पर विस्तृत चर्चा की इस मौके पर महाविद्यालय के वयोवृद्ध प्रवक्ता एवं शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता जी ने भी अपने विचार रखे इस मौके पर महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दिलीप गुप्ता मनोज द्विवेदी शुभांशु गौतम शेषनाथ गुप्ता शैलेंद्र राजपूत मनोज द्विवेदी पारुल द्विवेदी सतेंद्र सक्सेना शशिकांत त्रिपाठी अंकित बाजपेयी कुलदीप द्विवेदी इत्यादि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन कृषि प्रवक्ता ई अजीत द्विवेदी ने किया।

### चारे की व्यवस्था न कर खुलेआम छोड़ दिये गये अन्ना पशु

**हमीरपुर।** कुरारा ब्लाक के झलोखर गांव स्थित अन्ना पशु आश्रय स्थल में बंद पशुओं के लिए चारा की व्यवस्था न हो पाने से ग्रामीण परेशान है वही रात में अन्ना गोवंश फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। झलोखर गांव में संचालित अन्ना पशु आश्रय स्थल में 148 पशुओं को रखा गया है इनके खानपान की कोई व्यवस्था भी अभी तक ग्राम पंचायत द्वारा नहीं की गई है इससे किसान परेशान है।

# भाजपा में योग्यता के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर मिलता हैः देवेंद्र देव


भाजपा क्षेत्रीय मंत्री को चांदी का मुकुट पहना कर किया भव्य स्वागत

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** कानपुर बुंदेलखंड भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव के स्वागत का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। कार्यकर्ताओं नें क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र को चॉदी का मुकुट पहनाकर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें योग्यता के आधार पर आगे बढनें का अवसर मिलता है। गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम नौरंगपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जिंतेंद्र ठाकुर ने नव मनोनीत भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव को चांदी का मुकुट व फूल मालायें पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की कडी मेहनत से ही देश व प्रदेश में भाजपा का परचम लहराया है। भाजपा में युवाओं को तरजीह दी जाती है जिससे युवा जोश के साथ पार्टी व देशहित में कार्य करते हुये आगे बढता है। डॉ. ज्ञानसिंह, प्रभात सिंह, सतेन्द्र दुबे, प्रधान, श्याम प्रताप भदौरिया, दिलीप मिश्रा, भूरा खान, शिवा गुप्ता, अनित शुक्ला, ब्रजेश दुबे, सुशांत ठाकुर, अर्जुन मोनू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कार्यकर्ता एकजुट होकर एमएलसी चुनाव की सफलता में जुटेंः अर्चना

● पूर्व राज्य मंत्री सहित भाजपाइयों ने मतदाता सम्मेलन में किया प्रतिभाग

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)


दीप प्रज्जवलित व संबोधित करतीं पूर्व राज्यमंत्री व मंचाशीन पदाधिकारी।

**कार्यकर्ता एकजुट** होकर डोर टू डोर पहुंचकर स्नातक मतदाताओं को पार्टी की नीतियां व उपलब्धियां गिना कर जागरूक करते हुए उन्हें शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करें। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर चलती है। इसलिए हमारी भी यह जिम्मेदारी है कि भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजय दिलाकर पार्टी को मजबूत करें।

यह बात गुरूवार को पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने नगर के तिर्वा रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित मतदाता सम्मेलन के दौरान कही। कहा कि कार्यकर्ता सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील करें।

उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद स्नातक मतदाताओं से आगामी 01 दिसंबर को स्नातक प्रत्याशी डा. मानवेंद्र प्रताप सिंह गुरुजी के पक्ष में भारी मतों से मतदान कर जिताने की अपील की। इससे पूर्व भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद कुमार सिंह, क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव, सहकारी समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर, रामवीर कठेरिया आदि ने भी मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अपील करते हुए कार्यकर्ताओं को जी जान से जुटने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विजय दुबे, पूर्व नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा, दीपक गुप्ता, अनुराग गुप्ता, मनोज गुप्ता, सरोज गुप्ता, गंगा सिंह कुशवाह, ललित कुशवाहा, सुशील सक्सेना, प्रशांत पाठक, रविकांत तिवारी, शशांक वर्मा, अवधेश वर्मा, अशोक चौरसिया, रानू ठाकुर, विजय ठाकुर, राहुल राठौर सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अपेक्षा से कम धान खरीद करने वाले केन्द्र प्रभारियों को नोटिस

संवाददाता। गोंडा

**आयुक्त** देवीपाटन मण्डल एस.वी.एस. रंगाराव ने मण्डल की धान खरीद समीक्षा बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लक्ष्य के सापेक्ष 2 प्रतिशत से कम धान खरीद करने वाले केन्द्रों के विरूद्ध नोटिस भेजी जाय और उनका स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाय।

उन्होंने जनपद गोण्डा में धान क्रय में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि मण्डल के सभी धान क्रय केन्द्रों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष धान की खरीद कर लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित की जाय ताकि हर क्षेत्र के किसानों को इसका फायदा मिल सके। आयुक्त ने पीएफएमएस के माध्यम से किसानों को भुगतान की स्थिति की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे हर स्थिति पर सतर्क दृष्टि रखें ताकि किसानों को भुगतान 72 घन्टे के भीतर हो जाय। बैठक में आयुक्त ने खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में धान क्रय में की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की, जिसके अन्तर्गत मण्डल में 41 के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस, 07 को चेतावनी तथा 03 कर्मियों का निलम्बन एवं 06 के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस प्रकार देवीपाटन

### गड़बड़ी करने पर अब तक 67 पर हुई कार्रवाई

मण्डल में धान क्रय से सम्बन्धित कुल 67 कार्यवाहियां की गई हैं। आयुक्त ने बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मिलर्स के साथ बैठक कर शीघ्रातिशीघ्र धान की कुटाई का कार्य सम्पन्न कराएं ताकि एफसीआई को समय से चावल की आपूर्ति की जा सके। उन्होंने मौसम के दृष्टिगत धान की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था किए जाने के निर्देश देते हुए कहा है कि धान क्रय केन्द्रों से मिलों को धान शीघ्रातिशीघ्र भेज दिया जाय। आयुक्त ने सामान्य एवं हाइब्रिड धान क्रय की समीक्षा के दौरान जनपद गोण्डा में पीसीएफ एवं यूपीपीसीयू द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष क्रमशः मात्र 7.67 व 8.31 प्रतिशत धान क्रय करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए धान क्रय में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं ताकि मण्डल में जनपद गोण्डा की भी स्थिति ठीक हो सके। बैठक में प्रभारी सम्भागीय खाद्य नियंत्रक ने बताया कि अब तक मण्डल में धान खरीद के निर्धारित लक्ष्य 02 लाख 33 हजार मीटरिक टन के सापेक्ष कुल क्रमिक धान खरीद 56 हजार 714 मीटरिक टन की खरीद हुई है जो लक्ष्य के सापेक्ष 24.34 प्रतिशत है। मिलर्स को कुल 31 हजार 308 मीटरिक टन धान भेजा गया है तथा मण्डल में कुल 10 हजार 787 किसानों को कुल 10594 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस समय तक गतवर्ष 16582.77 मीटरिक टन हुई धान खरीद के सापेक्ष इस वर्ष 56713.42 मीटरिक टन धान की खरीद हुई है। धान खरीद की समीक्षा बैठक के पूर्व आयोजित सीबीएसई एवं आईसीएसई नई दिल्ली से मान्यता प्रदान करने से पूर्व निर्धारित मानकों को पूर्ति करने वाली संस्थाओं को अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गत करने हेतु आयोजित मण्डलीय समिति की बैठक में जनपद श्रावस्ती एवं जनपद बहराइच से एक-एक मामलों में आयुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी अपेक्षित शर्तें पूर्ण कराकर शीघ्रातिशीघ्र उनके समक्ष प्रस्तुत करें। बैठक में डीएम श्रावस्ती टी0के0 शीबू, संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी तथा सम्बन्धित जनपदों के जिला विद्यालय निरीक्षक उपस्थित रहे। बैठक में प्रभारी सम्भागीय खाद्य नियंत्रक दिनेश शर्मा, एफसीआई के अधिकारी सहित क्रय एजेन्सी पीसीयू और पीसीएफके अधिकारी उपस्थित रहे।

# संविधान दिवस पर दिलाई शपथ



**गोंडा।** संविधान दिवस (26 नवंबर) के अवसर पर जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में समस्त सरकारी, अर्धसरकारी, शैक्षणिक संस्थाओं में संविधान की उद्देशिका का पाठन किया गया। कमिश्नरी में अपर आयुक्त देवीपाटन मण्डल राकेशचन्द्र शर्मा तथा कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने अधिकारियों-कर्मचारियों को भारतीय गणराज्य का संकल्प एवं संविधान की शपथ दिलाई।

जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने इस अवसर पर शपथ दिलाई कि हम सब लोग भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करेगें। संवैधानिक आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करेगें। देश की संप्रभुता अखण्डता की रक्षा करेंगे। महिलाओं का सम्मान करेगें। हिंसा से दूर रहकर बंधुता बढ़ाएंगें। सामाजिक संस्कृति का संवर्द्धन व पर्यावरण का संरक्षण करेगें। वैज्ञानिक दृष्टिगकोण का विकास करेगें। सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करेगें। व्यक्तिगत व सामूहिक गतिविधि में उत्कृष्टता बढ़ाएगें। सबको शिक्षा के अवसर प्रदान करेगें एवं स्वतंत्रता आन्दोलन के आदर्शों को बढ़ावा देगें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने भारतीय गणराज्य का संकल्प दिलाया। संविधान दिवस के अवसर पर जनपद में कोरोना वायरस के संक्रमण के संबंध में जारी एडवाइजरी निर्देशों का अनुपालन करते हुए माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक तथा उच्च शैक्षणिक संस्थानों में भाषण क्विज व गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित संगोष्ठी में संविधान में उल्लिखित मौलिक कर्तव्य, महात्मा गांधी, डॉ0 भीमराव अंबेडकर एवं सरदार वल्लभभाई पटेल जी के विचारों से जन सामान्य को अवगत कराया गया व उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अपर आयुक्त कमलेश कुमार सिंह, सीआरओ आरआर प्रजापति, सिटी मजिस्ट्रेट वन्दना त्रिवेदी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मो0 नईम, नाजिर सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रीय संविधान दिवस प्रस्तावना का पाठ किया

रायबरेली, न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, सीनियर सेकेन्डरी स्कूल, त्रिपुला, में राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने संविधान में लिखित मूल्यों का पालन करने की शपथ ली। सभी ने प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। इस दौरान सोशल डिस्टेन्सिंग के नियमों का पूर्णतः पालन किया गया। इस अवसर पर अवधेश शर्मा, रामदेव, शिवकरन पाल, शाहीन खान, रिचा श्रीवास्तव, आशीष गोविन्द राव, आदि उपस्थित रहे।

### विजलेंस टीम की छापेमारी से हड़कंप

**सुल्तानपुर।** कटका बाजार में विजिलेंस ने औचक छापेमारी अभियान चलाया। विभाग की कार्यवाही से विद्युत चोरों में हड़कंप मचा रहा। टीम द्वारा कई दुकानदारों का मीटर एवं कनेक्शन को चेक किया गया। चेकिंग में विजिलेंस टीम को कई खामियां मिलीं। त्रिभुवन नारायण सिंह के द्वारा पूर्व में लिए गए कनेक्शन में कमी पायी गया। इसके साथ ही टीम ने विद्युत चोरी की भी जानकारी ली। टीम ने कहा कि समय से विद्युत बिलों का भुगतान करया जाए। इसके साथ ही विद्युत चोरी रोकने के लिए भी विभागीय कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। टीम की चेकिंग के दौरान अवैध विद्युत उपभोक्ताओं में अफरा तफरी का माहौल दिखा। टीम ने बताया कि विभाग का छापेमारी अभियान आगे भी चलता रहेगा। विद्युत चोरों के खिलाफकार्यवाही की जाएगी।

### कोरोना से डरें नहीं करें डटकर मुकाबलाः सीएमओ

**सुलतानपुर।** कोरोना महामारी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। डर व संशय के बीच लोग इस संक्रमण से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। शासन की गाइड लाइन के अनुपालन के साथ ही कोरोना की लड़ाई में तमाम व्यवहारिक दिक्कतें भी आ रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की बहाली के बाद भी चिकित्सा सुविधाओं को पाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की चहल-पहल भले ही बढ़ गई हो लेकिन कोरोना का खौफलोगों को अभी भी सता रहा है। इन सब संशय को दूर करने के लिए सीएमओ डा. सीबीएन त्रिपाठी कहते हैं। लोगों को परेशानियों से डरने के बजाए डटकर मुकाबला करना चाहिए। समस्याएं कितनी भी बड़ी हो लेकिन इंसानों से बड़ी नही हो सकती हैं। हमें डरने के बजाए निर्भीक होकर नियम कानून का पालन करते हुए मुकाबला करने की जरूरत है।

### लूट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**ऊंचाहार,रायबरेली।** ऊंचाहार पुलिस ने बीते दिनों हुई लूट में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बीते 24 नवंबर को अरखा ड्राइ फैक्ट्री के निकट कंदरावा निवासी एक युवक के साथ सोने की चौन व मोबाइल फोन की लूट की गई थी। वहीं घटना में शामिल एक और आरोपी रोशन पटेल निवासी खिरोधरपुर को बीते दिनों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वही मामले में एक अन्य फरार चल रहे आरोपी जयप्रकाश निषाद पुत्र रामभरोसे निषाद निवासी निहालीपुर मजरे कंदरावा को पुलिस ने कंदरावा के निकट वाहन सघन चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### अवैध शराब बनाने वालों पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**बछरावा रायबरेली।** विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देशन में जनपद के कई थाना क्षेत्रों में आबकारी निरीक्षक द्वारा अवैध शराब की दबिश कार्यवाही की गई। दबिश कार्रवाई में प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी अजय कुमार के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक महाराजगंज कीर्ति प्रकाश पांडे एवं आबकारी निरीक्षक डलमऊ राजेश गौतम स्टाफके साथ थाना गुरबक्श गंज, डलमऊ, जगतपुर, बछरावां आदि कई थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही की गई। विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई दबिश कार्यवाही के दौरान आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर के कुल 110 लीटर शराब जप्त की गई। वही इसके साथ ही साथ लगभग दो हजार किलोग्राम महुआ निर्मित लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। वही उच्चाधिकारियों के निर्देश पर संपूर्ण जनपद में अवैध शराब के कारोबार करने वाले कारोबारियों के खिलाफजिला स्तरीय दबिश कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### पंचायत भवन निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**करनैलगंज (गोंडा)।** विकास खण्ड कटरा बाजार की ग्राम पंचायत देवापसिया में हो रहे पंचायत भवन के निर्माण में घटिया सामग्री लगाने के आरोप लगाए गए है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही पंचायत भवन की नींव मानक के अनुसार नहीं है। इन्हीं बातों को लेकर के स्थानीय ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल सहित उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत करते हुए अति शीघ्र पंचायत भवन की जांच कराने व दोषियों को दंडित करने के लिए शिकायती पत्र दिया है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि पंचायत भवन की कुल लागत लगभग 17 लाख पचास हजार के आसपास है। निर्माण के दौरान प्रयोग की जा रही सामग्री इतनी घटिया है कि इससे बनने वाला भवन अधिक दिन तक टिकने वाला नहीं है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव की मिलीभगत से भवन निर्माण में धांधली हो रही है। अगर इस प्रकरण पर अति शीघ्र जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण लामबंद होकर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीण अखिलेश कुमार, नारायण दीक्षित, कुलदीप, महेश आदि ने बताया कि किसी भी दशा में सरकारी धन का दुरुपयोग नही होने दिया जायेगा। इस प्रकरण पर एस डीएम करनैलगंज ज्ञान चंद गुप्ता का कहना है पूरे प्रकरण की जानकारी सीडीओ महोदय को देकर तकनीकी टीम भेजकर मामले की जांच कराई जाएगी और दोष मिलने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### संविधान दिवस पर जिलाधिकारी ने अधीनस्थों को दिलाई शपथ



**श्रावस्ती।** संविधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी टी0के0शिबु ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व.सम्पन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक न्याय विचार अभिव्यक्ति विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी योगानन्द पाण्डेय डिप्टी कलेक्टर आरपी चैधरी जिला प्रोबेशन अधिकारी सहायक महानिरीक्षक निबन्धन पीएन सिंह वरिष्ठ कोषाधिकारी गिरीश कुमार समाज कल्याण अधिकारी राकेश रमन सहा. जिलानिर्वाचन अधिकारी छोटेलाल तथा समस्त विभगो के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दीक्षा एप से जुड़े प्रधानाचार्य व प्रबंधक

**श्रावस्ती।** भिनगा दीक्षा एप का प्रयोग करते हुए जहां नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तक को स्कैन करके पढ़ा जा रहा है वहीं दीक्षा एप में अपलोड लगभग 1 लाख वीडियो के माध्यम से बच्चों को रोचक पाठ्य सहयोगी वीडियो उपलब्ध कराएं जा रहे हैं। दीक्षा एप के माध्यम से बच्चों की विद्यालय के प्रति रूचि बढ़ाते हुए उन्हें विद्यालय में नियमित किया जा सकता है तथा आनलाईन शिक्षण को और भी प्रभावी बनाया जा सकता है।

उक्त बातें जिलाधिकारी टीके शिबु ने तथागत सभागार में अशासकीय सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबन्धक एवं प्रधानाचार्यों की दीक्षा एप के संबंध में अभिमुखीकरण हेतु आयोजित कार्यशाला के दौरान कहीं। मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि श्रावस्ती में सबसे पहले इस बात की आवश्यकता है कि लोगों को डिजिटल उपकरणों की जानकारी प्रदान की जाये तथा उनके पास एण्ड्रायड मोबाईल की व्यवस्था की जाये। जब तक अभिभावक के पास एण्ड्रायड मोबाईल नहीं होगा तब बच्चों के साथ ई.शिक्षण बहुत प्रभावी नहीं होगा किन्तु इसके बाद भी बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अथक प्रयास करके बड़ी संख्या मे अभिभावकों का व्हाट्सएप ग्रुफ बनाकर उनके साथ दीक्षा की पाठ्य.सामग्री साझा की जा रही हैं एवं उनके बच्चों के साथ ऑनलाइन कक्षा.शिक्षण किया जा रहा है। लॉक डाउन के दौरान विद्यालय न खुलने से बच्चों के लिए इस प्रकार की डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से उन्हें ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि दीक्षा एप के प्रचार-प्रसार हेतु बैनर एवं पम्पलेट अभिभावको को वितरित कराए गये हैं तथा एआरपी के माध्यम से अभिभावकों को प्रतिदिन फोन करके उन्हें दीक्षा के वीडियो अपलोड करने एवं शैक्षिक सामग्री के अवलोकन के लिए प्रेरित किया जाता है इसका लाभ विभाग को इस प्रकार से मिला है कि बड़ी संख्या में अभिभावक एप का प्रयोग कर रहे हैं तथा अपने बच्चों को पठन.पाठन में होने वाली समस्या के निदान हेतु प्रयोग कर रहे हैं।

## रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार के लिए पात्र दिव्यांगजन खिलाड़ी करें आवेदन

**श्रावस्ती।** 30 सितम्बर 2020 के द्वारा सामान्य खिलाड़ियों की भॉति दिब्यांगजन खिलाडियों के लिये रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार हेतु वर्ष 2019-20 के लिये सामान्य वर्ग तथा वेटरन वर्ग खिलाड़ियों से निम्नलिखित पात्रता रखने वाले पुरूष व महिला खिलाड़ियों से 28 नवम्बर 2020 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। जिसके लिए आवेदकों को निम्न पात्रता होनी अनिवार्य है। खिलाड़ी को उप्र का वास्तविक मूल निवासी होना चाहिये। खिलाड़ी कम से कम लगातार 3 बार प्रदेशीय सीनियर टीम को सदस्य रहा हो और राष्ट्रीय खेल राष्ट्रीय चैम्पियनशिप मे भाग लिया हो और साथ ही उस वर्ष में जिसके लिए पुरस्कृत किये जाने की सिफारिश की जाती है उस वर्ष में उसके द्वारा पदक अर्जित किया गया हो।

# बदमाशों ने युवती को मार डाला

### सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम कर रही जांच

**सुलतानपुर।** गुरुवार की भोर में कुर्मी बिजौली गांव में घर मे सो रही युवती की बदमाशों ने कलछुल से गला घोंटकर हत्या कर दी। सुबह परिजनों को जानकारी हुई तो सूचना जयसिंहपुर पुलिस को दी। स्थानीय पुलिस के साथ सूचना पर फोरेंसिक टीम के मौके पर पहुंची और घटना के बावत छानबीन किया।

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के कुर्मी बिजौली गांव निवासी रामतीरथ वर्मा की बेटी रोशनी वर्ष घर में सो रही थी। रोशनी की स्टील की कलछुल से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। परिजनों को सुबह जानकारी हुई। हत्या की वजह अभी तक सामने नहीं आ सकी है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जरूरी साक्ष्य जुटाया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल बेंचू सिंह यादव ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल चल रही है। हत्या की वजह अभी सामने नही आई है, फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है, हत्यारे जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### मातम में बदली शादी की खुशियां

मृतका रोशनी की एक दिसम्बर को शादी थी। जिसकी तैयारी चल रही थी। जरूरी सामानों की खरीदारी भी हो चुकी है। शादी के पहले हुई युवती की हत्या से घर मे कोहराम मचा है। रोशनी की हत्या क्यों हुई इसको लेकर संशय बना हुआ है। हालांकि पुलिस मामले की तेजी से पड़ताल कर रही है। रोशनी की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं।

## बेकाबू ट्रैक्टर ने महिला को कुचला, मौत

**सुलतानपुर।** अनियंत्रित ट्रैक्टर ने महिला को कुचल दिया। हादसे में घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक टैक्टर छोड़ फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेते हुए मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद से पूरे परिवार में कोहमराम मचा हुआ है। पुरवा मजरे पलिया निवासी गीता (40) पत्नी विजय कुमार बेटे के साथ बाइक से जा रही थीं। वह पीपरपुर थाना क्षेत्र के हारीपुर बाजार के पास मोहना घटकौर मोड़ पर बुधवार की देर शाम लगभग छह बजे पहुंची ही थीं कि बेकाबू ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे गीता वह जमीन पर गिर पड़ी और उन पर टैक्टर चढ़ गया। हादसे में गीता की मौके पर ही मौत हो गई। लोग जब तक घटना स्थल पर पहुंचते टैक्टर चालक वाहन छोड़ फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पीपरपुर पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना के बावत लोगों से पूछताछ करते हुए महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की खबर घर पहुंची तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया। गीता के बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

संवाददाता। रायबरेली

**अपराधिक** इतिहास समेटे शातिर लुटेरे नकली आई कार्ड बनाकर अपने आप को पत्रकार बताते थे बैंक से धन निकासी करने वाले ग्राहकों की रेकी करते थे। बैंक से निकलते ही लूट की घटना का अंजाम दे देते थे अपराध को कार्य करते लखनऊ भाग जाया करते थे। पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 25 नवंबर की रात पुलिस चेकिंग कर रही थी मौके पर एसओजी एवं संयुक्त पुलिस टीम मौजूद थी। उपनिरीक्षक थाना गुरबक्श गंज संतोष कुमारी को पुख्ता जानकारी मिली थी कि शातिर लुटेरे भाग रहे हैं अभियुक्त मुकेश सोनकर निवासी हजरतगंज जनपद लखनऊ को घेराबंदी करके पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। तथा दूसरे अभियुक्त सचिन नायर निवासी हजरतगंज जनपद लखनऊ को पुलिस ने चेकिंग के दौरान नियमानुसार गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि दोनों का अपराधिक इतिहास रहा है पैसे कमाने के लालच में अवैध काम करते थे लूट की वारदात देते थे इन को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस को पूछताछ में अभियुक्त मुकेश सोनकर द्वारा बताया गया कि वह लोग मिलकर मोटरसाइकिल से लखनऊ के नजदीक थाना बछरावां वह गुरबक्श गंज क्षेत्र में विगत दिनों में बैंकों से पैसा निकाल कर ले जा रहे लोगों के रुपए छीन लेते थे।

### अभियुक्तों के पास से असलहे व प्रेस कार्ड भी बरामद

अपराध की दुनिया में अपराधी हर चीज का बखूबी इस्तेमाल करते हैं दोनों शातिर लुटेरों के पास से एक तमंचा एक खोखा कारतूस एक जिंदा कारतूस 32 बोर , 2 प्रेस कार्ड जिसके जरिए वह पत्रकार बनकर हनक झाड़ते थे। दोनों लुटेरों को ऐसा लगता था पत्रकार के आई डी कार्ड चेक नहीं होते और वह इस रास्ते से आसानी से अपराधिक गतिविधियों का अंजाम देकर बच सकते हैं। उसी के साथ एक आधार कार्ड एक एटीएम कार्ड एक मोबाइल फोन लूट की घटना में प्रयोग की जाने वाली स्प्लेंडर मोटरसाइकिल वह ?17500 नगद अभियुक्तों के पास से बरामद किए गए। वही शातिर लुटेरों को दबोच ने के लिए एसओजी व संयुक्त पुलिस टीम ने तकनीकी का जाल बिछाकर लुटेरों को गिरफ्तार किया उसमें थाना अध्यक्ष बछरावां राकेश कुमार सिंह, थानाध्यक्ष गुरबख्शगंज संतोष कुमारी, अमरेश त्रिपाठी प्रभारी सर्विलांस टीम रायबरेली, संतोष सिंह, दुर्गेश सिंह, त्रिवेणी सिंह, अमित सिंह, शक्ति सिंह, राजकुमार सिंह आदि शामिल थे।

### पत्रकार बनकर बैंक से धन निकालने वाले ग्राहकों की करते थे रेकी

# एनटीपीसी में मना संविधान दिवस



**ऊंचाहार।** एनटीपीसी में भारतीय गणराज्य का संविधान दिवस पूरी निष्ठा के साथ मनाया गया स इस कार्यक्रम के मुख्य अतीति मुख्य महाप्रबंधक भोलानाथ मिश्रा रहे स इस अवसर पर भारत के महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द द्वारा दिलायी गयी संविधान शपथ का सीधा प्रसारण ऊंचाहार में किया गया। महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द द्वारा भारत के संविधान के प्रति समर्पित होने के लिए दिलायी गयी शपथ में राष्ट्रपति के स्वर में सभी कर्मचारियों ने स्वर मिला कर संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर भोलानाथ ने कहा ने कहा है कि संविधान ने हमें एक सूत्र में बांध रखा है और यह हमारी परम्परा तथा सांस्कृतिक विरासत है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान लोगों के लिए और लोगों द्वारा तैयार किया हुआ है जिसमें भारत के समस्त लोग शामिल हैं। उन्होने कहा कि संविधान हमें एकता, इमानदारी, अनुशासन और विविधता की शिक्षा देता है तथा आजादी, समानता, सामाजिक सौहार्द और सदभावना इसके मुख्य स्तम्भ है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे संविधान के बुनियादी सिद्धान्तों के बारे में समाज को जागरूक करने के लिए आगे आयें। इस अवसर पर विधि अधिकारी सुश्री ऐमन नासिर ने संविधान के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला इस कार्यक्रम में असित दत्ता, अरिंदम बनेर्जी, एसके झा, दीपतेन्दु मण्डल, वंदना चतुर्वेदी, चन्द्रशेखर बुरलावर, अजय सिंह, रिपुदमन सिंह, राजेंद्र प्रसाद, आज्ञा शरण सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# एडीएम की कार्तिक पूर्णिमा मेले की आपात बैठक, स्नान पर संशय की स्थिति

योगेश शर्मा। डलमऊ रायबरेली

**डलमऊ** की ऐतिहासिक नगरी पर आगामी नवम्बर माह मे प्रशासन के रोक के बाद भी पशु मेला लग चुका है व 29 और 30 नवंबर को लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों को लेकर डलमऊ प्रशासनिक अमले मे असमंजस की स्थिति बरकरार है हालाकि असमंजस की स्थिति का कारण बहुत ही स्पष्ट है जिसे समझना कतई भी मुश्किल नहीं है स्नान से संबंधित बैठकों का क्रम लगातार जारी है जिसमे किसी भी नतीजे की ओर पहुंच पाने मे पूरी जिम्मेदार पूरी तरह से असमर्थ दिखाई पड़ रहा है जिसमे शुक्रवार को तहसील सभागार में होने वाली बैठक मे आखिरी निर्णय लिया जा सकता है जिसके बाद तैयारी के लिए मात्र एक दिवस का समय ही शेष मिलेगा. कार्तिक पूर्णिमा पर स्नानरथियों के स्नान विशेष आस्था का विषय है जिसपर तत्कालीन प्रदेश सरकार किसी भी प्रकार के निर्णय की जिम्मेदारी जिले के जिलाधिकारी पर छोड़ दिया गया है स्नान हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए गुरुवार को एडीएम राम अभिलाष द्वारा बैठक किया जिसमे आस्थाई पुलिस कोतवाली, नाव, नाविक, गोताखोर, बैरिकेटिंग, कि व्यवस्था संबंधी निर्देश जारी किए गए जिसमे नगर पंचायत के अधिषासी अधिकारी ने वित्त की अनूपलब्धता रखी जिसे जिसे उच्चाधिकारियों से बात करने के लिए कह कर टाल दिया गया प्रशासन अपनी मंशा रखने का प्रयास किया स्नान से सम्बंधित सभी तैयारियों के बारे में निर्देश मिलने से एक बार फिर स्नानरथियों के लिए स्नान की सम्भावनाओं को बल मिल रहा है। कार्तिक पूर्णिमा मेला स्नान से महीनों पहले से अपनी तैयारियों को लेकर क्रियान्वयन करती है तब कहीं जाकर कार्तिक पूर्णिमा स्नान को धरातल पर उतारा जाता है अव्यवस्था का आलम क्या होगा कि बिना किसी तैयारियों के इतने बड़े स्नान सम्पन्न कराना संभव नहीं प्रतीत हो रहा है. देखने वाली बात ये होगी कि शुक्रवार को होने वाली बैठक किस नतीजे पर पहुंचती है।

प्रशासन की कार्यशैली से आशा और निराशा के बादल गहरे



जहां एक तरफकार्तिक पूर्णिमा स्नान पर स्पष्ट शासनादेश नगर पंचायत को प्राप्त हो चुका है वही मेले को लेकर प्रशासनिक अमले की कार्यव्रती समझाना मुश्किल प्रतीत हो रहा है दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं को गंगा घाट तक पहुंचने में कोई परेशानी ना हो इसलिए टूटे हुए पुल के दोनों ओर से पी डब्लू डी द्वारा रास्ते को बनाकर आने जाने के लिए रास्ते को बनाने के लिए निर्देशित किया। एवं पार्किंग के लिए मकनपुर रोड पर आइटीबीपी के सामने व खंडेश्वरी आश्रम के पास खाली पड़ी हुई जमीन को पार्किंग के लिए विशेष चर्चा की गयी जहां पर दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को रोका जाएगा या नहीं कौन से वाहन आएंगे या नहीं इस पर भी चर्चा की गई बड़े वाहनो पर रोक लगाने के आसार पर भी स्थिति साफ नहीं हो सकी वही तराई घाट पर गंगा का जलस्तर बढ़ने के बाद अब पहले से जल स्तर काफी घट गया है जहां पर स्नान संभव नहीं लग रहा है । डलमऊ ग्राम सभा की जमीन पर सफाई कार्य प्रगति पर है इस बार नाविकों के साथ पुलिस की ड्यूटी लगाई जाएगी। गुरुवार को एडीएम प्रशासन राम अभिलाष, मेलाधिकारी प्रतीत त्रिपाठी, अधिषासी अधिकारी अमित सिंह एवं क्षेत्राधिकारी अशोक सिंह कोतवाली प्रभारी लाल चन्द्र सरोज बैठक का हिस्सा रहे जिसमे स्नान से सम्बंधित महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किए गए कार्तिक पूर्णिमा मेले में लगने वाले पार्किंग स्थल संबंधित चर्चा हुई किया।

### आस्था के केंद्र बिंदु स्वामी दिव्यानंद का कथन

डलमऊ स्थिति बड़ा मठ के छोटे स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि जी महाराज का कहना है स्नान कराने का समर्थन करते हुए कहते हैं कि डलमऊ कार्तिक पूर्णिमा स्नान सैकड़ों वर्षो पुरानी आस्था का समागम स्थल बनने का गवाह रहता है ऐसे महत्त्वपूर्ण स्नान को निरस्त करना समझ से परे है स्नान के लिए कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन करके भी कराया जा सकता है लेकिन कुछ आवश्यक बात को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए डलमऊ कार्तिक पूर्णिमा के आयोजन से जुड़े सभी पदों पर बैठे अधिकारियों के नितांत जरूरी पूर्णत: व्यक्तिगत कार्यों की वजह से बाधित करने के प्रयास से भी इंकार नहीं किया जा सकता. शायद ये भी प्रमुख कारण हो सकता है जो इसे टाला जा रहा है. प्रशासन द्वारा इसमें स्नानरथियों की संख्या का गलत आकलन प्रस्तुत करना भी एक बड़ा कारण बन सकता है जो कि सही नहीं है।

### कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर तीर्थ पुरोहित गंगा सभा अध्यक्ष का कथन

गंगा सभा अध्यक्ष दीपू पंडा का कहना है कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान जहां एक और आस्था का केंद्र बिंदु है वही हजारों तीर्थ पुरोहित निषाद समुदाय वह गंगा पर आश्रित होने वाले कई वर्गों की जीविका का प्रमुख साधन होता है कोविड महामारी के चलते लगभग पूरे वर्ष कोई भी स्नान से पूर्व असमंजस की स्थिति बनी रहती है जिससे सभी प्रशासनिक अधिकारियों को बाहर निकलना होगा आशा और निराशा के बीच झूलते रहना सभी वर्गों के लिए काफी कष्टप्रद होता है जो सीधे उनकी जीविका से जुड़ा होता है बीते पूर्व के 2 महीनों में लगने वाली सभी पुर्णिमाए इसी असमंजस की स्थिति के चलते बहुत ज्यादा बाधित हुई हैं.

### शासन के रोक के बाद भी पशु मेला

कार्तिक पूर्णिमा व पशु मेले के आयोजन संबंधित आदेशों पर क्षेत्रीय प्रशासनिक अमला अस्त व्यस्त दिख रहा है पशु मेला लगने के साथ ही स्नानरथियों के स्नान हेतु आने की संभावना को काफी बल मिल रहा है सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन तो स्थगित किया जा चुका है पर जो सैकडों वर्षों से नियमित रूप से कार्तिक पूर्णिमा या पशु मेले से जुड़े व्यापारी है उन पर रोक नहीं है इसी बात से भी स्नान हेतु स्नानरथियों के आने की संभावनाओ से इंकार नहीं किया जा सकता है।

इस प्रकरण पर तहसीलदार प्रतीत त्रिपाठी ने बताया कि शासन की ओर से कार्तिक पूर्णिमा मेला को स्थगित कर दिया गया है सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा मेलाधिकारी ने अपील करते हुए लोगों को इस महामारी को दृष्टिगत रखते हुए कहा कि लोग डलमऊ आकर स्नान करने से परहेज करें घर पर रह कर ही इस महापर्व को मनाएं. सामूहिक स्नान पर पूर्णत: पाबंदी रहेगी उल्लंघन की स्थिति मे पुलिस प्रशासन पूरी सख्ती से निपटने को बाध्य होगी।

इस प्रकरण पर मेलाधिकारी प्रतीत त्रिपाठी ने बताया कि शासन की ओर से कार्तिक पूर्णिमा मेला को स्थगित कर दिया गया है सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा मेलाधिकारी ने अपील करते हुए लोगों को इस महामारी को दृष्टिगत रखते हुए कहा कि लोग डलमऊ आकर स्नान करने से परहेज करें घर पर रह कर ही इस महापर्व को मनाएं. स्नान पर पूर्णत: पाबंदी रहेगी उल्लंघन की स्थिति मे पुलिस प्रशासन पूरी सख्ती से निपटने को बाध्य होगी।

## जिला जज ने दिलाई संविधान की शपथ

**सुलतानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश सन्तोष राय के द्वारा संविधान दिवस पर शपथ समारोह में उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण तथा अधिवक्ता बंधुओं को संविधान की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात समझौता एवं मध्यस्थता केंद्र में माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा आयोजित बेविनार हुआ। जिसमें सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पैनल अधिवक्ता मध्यस्थगण तथा पैरा लीगल वालंटियर न्याय बंधु एप के लांच होने संबंधित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए उक्त कार्यक्रम के समापन के बाद जनपद न्यायाधीश विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। वेबीनार एव विधिक साक्षरता शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर के अतिरिक्त विनोद कुमार गुप्ता, सियाराम मिश्रा, कुमारी रुखसाना बानो, मध्यस्थ गण तथा नामिका अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ला व अन्य समस्त अधिवक्ता गण तथा पैरा लीगल वालंटियर श्री शिव मूर्ति पांडे व सतीश कुमार पांडेय उपस्थित रहे।

# उदासीनता बरतने पर एआरपी से जवाब-तलब

## कोई भी शिक्षक उत्तरदायित्व निर्वहन में रूचि लेता नहीं मिला तो उसके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगीः डीएम

संवाददाता। बस्ती

**शिक्षण**–प्रशिक्षण में उदासीनता बरतने के मामले में एआरपी उमाशंकर, अनिल कुमार पाण्डेय को कारण बताओ नोटिस जारी करने का डीएम आशुतोष निरंजन ने निर्देश दिया है। डीएम ने विकास खण्ड सदर के प्राथमिक विद्यालय भुअर निरंजनपुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय तकिया डारीडीहा, प्राथमिक विद्यालय भैसहिया, प्राथमिक विद्यालय डिलिया, पूर्व माध्यमिक विद्यालय डिलिया, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय डिलिया के औचक निरीक्षण किया। शिक्षण, प्रशिक्षण में उदासीनता बरतना पाया। डीएम ने कहा कि बच्चों के शिक्षण में अध्यापकों और शिक्षा सामाग्री की महत्वपूर्ण भूमिका है। कोई भी शिक्षक उत्तरदायित्व निर्वहन में रूचि लेता नहीं मिला तो उसके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्राथमिक विद्यालय भुअर निरंजनपुर में शौचालय क्रियाशील न होने, रैम्प अपूर्ण होने, निर्माणाधीन भवन का कार्य अपूर्ण पाये जाने पर बीएसए को निर्देषित किया कि डीपीआरओ, बीडीओ से पत्राचार कर इसे शीघ्र पूरा कराएं। विद्यालय में साफ-सफाई, दिव्यांग शौचालय, एमडीएम, शिक्षक उपस्थिति, कम्पोजिट ग्राण्ट का उपभोग आदि की जॉच की। ग्राम प्रधान झुग्गीलाल द्वारा कराए कार्यो की सराहना करते हुए प्रशंसा पत्र जारी कराने का बीएसए को निर्देश दिया। कहा कि जनहित में निर्माणाधीन भवन इसी स्थल पर अविलम्ब पूर्ण कराएं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय तकिया डारीडीहा के जांच में पाया कि प्रधानाध्यापिका के मातृत्व अवकाश, अनुदेषक धनन्जय कुमार के लम्बे समय से चिकित्सा अवकाश पर होना पाया। प्राथमिक विद्यालय डिलिया के निरीक्षण में पाया कि शौचालय क्रियाशील नहीं है।

## वार्ड नम्बर 22 से पीस पार्टी ने अच्छेलाल को बनाया प्रत्याशी

**संतकबीरनगर**। पीस पार्टी की एक बैठक जिलाध्यक्ष राधेश्याम पटेल की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुआ। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने के लिए कहा गया। पार्टी के सक्रिय सदस्य अच्छेलाल चौधरी ग्राम-पकड़डीहा, टुम्पार, संतकबीरनगर को वार्ड न. 22 से जिला पंचायत का चुनाव लड़ाने का फैसला लिया गया। जिनके नाम की घोषणा पार्टी के जिलाध्यक्ष राधेश्याम पटेल ने किया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। इस अवसर पर जाबिर अली, अजीजी, अब्दुल करीम, शम्भू नाथ चौधरी, रूदल चौधरी, ध्रुव चन्द्र चौधरी, शकुन्तला देवी जिलाध्यक्ष पीस पार्टी महिला मंच इन्द्रदेव चौधरी, सुरेश पासवान, जुम्मन, राजेन्द्र चौधरी, सुभाष चौधरी, औबेदुल नबी नगर अध्यक्ष मगहर, मो. शफीक, हबीबुल्लाह व आदि मौजूद रहे।

# खराब ग्रेड वाले बीईओ को चेतावनी एक्सीइएन से मांगा स्पष्टीकरण

संवाददाता। बस्ती

**कलेक्ट्रेट** सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में डीएम आशुतोष निरंजन ने आउट आफ स्कूल बच्चों का शारदा पोर्टल पर इनरोलमेन्ट की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया। पैक्सफेड द्वारा परसरामपुर में प्रथम किस्त की धनराशि प्राप्त होने के बावजूद बाउण्ड्रीवाल का काम शुरू न करने पर अधिशासी अभियन्ता का स्पष्टीकरण तलब किया। दुबौलिया, रामनगर, रूधौली में सबसे कम बच्चे ए ग्रेड में मिले। सर्वाधिक खराब ग्रेड वाले ब्लाक के बीईओ को चेतावनी जारी करने का निर्देश दिया।

समीक्षा में पाया कि कुल 103604 छात्र-छात्राओं में से सभी बच्चों को यह कार्ड वितरित कर दिया गया है। अभिभावकों से अपील किया है कि वे परिषदीय विद्यालयों में जाकर अपने पाल्य का रिपोर्ट कार्ड प्राप्त कर लें। उन्होने निर्देश दिया कि ऐसे स्कूलों के अध्यापक कमजोर बच्चों की सूची तैयार रखें, आने वाले समय में उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान दें ताकि उसमें सुधार हो सके। निजी स्कूलों में शिक्षक पंजीकरण एवं प्रशिक्षण के लिए निर्धारित दीक्षा एप पर रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया। परिषदीय विद्यालय में 7623 में से 6612 शिक्षको ने दीक्षा एप पर रजिस्टेऊशन कराया है। बीएसए ने बताया कि एन्ड्राएड फोन न होने के कारण शेष अध्यापको ने रजिस्टेऊशन नही कराया। निर्देश दिया है कि आधारशिला, ध्यानाकर्षण तथा शिक्षण संग्रह किताबे सभी एबीएसए भी पढे, स्कूलों में सामूहिक रूप से इन किताबों को पढने के लिए अध्यापको का एक सत्र बुलाएं, इन किताबों में दी गई व्यवस्था को अपने शिक्षण में लागू करें। बीएसए ने बताया कि जिले के 1746 स्कूलों में लाइब्रेरी स्थापित हो गयी है, इस वित्तीय वर्ष में दिल्ली से किताबें प्राप्त होंगी। जिला स्तरीय समिति से सत्यापन कराने के बाद इनका वितरण कराने का डीएम ने निर्देश दिया।

आपरेशन विद्यालय कायाकल्प की समीक्षा किया। निर्देश दिया कि संतकबीर नगर से हर्रैया, सिद्धार्थ नगर से अम्बेडकर नगर सीमा तक सड़क के किनारे स्थित सभी विद्यालयों का रंग रोगन एवं मरम्मत कराकर आकर्षक बनाएं। विद्यालयों के विद्युतीकरण और बकाया बिजली के भुगतान के लिए विभाग से धन की मांग करें। आउट आफ स्कूल बच्चों का शारदा पोर्टल पर इनरोलमेन्ट की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया, अवशेष 773 बच्चों का नामांकन कराने का निर्देश दिया। कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय में अवस्थापना संबंधी सुविधाओ की समीक्षा किया।

## गोकशी का चार्जशीटेड बना गांव का रखवाला

**बस्ती**। गोकशी के चार्जशीटेड व्यक्ति को गांव का चौकीदार बनाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने डीएम से चौकीदार को बर्खास्त करने की मांग की है। चौकीदार पर गांव वालों ने फर्जी केस में फंसाने के नाम पर आर्थिक षोषण करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि चौकीदार का अपराधियों के साथ सांठगांठ है, जिसके चलते गोकशी जैसी अन्य आपराधिक घटनाएं क्षेत्र में हो रही है।

इसके अलावा चौकीदार अजय कुमार मौर्य के पिता अमरनाथ आर्य के खिलाफ पैकोलिया थाने में भी एक अन्य मामले में मुकदमा दर्ज है। 10 अप्रैल 14 को गौर थाने में पशु क्रूरता अधिनियम सहित अन्य गंभीर धाराओं में थाना पैकोलिया के ग्राम इटवा कुनगाई निवासी अजय कुमार मौर्य सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ, पुलिस ने इन सभी के खिलाफ न्यायालय में दंडित करने के लिए चार्जशीट भी दाखिल किया।

# नोएडा में प्रवक्ता के शैक्षिक अभिलेख पर नौकरी कर रही फर्जी शिक्षिका बर्खास्त

संवाददाता। बस्ती

**परिषदीय** विद्यालयों के षिक्षकों का फर्जीवाड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। अनामिका शुक्ला प्रकरण के बाद शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेख और पैन कार्ड के सत्यापन की चल रही प्रक्रिया के दौरान फर्जी अभिलेखों के आधार पर शिक्षक की नौकरी करने वाले अनेक शिक्षकों के विरूद्ध सेवा समाप्ति और मुकदमा दर्ज कराए जाने की कार्रवाई की जा चुकी है। ऐसा ही एक मामला हर्रैया ब्लॉक के पूरे अवधी प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत शिक्षिका का सामने आया। जांच में दूसरे के शैक्षिक अभिलेख पर नौकरी करते पाए जाने के बाद फर्जी शिक्षिका रिंकी सिंह को बर्खास्त कर दिया गया है। बीएसए ने उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए बीईओ को निर्देशित किया है। फर्जी शिक्षिका से वेतन रिकवरी की भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फर्जी शिक्षिका की षिकायत सितम्बर 20 में की गई थी, प्रकरण की जांच चल रही थी। बीएसए जगदीष शुक्ल ने कार्यभार संभालने के बाद रिंकी सिंह के हाई स्कूल से लेकर सभी शैक्षिक अभिलेखों और प्रमाण पत्रों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कराई। जांच के दौरान रिंकी सिंह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी। हाईस्कूल की मार्कशीट गोरखपुर भटहट स्थित इंटर कॉलेज में सत्यापन को पहुंची तो स्पष्ट हो गया कि यह मार्कशीट असली शिक्षिका रिंकी सिंह की है जो वर्तमान में नोएडा में प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं। असली रिंकी सिंह गोरखपुर की रहने वाली हैं, जबकि उनके अभिलेख पर फर्जी तरीके से नौकरी करने की आरोपी शिक्षिका संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद क्षेत्र के मोहल्ला कैलाशनगर की निवासी है।

## न्यायिक अधिकारी ने अधिवक्ताओं को दिलाई शपथ

**संतकबीरनगर**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश महफूज अली के द्वारा जनपद न्यायालय में कार्यरत सभी न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी की उपस्थिति में संविधान दिवस के अवसर पर शपथ समारोह में उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण तथा अधिवक्ता बंधुओं को संविधान की शपथ दिलाई गई। तदुपरांत जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार समझौता एवं मध्यस्थता केंद्र में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित वेविनार में सत्य प्रकाश आर्य सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पैनल अधिवक्ता मध्यस्थगण तथा पैरा लीगल वालंटियर न्याय बंधु एप के लांच होने संबंधित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम समापन के बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

# आश्रम फिल्म से नाराज भुज समाज ने जलाया पोस्टर



संवाददाता। संतकबीरनगर

**फिल्म** निर्देशक प्रकाश झा व फिल्म अभिनेता बाबी देओल द्वारा वेब सीरीज फिल्म आश्रम में सनातन धर्म से जुड़ी भावनाओं को चोट पहुँचाने का कार्य किया गया है। भारतीय स्वतन्त्र पंच पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष है। पार्टी से जुडे लोग सनातन धर्म में गहरी आस्था व विश्वास रखते है तथा बचपन से ही जाति व वर्ण के भेदभाव से दूर रहकर समाज के उत्थान के लिए निरन्तर प्रगतिशील है। फिल्म निर्देशक व अभिनेता के द्वारा महिला के एक संवाद में भड़भूजा जाति पर अपमानजनक टिप्पणी की गयी है। तू इलेक्ट्रीशियन है या भड़भूजा के संवाद काफी निन्दनीय है। सम्पूर्ण भड़भूजा समाज के लोग काफी दुखी व आहत हैं। भड़भूजा जाति पर उक्त टिप्पणी के जरिये इस सम्पूर्ण समाज को नीचा दिखाने का कुत्सित प्रयास किया गया है। भड़भूजा जाति बाहुल्य क्षेत्र होने के वजह से लोगों में काफी आक्रोश है। हम स्वंय की पार्टी और पार्टी के कार्यकर्ताओं व समाज के लोगों की तरफसे मॉग करते है कि बेव सीरीज फिल्म आश्रम जो कि सनातन धर्म के विपरीतत है, के उक्त जाति सूचक संवाद को हटाने के साथ-साथ सामाजिक व मानसिक क्षति के एवज में रूपया एक करोड़ मात्र क्षतिपूर्ति के रूप में अदा करने हेतु फिल्म निर्देशक प्रकाश झा व अभिनेता बावी देओल को निर्देशित करें, ऐसा न होने की स्थिति में हमारी पार्टी व समाज के लोग देशव्यापी आन्दोलन करने हेतु बाध्य होंगे।

# कर्मचारियों पर तानाशाही हुकूमत चलाना बंद करें सरकारः शिवकुमार

संवाददाता। संतकबीरनगर




**केन्द्रीय** श्रम संगठनों, औद्योगिक फेडरेशनों, कर्मचारी संगठनों के आहवान पर संगठित और असंगठित मजदूरों, कर्मचारियों, मनरेगा, खेत मजदूरों व किसानों एवं दुकानदारों के जनवादी समस्याओं के निवारण एवं नगर पालिका परिषद खलीलाबाद और मगहर नगर पंचायत को मिलाकर अयोध्या-फैजाबाद की तर्ज पर नगर निगम बनाने, मगहर से खलीलाबाद तक 50 फीट चौड़ा एवं नौ किमी. लम्बा भठे सुरंग की नये सिरे से जीर्णोद्वार मरम्मत व सफाई कराने, बन्द मिलों को चलावने व असंगठित मजूरों के विरूद्ध बने काले कानूनों को वापस लेने आदि समस्याओं को लेकर प्रदर्शन के बाद 18 सूत्रीय मांग पत्र दिया। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की शीर्षनेत्री हरजीत कान्दू ने कहा कि आम महिलाओं एवं दलित युवतियों के साथ छेड़छाड़, गैंग रेप व हत्या से देश का मस्तक कलंकित हुआ है। रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेंशन व महंगी बिजली की मार से लोग कराह रहे है। वहीं दूसरी तरह चावल, दाल, आटा, सब्जी, आलू, प्यास, मिर्चा, मसाला एवं मीठा तेल आदि की बढ़ती मूल्य वृद्धि एवं महंगाई, बेरोजगार, भ्रष्टाचार की छत के नीचे मेहनतकस आवाम का कचूमर निकलता जा रहा है। सेण्टर आफ इण्डियन ट्रेड यूनियन्स एवं ट्रेड यूनियन काउन्सिल के अध्यक्ष शिव कुमार गुप्त ने कहा कि हरिहरपुर नगर पंचायत के पदाधिकारियों की साजिश से जगदीशपुर व शुक्लईनियॉ वार्ड निवासी भूमिहीन खेत मजदूरों के निरस्त पट्टे को तत्काल बहाल कर उन्हें भूखमरी से बचाया जाए। उन्होंने आगे कहा कि सरकारी क्षेत्रों के निजीकरण पर रोक लगाते हुए किसान मजदूर विरोधी काले कानूनों को तुरन्त बदला जाए।

# नसबंदी कराने वाले पुरुषों को मिलेगी तीन हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि

## बढ़ती जनसंख्या पर परिवार नियोजन के तहत नियंत्रण लागने को विभाग ने की तैयारी

## जिलेभर में चार दिसंबर तक चलेगा पुरुष पखवाड़ा दिवस

संवाददाता। मिर्जापुर

**जनसंख्या** विस्फोट की दिक्कतों के बीच आबादी की सरपट दौड़ते घोड़े की नकल कसने के अभियान में महिलाओं की अपेक्षा पुरुष की सहभागिता बहुत ही कम है। पुरुष आज के दौर में भी नसबन्दी कराने से भागते हैं। इन्हें जागरूक करने के लिए जिले में चार दिसम्बर तक विभाग की ओर से पुरुष पखवाड़ा चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पुरुष को नसबन्दी कराने पर प्रोत्साहन राशि के रूप में विभाग की ओर से 3000 रुपये भी दिया जायेगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर ओपी तिवारी ने बताया कि जिले की महिलाएं परिवार नियंत्रण में अपना दम दिखा रही है, पर पुरुष वर्ग अपने अनेक भ्रान्तियों की जाल में फंसकर इससे किनारा करते रहते हैं। जो परिवार नियंत्रण कार्यक्रम के लिए चिंता की विषय बनती जा रही है।

ऐसे में जहां जनसंख्या पर नियन्त्रण पर अंकुश नही लग पा रहा है। लेकिन कोविड-19 के इस दौर में जनसंख्या नियन्त्रण के लिए पुरुष वर्ग को जागरूक करने के साथ ही साथ परिवार नियोजन के अभियान में उनकी हिस्सेदारी को सुनिश्चित करने के लिए पुरुष नसबन्दी पखवाड़ा इस समय जिले में दो चरणों में विभाग ने चलाया है। प्रथम चरण के अभियान में दम्पत्यिों से सम्पर्क किया जाएगा। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने बताया कि पुरुष पखवाड़ा में जिले के 2043 आशा कार्यकर्ता 564 एएनएम व 2000 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं समेत तीन हजार स्वास्थ्य कर्मियों को भी लगाया गया है।

**सोंच बदलने की आवश्यकता, करें पहलः** भारत एक ऐसा देश है जहां पर 1950 ई0 से ही परिवार नियोजन सम्बन्धी कार्य को शुरू किया गया। फिर भी जनसंख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।

परिवार नियोजन के विषय पर सबकी सोच बदलने की आवश्यकता है और पुरूष वर्ग में चल रहे अनेको भ्रम से जागरूक करकर इसमें हिस्सेदारी निभाने के लिए एक सार्थक प्रयास करना होगा।

## संविधान दिवस पर डीएम ने दिलायी शपथ



**संतकबीरनगर**। संविधान दिवस पर जनपद के समस्त विभागाध्यक्ष अपने-अपने कार्यालयों में बृहस्पतिवार को शपथ दिलाया गया। जिसमें अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभागार में शपथ दिलाया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी रजित राम मिश्र, पीडी डीआरडीए प्रमोद कुमार यादव, उप जिलाधिकारी मेंहदावल, तहसीलदार खलीलाबाद शंशाक शेखर राय, तहसीलदार धनघटा प्रियंका चौधरी सहित अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

# गड्ढामुक्त के नाम पर करोड़ों खर्च हुए पर कहां पता नहीं

## इंजीनियरों और ठेकेदारों ने मिलकर सरकार को लगाया करोड़ों का चूना

संवाददाता। बस्ती

**पीडब्ल्यूडी** में गडढ़ामुक्त के नाम पर जिले में सरकारी धन की लूट मची हुई है। पैच मरम्मत के नाम पर करोड़ों तो खर्च कर दिया गया, लेकिन कहां और किस सड़क पर खर्च किया, यह विभाग के बड़े और छोटे साहब बताने को तैयार नहीं, और ना गड्ढ़ामुक्त की सूची ही देने के लिए राजी हो रहे। यह उस विभाग के जिम्मेदारों का रवैया है, जिस विभाग के मंत्री खुद डिप्टी सीएम हो। जब इसकी शिकायत सीडीओ से की गई, तो उन्होने भी कोई खास तव्वजो नहीं दिया, अलबत्ता यह अवश्य कहा कि आरटीआई से जानकारी मांग लीजिए। विकास के मुखिया द्वारा मीडिया से आरटीआई मांगने के सलाह को लेकर खुब चर्चा हो रही है। इससे पहले भी इनके द्वारा आरटीआई से जानकारी मागंने का फरमान सुनाया जा चुका है। यही वह कारण है जिसके चलते अधिकारी मनमानी कर रहें है।

पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों के कामकाज का रवैया दिन प्रति दिन सरकार और आम जनता विरोधी होता जा रहा है, और अब तो यह लोग मीडिया के साथ भी बदतमीजी करने पर उतारु हो गए, इनकी इस मंशा से स्पष्ट है कि यह जो कुछ सही गलत करते हैं, उसकी जानकारी मीडिया के जरिए आम जनता को न हो। हर साल गड्ढ़ामुक्त और नवीनीकरण के नाम पर करोड़ों रुपये आता है, कहने की आवश्यकता नहीं कि यह धन कहां जाता है। कई ठेकेदारों और जागरुक लोगों की माने तो सरकार को गड्ढ़ामुक्त करने की योजना को ही बंद कर देना चाहिए, क्यों कि इसका अधिकांष हिस्सा ठेकेदारों और इंजीनियरों की जेबों में चला जाता है। पैच मरम्मत और ठेकेदारों से घटतौली के बाद जो तारकोल बचता है उसे मथुरा में टैंकर के टैंकर बेच देने का प्रमाणित दावा किया जा रहा है। इसमें जेई स्टोर से लेकर एई स्टोर सहायक और बड़े साहबों के शामिल होने की बात कही जा रही। तारकोल कम देने का मामला कई बार ठेकेदार संघ उठा चुका है। यह खेल पूरे प्रदेश में हो रहा। मगर बस्ती में अधिक हो रहा। स्टोर से तारकोल चोरी करने का आरोप इस लिए साबित होता है, क्यों कि स्टोर में तारकोल को तौल कर देने की कोई व्यवस्था नहीं है। तौल कांटा तक नहीं स्टोर में नहीं है। जांच करने की शिकायत भी हो चुकी है।

## उप्र राज्य कर्मचारी चिकित्सा स्वास्थ्य संघ ने बाबू के खिलाफ मोर्चा खोला

**बाराबंकी**। राज्य कर्मचारी चिकित्सा स्वास्थ्य संघ बाराबंकी के मंत्री राजकुमार यादव ने संघ के अन्य पदाधिकारियों के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी से उनके कार्यालय में मिल कर कर्मचारियों की लम्बित समस्याओ की मांगों को लेकर छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने पत्र के माध्यम से मांग की है कि सीएएमएओ कार्यालय में तैनात बाबू राघवेंद्र को तत्काल हटाया जाये इसके साथ ही कर्मचारियों की अन्य लम्बित मांगों को एक सप्ताह में निस्तारण करने की मांग कि है । साथ ही यह भी कहा गया है कि उक्त बाबू को न हटाये जाने व अन्य मांगों का निस्तारण न होने पर संघ सोशल डिस्टेशिंग का पालन करते हुए सीए एमएओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने पर विवश होना पड़ेगा।

# टेलीमेडिसीन इलाज से कोविड 19 के मरीज भी हुए लाभान्वित

## 2383 मरीजों का हुआ उपचार, कांफ्रेंसिंग के जरिए स्पेशलिस्ट डाक्टरों का मिल रहा है परामर्श

संवाददाता। मिर्जापुर

**राष्ट्रीय** स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर टेलीमेडिसीन के माध्यम से जनपद में अप्रैल माह से नवम्बर तक 2383 मरीजों का सफल इलाज किया गया। जिसमें हृदय रोगी मानसिक रूप से विक्षिप्त रोगी एवं कैसर से पीड़ित रोगी भी शामिल है। निशुल्क इलाज की यह नवीनतम तकनीक जनपद के कोविड मरीजों के लिए कोविड के दौर में भी कारगर साबित हुई है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर नीलेश श्रीवास्तव ने बताया कि टेलीमेडिसीन के तहत अच्छे निजी संस्थानों से करार किया गया हैए जहां के विशेषज्ञ चिकित्सक वीडियो कार्फ्रेंसिग के माध्यम से मरीजों का निदान कर रहे है। जनपद में वीडियो कार्फ्रेंसिग के माध्यम से 14780 लोगों का इलाज हो गया है। जिनमें 2383 मरीज पूर्णतः स्वस्थ्य होकर अपनी जिन्दगी जी रहे है। जनवरी के रिपोर्ट कार्ड में अपोलो मेडिसिन के तहत सबसे ज्यादा रोगियों का इलाज करने में मीरजापुर को प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अजय सिंह ने बताया कि जनपद के कुल नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर टेलीमेडिसीन की सुविधा मिल रही है। सभी सम्बन्धित राजकीय अस्पताल आंध्र प्रदेश के हैदराबाद स्थित अपोलो हास्पिटल से सीधे जुड़ गये हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कछवा में सबसे पहले 22 फरवरी 2019 से ही टेलीमेडिसीन की सुविधा शुरू हुयी है। जिससे मरीजों को बेहतर उपचार दिया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि एक अप्रैल 2019 से अब तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहरौरा चुनार जमालपुर विन्ध्याचल कछवां लालगंज मड़िहान एवं राजगढ़ के रोगियों का टेलीमेडिसीन के माध्यम से इलाज किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपचार के लिये पहुंचने वाले किसी भी रोगी के निदान में आने वाली जटिलताओं को दूर करने के लिये सम्बन्धित चिकित्सक बीडीओ कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपोलो अस्पताल के चिकित्सकों से परामर्श लेकर जानकारी प्राप्त करते है। डीपीएम ने बताया कि उपचार के लिये अपोलो द्वारा परामर्श के अलावा दवायें व उपकरण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। टेलीमेडिसीन के माध्यम से सामान्य बीमारियों के अलावा हृदय रोग न्यूरो बाल रोग, महिला रोग, हड्डी रोग, त्वचा संबंधी बीमारियों का इलाज संभव है। इस तकनीक से दूर बैठे लोग फिजियोथेरेपी का भी लाभ उठा सकते है। जिला समन्वयक अरुण ने बताया कि टेलीमेडिसीन के माध्यम से हर जरूरतमंद को ठीक करने का अभियान चलाया जा रहा है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित उद्योगों से जिला पंचायत करेगा कर वसूली

**बस्ती**। नई औद्योगिक नीति के तहत ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित उद्योगो से जिला पंचायत कर वसूल करेगी। यह जानकारी डीएम आशुतोष निरंजन ने उद्योग बन्धु की बैठक में दी। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि जिला पंचायत इसका अलग खाता खोलेगी, कर वसूली से प्राप्त 60 प्रतिशत धनराशि औद्योगिक क्षेत्र एवं उसके आस-पास के क्षेत्र के विकास के लिए व्यय करेगी। बताया कि अस्पताल चौराहे को जाम से मुक्त कराने के लिए बीडीए द्वारा कार्य योजना तैयार की जा रही है।

औद्योगिक क्षेत्र के सुरक्षा संबंधी प्रकरण पर विचार करते हुए सीओ को निर्देश दिया कि प्लास्टिक काम्पलेक्स, पचपेड़िया मार्ग, पटेल चौराहा पर नियमित रूप से पुलिस गस्त कराई जाए। उद्यमियों से अनुरोध किया कि जाड़ो में कुहरे के कारण वातावरण धुधला रहता है।

# शक्ति चैम्पियंस को आज सौंपी जाएगी जिम्मेदारी

## महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण व हिंसा पर रोकथाम का करेंगे काम

संवाददाता। मीरजापुर

**महिलाओं** और बच्चों की सुरक्षाए सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत समुदाय में इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने वालों को 27 नवम्बर को शक्ति चैम्पियंस का दर्जा दिया जाएगा।

वह महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण व हिंसा पर रोकथाम के लिए महिला कल्याण विभाग का सहयोग करेंगे और महिलाओं व बच्चों को अधिकारों के प्रति पूरी तरह से जागरूक बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी निभायेंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी गिरीश दुबे ने कहा की ऐसे लोगों का चिन्हांकन इस माह के शुरू से ही किया जा रहा था। शुक्रवार को उन्हें पहचान पत्र, बैच और विधिवत कार्य वितरण किया जाएगा।

निदेशक महिला कल्याण व मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी मनोज कुमार राय का कहना है कि कोई भी महिला, पुरुष, बालक, बालिका या थर्ड जेंडर जो महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में जागरूक करने का बेहतर कार्य कर रहे हैं, उन्हें शक्ति चैम्पियंस का दायित्व निभाने को आगे लाया जा रहा है। इनका चयन ग्राम, ब्लाक व जिला स्तर पर किया जाएगा। इनका काम होगा ग्राम या वार्ड में महिलाओं और बच्चों के अधिकारोंए कानूनों और मुद्दों पर जागरूकता पैदा करना। 1090 वुमन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 112 इंटीग्रेडेड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करना होगा। शक्ति चैम्पियंस पुलिस और अधिकारियों को स्थानीय ऐसे स्थलों की जानकारी भी मुहैया कराएंगेए जो महिलाओं और बच्चों के लिए जोखिम भरे हो सकते हैं।

जैसे विद्यालय के पास शराब की दुकान का होना, विद्यालय के समय आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होना और विद्यालय में चहारदीवारी, शौचालय व भेदभाव रहित वातावरण का ना होना आदि।

# भारतीय संविधान की 71वीं वर्षगांठ मनाई गई

## विचार गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता। गाजीपुर



**भारतीय** संविधान दिवस के मौके पर अधिवक्ता परिषद उत्तर प्रदेश के जनपद इकाई ने संविधान के 71वें वर्षगांठ के अवसर पर गुरूवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित रामकरन मेमोरियल हाल में ष्भारत के संविधान में मूल कर्तव्यों की प्रर्वतनीयताष् पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें कोविड.19 के मानक को ध्यान में रखते हुए उचित दूरी बनाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष अजय शंकर तिवारी रहे। मुख्यवक्ता अश्वनी कुमार राय ने मूल विषय पर बोलते हुए कहा कि संविधान में जितना महत्वपूर्ण मूल अधिकार है उतना ही महत्वपूर्ण मूल कर्तव्य भी है दोनो एक दूसरे के पूरक है। एक के बिना दूसरे का कोई अस्तित्व नही है। वरिष्ठ अधिवक्ता सीताराम रायए दिनेश रायए जयप्रकाश राय ने संविधान निर्माण के प्रक्रियाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संविधान को बनाने में तमाम देशों के संविधान का अध्ययन किया गया तथा हमारे देश के विद्वान एवं राजनीतिज्ञों ने मिलकर इस संविधान की रचना तीन वर्षो में की। हमारा संविधान 26 नवम्बर 1949 को बन कर तैयार हो गया। लेकिन मूल रूप से संविधान को वैधता 26 जनवरी 1950 को भारतीय गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया गया। हमारे लिखित संविधान के निर्माण होने के उपरान्त कई अन्य देशों ने इसी तर्ज पर अपने देश का लिखित संविधान का निर्माण कराया। सभी को न्याय मिले इसके लिए न्याय मम: धर्म का सूत्रपात अधिवक्ता परिषद ने किया। जिसके लिए आज भी अधिवक्ता परिषद गरीबों की कानूनी लडाई नि:शूल्क लड़ने को तैयार रहती है। इस अवसर परिषद के इकाई के पदाधिकारियो एवं सदस्यों ने समाजिक न्यायए राष्ट्रीय सुरक्षाए समाज को दहेज प्रथा एवं अस्पृश्यता से मुक्ति संस्कृति की रक्षा की प्रतिज्ञा एक स्वर में ली। इस अवसर पर अधिवक्ता राजकुमार जायसवाल,अजय पाठक, अजय सिंह, ओमप्रकाश बिन्द, बंशीधर कुशवाहा,जयसूर्यभटट, जितेन्द्र कुमार,अजय सिंह पटेल, अशोक भारती, सोमारू चैहान, रीना त्रिपाठी, क्षमा त्रिपाठी एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित थें। अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष कृपाशंकर राय व संचालन महामंत्री जयप्रकाश सिंह ने किया।

### दीवानी न्यायालय में भारतीय संविधान की प्रस्तावना की पाठन कार्यक्र म आयोजित

**जौनपुर।** मोहम्मद फिरोज प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणध्सिविल जज सीडि ने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार संविधान दिवस पर जनपद न्यायाधीश एमपी सिंह की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय परिसर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना की पाठन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर न्यायिक अधिष्ठान के समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया जिसे उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगणों द्वारा दोहराया गया। इस मौके पर जनपद न्यायाधीश द्वारा अपने वक्तव्य में कहा गया कि आज जरूरत इस बात की है कि जन.जन तक संविधान की जानकारी उससे प्राप्त मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में भारतवर्ष के हर नागरिक को जानकारी हो तब जाकर अपनी आने वाले दिनों में संविधान दिवस का यह दिन एक त्योहार के रूप में मनाए जाने की परिकल्पना साकार होगी। इसी क्रम में प्रभारी सचिवध्सिविल जज सीडि मोहम्मद फिरोज की अध्यक्षता में मध्यस्थता हाल एडीआर केंद्र में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा न्याय मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से संविधान दिवस पर आयोजित वेबिनार तथा न्याय बंधु ;प्रो बोनों लीगल सर्विसेस प्रोग्रामद्ध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल लायरए मध्यस्थगण व तमाम पीएलबी वर्चुवल एवं व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर प्रभारी सचिव द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना एवं नागरिकों के मौलिक कर्तव्य पर प्रकाश डाला गया।

## संविधान दिवस पर नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवकों ने ली शपथ

**जौनपुर।** संविधान दिवस पर नेहरू युवा केंद्र जौनपुर के कार्यकर्ताओं ने संविधान की उद्देशिका की शपथ ली। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला युवा समन्यवक हिमांशु सागर ने कहा कि देश की एकताए अखंडता एवं संप्रभुता के किए हम सबको एक होकर कार्य करना चाहिए। हमारे देश की खूबसूरती है कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। जहां किसी भी ग्रन्थों से बढ़कर संविधान को सर्वोपरि समझा जाता है। हमें अपने संविधान के प्रति आदर रखते हुए सदैव इसका सम्मान करना चाहिए।

## भाजपाइयों ने मनाया संविधान दिवस



**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को संविधान दिवस को जिलापंचायत परिसर स्थित सदर विधायक के आवास पर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि कर मनाया।इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये सदर विधायक डाण् सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा विश्व मे भारत ही एक ऐसा देश है जिसका अपना लिखित संविधान हैएजो देश की आत्मा है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को एकता के सूत्र में पिरोने वाले ग्रन्थ को समर्पित संविधान दिवसष् की सभी को शुभकामनाएं। संविधान में हमारे जीवन, मूल्य, व्यवहार एवं परंपरा का समावेश है और इसकी मजबूती के कारण ही हम एक भारत श्रेष्ठ भारत् की ओर अग्रसर हैं। इस अवसर पर देश को एक सुदृढ़ संविधान देने वाले सामाजिक क्रांति के उद्घोधक, भारत डा भीमराव अम्बेडकर को कोटिश: नमन।

एक निष्ठ कर्मयोगी के रूप में बाबासाहेब ने संविधान द्वारा भारतीय समाज को परिवर्तित करने का अद्वितीय कार्य किया। उनका कर्मयोगए संघर्ष व सुधारवाद सभी के लिए प्रेरणास्पद है। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक एडवोकेट अरुण कुमार उपाध्याय ने कहा कि भाजपा की देश के संविधान और बाबासाहेब के विचारों के प्रति कटिबद्धता के कारण ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार ने बाबा साहब की याद में भव्य पंचतीर्थ का निर्माण कर उन्हें विशिष्ट सम्मान दिया। भाजपा सरकार उनकी अपेक्षा के अनुरूप समता मूलक समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

## गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक खंड निर्वाचन के मतदान कार्मिक किए गए प्रशिक्षित

**देवरिया ।** आगामी 1 दिसंबर को गोरखपुर फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन के द्विवार्षिक निर्वाचन के मतदान कार्य को सकुशल ए निष्पक्ष शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर टाउन हॉल ऑडिटोरियम में तैनात मतदान कार्मिकोंए माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान सभी जुड़े कार्मिकों को प्रशिक्षित करते हुए कहा गया कि वे अपने दायित्व को भलीभांति समझ ले और मतदान की प्रक्रियाओं की जानकारी कर ले। प्रशिक्षण में जो भी बताया जा रहा है उसकी जानकारी ही उस दिन मतदान कराने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने में उपयोगी होगा । इसलिए मतदान की बारीकियों को प्रशिक्षको द्वारा जो बताया जा रहा है उसे पूरी तरह से भिज्ञ हो ले। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध् प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव उपरोक्त अपेक्षाओं के साथ पीठासीन अधिकारियोंए मतदान कार्मिकों एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को निर्देशित किया की वे पूरे मनोयोग से मतदान कार्य को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण पारदर्शी तरीके से संपन्न कराएंगे । प्रशिक्षण कर्ता निशेष कुमार, जिला विकास अधिकारी श्री कृष्ण पांडेय, परियोजना निदेशक महेश नारायण पांडेय,एलडीएम राकेश कुमार श्रीवास्तव आदि ने मतदान की बारीकियों से अवगत कराया । ज्ञातव्य हो कि मतदान कार्य को संपन्न कराने हेतु रिजर्व सहित 19 मतदान पार्टियां व 19 माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की गई है।

## लोगों ने पीएम का सीधा प्रसारण सुना



**जौनपुर।** जन शिक्षण संस्थान द्वारा मुख्यालय पर संविधान दिवस पर संस्थान की निदेशक डा सुधा सिंह के नेतृत्व में प्रात: 11 बजे संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों,प्रशिक्षकों,प्रशिक्षिकाओ, प्रतिभागियों के साथ प्रधानमंत्री का सीधा प्रसारण सुना गया। तत्पश्चात संविधान की उद्देशिका को पढ़ा गया। कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश पाण्डेय ने संविधान की अवधारण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत का संविधान अन्य देशों की अपेक्षा बहुत ही सहज व सरल है। इससे हमारे भारत की एकता अखण्डता व सम्प्रभुता पर कभी आंच नहीं आयी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में सहायक कार्यक्रम अधिकारी विनोद मिश्रा एवं रजनीश सिंह का योगदान सराहनीय रहा।

## लाखों के आभूषण व नकदी उड़ाई

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बिछियां गांव स्थित एक मकान को चोरों ने बुधवार की रात निशाना बनाया। इस दौरान चोर आठ लाख रुपये कीमत के आभूषण के साथ ही सात लाख रुपये नकदी चुरा लिया। गुरुवार की सुबह जानकारी होने पर भुक्तभोगी ने सदर कोतवाली को इसकी लिखित सूचना दी। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया और आगे की कार्यवाही में जुट गयी। चोरों के बढ़ते आतंक से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। पिछले एक सप्ताह में जनपद में एक दर्जन से अधिक चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। बताते हैं कि सदर कोतवाली के बिछिया गांव स्थित बिल्डिंग मैटेरियल का कारोबारी ज्ञान प्रकाश सिंह के घर को निशाना बनाया। देर रात गए जब सन्नाटा पसर गया तो चोर छत पर लगी जाली को खोलकर मकान के अंदर दाखिल हुए।

## बिना पंजीकरण ड्रिलिंग का काय नहीं : डीएम

**सिद्धार्थनगर।** ड्रिलिंग एजेन्सी को पंजीकरण कराना अनिवार्य है बिना पंजीकरण के वे कोई ड्रिलिंग का कार्य नहीं कर सकते। पकड़े जाने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।पंजीकरण कराने के उपरान्त ही वे ड्रिलिंग का कार्य करा सकते हैं। घरेलू एवं कृषि उपयोक्ता को छोड़कर अन्य उपयोक्ताओं को वार्षिक निकासी की मात्रा के अनुसार जल संरक्षण शुल्क जमा करना अनिवार्य है। उक्त बातें जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कही। वह विकास भवन सभागार में आयोजित भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद के सदस्यों,सचिव की बैठक को बतौर अध्यक्ष सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद में भूजल संशाधन की सुरक्षा, संरक्षणए प्रबन्धन एवं नियमन के प्रति भूजल की उपलब्धता समान रूप से निरन्तर बने रहने और जनमानस को गुणवत्ता परक जलापूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु उपस्थित सदस्यों को राज्य भूगर्भ जल प्रबन्धन एवं विनियामक प्राधिकरण के अधिसूचना के अनुसार कार्यवाही कराने का निर्देश दिया।

## हड़ताल में दवा प्रतिनिधियों ने भी की शिरकत

**जौनपुर।** एफ्एमआरएआई एवं केंद्रीय श्रम संगठनों औद्योगिक फेडरेशन व कर्मचारी संगठनों के देशव्यापी आम हड़ताल के आवाहन पर यूपीएम एसआरए जौनपुर ईकाई के सारे दवा प्रतिनिधि भी हड़ताल पर रहे। उन्होंने अन्य श्रमिक संगठनों के साथ अपना विरोध जताया।

10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरनारत दवा व्यवसाइयों ने सुबह 9ण्30 बजे से 11ण्30 बजे तक शहर के प्रमुख स्थानों पर प्वाइण्ट बनाकर आपने साथियों को हड़ताल के बारे में बताया। इसके बाद सैकड़ों दवा प्रतिनिधि एकत्र होकर कलेक्ट्रेट प्रांगण में पहुंचकर अन्य 10 केन्द्रीय श्रमिक संगठनों तथा फेडरेशन एवं संगठनों के संयुक्त कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रांतीय सचिव साथी नीरज श्रीवास्तव, अध्यक्ष अजय चौरसिया, दिनेश श्रीवास्तव, बलवंत सिंह, मनोज सिंह, अमित रंजन श्रीवास्तव, आलोक सिंह, अजय सिंह, सुनील प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## आगनबाड़ी केन्द्रों पर ड्राई राशन वितरण का निर्देश

**सकलडीहा,चन्दौली।** शासन के निर्देश पर आगनबाड़ी केन्द्र व डोर टू डोर बच्चों को गेंहूं, चावल एदाल, पाउडर दूध और धी वितरण का निर्देश है। इसके अलावा किशोरी और गर्भवतीधात्री महिलाओं को योजना का लाभ दिलाने का प्रावधान है। इसके बाद भी वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से नही हो रहा है।

गुरूवार को तहसील सभागार में आगनबाड़ी कार्यकत्री और समूह की महिलओं को प्रशिक्षण देते हुए वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। दो सिफ्ट में समूह और आगनबाड़ी कार्यकत्री को प्रशिक्षित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति अभियान और महिला आत्मनिर्भर योजना के तहत प्रत्येक गांव के आगनबाड़ी केन्द्रों पर समूह की महिला और आगनबाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से ड्राई राशन वितरण करने की अभियान चलाया है। इस योजना के तहत महिलाये आत्मनिर्भर व स्वालम्बी होगी। वही कुपोषित बच्चों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। शासन के निर्देश पर छरू माह से तीन साल के बच्चों को एक किलो चावलए डेढ़ किलो गेहू और 750 ग्राम दाल, इसके अलावा हर तीसरे माह में 450 ग्राम देशी घी और 400 ग्राम स्किम्ड दूध पाउडर दूधद्ध दिया जायेगा। वही तीन साल से 6 साल के बच्चों को डेढ़ किलों गेहू, एक किलो चावल मिलेगा। हर तीसरे माह में पाउडर दूध दिया जायेगा। गर्भवती व स्तनपान करने वाली महिलाये एवं किशोरी 11 से 14 वर्ष द्ध को एक किलो चावलए गेहूं दो किलो और 750 ग्राम दाल देना है। इसके अलावा हर तीसरे माह में देशी घी 450 ग्राम व पाउडर दूध 750 ग्राम देना है।

### कोटेदार द्वारा खाद्यान कम देने का आरोप

समूह की महिलाओं ने आरोप लगाया कि शासन के निर्देश पर प्रत्येक बच्चों को आधार कार्ड पर निर्धारित वजन में वितरण कराने का निर्देश है। लेकिन कोटेदारों द्वारा प्रति बोरी खाद्यान पर पांच से दस किलो खाद्यान कम देने का आरोप लगाया है। इससे वितरण में दिक्कत होने की बात कही है।

**घंटों देर तक तहसील सभागार के बाहर टहलती रही महिलायें**

ड्राई राशन वितरण के लिये तहसील सभागार में दो सिफ्ट में प्रशिक्षण के लिये महिलाओं को बुलाया गया था। पहले सिफ्ट की महिलाओं के अंदर चले जाने के बाद दूसरे सिफ्ट की महिलायें गेट बंद होने पर बाहर बगैर सोशल डिस्टेंस व मास्क के टहलती रही।

### श्रमिकों का पंजीकरण व नवीनीकरण 30 तक निशुल्क

**देवरिया।** सहायक श्रम आयुक्त ने बताया है कि निर्माण श्रमिकोंध् मनरेगा श्रमिकों का पंजीकरणध् नवीनीकरण 30 नवंबर तक निरूशुल्क किया जाएगा इसके लिए श्रमिकों को कोई शुल्क इस अवधि तक जमा नहीं करना होगा । शासन द्वारा यह व्यवस्था कोविड 19 महामारी के दृष्टिगत की गई है ऐसे श्रमिक जिनका पंजीकरण,नवीनीकरण नहीं हो पाया है वे अपने नजदीकी सहज जन सेवा केंद,कामन सर्विस सेंटर पर जाकर अपना पंजीकरण निवीनीकरण अवश्य ही करा ले।

### जनपद को मिलीं तीन नई टूनेट मशीनें

**गाजीपुर।** सरकार वर्ष 2025 तक भारत को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। क्षय रोग के खिलाफ जंग जीतने के लिए सही और पूर्ण उपचार महत्वपूर्ण है। इसी को लेकर जनपद में राज्य सरकार की ओर से टीबी रोगियों की पहचान के लिए तीन टूनेट मशीनें भेजी गईं हैंए जिसे तीन अलग.अलग ब्लॉकों में लगाया जाएगा। इसकी मदद से आस.पास के ब्लाकों के टीबी मरीजों की पहचान कर उन्हें तत्काल उपचार पर रखा जाएगा।


### शक्ति चैम्पियंस को आज सौंपी जायेगी जिम्मेदारी

**गाजीपुर।** महिलाओं और बच्चों की सुरक्षाए सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत समुदाय में इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने वालों को शुक्रवार 27 नवम्बर को शक्ति चैम्पियंस का दर्जा दिया जाएगा। वह महिलाओं और बच्चों की सुरक्षाए संरक्षण व हिंसा पर रोकथाम के लिए महिला कल्याण विभाग का सहयोग करेंगे और महिलाओं व बच्चों को अधिकारों के प्रति पूरी तरह से जागरूक बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी निभायेंगे। ऐसे लोगों का चिन्हांकन इस माह के शुरू से ही किया जा रहा थाए शुक्रवार को उन्हें पहचान पत्रध्बैच और विधिवत कार्य वितरण किया जाएगा।

### कालाजार और फाइलेरिया रोकथाम पर कार्यशाला


**गाजीपुर।** जनपद में कालाजार और फाइलेरिया की रोकथाम को लेकर बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जी सी मौर्य की अध्यक्षता में किया गया। इसमें जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, लैब टेक्नीशियन एवं मलेरिया विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही पाथ संस्था के अधिकारी शामिल रहे। एसीएमओ डॉ डीपी सिन्हा ने बताया कि कालाजार को काला ज्वर भी कहा जाता है। यह एक गंभीर बीमारी है जो कि परजीवी से फैलती है। इसे धीमी गति से फैलने वाला स्थानीय रोग भी कहते है। इसका वायरस या परजीवी सीधे शरीर के रोग.प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है और इसके साथ साथ प्लीहा को भी क्षति पहुंचता है।

## डीएम ने की राजस्व कार्यों की गहन समीक्षा



**देवरिया ।** जिलाधिकारी अमित किशोर जिला पंचायत सभागार में राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा के दौरान कर करेक्त्तरए मुख्य देयोए विविध देयो सहित आरसी आदि की वसूली कार्य को प्राथमिकता के साथ करते हुए प्रत्येक माह के निर्धारित लक्ष्य एवं क्रमिक लक्ष्य की पूर्ति करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है। उन्होंने कहा है कि सभी लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से होनी चाहिए एइसमे किसी भी प्रकार की शिथिलता व कोताही क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी श्री किशोर ने विद्युत विभाग एवं वाणिज्य कर की प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर वसूली कार्य में तेजी लाएं और हर हाल में अगले माह की समीक्षा बैठक में प्रगति में सुधार आनी चाहिए। जिलाधिकारी श्री किशोर न्यायिक कार्यों व लंबित पट्टो का निस्तारण एवं विभागीय कार्यवाही के लंबित प्रकरणों का समाधान भी राजस्व विभाग के अधिकारियों को किए जाने का निर्देश दिया । उन्होंने मत्स्य पालन के ऐसे पट्टे जिनकी समय अवधि समाप्त हो गई हैं उसका अनुश्रवण कर पुन: पट्टा कराये जाने को कहा। जिलाधिकारी श्री किशोर राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजनाए आय जाति निवास प्रमाण पत्र सहित जनहित गारंटी अधिनियम से जुड़े सभी कार्यों को तय समय सारणी अनुसार किए जाने का निर्देश दिया। कहा कि किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं होनी चाहिए जो भी प्रमाण पत्र जिस समय दिए जाने हैं उस समय का पालन हर हाल में सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। नगरों के अतिक्रमण हटाए जाने के लिए उप जिलाधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर अधिशासी अधिकारी कार्य करें।

## डीएम ने महराजगंज के विद्यालय पार्क व तालाबों का किया निरीक्षण



संवाददाता। जौनपुर

जिलाधिकारी दिनेश सिंह ने कार्यालय खंड विकास अधिकारी महाराजगंजए शहाबुद्दीनपुर में बने मनरेगा पार्कए अभिनव प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुरए महाराजगंज में मनरेगा पार्क तथा तालाब एवं भटपुर में खेल के मैदान का निरीक्षण किया। कार्यालय खंड विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी महाराजगंज सुरेंद्र बहादुर सिंह से मनरेगा में चल रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि 71 ग्राम पंचायतों में मनरेगा का कार्य चल रहा है तथा मुख्य मार्ग पर विकास खंड में तीन सामुदायिक शौचालय परिसर बनाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्य प्रारंभ कराने तथा मुसहर परिवारों को मनरेगा के तहत कार्य देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीज क्रय केंद्रों पर जांच करें कि कोई नकली बीज तो नहीं बेच रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान सम्मान निधि तथा अन्य सरकारी योजनाओं के छूटे पात्र व्यक्तियों के आवेदन आनलाइन करा कर उन्हें लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। मनरेगा मजदूरों का भुगतान लंबित होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए भुगतान शीघ्र कराने के निर्देश दिए। शहाबुद्दीनपुर तथा अभिनव प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर में मनरेगा पार्क के कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्य गुणवत्तापूर्वक कराया जाए। पार्क तथा तालाब के चारों कोनों पर सोलर लाइट लगायी जायं। अभिनव प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर के निकट पड़ी खाली जमीन को पार्क में शामिल कर उसे भी विकसित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि तालाब तथा मनरेगा पार्क के किनारे.किनारे पर 10 से 12 फीट की दूरी पर पेड़ लगाएं। भटपुर में खाली पड़े खेल के मैदान का निरीक्षण जिलाधिकारी ने किया तथा बीडीओ को निर्देश दिया कि लेखपाल से इसकी पैमाइश कराकर नजरी, नक्शा, खसरा, खतौनी लेकर स्टेडियम बनाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करें ।

### प्रदेश के स्वास्थ्य समिति की रैंकिंग में सिद्धार्थनगर को दूसरा स्थान

**सिद्धार्थनगर ।**.स्वास्थ्य विभाग जिले में हर माह होने वाली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की प्रदेश स्तर पर हुई रैंकिंग में सिद्धार्थनगर जिले को दूसरा स्थान मिला है। अप्रैल से सितंबर के बीच छह बैठकों को कराकर स्वास्थ्य समिति ने हर कार्यक्रमों की समीक्षा के बाद स्थितियों को पोर्टल पर अपलोड कराने में अव्वल रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने डीएम की अध्यक्षता में प्रत्येक माह होने वाली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के बाद कार्यक्रमों की समीक्षा को पोर्टल पर अपलोड करने व ईमेल से मिलने वाली सूचना के बाद प्रदेश स्तर पर रैकिंग किया है।

प्रधान पर गांव के विकास कार्यो के धन का दुरुपयोग करने का आरोप

सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत उड़वालिया में ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी की मिलीभगत से विकास कार्यों के धन का बंदरबांट किये जाने के सम्बंध में क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम पंचायत उड़वालिया बाबूलाल पुत्र श्याम लाल ने मुख्यमंत्री को संबोधित11 सूत्रीय शिकायत पत्र भेजकर जांच करते हुए कार्यवाही की मांग की जिसपर निदेशक पंचायती राज उप्र ने जिला पंचायती राज अधिकारी को जांच कराकर उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

## बैंक, एलआईसी व डाकघरों समेत अन्य कार्यालयों के नहीं खुले ताले



### ट्रेड यूनियन के आह्वान पर विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारी रहे हड़ताल पर

संवाददाता। मऊ

केंद्रीय श्रम संगठनों एवं ट्रेड यूनियनों द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल के क्रम में गुरुवार को बैंकों, एलआईसी, डाक विभाग समेत अन्य सरकारी विभागों के कर्मचारी मांगों को पूरे दिन गुरुवार को पूरे दिन हड़ताल पर रहे। हड़ताल के कारण कार्यालयों के ताले नहीं खुले। कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यालयों के सामने मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी किया।

साथ ही साथ विभिन्न ट्रेड यूनियन के सदस्य कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपतिए प्रधानमंत्रीए वित्त मंत्री व श्रम मंत्री को सम्बोधित मांग पत्र जिलाधिकारी के प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान ट्रेड यूनियन के सदस्यों ने चेताया कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आरपार का आंदोलन किया जाएगा। राष्ट्रव्यापी हड़ताल में श्रमिक संगठन एक्टू और कताई मिल मजदूर संगठन के सदस्यों ने नगर क्षेत्र के आजमगढ़ तिराहा से मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन। इस दौरान सभा को सम्बोधित करते हुए कताई मिल मजदूर नेता कामरेड श्री राम सिंह ने कहा कि ईपीएफ्ओ के सीबीटी के सिफारिश और संसद समिति के निर्देश के बाद भी मजदूरों के पेंशन बढ़ोतरी के प्रस्ताव को लागू नहीं किया जा रहा है। मिल मजदूर अपनी पेंशन की मांग को लेकर निर्णायक संघर्ष के रास्ते पर हैं। उन्होंने कहा कि आज भी कताई मिल के मजदूर 1000 के पेंशन पर जीवन गुजर बसर करने को मजबूर हैं। एक्टू के नेता शिव मूरत गुप्ता ने आरोप लगाया कि मजदूर विरोधी सरकार कोरोना महामारी में मजदूरों को गुलाम बनाने वाले श्रम कानून को पास करा दिया है। पहले ही सरकार ने मजदूरों के पेंशन को समाप्त कर दिया था। रही सही कसर वर्तमान सरकार ने कर दिया। इस कानून से सरकार ने मजदूरों को पूजीपतियों का गुलाम बनाने का हथियार दे दिया है।

### सरकार से आमने-सामने करने को तैयार हैं कर्मचारी: राकेश श्रीवास्तव

**जौनपुर।** केन्द्रीय श्रम संगठनों, औद्योगिक फेडरेशनों व कर्मचारी संगठनों का देशव्यापी आम हड़ताल जनपद में गुरूवार को पूरी तरह सफल रहा। कर्मचारी संगठनों व केंद्रीय श्रम संगठनों ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी कार्यालय पर दिन में 11 बजे से 2 बजे तक धरना दिया। धरने में कोविड19 के नियमों का पूरी तरह पालन भी किया गया। सभा में कर्मचारी नेताओं ने सरकार की जनविरोधी, कर्मचारी व मजदूर विरोधी नीतियों की भर्त्सना की। साथ ही आगे भी इससे ज्यादा बड़े संघर्ष का ऐलान किया। इस मौके पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला मंत्री चंद्रशेखर सिंह, जय प्रकाश सिंहए विजय प्रताप सिंह, प्रवीण शुक्ला सहित अन्य वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त किया जहां श्रमिक संगठनों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लेगा। वहीं संजय चौधरी, आरपी सिंह, कल्लू, बेचन सिंह, मीना यादव, सीबी सिंहए अच्छे लाल पालए यूपीएमएसआरए के अजय चौरसिया, सरिता सिंह, प्रेमधर उपाध्याय, निखिलेश सिंह, इंद्रजीत पाल आदि ने अपना विचार व्यक्त किया। सभा व धरने का संयुक्त अध्यक्षता संजय सिंह, सीबी सिंह, प्रेमधर, सरिता , अजय व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने किया।

# स्नातक एमएलसी चुनाव में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

संवाददाता। बाराबंकी



**स्नातक** एमएलसी चुनाव प्रचार पूरे शबाब पर पहुंच गया है। पार्टियां अपने-अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है और रात दिन एक किये हुए है। चुनाव एक दिसम्बर को होना है ऐसे में अब तीन दिन ही शेष बचे है जिससे चुनावी सरगर्मियां बढ़ गयी है। जिसके क्रम में गुरुवार को भाजपा कार्यालय पर मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में युवा मतदाता पहुंचे। मतदाताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सन्तोष सिंह ने कहा कि विधान परिषद में पार्टी का बहुमत होने से प्रदेश के चहुमुखी विकास की योजनाओं और नीतियों को अमलीजामा पहनाने में सफलता मिलेगी। युवा स्नातक मतदाताओं से कहा कि प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली के लिए भाजपा के शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी उमेश द्विवेदी एवं स्नातक प्रत्याशी अवनीश सिंह पटेल के पक्ष में समर्थन मांगा। उन्होंने स्नातक शिक्षक विधान परिषद सदस्य की उपयोगिता के बारे में मतदाताओं को जानकारी दी। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने की। पूर्व एमएलसी हरगोविन्द सिंह ने मतदाताओं को वोट डालने की बारीकियां समझाई। संचालन जिला महामंत्री सन्दीप गुप्ता ने किया। इस अवसर पर चुनाव समन्वयक रचना श्रीवास्तव, डॉक्टर हरनाम सिंह, कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन धीरेंद्र वर्मा मीडिया प्रभारी विजय आनन्द बाजपेई, डॉक्टर अवधेश वर्मा, मण्डल अध्यक्ष संजीव वर्मा मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के सदस्य विधान परिषद, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र. लखनऊ खण्ड के प्रत्याशी पूर्व मंत्री राम सिंह राणा नेगुरुवार को दीवानी एवं कलेक्ट्रेट में जनसम्पर्क करके अधिवक्ता, मतदाता बन्धुओं से प्रथम वरीयता मत देने की अपील की तथा अपना सहयोग व आशीर्वाद प्रदान करने के लिए कहा कि जनसम्पर्क कार्यक्रम में प्रत्याशी राम सिंह राणा के साथ सदस्य विधान परिषद राजपाल कश्यप, सदर विधायक सुरेश यादव, सदस्य विधान परिषद राजेश यादव, जिलाध्यक्ष,सपा हाफिज अयाज अहमद, चुनाव प्रभारी,आशीष सिंह आर्यन, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, पूर्व चेयरमैन हफीज भारती, करुणेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## एकादशी पर्व पर गरीब महिलाओं को वस्त्र वितरण

मुसाफिरखाना (**अमेठी**)। क्षेत्र के दादरा गांव स्थित देवी हिंगलाज मंदिर के प्रांगण में एकादशी के पावन पर्व के अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख अरुणा सिंह व सेम्फोर्ड स्कूल के प्रबन्धक रंजीत सिंह की ओर से साड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र की सैकड़ो महिलाओं को साड़ी बितरण किया गया।

मुसाफिरखाना विकास क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम दादरा स्थित देवी हिंगलाज मंदिर परिसर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख अरुणा सिंह व रंजीत सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंद महिलाओ को साड़ी प्रदान की गई। समाजसेवी रंजीत सिंह ने गरीब महिलाओं को लगभग एक हजार साड़ियों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि हमारा परिवार समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्य करते रहते है। जिसका लाभ गरीब असहाय लोगों को मिलता है। श्री सिंह ने कहा कि सच्ची सेवा वही है जो असहाय और गरीबों तक पहुंचे।

# अनेकता में एकता की मिशाल है भारत का संविधान: डीएम

### जिलाधिकारी ने संविधान दिवस के अवसर पर मौलिक कर्तव्यों की दिलाई शपथ

संवाददाता। अमेठी



26 नवंबर का दिन भारत का एक ऐतिहासिक दिन होता है । इस दिन को हम संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं आज 71वें संविधान दिवस के अवसर जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों में अनेकानेक कार्यक्रमों का आयोजन व प्रस्तावना का पठान कराया गया और मौलिक कर्तव्यो की शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों को मौलिक कर्तव्यों की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर शपथ दिलाते हुए कहा कि श्हम भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करेंगे। हमें संवैधानिक आदर्शोंए संस्थाओ, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करना चाहिए। देश में संप्रभुता व अखण्डता की रक्षा करनी चाहिए।

इसके साथ ही महिलाओं को सम्मान देने, हिंसा से दूर रहते हुए बंधुता को बढ़ावा देने, सामाजिक संस्कृति का संवर्धन व पर्यावरण का संरक्षण करने तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकासए सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करने, व्यक्तिगत व सामूहिक गतिविधि में उत्कृष्टता बढ़ाने, सबको शिक्षा के अवसर प्रदान करने एवं स्वतत्रंता आन्दोलन के आदर्शों को बढ़ावा देंगेश् का आहवान करते हुए शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी मिलते ही देश को चलाने के लिए संविधान बनाने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया। इसी कड़ी में 29 अगस्त 1947 को भारतीय संविधान के निर्माण के लिए प्रारूप समिति की स्थापना की गई और इसके अध्यक्ष के रूप में डॉण् भीमराव अंबेडकर को जिम्मेदारी सौंपी गई। दुनिया भर के तमाम संविधानों को बारीकी से देखने-परखने के बाद डा. अंबेडकर ने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार कर लिया। 26 नवंबर 1949 को इसे भारतीय संविधान सभा के समक्ष लाया गयाए इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपना लिया। यही वजह है कि देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि अनेकता में एकता की मिशाल है भारत का संविधानए हमें संवैधानिक व्यवस्था के साथ चलते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी गौरीगंज संजीव मौर्या, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, तहसीलदार गौरीगंज घनश्याम भारती सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

मुसाफिरखाना संवाद के अनुसार संविधान दिवस के अवसर स्थानीय तहसील मुख्यालय स्थित सिविल न्यायालय परिसर में संविधान की शपथ दिलाई गई। गुरुवार को क्षेत्र के चक बहेर गांव में समाजसेवी व पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य बरसाती यादव की स्मृति में शोक सभा आयोजित हुई।

### भारतीय संविधान पर गर्व होना चाहिए: डीएम

**ललितपुर**। कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ए. दिनेशकुमार की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ली कि हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, लोक तंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिये तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचारों की अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढ़ाने के लिये दृढ़संकल्प होकर अपनी सभा में संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते है। इसके उपरान्त उपस्थित अतिथियों ने भारतीय संविधान पर अपने.अपने विचार प्रकट किये। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है, इसमें भारत के लोगों के मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फअपने अधिकारों के बारे में नहीं, अपितु अपने कर्तव्यों पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने संविधान में प्रदत्त विधि व्यवस्था के द्वारा नागरिकों की स्वतंत्रता के साथ-साथ राज्यों के संचालन की व्यवस्था पर भी प्रकाश डाला। इसके उपरान्त अपर जिलाधिकारी वि.रा. ने कहा कि भारत के संविधान के गठन हेतु विभिन्न देशों के संविधानों के अनुच्छेदों नीति निर्देशक तत्वों के समायोजन एवं विशालतम गणराज्य होने के कारण विशाल संविधान के गठन के औचित्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकों को संविधान में निहित अधिकारों एवं कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए।

# तिलक समारोह में फूड प्वाइजनिंग से चार दर्जन लोग बीमार

### आठ वर्षीय बालिका की मौत

संवाददाता। फतेहपुर (बाराबंकी)

**सूरतगंज** ब्लाक के सेमराय गांव में बुधवार की रात तिलक समारोह में खाना खाने के बाद करीब दो दर्जन लोग बीमार पड़ गये एवं एक बालिका की मौत हो गयी बीमार लोगों को सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्राप्त विवरण के अनुसार ब्लाक के सेमराय गांव निवासी झप्पर सिंह के बेटे सचिन का बुधवार को तिलकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें आस पास के गांव सहित तमाम रिश्तेदार भी सम्मिलित हुए थे, बताया जाता है कि बुधवार की रात सभी ने खाना खाया जिसके बाद लोगो को उल्टी व दस्त की शिकायतें शुरू हो गई। सुबह होते ही लोगों की हालत बिगड़ने लगी। करीब 12 बजे सूचना पाकरसीएचसी सूरतगंज से डॉक्टरों की टीम गांव पहुंची और इलाज शुरू किया। फूड प्वाइजनिंग होने के कारण गांवनिवासी रविन्द्र सिंह की आठ वर्षीय पुत्री निहारिका कीमौत हो गई है। वहीं चार दर्जन से अधिक लोग बीमार पड़ गये जिन्हे सीएचसी रामनगर सहित विभिन्न अस्पतालों मे भर्ती कराया गया है जबकि बीमार लोगों मे आधा दर्जन लोगों की हालत गम्भीर बतायी जा रही है। गांव में बीमार करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों का इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में डटी हुई है। फूड प्वाइजनिंग से बीमार चार पांच लोग जिला अस्पताल इलाज करा रहे हैं।सीएचसीने बताया कि खाने का सैम्पल जांच के लिए लिया जा रहा है।

## भारतीय संविधान है दुनिया में सर्वश्रेष्ठ

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। संविधान दिवस पर तहसील परिसर मे अधिवक्ताओं ने भारतीय संविधान के प्रति अटूट निष्ठा का संकल्प लिया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के तत्वाधान मे आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए ऑल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भारतीय संविधान को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान ठहराया है। उन्होने कहा कि संविधान मे सामाजिकए राजनीतिक व आर्थिक स्वतंत्रता के साथ नागरिक्संविधान को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान ठहराया है। उन्होने कहा कि संविधान मे सामाजिकए राजनीतिक व आर्थिक स्वतंत्रता के साथ नागरिक मूल कर्तव्यो के प्रति समर्पित होते हुए देश को दुनिया के 21वीं सदी का भारत बनाने मे संकल्पबद्ध हो। संगोष्ठी की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश व संचालन महामंत्री रामकुमार पाण्डेय ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, उपाध्यक्ष विनय शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र आदि मौजूद रहे।

# छात्रा को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**)

**एक** किशोरी छात्रा को बहला-फसलाकर गैर समुदाय के युवक द्वारा भगा ले जाने पर उदयपुर क्षेत्र मे गुरूवार को हडकंप दिखा। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी एक विद्यालय मे कक्षा नौ की छात्रा है। बुधवार की सुबह छात्रा घर से स्कूल के लिए निकली। देर शाम जब वह घर वापस नहीं पहुंची तो परिजन परेशान हो उठे। दूसरे दिन गुरूवार को छात्रा की मां स्कूल पहुंची तो पता चला उसकी बेटी बुधवार को स्कूल नहीं आयी। इसके बाद छात्रा की मां ने विद्यालय के प्रबंधक के साथ उदयपुर थाना पहुंचकर एक नामजद आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। आरोपी के गैर समुदाय से होने को लेकर पुलिस के भी हाथ पांव फूल उठे। सीओ जगमोहन भी गांव पहुंचे और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने छात्रा के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगवाया तो आरोपी के साथ उसका लोकेशन रायबरेली में मिला। स्थानीय पुलिस की सूचना पर रायबरेली पुलिस ने छात्रा को आरोपी के साथ त्रिपुला चौराहे के समीप ओवरब्रिज के पास से बरामद कर लिया। रायबरेली पुलिस की सूचना पर उदयपुर पुलिस ने छात्रा व आरोपी को अपने साथ थाने ले आयी। सूत्रों के मुताबिक थाना मुख्यालय पर आरोपी तथा छात्रा पक्ष के बीच दिनभर समझौते की पंचायत भी जारी रही। उदयपुर पुलिस भी दो समुदायो के बीच मामला होने के नाते घटना को दबाने व छिपाने में मशक्कत करती रही। हालांकि इस बाबत उदयपुर पुलिस का कहना है कि किशोरी के पास किराया नहीं था इसलिए वह युवक के साथ वापस आयी। कोई आपराधिक मामला नहीं है। अब उदयपुर पुलिस को कौन समझाये कि क्षेत्रीय विद्यालय मे पढने वाली छात्रा आखिर रायबरेली क्यूं और कैसे पहुंच गई।

# क्रय केन्द्र पर धान तौल कराने को लेकर जमकर हुई मारपीट

### आधा दर्जन लोग घायल

संवाददाता। सिरौलीगौसपुर (**बाराबंकी**)



सरकारी धान क्रय केंद्र पर धान को पहले तौल कराने को लेकर दो किसानों के बीच बहस के बाद जमकर मारपीट हुई । मारपीट में दोनों पक्षों से करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक की हालत काफी गंभीर होने के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कस्बा बदोसराय में सिरौलीगौसपुर विपणन क्रय केंद्र पर कई दिनों से धान की तौल कराने के लिए लाइन में लगे दो किसानों के बीच गुरुवार की सुबह पहले धान की तौल कराने को लेकर बहस हो गई। देखते ही देखते बहस अचानक मारपीट में तब्दील हो गई दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर बांस बल्लियों से हमला बोल दिया, जिससे दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बदोसराय पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को सीएचसी सिरौलीगौसपुर में भर्ती कराया घायलों में एक की हालत काफी गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बताते चलें विपणन क्रय केंद्र बदोसराय पर कई दिनों से अपने धान की तौल कराने के इंतजार में ग्राम रामसहाय निवासी निर्मल व ग्राम रसूलपुर निवासी राजेंद्र यादव अपने धान के साथ लाइन में लगे हुए थे । गुरुवार को दोनों के धान की तौल होनी थी किंतु सुबह पहले धान तौल कराने को लेकर बहस होने लगी और दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में अमन आलोक व नीरज सहित करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। जिसमें नीरज व अमन जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## सोते समय लगी छप्पर में लगी आग, गृहस्थी जलकर खाक

देवा (**बाराबंकी**)। रजौली गांव में छपरा के मकान में लगी आग से हजारों रुपए का सामान और नकदी जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंच कर राजस्व कर्मी आग से हुए नुकसान का आकलन कर रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवा थाना के ग्राम रजौली निवासी डिगराज के छप्पर से बने घर में आग लग जाने के कारण घर में रखा हजारों का सामान और 10 हजार रुपया नगद जलकर राख हो गया। गृह स्वामी का कहना है कि बुधवार की रात 10 बजे घरवाले आग जलाकर ताप रहे थे।

थोड़ी देर बाद जलती हुई आग छोड़कर सब सोने चले गए कुछ ही देर बाद जलाई गई आग की चिंगारी से घर में आग लग गई जब छप्पर जलने लगे तो आग की गर्माहट से लोग जगे, तो देखा की घर के छप्पर से समान जल रहा हैं। आग देख घर वाले अपनी जान बचा कर घर से बाहर भाग। देखते ही देखते छप्पर में रखा सामान और नगद रुपया जल गया।

# लोकनिर्माण विभाग की अनदेखी से ग्रामीणों का सड़कों पर चलना दूभर

संवाददाता। सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी)



**घाघरा** की तलहटी में गांव को पहुंचने वाले संपर्क मार्ग बाढ़ व बरसात के चलते क्षतिग्रस्त हो गए थे।बरसात का मौसम व बाढ़ खत्म हुए करीब तीन महीने बीत चुके हैं, किंतु लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षेत्र की खराब सड़कों के दुरुस्तीकरण के लिए अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है।

जिससे इस क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीणों का इन मार्गों पर चलना दूभर हो रहा है। अक्सर राहगीर इन खराब मार्गों पर गिरकर घायल हो रहे हैं।बताते चलें सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम अमरा कटेहरा सरदहा ढकवा माफी शेखपुर टूटरु मुड़ियाडीह मरौचा सनावा तेलवारी गिद्रापुर भंवरीकोल सहित करीब दो दर्जन गांव घाघरा की तलाहटी में बसे हुए हैं। उन गांव के डामरीकरण संपर्क मार्ग प्रतिवर्ष बाढ़ व बरसात के चलते बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाते हैं जिन पर चलना मुश्किल होता है।घाघरा की तलहटी में बसे इन सुदूरवर्ती गांव में बाढ़ खत्म होने के बाद अधिकारियों का आना जाना बंद हो जाता है। जिससे यहां के ग्रामीण अपनी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसते रहते हैं।इनका कोई पुरसाहाल नहीं होता हैकोटवा धाम से सनावा तक करीब 8 किलोमीटर लंबा मुख्य संपर्क मार्ग काफी समय से क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है। ग्रामीणों की शिकायतों के बाद भी इस मार्ग का दुरुस्तीकरण आज तक नहीं हो सका है। इस मार्ग से घाघरा की तलहटी में बसे अधिकांश गांव के ग्रामीणों का आना जाना होता है। इस मार्ग पर बाढ़ के समय उच्च अधिकारी भी निकलते हैं किंतु सभी आंख बंद कर चले जाते हैं यह मार्ग आज भी जस का तस पड़ा हुआ है।

## भैंस चोरी करने आए तीन चोरों को पिकप सहित ग्रामीणों ने पकड़ा

त्रिवेदीगंज (बाराबंकी)। चोरी से भैंस खोल कर ले जाने के इल्जाम में तीन युवकों को पकड़कर ग्रामीणों ने मय पिकप वाहन सहित पुलिस को सौंप दिया। थाना लोनीकटरा के अलादादपुर के राजू कश्यप के दरवाजे पर बंधी भैंस रात किसी वक्त चोरी हो गई। रात लगभग दो बजे लघुशंका के लिए उठे राजू को भैंस खूंटे पर नहीं बंधी मिली तो मोहल्ले के लोगों के साथ ढूंढने पर गांव के उत्तर से निकलने वाली नहर पर तीन युवक एक पिकप भार वाहन, बाइक के साथ खड़े मिले। ग्रामीणों की पूछताछ करने पर युवकों ने अपने नाम सुल्तान पुत्र अली अहमद ग्राम संदौली थाना सतरिख बाराबंकी, गुफरान पुत्र अकबरी ग्राम नगलिया आरी थाना अजीमनगर जिला रामपुर व शकील अहमद पुत्र अब्दुल हफीज ग्राम गुलामनगर कैम्पल रोड़ थाना सआदतगंज लखनऊ बताया है। ग्रामीणों ने सभी युवकों व वाहन सहित लोनीकटरा पुलिस के हवाले कर दिया है।

# निशुल्क शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार: रुद्र प्रताप



संवाददाता। बाराबंकी

**छह** से 14 वर्ष तक हर बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्राप्त करना उनका मौलिक अधिकार है। उक्त विचार पूर्व माध्यमिक विद्यालय माती में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी रूद्र प्रताप यादव ने व्यक्त किये। बंकी ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय माती में गुरुवार को संविधान दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लाक के खण्ड शिक्षा अधिकारी रूद्र प्रताप यादव ने बच्चों के मौलिक अधिकारों के बारे में प्रकाश डाला और बच्चों को निशुल्क शिक्षा के साथ समय समय पर उन्हें सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया। वही प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय माती में शिक्षारत बच्चों को निशुल्क स्वेटर वितरण किया। ग्राम प्रधान हरवंश कुमार व पूर्व ग्राम प्रधान चिरंतन कुमार वर्मा सहित खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय परिसर में पौध रोपण भी किया गया। कार्यक्रम के अन्त में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक पवन कुमार वर्मा द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी को एक पौधा भेंट किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय माती के प्रधानाध्यापक जनार्दन प्रसाद यादव व प्राथमिक विद्यालय बस्ती के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार यादव सहित श्रीमती किरन विश्वकर्मा,अंशू वर्मा,नीतू सिंह, आनन्द प्रताप सिंह,नीतिका वर्मा,पूनम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## मंदिरों में पूजी गईं तुलसी, उपवास रखकर मांगी मन्नतें

लालगंज(**प्रतापगढ़**)। प्रबोधिनी एकादशी पर तुलसी पूजन का मंदिरो तथा घरो घरो मे देर रात तक आस्था का दीप प्रवहमान दिखा। बाबा घुइसरनाथ धाम समेत क्षेत्र के देवी मंदिरो व धार्मिक स्थलों पर बुधवार की देर रात तक श्रद्धालुओं ने विष्णु लक्ष्मी पूजन के साथ तुलसी के समक्ष दीप जलाये। घरों मे भी श्रद्धालुओं ने मां तुलसी का विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए तुलसी विवाह का प्रतीकात्मक आयोजन कर प्रसाद ग्रहण किया। महिलाओं ने तुलसी आराधना का व्रत रखकर मन्नतें मांगी। सुबह सनातनधर्मियो ने घरों से रोग दोष तथा दुख हरण को लेकर सूप पीटे। एकादशी पर मंदिरो मे गन्ने का भी विधिविधान से पूजन होता दिखा। नगर के हरिहरमंदिर, इनहन भवानी धाम, आदि धार्मिक स्थलों पर भी एकादशी पर तुलसी पूजन मे श्रद्धालुओं की आस्था सिर चढ़कर बोलती दिखी।

# भगवान कृष्ण की अराधना जीवन में नीति को बोध कराने वाली है: देवमूर्ति

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)

**क्षेत्र** के अझारा गांव मे हो रही भागवत कथा मे गुरूवार को श्रद्धालुओं का उत्साहजनक समागम दिखा। कथाव्यास अयोध्या धाम के देवमूर्ति जी महराज ने कहा कि भगवान कृष्ण की आराधना जीवन मे नीति को बोध कराने वाली आराधना है। द्वारिकाधीश भगवान कृष्ण ने सुदामा जी को मैत्रीभाव से तो गले लगाया हीए साथ ही उन्होने जगत को यह संदेश दिया कि उनसे प्रेम करने वाले दीन-हीन का भी लोक क्षण भर मे वैभव हासिल कर लेता है। श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए पाण्डवों को भी महाभारत के युद्ध मे कर्म साधना का शाश्वत ज्ञानबोध कराया। प्रभु श्रीकृष्ण ने जगत को यह संदेश दिया कि धर्म की रक्षा केवल नीति और नैतिक कर्मो की प्रधानता मे निहित है। भगवान माधव बिहारी ने जीवन को सुसंस्कारित बनाए रखते हुए धर्म और नीति के पथ पर अपने और पराये के भी भेद का लीलावतार के जरिए अंतरबोध का भी ज्ञान कराया। देवव्रत महराज जी ने कहा कि भक्ति वही है जिसमे भक्ति की कामना प्रभु को पाने के साथ अपने जीवन की निहित शक्तियो को परमार्थ मे समर्पित करने की भावना अंगीकृत किया करती है। कथा के दौरान मुख्य यजमान हरेकृष्ण मिश्र व इंद्रा मिश्रा ने देवमूर्ति जी का रोलीचंदन से श्रीअभिषेक किया। श्रद्धालुओं के प्रति न्यायाधीश आनंद मिश्र ने आभार अभिवचन व्यक्त किये। इस मौके जागेश्वर प्रसाद मिश्र, पं. देवानंद मिश्र, श्रीकृष्ण मिश्र, रामकृष्ण मिश्र, पं. रामफेर पाण्डेय, जगदीश तिवारी, आशीष कुमार, अवशेष, मदन, संतोष द्विवेदी, सत्यम मिश्र आदि रहे।

### भण्डारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। नगर के जंगली बीर बाबा पर देवोत्थान एकादशी को लेकर गुरूवार को वार्षिक भण्डारे मे श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद चखा। इसके पूर्व बुधवार की सुबह से हुये श्रीरामचरितमानस पाठ मे भी श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई। भण्डारे के दिन भजन संकीर्तन मे महिलाओं ने संगत कर तुलसी विवाह के सुमधुर गीतों की प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी भण्डारे मे शामिल हुये। धार्मिक अनुष्ठान का संयोजन पंण् जमुना प्रसाद तिवारी व शिव प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के सह संयोजक शिव कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश यादव, दीपक तिवारी, सुनील जायसवाल, राजाराम गुप्ता, प्रदीप तिवारी, सुनील तिवारी आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ व सीएमओ ने किया नवनिर्माण ट्रामा सेंटर का निरीक्षण



जगदीशपुर (**अमेठी**)

**सीडीओ** व सीएमओ ने नवनिर्माण ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया और परिसर के अन्दर बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए। जगदीशपुर स्थित नवनिर्माण ट्रामा सेंटर का मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर अंकुर लाठर व मुख्य चिकित्साधिकारी आशुतोष दुबे ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ट्रामा सेंटर में मौजूद लोगों से कोविड-19 से सम्बंधित स्वास्थ्य सुविधाओं और साफसफाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। सीएमओ ने अस्पताल परिसर के अन्दर जानवरों से बचाव के लिए तारों से बैरिकेडिंग कराने व छोटे बड़े वाहनों को सही ढंग से पार्किंग कराने का निर्देश दिया।इस मौके पर केन्द्र अधीक्षक डॉक्टर महेन्द्र कुमार त्रिपाठी मनमोहन सिंह सहित समस्त स्टॉप मौजूद रहा ।